गुप्त-साम्राज्य

का

इतिहास

[गुप्त साम्राज्य के राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक तथा साहित्यिक इतिहास का प्रामाणिक साङ्गोपाङ्ग वर्णन]

प्रथम खण्ड

राजनैतिक इतिहास

लेखक

वासुदेव उपाध्याय, एम० ए०

भूमिका-लेखक

आचार्य नरेन्द्रदेवजी

एम० ए०, एम० एल० ए०

प्रकाशक

इंडियन प्रेस, लिमिटेड, इलाहाबाद

प्रथम संस्करण] १९३९ [मूल्य ३)

दो शब्द

प्राचीन भारत के इतिहास का साङ्गोपाङ्ग अध्ययन अभी आरम्भ हुआ है। इस इतिहास के अध्ययन की सामग्री अभी तक मिलती ही जा रही है। कभी भूगर्भ के भीतर से निकले हुए प्रस्तरखण्ड किसी अज्ञातपूर्व तथ्य की सूचना देते हैं, तो कभी मुद्रा तथा ताम्र-पत्रों की उपलब्धि प्राचीन सिद्धान्तों में परिवर्तन करने के लिए हमें बाध्य करती है। यही कारण है कि सम्पूर्ण प्राचीन भारत का प्रामाणिक इतिहास अभी तक नहीं लिखा गया और न निकट भविष्य में एक व्यक्ति के परिश्रम से लिखा जायगा। इसके लिए अनेक विद्वज्जनों का साहाय्य अपेक्षित है, जो प्राचीन भारत के किसी एक काल का सर्वाङ्गीण इतिहास प्रस्तुत करे। इसी भावना से प्रेरित होकर लेखक ने गुप्त-साम्राज्य का यह इतिहास प्रस्तुत किया है। जहाँ तक हो सका है, उपलब्ध समग्र सामग्रियों का उपयोग यहाँ किया गया है। प्रतिष्ठित इतिहासकारों तथा विद्वानों के मत का उल्लेख तत्तत् स्थान पर किया गया है, किन्तु बिना युक्तियुक्त हुए किसी भी मत का ग्रहण नहीं किया गया है। गुप्त-काल के प्रधान-प्रधान विषयों पर लेखक का अपना स्वतन्त्र मत है, जिसे उसने उन स्थानों पर उल्लिखित किया है।

भारतीय इतिहास में गुप्त-सम्राटों का काल सुवर्ण युग के नाम से पुकारा जाता है। उस समय भारतीय सभ्यता उच्च शिखर पर पहुँची थी। गुप्त-युग मे भारतीय संस्कृति का पूर्ण विकास हो गया था। इसका बोलबाला न केवल भारत में था; बल्कि बृहत्तर भारत में भी इसका प्रचुर प्रचार था। इस काल में न केवल शिक्षा का, न केवल साहित्य का विशद विस्तार हुआ, प्रत्युत ललित-कला का भी विकास अभिराम रूप से हुआ। गुप्तों की शासन-प्रणाली आदर्श ढङ्ग की थी। ऐसे युग की कहानी हम भारतीयों के लिए नितान्त गौरव की कहानी है। पर अभी तक इस युग का इतिहास हिन्दी मे पूर्णरूपेण लिपिबद्ध नहीं हुआ है। इस अभाव को दूर करने के विचार से प्रेरित होकर यह प्रयत्न किया गया है। यह अनेक वर्षों के सतत अध्ययन तथा अध्यवसाय का फल है। इसे सर्वाङ्गीण तथा प्रामाणिक बनाने मे मैंने यथासाध्य अत्यन्त परिश्रम किया है, पर इस कार्य में मुझे कितनी सफलता मिली है, उसे विज्ञ पाठक ही बतला सकेंगे। महाकवि कालिदास के शब्दों मे मैं भी इस कार्य को तब तक सफल न समझूँगा जब तक विद्वानों का इस मेरी लघु कृति से परितोष न होगा—

आ परितोषाद् विदुषा न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः ॥

× × × ×

अपना कथन समाप्त करने से पूर्व मैं उन सज्जनों को धन्यवाद देना पवित्र कर्तव्य समझता हूँ जिन्होंने मुझे इस कार्य मे सहायता पहुँचाई है। सर्वप्रथम मै अपने ज्येष्ठ भ्राता प्रोफेसर बलदेव उपाध्याय एम० ए०, साहित्याचार्य का अत्यन्त आभार मानता हूँ जिन्होंने मेरे हृदय मे भारतीय इतिहास तथा संस्कृति के प्रति नैसर्गिक प्रेम पैदा कर मेरे जीवन की धारा को बदल दिया है। डा० ए० एस० अलटेकर एम० ए० डि० लिट् का मै अत्यन्त कृतज्ञ हूँ जिन्होंने समय-समय पर अपनी अमूल्य सम्मतियो से मेरे उत्साह को बढ़ाया है। आचार्य नरेन्द्रदेवजी के प्रति मै किन शब्दो मे कृतज्ञता प्रकट करूँ जिन्होंने राजनैतिक क्षेत्र मे संलग्न रहने पर भी पुस्तक की भूमिका लिखने की मेरी प्रार्थना को उदारतापूर्वक स्वीकार किया और उसे लिखा। पुरातत्त्व विभाग के डाइरेक्टर जेनेरल, प्रान्तीय सग्रहालय के अध्यक्ष, तथा मथुरा संग्रहालय के क्यूरेटर मित्रवर बाबू वासुदेवशरण अग्रवालजी मेरे धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने आवश्यक फोटो भेजकर तथा उनके छापने की अनुमति देकर मेरे कार्य को सुगम बना दिया। अपने सहृदय सुहृद् कलाविद् राय कृष्णदासजी तथा मित्रवर्य डाक्टर मोतीचन्द एम० ए०, पी०-एच० डी० अध्यक्ष कला विभाग प्रिन्स आफ वेल्स म्यूज़ियम बम्बई का आभार मानता हूँ जो मुझे सम्मति तथा उत्साह देकर इस कार्य को सफल बनाने में सदैव प्रयत्नशील रहे। इस ग्रन्थ की विस्तृत विषय-सूची तथा अनुक्रमणिका मेरे अनुज, साहित्य-रत्न श्रीकृष्णदेव उपाध्याय एम० ए० साहित्य-शास्त्री ने तैयार की है। इसके लिए वे मेरे आशीर्वाद के भाजन है। इण्डियन प्रेस के मालिक को भी मै धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता, जिनकी कृपा से यह ग्रन्थ इतनी जल्दी छपकर तैयार हो सका। अन्त मे, मै अपने परम हितैषी तथा शुभचिन्तक श्रद्धेय पण्डित श्रीनारायणजी चतुर्वेदी एम० ए० (लण्डन), सयुक्तप्रान्त के वर्तमान शिक्षा-प्रसार अफसर को कैसे भूल सकता हूँ, जिनकी नैसर्गिक कृपा तथा शुभ-कामना से ही मै इस कार्य को समाप्त कर सका हूँ। इसके लिए मै उनका आजीवन ऋणी रहूँगा।

जिनकी पवित्र नगरी मे इस ग्रन्थ की रचना हुई तथा यह छपकर तैयार हुआ है उन पतितपावन भगवान् विश्वनाथ से मेरी यही प्रार्थना है कि जिस शुभ उद्देश्य को लेकर हिन्दी मे इस ग्रन्थ का निर्माण हुआ है उसकी सतत पूर्ति करता हुआ यह ग्रन्थ उनका अटूट दया का भाजन बने। तथास्तु।

श्रावणी पूर्णिमा, १९९६
२९ अगस्त १९३९

वासुदेव उपध्याय

विषय-सूची

प्रथम खण्ड

पृष्ठ-संख्या

१—गुप्त-इतिहास की सामग्री १–७

उत्कीर्ण लेख २, मुद्रा २–३, शिल्पशास्त्र ३, साहित्य ३–६, यात्रा-विवरण ६–७।

२–गुप्त-पूर्व-भारत ८–२४

भूमिका ८, शैशुनाग तथा मौर्य्यों का राज्य ८–९, शुङ्गों तथा कण्वो का शासन ९, आन्ध्रों का शासन १०, शक १०–११, पार्थियन ११, शक-क्षत्रप १२, कुषाण १२–१३।

नागवंश—१३–२०, इतिहास के साधन १३, नाग-भारशिव १३–१४, शासन-काल १४–१५, साम्राज्य-काल १५-१६, राज्य-विस्तार १६, नागों की शासन-प्रणाली १६–१७।

भारशिव राजाओं की महत्ता—१७–२०, परिचय १७, शिव-पूजा १७-१८, कुशानो का परिचय १८, कुशानों की शक्ति तथा भारशिवो की वीरता १८, भारशिवो की सादगी १८–१९, नागर-कला १९, वेसर-शैली १९, शिखर-शैली १९-२०।

वाकाटक वंश—२०–२२, उत्थान २०, वाकाटक नाम का रहस्य २०–२१, राज्य-काल २१–२२, वाकाटक राजाओं की महत्ता—२२–२४, परिचय २२–२३, महत्ता २३, ललितकला का पुनरुज्जीवन २४, उपसंहार २४।

३—गुप्तों का परिचय २५–३३

परिचय २५–२६, गुप्तो का वर्ण-निर्णय २६–२७, खण्डन २७–२८, क्षत्रिय होने के प्रमाण २८–३१; काल-विभाग ३१–३३।

४—आदि-काल ३७–४३

(१) गुप्त ३७–३९

नाम-निर्णय ३७–३८, चेलिकेता-श्रीगुप्त ३८–३९।

(२) घटोत्कच ३९–४०

परिचय ३९, महाराज घटोत्कच तथा घटोत्कच गुप्त दोनों की भिन्नता ३९–४०, घटोत्कच की मुद्रा ४०।

पृष्ठ-संख्या

(३) चन्द्रगुप्त प्रथम ४१-४३

लिच्छवियो से वैवाहिक सम्बन्ध ४१-४२, राज्य-विस्तार ४२, गुप्त-संवत् ४२-४३, चन्द्रगुप्त-चण्डसेन ४३।

५—उत्कर्ष-काल ४७-१२३

(१) समुद्रगुप्त— ४७-७६

उपक्रम ४७-४८ , समुद्रगुप्त का चरित्र—४८-५४, विद्या प्रेम ४९-५०, शास्त्र-तत्त्व-भेदन ५०, संगीत-प्रेम ५०-५१, वीरता ५१-५२, दानशीलता तथा उदार चरित्र ५२-५३, समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व ५३, नेपोलियन से तुलना ५३-५४, समुद्रगुप्त का दिग्विजय-काल-क्रम ५४-५५, आर्यावर्त की विजय ५५-५८, आटविक नरेश ५८, दक्षिण-भारत की विजय ५९-६३, समुद्रगुप्त का आक्रमण-मार्ग ६३-६४, सीमान्त राज्यो का विजय ६४-६५, गण-राज्य ६५-६८, विदेश मे प्रभाव ६८-७०, राज्य-विस्तार ७०, अश्वमेध-यज्ञ ७०-७१, काल-निर्णय ७१-७२, नीति-निपुणता ७२-७४, पारिवारिक जीवन ७५-७६।

(२) रामगुप्त— ७६-८७

रामगुप्त की ऐतिहासिक वार्ता ७६, साहित्यिक-प्रमाण ७७-७८, ऐतिहासिक प्रमाण ७९-८०, प्रमाणो की प्रामाणिकता ८०-८१, शक कौन थे? ८१, युद्ध-स्थान ८१-८२, चन्द्रगुप्त-द्वितीय चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ८२-८३, चन्द्रगुप्त तथा ध्रुवदेवी का विवाह ८३-८४, नियोग-प्रथा ८४-८५, रामगुप्त की मुद्रा ८५-८६, राज्य-काल ८६, रामगुप्त का चरित्र ८६-८७।

(३) चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)— ... ८७-१०३

भूमिका ८७, कौटुम्बिक वृत्त ८७-८८, उपलब्ध लेख ८८-८९, राज्यकाल ९०, दिग्विजय ९०, शक जाति का इतिहास ९०-९३, शक विजय के प्रमाण ९३-९४, शको का पराजय-काल ९४, शक-राज्य की व्यवस्था ९४, 'विक्रमादित्य' विरुद की उत्पत्ति ९५, सम्राट् 'चन्द्र' की उत्तर की विजययात्रा ९५-९६, दक्षिण के राजाओ से सबध ९६-९९, अश्वमेध यज्ञ ९९, धार्मिक-सहिष्णुता ९९-१००, वीरता १००-१०१, विद्या-प्रेम १०२-१०३, उपसंहार १०३।

(४) कुमारगुप्त प्रथम— १०३-१११

कौटुम्बिक वृत्त १०३, उपलब्ध लेख १०३-१०५, राज्यकाल १०६, पुष्यमित्रो का आक्रमण १०६-१०७, राज्य-विस्तार १०७, अश्व-मेध यज्ञ १०८, धर्मपरायणता तथा सहिष्णुता १०८-१०९,

पृष्ठ-संख्या

गुण-ग्राहकता १०९, वीरता १०९–११०, दान तथा सार्वजनिक कार्य ११०–१११, उपसंहार १११।

(५) **स्कन्दगुप्त**— १११–१२३

कौटुम्बिक वृत्त १११, उपलब्ध लेख १११–११२ राज्यकाल ११३, दायाधिकार के लिए युद्ध ११३–११५, हूण-विजय ११५, हूणों का पराजय-काल ११६, हूणों का अधिकार-विस्तार ११६-११७; राज्य-विस्तार और प्रतिनिधि ११७, वीरता तथा पराक्रम ११७–१२०, सुदर्शन कासार का जीर्णोद्धार १२०–१२१, धार्मिक-सहिष्णुता १२१–१२२, उपसंहार १२२-१२३।

६—अवनति-काल **१२७–१४७**

उपक्रम १२७–१२९, (१) **पुरगुप्त**— १२९–१३०, लेख तथा राज्य-काल १२९–१३०; (२) **नरसिंह गुप्त** १३०–१३१, 'बालादित्य' १३१–१३२, (३) **कुमारगुप्त द्वितीय** १३२–१३४, उपलब्ध लेख १३२–१३३, राज्य-काल १३३–१३४; (४) **बुधगुप्त** १३४–१३७, लेख १३४–१३५, राज्यकाल १३५–१३६, राज्य-विस्तार १३६, धर्म १३६–१३७; (५) **वैन्यगुप्त** १३७–१३८, लेख १३७, राज्य-काल १३७, चन्द्रगुप्त तृतीय ? १३७–१३८, वैन्यगुप्त के सिक्के १३८, धर्म १३८, परिचय १३८; (६) **भानुगुप्त (बालादित्य)** १३९-१४६, लेख १३९-१४०, राज्य-काल १४०, राज्य-विस्तार १४०, गुप्तों तथा हूणों में संघर्ष १४० १४१, 'बालादित्य' १४१, **यशोधर्मा** १४१–१४२, लेख १४२, यशोधर्मा का विजय १४२, मध्य-भारत के हूण शासक १४२–१४५, तोरमाण १४३, मिहिर कुल १४३, मिहिरकुल के सिक्के तथा लेख १४४, हूणो की शासन अवधि १४४, हूणो का भारत में अन्तिम पराजय १४४–१४५, भानुगुप्त की उदारता १४५, गुप्तों के सामन्त १४५–१४६; (७) **वज्र**—१४७।

७—गुप्त-साम्राज्य की अवनति का कारण **१४८-१५२**

अवनति के कारण १४८, बाह्य-आक्रमण १४८–१४९, आन्तरिक दौर्बल्य १४९–१५०, पर-राष्ट्रनीति का त्याग १५०–१५१, हिन्दू-संस्कृति का असंरक्षण १५१, सामन्त तथा प्रतिनिधियों की स्वतन्त्रता १५१–१५२।

८—गुप्त-साम्राज्य के पश्चात् उत्तरी-भारत की राजनैतिक अवस्था १५३-१६२

वलभी १५३–१५४, मालवा १५४–१५५, कन्नौज १५५–१५६, थानेश्वर १५७–१५८, गौड़ १५८–१५९, कामरूप १५९–१६०, मगध १६०–१६१, अन्य राजागण १६१–१६२।

पृष्ठ-संख्या

९—मागध-गुप्त-काल १६५–१८७

राजवंश १६५, कुछ विशिष्ट घटनाएँ १६६, शासन-काल १६६–१६७, स्थान १६७–१६९, राज्य-विस्तार १६९–१७०, समकालीन राजाओं से सम्बन्ध १७०, मौखरि १७०, वधन १७०–१७१, गौड़ १७१, विशेष-कार्य १७१–१७२; (१) **कृष्णगुप्त** १७२, (२) **हर्षगुप्त** १७२–१७३, (३) **जीवितगुप्त** १७३, (४) **कुमारगुप्त** १७३-१७४, मौखरियों से युद्ध १७३-१७४, राज्य-काल १७४, राज्य-विस्तार १७४, (५) **दामोदरगुप्त** १७४–१७५, मौखरियों से युद्ध १७४–१७५, उदारता १७५, (६) **महासेनगुप्त** १७५–१७७, युद्ध तथा राज्य-विस्तार १७६, कामरूप पर आक्रमण १७६–१७७, वर्धनों से सम्बन्ध १७७, (७) **माधवगुप्त** १७७–१८०, देवगुप्त १७७–१७८, देवगुप्त का द्वेष-भाव १७८–१७९, माधव और हर्ष १७९, मागध का शासक १७९, माधव के गुण १७९, शासन-काल १८०, (८) **आदित्यसेन** १८०–१८४, लेख १८०–१८१, शासन-काल १८१, राज्य-विस्तार १८१–१८२, अश्वमेध यज्ञ १८२, सार्वजनिक कार्य १८२-८३, धर्म १८३, चरित्र १८३–१८४, (९) **देवगुप्त द्वितीय** १८४–१८५, चालुक्यों से युद्ध १८४, राज्यकाल १८४–१८५, (१०) **विष्णुगुप्त** १८५, विष्णुगुप्त के सिक्के १८५, उपाधि १८५, (११) **जीवितगुप्त द्वितीय** १८५–१८७, लेख १८५–१८६, चरित्र १८६, राज्य और शासन-काल १८६, मागध-गुप्तों का अन्त १८६, मध्य-प्रदेश तथा बम्बई प्रान्त के अन्य गुप्त-राजा १८७ ।

परिशिष्ट

परिशिष्ट—नं० १

गुप्त-संवत्—१९१—२०१

परिशिष्ट—नं० २

१—समुद्रगुप्त का प्रयाग स्तम्भ-लेख २०२—०६

२—चन्द्रगुप्त का मेहरौली का लौहस्तम्भ लेख २०७—२१०

३—चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की राजकुमारी प्रभावती गुप्ता का दान-पत्र २१०—११

४—कुमारगुप्त द्वितीय का भितरी राजमुद्रा-लेख २११

५—स्कन्दगुप्त का भितरी का स्तम्भलेख २१२—१३

६—आदित्यसेन का अफसाद-शिलालेख २१३—१६
७—जीवितगुप्त द्वितीय का देववरनार्क-स्तम्भलेख—२१६

परिशिष्ट—नं० ३

१—गुप्त-वंश-वृक्ष—२१७।
२—मागध-गुप्त-वंश-वृक्ष—२१८।
३—उत्तरी भारत के राजाओं की समकालीनता २१९
४—गुप्त-युग का तिथि-क्रम २२०—२२
५—मागध-गुप्त-युग का तिथिक्रम—२२३

मे उत्पन्न होनेवाले रामगुप्त का यह नीच कार्य उसकी कायरता का सूचक है। वह अपने उच्चवंश की मर्यादा का ध्यान न रखकर ऐसा कृत्य करने पर उद्यत हुआ जो सर्वदा के लिए गुप्त वश को कलकित करता; परन्तु अपने वश की मर्यादा का पतन तथा प्रजा की हीनावस्था को चन्द्रगुप्त देख न सका। उसने शको को नष्ट कर कुल का मान रक्खा। गुप्त वश की मर्यादा को अकलकित तथा सुरक्षित रखने का श्रेय चन्द्रगुप्त द्वितीय को है। उसके उद्योग ने रामगुप्त के हीन कार्य को कार्यान्वित होने का अवसर न दिया तथा सदा के लिए गुप्तवंश को कलकित होने से बचाया। यही कारण है कि इसके यश को हिमालय पर्वत-श्रेणी में स्थित कार्तिकेयनगर की स्त्रियाँ गीतो द्वारा वर्णन करती थी[१]। रामगुप्त के निर्बल हृदय का तथा सारहीन चरित्र का इससे बढ़कर उदाहरण क्या हो सकता है?

२ चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)

भूमिका

सम्राट् समुद्रगुप्त की मृत्यु के पश्चात् कुछ काल के लिए अशान्ति सी छा गई। गुप्त-साम्राज्य कराल काल के गाल मे शीघ्रता से प्रवेश करने लगा। राज्य को निर्बल पाकर शत्रुओ की बन आई तथा इन्होने षड्यन्त्र करना प्रारम्भ कर दिया। चन्द्रगुप्त द्वितीय की अभी बाल्यावस्था थी। कौन जानता था कि यह चन्द्रगुप्त द्वितीय रूपी बालसूर्य कालान्तर मे अपने प्रचण्ड तेज को प्राप्त कर अपनी प्रखर किरणो से शत्रुओ को सताप पहुँचायेगा? अस्तु, ऐसी ही विषम स्थिति में इस 'विक्रमादित्य' का उदय हुआ तथा इनकी माता दत्तदेवी ने ऐसे पराक्रमी पुत्र को पैदा कर अपने को कृतार्थ समझा[२]। महाराज चन्द्रगुप्त द्वितीय ने कायर रामगुप्त के बाद शासन की बागडोर अपने हाथ मे ली तथा इसे सुचारु रूप से चलाना प्रारम्भ कर दिया।

कौटुम्बिक-वृत्त

गुप्त तथा वाकाटक लेखों से चन्द्रगुप्त द्वितीय का दूसरा नाम देवराज तथा देवगुप्त भी मिलता है[३]। साँची के लेख मे 'महाराजाधिराज श्री चन्द्रगुप्तस्य देवराज इति प्रिय नाम' ऐसा उल्लेख मिलता है[४]। इससे ज्ञात होता है कि इसका दूसरा नाम देवराज भी था। चामुक वाले वाकाटक शिलालेख मे इसका तीसरा नाम 'देवगुप्त' भी मिलता है[५]। चन्द्रगुप्त द्वितीय की दो रानियाँ थी। प्रथम रानी का नाम कुबेरनागा था जो दक्षिण में राज्य करनेवाले नागवंश की लड़की थी[६]। इसकी पुत्री का नाम प्रभावती गुप्ता था तथा इस प्रभावती गुप्ता का विवाह वाकाटक राजा रुद्रसेन द्वितीय से हुआ था[७]। दूसरी

---

१. गीयन्ते तव कार्तिकेयनगरस्त्रीणा गणै कीर्तयः।— काव्यमीमासा।

२. का० इ० इ० नं० ४। 'महाराजाधिराज श्रीसमुद्रगुप्तस्य पुत्रेण तत्परिगृहीतेन महादेव्या दत्तदेव्यामुत्पन्नेन'।

३. इ० ए० १९१३।

४. का० इ० नं० ५।

५. ए० इ० भा० ९ पृ० २६७।

६. नागकुलोत्पन्ना:। ज० ए० सो० ब० १९२४ पृ० ३४।

७. पूना प्लेट ए० इ० भाग १५ (परिशिष्ट लें० नं० ३)।

रानी का नाम ध्रुवदेवी था जिसके गर्भ से कुमारगुप्त तथा गोविन्दगुप्त का जन्म हुआ था। कुछ विद्वानो का मत है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी भ्रातृजाया ध्रुवदेवी से, अपने भाई की मृत्यु के पश्चात्, विवाह किया था[1]। गुप्तसम्राटो ने तत्कालीन बड़े बड़े राजवशो मे विवाह सबध स्थापित कर मित्रता की थी। लिच्छवियो के साथ विवाह के समान ही चन्द्रगुप्त द्वितीय का नाग तथा वाकाटक राजाओ से वैवाहिक सबध स्थापित करना कुछ कम राजनैतिक महत्त्व नही रखता। वास्तव मे कुमारगुप्त तथा गोविन्दगुप्त जैसे पुत्ररत्न को पाकर चन्द्रगुप्त द्वितीय भी अपने को धन्य समझता होगा। इतना विशाल साम्राज्य, सूर्य सा तपा हुआ प्रताप, इतना राजकीय वैभव, इसके ऊपर घर मे अपनी गृहिणी की मीठी वाणी तथा छोटे बच्चो की तोतली बोली अवश्य ही उसके मन को हर लेती होगी तथा आनन्द के सागर मे उसे सदा के लिए निमग्न कर देती होगी।

चन्द्रगुप्त द्वितीय का वृत्तान्त जानने तथा काल-निर्धारण से पूर्व उसके उपलब्ध लेखो पर विचार करना अत्यन्त आवश्यक है। इन्ही लेखो के आधार पर इस गुप्त नरेश की मुख्य-मुख्य घटनाओ का वर्णन किया जायगा। अतएव उन लेखो में क्या वर्णित है तथा किसके द्वारा ये लेख उत्कीर्ण किये गये हैं; इन समस्त बातो पर विचार करना ऐतिहासिक महत्त्व से ख़ाली नही है। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के कुल छः लेख प्राप्त हैं[2] जिनमे से कुछ पर तिथि का उल्लेख है तथा किसी पर तिथि नही मिलती। इसलिए तिथि-क्रम के अनुसार उनका वर्णन किया जायगा।

उपलब्ध लेख

(१) मथुरा का स्तम्भ-लेख

चन्द्रगुप्त द्वितीय का सबसे प्रथम लेख मथुरा के समीप एक स्थान से मिला है। यह लेख शिव-प्रतिमा के समीप स्तम्भ के निचले भाग मे खुदा है। इस लेख की तिथि गु० स० ६१ (ई० स० ३८०) है[3]। इस लेख की तिथि के कारण चन्द्रगुप्त द्वितीय की शासन-अवधि निर्धारित करने मे बहुत सरलता हुई है। इस लेख की खोज से पूर्व इस राजा की सबसे पहली तिथि गु० स० ८२ थी जो उदयगिरि गुहालेख से प्राप्त है। विद्वानो का अनुमान था कि द्वितीय चन्द्रगुप्त का शासन ई० स० ४०१ से प्रारम्भ हुआ। परन्तु इस लेख से उसकी तिथि बीस वर्ष पहले ई० स० ३८० ज्ञात हो गई। अतएव इस परिवर्तन के कारण मथुरा के लेख का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि उदिताचार्य ने इस स्तम्भ मे उल्लिखित कपिलेश्वर तथा उपमितेश्वर की प्रतिमा की स्थापना की थी। इस लेख मे चन्द्रगुप्त द्वितीय तथा उसके पिता समुद्रगुप्त के लिए भट्टारक महाराजा राजाधिराज की पदवियाँ उल्लिखित हैं। गुप्त लेखों म महाराजाधिराज की पदवी से यह भिन्न है। बहुत सम्भव है कि मथुरा मे स्थित होने के कारण इस पर पूर्व शासक कुषाणो का प्रभाव हो। महाराजा राजाधिराज की पदवियाँ कुषाण लेखो तथा सिक्को मे मिलती हैं।

१. इसका विस्तृत विवेचन 'रामगुप्त' मे हो चुका है।

२ का० इ० इं० भा० ३ न० ३, ४, ५, ६, ७ तथा न० ३२।

३. ए० इ० भा० २१ न० १।

(२) उदयगिरि गुहा-लेख

चन्द्रगुप्त द्वितीय का द्वितीय लेख मध्य भारत मे भिलसा के समीप उदयगिरि गुहा मे उत्कीर्ण है। इसकी तिथि गु० स० ८२ (ई० स० ४११) है। इस गुहा-लेख मे चन्द्रगुप्त द्वितीय के अधीनस्थ सनकानीक महाराजा का उल्लेख है।

(३) गढ़वा का शिलालेख

तीसरा लेख प्रयाग ज़िले मे गढ़वा नामक स्थान से प्राप्त हुआ है। इसकी तिथि गु० स० ८८ (ई० स० ४०७) है। इस लेख में चन्द्रगुप्त द्वितीय की धार्मिक पदवी 'परम भागवत' का उल्लेख मिलता है तथा पाटलिपुत्र के किसी गृहस्थ द्वारा अपनी स्त्री के पुण्य प्राप्ति के निमित्त दस दीनार दान मे देने का वर्णन मिलता है।

(४) साँची का लेख

चन्द्रगुप्त द्वितीय का यह चतुर्थ तिथि-युक्त लेख है जिसमे गु० स० ९३ (ई० स० ४१२) का उल्लेख मिलता है। यह लेख मध्यभारत में साँची से प्राप्त हुआ है। इसमे वर्णन मिलता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के सेनापति अमुकार्द्देव ने काकनादवोट नामक महाविहार मे एक गाँव तथा पचीस दीनार दान मे दिये थे। इसकी आय से पाँच भिक्षुओ को भोजन तथा रत्नगृह में दीपक जलाने का काम होता था। एक मुख्य बात यह है कि इस लेख मे चन्द्रगुप्त के दूसरे नाम 'देवराज' का भी उल्लेख मिलता है।

(५) उदयगिरि का गुहालेख

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के इस लेख मे तिथि का उल्लेख नही मिलता। यह लेख भी भिलसा के समीपवर्ती उदयगिरि गुहा मे उत्कीर्ण है। इस लेख से प्रकट होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय अपने साधिविग्रहिक मत्री वीरसेन के साथ जिस समय समस्त पृथ्वी जीतने के विचार से निकला था, उस समय वह भिलसा में ठहरा होगा। उस मत्री ने शैव होने के कारण एक शम्भुगृह का निर्माण किया था।

(६) मथुरा का शिलालेख

इस गुप्त लेख मे भी तिथि नही मिलती। यह लेख मथुरा से प्राप्त हुआ है। यह खण्डित है परन्तु इसमें चन्द्रगुप्त द्वितीय तक गुप्त वंशावली उल्लिखित है।

(७) मेहरौली का लोह-स्तम्भ लेख

चन्द्रगुप्त द्वितीय का सब से मुख्य लेख यही है परन्तु इसमे तिथि का उल्लेख नही मिलता। इसके वर्णन से स्पष्ट ज्ञात होता है कि राजा चन्द्र ने सिन्धु नदी को पार कर बलख़ तक आक्रमण किया था। इसमे गुप्त राजा का दिग्विजय सुंदर शब्दो मे वर्णित है। यह दिल्ली के समीप मेहरौली नामक ग्राम से प्राप्त हुआ था परन्तु आजकल क़ुतुबमीनार के समीप गड़ा है।

सम्राट् समुद्रगुप्त के शिलालेखों मे कहीं भी तिथि का उल्लेख नही मिलता है परन्तु इसके ठीक विपरीत सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय के अनेक शिलालेखो मे सवत् का

उल्लेख मिलता है। अत इसके समय की घटनाओ का इससे पूरा-पूरा पता चल जाता है। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का सर्वप्रथम शिलालेख मथुरा मे मिला है[1]। उस स्तम्भ-लेख मे गुप्त सवत् ६१ (ई० सन् ३८०) का उल्लेख मिलता है। इससे पता चलता है कि इस काल से (ई० सन् ३८०) पूर्व ही वह अवश्य सिंहासनारूढ हो गया होगा। इसका अन्तिम लेख भोपाल राज्य के सॉची नामक स्थान मे प्राप्त हुआ है जिसमे गुप्त सवत् ९३ (ई० सन् ४१२) का उल्लेख मिलता है। अतः इसी आधार पर चन्द्रगुप्त द्वितीय का शासनकाल ई० सन् ३८० से ४१२ ई० तक निश्चित रूप से निर्धारित किया गया है अर्थात् इसने लगभग ३२ वर्ष तक गुप्त-साम्राज्य पर शासन किया।

राज्य-काल

चन्द्रगुप्त की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना पश्चिम तथा उत्तर के प्रदेशो का विजय है। इसमे सन्देह नही कि इसके प्रतापी पिता ने समस्त दक्षिणापथ के राजाओ को परास्त कर उन्हे विनीत होने का पाठ पढ़ाया था। उनकी 'श्री' का हरण कर, उन्हे श्रीहत बनाकर अपना सामन्त बनाया था। परन्तु ऐसे पराक्रमी राजा की तलवार की तीक्ष्णता से उत्तरी तथा पश्चिमी भारत के राजा परिचित नही हुए थे। उन्हे समुद्रगुप्त के कृपाण की कठोरता का परिचय नही मिला था। परन्तु चन्द्रगुप्त द्वितीय की—इस उदीयमान विक्रमादित्य की प्रखर किरणो से वे अछूते न बच सके तथा कुछ ही काल के बाद इसके प्रबल बाहुओ के बल का उन्हे अन्दाज़ा मिल गया। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने न केवल उत्तरी तथा पश्चिमी राजाओ को ही परास्त किया बल्कि उसकी विश्वविजयिनी बाहुओ ने बलख तक साम्राज्य की सीमा को विस्तृत कर दिया तथा उस सुदूर प्रदेश मे भी इसकी विजय-वैजयन्ती को स्थापित किया। इस प्रकार से चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने मानो अपने सुयोग्य पिता के अवशिष्ट कार्य को पूरा किया। प्रयाग-वाली प्रशस्ति मे बहुत सी जातियो का नाम उल्लिखित है जिनके राज्य को समुद्रगुप्त ने अपने विस्तृत साम्राज्य मे नही मिलाया था। हरिषेण ने उस विजय-प्रशस्ति मे शक-मुरुण्ड नामक जातियो के नाम का उल्लेख किया है जिन्होने समुद्रगुप्त के प्रभाव को मान लिया था तथा उसके बढते हुए प्रताप के सामने अपना सिर अवनत कर दिया था। ये शक जातियॉ पश्चिमी भारत मे राज्य करती थीं तथा समुद्रगुप्त के समय मे भी अपनी भीतरी स्वतन्त्रता बनाये हुए थी। इन्ही जातियो को चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपने प्रबल पराक्रम से पराजित किया तथा सदा के लिए इस पवित्र धर्मप्रधान भारतभूमि से इन्हे खदेड कर बाहर निकाल दिया। शक जाति के ऊपर चन्द्रगुप्त द्वितीय के इस विजय के महत्त्व को समझने के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि इस शक जाति का थोड़ा सा इतिहास यहॉ दिया जाय।

दिग्विजय

शक जाति के इतिहास के निर्माण के लिए अनेक शिलालेखो तथा हज़ारो सिक्को से हमे सहायता मिलती है। तो ये शक कौन थे, इसका थोड़ा सा परिचय यहॉ दिया जाता

---

१. ए० इ० जनवरी १९१३।

है। शक सर्वप्रथम एक विदेशी जाति थी जिसने पश्चिमोत्तर प्रदेश से भारत पर आक्रमण किया था। इस जाति के राजा पश्चिमोत्तर प्रान्त मे ईसा की प्रथम शताब्दी तक शासन करते रहे। वहाँ से ये लोग सिन्ध होते हुए भारत के पश्चिमी भाग की ओर बढ़ते गये और वहाँ पर इन्होने अपना राज्य स्थापित कर लिया। ईसा की पहली शताब्दी में इन्होने मालवा तथा सौराष्ट्र (काठियावाड़) मे नवीन राज्य स्थापित किया। पश्चिमी भारत के इन शक राज वश के राजाओ की उपाधि 'क्षत्रप' थी। 'क्षत्रप' का अर्थ है सूबेदार। यह जाति सर्वप्रथम भारत के उत्तर-पश्चिम में राज्य करनेवाले कुषाण राजाओ का सूबेदार बनकर पश्चिमी भारत मे आई थी। बहुत काल तक ये 'क्षत्रप' लोग कुषाण राजाओ के अधीन रहे परन्तु कालान्तर मे ये स्वाधीन बन गये तथा इन्होने 'महाक्षत्रप' की उपाधि धारण कर ली। शक राजाओ के दो राजवशो ने क्रमशः राज्य किया। पहले राजवश का सर्वप्रथम प्रतापी राजा नहपान था जिसके राज्य का विस्तार शिलालेखो तथा सिक्को के प्राप्ति स्थान से ज्ञात होता है। यह अपने को 'क्षहरात' वश का मानता था। नहपान के जामाता उषवदात के लेख नासिक तथा कार्ले की गुफाओ में मिले है[1]। इन शिलालेखो से ज्ञात होता है कि नहपान का राज्य नासिक और पूना से लेकर मालवा, गुजरात, सुराष्ट्र तथा राजपुताना के पुष्कर नामक स्थान तक विस्तृत था।

शक जाति का इतिहास

इस काल के पश्चात् शक-राज्य का अधिकार कुछ काल के लिए दक्षिण के आन्ध्र राजाओ के हाथ में चला गया। ईसा की पहली-दूसरी शताब्दियो मे पश्चिम मे शक तथा दक्षिण के शातकर्णी राजाओ में सघर्ष चलता रहा तथा अन्त में विजय-लक्ष्मी शको को प्राप्त हुई। दूसरे 'क्षत्रप' राजवश का संस्थापक चष्टन था, जिसने नहपान के नष्ट राज्य को पुनः स्थापित कर उज्जैनी को अपनी राजधानी बनाया। चष्टन के वश के सिक्को पर राजा का नाम तथा उपाधि समेत उसके पिता का नाम भी मिलता है। इन सिक्को पर शक सवत् मे तिथि भी अकित है जिसके आधार पर इस क्षत्रप वंश का शृङ्खलाबद्ध इतिहास लिखा जा सकता है। चष्टन के पौत्र महाक्षत्रप रुद्रदामन् का एक शिलालेख काठियावाड़ के गिरनार पर्वत पर खुदा पाया जाता है जिसमे उसके राज्य-विस्तार का वर्णन मिलता है। उसने मालवा, सुराष्ट्र, कच्छ, राजस्थान, सिन्ध, कोकण आदि प्रदेशो पर अधिकार करके एक सुविस्तृत साम्राज्य की स्थापना की[2]।

यह लेख शक संवत् के ७२वे वर्ष मे खुदाया गया था। उज्जैन के क्षत्रप-वश मे २२ राजाओ की नामावली मिलती है जिन्होने शकाब्द से (ई० सन् ७८ से) लेकर ईसा की चौथी शताब्दी तक राज्य किया। समुद्रगुप्त की प्रयागवाली प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि चौथी शताब्दी मे इन शको ने समुद्रगुप्त से मित्रता स्थापित की थी।

---

१. ए० इ० भाग ८ पृ० ६०-७८।

२. स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तसर्वप्रकृतीना पूर्वापराकरावन्त्यनूपनीवृदानर्तसुराष्ट्रश्वभ्र(म)रुकच्छसिन्धु-सौवीरकुकुरापरान्तनिषादादीना समग्राणा तत्प्रभावाद्य.... —रुद्रदामन् का गिरनार शिलालेख।

ये शक लोग केवल भारत के बाहर से—मध्य एशिया से—आये थे। पहले ये बडी ही साधारण स्थिति के थे। परन्तु धीरे धीरे इन्होने अपने प्रबल बाहुबल से अपने राज्य का विस्तार कर लिया। भारत के उत्तरी पश्चिमी भाग तथा काठियावाड पर इन्होने अधिकार कर लिया। ये हिन्दूधर्म, हिन्दू सस्कृति तथा सभ्यता के कट्टर विरोधी थे। इन्होने अपने राज्य मे घोर अत्याचार मचा रक्खा था। अत्याचार के मारे प्रजा का नाको-दम हो गया था। प्रजा के करुण क्रन्दन तथा पीड़ितो के आर्तनाद से आकाश फटा जाता था। जहाँ भी ये गये वही इन्होने हिन्दू-धर्म के नाश करने का केवल उद्योग ही नही किया बल्कि सब प्रकार से प्रजावर्ग को सताकर बड़ा कुहराम मचा दिया। भागवत तथा विष्णु पुराण में इन म्लेच्छ शको के अत्याचार का निम्न प्रकार से वर्णन मिलता है,—ये अनियमित टैक्स लेते थे। प्रजा को असख्य कष्ट देकर ये उन्हें ख़ूब ही सताया करते थे। पुराणो मे लिखा है—'प्रजास्ते भक्षयिष्यन्ति म्लेच्छा राजन्यरूपिणः'।

वस्तुतः उपर्युक्त कथन अक्षरशः सत्य है। इन्होंने प्रजा का भक्षण करना ही अपना कर्तव्य समझ लिया था।

कहाँ तक कहा जाय, भारतीय स्त्रियो का सतीत्व भी सुरक्षित न रह सका तथा किसी पतिव्रता के पातिव्रत धर्म को नष्ट करना इनके बाये हाथ का खेल था। भारतीय स्त्रियो के सतीत्व की क़ीमत इन्होंने बहुत ही कम ऑकी थी। दुधमुहे बच्चे भी इनकी कठोर कृपाण के शिकार होने से नही बचे। भारतीय इतिहास मे अबलाओं तथा बालको की नृशस हत्या का कभी भी पता नही चलता परन्तु इन दुष्ट, नृशस, अत्याचारी शको के राज्य मे यह रोज़मर्रा की बात हो गई थी। परम पुनीत गौ माता की हत्या भी एक साधारण बात हो गई थी। राग-द्वेष-रहित, वीतराग ब्राह्मण भी इनके अत्याचार से नही बच सके। इन्होने ब्राह्मणो की स्त्रियो और पराये धन पर भी हाथ साफ किये। पुराणो ने इनके इसी घनघोर अत्याचार को लक्षित करके लिखा है—'स्त्री-बाल-गो द्विजघ्नाश्च, परदारधनाहृताः।'

यह कथन वस्तुत. ठीक प्रतीत होता है। इनके दीर्घकाय, कृष्ण नेत्र तथा भयङ्कर मुखाकृति को देखकर ही प्रजा के हृदय मे आतङ्क छा जाता था। गो ब्राह्मण-हिसक इस जाति के प्रभाव से प्रजा सत्रस्त थी, हिन्दूधर्म धीरे धीरे क्षीण होता हुआ कराल काल के गाल में प्रवेश कर रहा था, हिन्दू सभ्यता तथा सस्कृति विलय के गर्भ मे घुसी जाती थी, हिन्दू स्त्रियो के सतीत्व का मूल्य जब कुछ भी नही था तथा जब समस्त प्रजा अत्याचार से ठण्डी आहे भर रही थी ऐसे ही अवसर पर प्रबल पराक्रमी सम्राट् विक्रमादित्य का उदय हुआ। इन्होने अपनी शक्तिशाली भुजाओ के ज़ोर से इन शको को उसी प्रकार से मार भगाया जैसे प्रचण्ड सूर्य सूचीभेद्य तम की राशि को मार भगाता है। इस वीर ने इन कुटिल शको की उच्छृङ्खलता का नाश कर उन्हे विनीत होने का पाठ पढाया। इस प्रकार शको को अपने प्रताप से सतप्त कर, उनके मद को चूर्ण कर, उसे धूल मे मिला इसने पीडित प्रजा को साँस लेने का अवसर दिया। इसने सर्वत्र शान्ति की स्थापना की तथा कुछ ही

दिनो में शान्तिमय वातावरण उपस्थित कर दिया। इसने हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति को फिर पनपने का अवसर दिया तथा हिन्दूधर्म और हिन्दुस्तान के लिए—गो-ब्राह्मण के कल्याण के लिए—वह पुनीत कार्य किया जिसे उससे चार सौ वर्ष पहले भारतीय कथाओं के नायक, हिन्दूधर्म के रक्षक महाराज विक्रमादित्य ने किया था।

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने इन शक जातियो को परास्त कर इन्हे अपने साम्राज्य मे मिला लिया। इस विक्रमादित्य के शक-विजय के प्रमाण उसके तत्कालीन उत्कीर्ण शिलालेखो, प्राप्त सिक्को तथा प्रचलित प्राचीन दन्तकथाओ से मिलते हैं। मालवा के उदयगिरि पर्वत की गुफाओ मे एक लेख मिला है जिसमे चन्द्रगुप्त द्वितीय के युद्ध सचिव वीरसेन ने कहा है कि 'जब सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय समस्त पृथिवी जीतने के लिए आये थे उस समय मै भी उनके साथ इस देश मे आया था[1]।

शक-विजय के प्रमाण

इससे ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने पश्चिमी भारत जीतकर या इसे जीतने के पहले मालवा मे अपना शिविर स्थापित किया होगा। शक राजाओ के समय मे पश्चिमी भारत मे चाँदी के सिक्के प्रचलित थे। गुप्त सिक्को मे चाँदी का सिक्का सब से पहले चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने ही चलाया। वे सिक्के शक सिक्को का अनुकरण कर मुद्रित किये गये थे। इन सिक्को के एक तरफ गुप्त वंश के राज्यचिह्न 'गरुड़' की मूर्ति है तथा दूसरी ओर चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का नाम 'परम भागवत महाराजाधिराज' की उपाधि के साथ अंकित है। राजनीति यही सिखलाती है कि जिस देश को जीता जाय उसी देश की प्रथा के ढंग पर वहाँ का शासन किया जाय। इसी नीति के अनुसार चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने पश्चिमी भारत में शको को जीत कर उस प्रदेश में प्रचलित चाँदी के सिक्को के ढग पर अपना सिक्का चलाया। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का एक और प्रकार का सिक्का मिला है जिस पर राजा की मूर्ति सिंह को मारते हुए या शिकार करते हुए दिखलाई गई है। उसी सिक्के पर 'सिंहविक्रमः' की उपाधि राजा के लिए प्रयुक्त की गई है। मुद्रा-शास्त्र के ज्ञाताओ ने इससे यह अर्थ निकाला है कि यह सिक्का काठियावाड़ या गुजरात के जीतने पर मुद्रित किया गया होगा; क्योंकि सिंह गुजरात और राजपूताना के जंगलों मे प्रायः बहुतायत से पाये जाते है। अतएव चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का सिंहवाला सिक्का (Lion Type) तथा 'सिंह-विक्रमः' की उपाधि गुजरात के विजय की सूचना देती है। 'देवीचन्द्रगुप्तम्'[2] नामक नाटक तथा महाकवि बाण के हर्षचरित[3] मे भी चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के द्वारा शको के पराजय का उल्लेख मिलता है। इन सब प्रमाणो से यह सिद्ध होता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने पश्चिमी भारत को विजय कर शको को परास्त किया। इसके साथ साथ

१. कृत्स्नपृथ्वीजयार्थेन राज्ञैवेह सहागतः।—उदयगिरि का गुहालेख का० इ० इ० न० ६।

२. चन्द्रगुप्तः शत्रोः स्कन्धावारं अलिपुर शकपतिं वधाय गमत।

३. अरिपुरे × × × चन्द्रगुप्तः शकपतिं शातयत्।—हर्षचरित, उच्छ्वास ४।

'विक्रमादित्य' के विरुद से भी ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शको को अवश्य परास्त किया होगा।

अब यहाँ सिक्को तथा लेखो के आधार पर यह दिखलाने का प्रयत्न किया जायगा कि अपने राज्यकाल के किस समय मे चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शको को परास्त किया था। स्वामी रुद्रसिह शकजातीय क्षत्रप-वश का अन्तिम राजा था। उसके सबसे पीछे के चाँदी के सिक्को पर महाक्षत्रप की उपाधि के साथ शक सवत् ३१० (ई० सन् ३८८) अकित है[1]। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के चाँदी के सिक्के पर शकाब्द ६६ मिलता है। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के उदयगिरि के गुहा-लेख मे तिथि नही मिलती परन्तु केवल वीरसेन के साथ मालवा मे पृथ्वी जीतने की इच्छा से आने का वर्णन है। इस लेख मे तिथि सवत् न होने से कोई शका नही हो सकती, क्योकि उसी स्थान पर दूसरे गुहा-लेख मे,—जिसमे चन्द्रगुप्त द्वितीय के सामन्त सनकानिक महाराजा विष्णुदास के पुत्र के दान का उल्लेख है,—गुप्त सवत् ८२ (ई० सन् ४०१) उल्लिखित है। बहुत सभव है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने इसी यात्रा मे गुजरात तथा काठियावाड पर अपना अधिकार जमा लिया हो तथा वह अपने मंत्री वीरसेन के साथ विजय-यात्रा समाप्त कर लौटा हो। अतएव समुद्रगुप्त की विजय-यात्रा ई० सन् ३८८ से लेकर ४०१ ई० के मध्य मे होनी चाहिए। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के सिक्को से पता चलता है कि ई० सन् ४०६ के पहले ही गुप्तो का शासन स्थिर तथा सुचारु रूप से भारत के पश्चिमीय प्रदेशो पर स्थापित हो गया था।

शको का पराजय-काल

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने शको को जीतने के पश्चात् शासन की सुव्यवस्था के लिए उज्जयिनी को अपनी दूसरी राजधानी बनाया। पाटलिपुत्र तो गुप्त नरेशो की सर्वदा से राजधानी रहा ही परन्तु इसने उज्जयिनी को भी राजधानी बना लिया। यह महत्त्वशालिनी नगरी भी अपना कुछ कम महत्त्व नही रखती है। उज्जयिनी के राजधानी होने की प्रामाणिकता महाकवि राजशेखर के वर्णन से सिद्ध होती है। उसने उज्जयिनी-स्थित 'ब्रह्मसभा' का वर्णन किया है जो साहित्य मे विद्वानो को पदवियाँ देती थी। उस सभा मे बहुत बडे पण्डितो का सत्कार होता था[2]। उज्जयिनी को राजधानी बनाने का रहस्य यह था कि यह नगरी विक्रमादित्य के राज्य के केन्द्र मे स्थित थी। अतः इस केन्द्र-स्थान से शासन करने मे पाटलिपुत्र की अपेक्षा अधिक सुविधा थी। यही से विजित शक राज्य पर दृढता से शासन किया जा सकता था। अतः उज्जयिनी को राजधानी बनाकर चन्द्रगुप्त ने चतुरता का काम किया। आजकल की सरकारे भी केन्द्रस्थान मे ही अपनी राजधानी बनाती है।

शक-राज्य की व्यवस्था

सम्राट् समुद्रगुप्त के समान उसके उत्तराधिकारी पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय ने भी अनेक पदवियाँ धारण की थी। उसके सिक्को पर उसकी ये बडी-बड़ी पदवियाँ उत्कीर्ण

---

१. रैपसन—आन्ध्र सिक्के।

२. काव्यमीमासा पृ० ५५।

चन्द्रगुप्त द्वितीय का राज्यविस्तार

सङ्केत-शब्द-सूची

सङ्केत	पूराशब्द
आ० स० रि०	आर्क्योलाजिकल सर्वे रिपोर्ट
इ० ए०	इण्डियन एण्टिक्वेरी
इ० क्रा०	इण्डियन क्रानोलोजी
इ० ना० इ०	इन्शक्रिप्शन्स आफ नार्दर्न इण्डिया
इ० म्यु० कै०	इण्डियन म्युज़ियम कैटलाग
इ० हि० का०	इण्डियन हिस्टारिकल काटरली
ए० इ०	एपिग्रेफिका इण्डिका
ए० एस० डब्लू० आइ०	आर्क्योलाजिकल सर्वे आफ वेस्टर्न इण्डिया
ऐ० ब्रा०	ऐतरेय ब्राह्मण
का० इ० इ०	कार्पस इन्सक्रिप्श्नम् इण्डिकेरम्
कै० इ० का०	कैटलाग आफ इण्डियन कायन्स
कौ० म०	कौमुदी-महोत्सव
गु० ले०	गुप्त-लेख (फ्लीट सम्पादित)
गु० सं०	गुप्त-संवत्
जे० आ० ओ० रि०	जरनल आफ ओरियण्टल रिसर्च (मद्रास)
जे० आ० रा० ए० एस०	जरनल आफ रायल एशिआटिक सोसाइटी (लण्डन)
ज० ए०	जरनल एशिआतीक्के
जे० ए० एस० बी०	जरनल आफ एशिआटिक सोसाइटी आफ बंगाल
जे० बी० ओ० रि० एस०	जरनल आफ बिहार, उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी
ना० प्र० प०	नागरी-प्रचारिणी पत्रिका
बौ० ध० सू०	बौधायन-धर्म-सूत्र
म० स्मृ०	मनु-स्मृति
मे० ए० सो० बी०	मेम्वायर आफ एशिआटिक सोसाइटी आफ बंगाल
वा० पु०	वायु-पुराण
वि० सं०	विक्रम-संवत् ।
से० बु० इ०	सेक्रेड बुक्स आफ ईस्ट

पाई जाती हैं। इन विभिन्न विरुदों में चन्द्रगुप्त द्वितीय की 'विक्रमादित्य' की उपाधि विशेष महत्त्व रखती है। यह श्रेष्ठ पदवी भारतवर्ष में प्राचीन काल से प्रचलित थी। प्राचीन काल में उज्जयिनी के किसी पराक्रमी राजा ने शकों को परास्त करके 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी तथा उसी काल से अर्थात् ईसा पूर्व ५७ ई० से 'विक्रम-संवत्' भी चलाया था। गुप्त वंशीय चन्द्रगुप्त द्वितीय ने भी पश्चिम के गुजरात, काठियावाड़, मालवा, राजपूताना आदि प्रदेशों में राज्य करनेवाले इन विधर्मी शकों को जीतकर उनके राज्य को अपने साम्राज्य में मिला लिया। इसने शकों को पराजित कर उनके मद को चूर्ण-चूर्ण कर दिया। अतः यह 'शकारि' भी कहा जाता है। इस चन्द्रगुप्त ने भी उसी उज्जयिनी पर अधिकार जमाया जिसे कुछ शताब्दी पूर्व एक अज्ञात राजा ने अपने कब्जे में किया था। इसने भी शकों को मैदान में पछाड़ा तथा उन्हें खदेड़ कर बाहर किया। अतः इन दोनों गुणों के समान होने पर यदि इसने भी उस प्राचीन नरेश की भाँति 'विक्रमादित्य' विरुद को धारण करने का निश्चय किया तो इसमें आश्चर्य ही क्या था? प्राचीन विक्रमादित्य के समान ही अपने को पराक्रम में तुल्य पाकर यदि इसने भी 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की तो यह सर्वथा समुचित ही था। 'विक्रमादित्य' की उपाधि प्राचीन काल से ही प्रताप तथा प्रभाव का सूचक बन गई थी अतः शकारि चन्द्रगुप्त द्वितीय का इस उपाधि को धारण करना नितान्त स्वाभाविक ही था। सोमदेव रचित कथा-सरित्सागर में पाटलिपुत्र के राजा विक्रमादित्य का उल्लेख मिलता है। संस्कृत साहित्य में इसे उज्जैन का राजा बतलाया गया है। इससे ज्ञात होता है कि इस विरुद से तथा शकों के पराजय से घना सम्बन्ध है। जिस प्रकार मालवा के प्राचीन राजा ने शकों को पराजित कर 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी उसी प्रकार चन्द्रगुप्त द्वितीय ने भी शकों को परास्त कर 'विक्रमादित्य' का विरुद धारण किया।

'विक्रमादित्य' विरुद की उत्पत्ति

दिल्ली के समीप कुतुबमीनार के निकटवर्ती लोह-स्तम्भ पर एक लेख उत्कीर्ण मिला है[1] जिसमें 'चन्द्र' नामक किसी सम्राट् की विजययात्रा का वृत्तान्त मिलता है। यह 'चन्द्र' नामक सम्राट् कौन था, इस विषय में पुरातत्त्व-वेत्ताओं में गहरा मतभेद है[2]। परन्तु बहुत से विद्वानों की अब यह धारणा हो रही है कि यह 'चन्द्र' कोई अन्य नहीं, बल्कि चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) ही है जिसने दक्षिण से लेकर उत्तर के बल्ख (Bactria) प्रदेश तक अपनी विजय का डंका बजाया था। समुद्रगुप्त की प्रयागवाली प्रशस्ति से यह ज्ञात होता है कि भारत के उत्तर-पश्चिम में 'दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि शक-मुरुण्ड' राज्य करते थे। चन्द्रगुप्त द्वितीय के द्वारा मालवा तथा सुराष्ट्र में शकों का पराजित होना हमें ज्ञात है। सम्भवतः इसी दिग्विजय के सिलसिले में उसने उत्तर के विदेशियों को भी परास्त किया था। इस मेहरौली लोहस्तम्भ में 'तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिन्धोर्जिता वाह्लिकाः' ऐसा वर्णन मिलता है। इससे ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 'सिन्धु

सम्राट् 'चन्द्र' की उत्तर की विजय-यात्रा

---

१. का० इ० इ० नं० ३२ (मेहरौली का लोहस्तम्भ)।

२. इसका विस्तृत विवेचन परिशिष्ट (लेख नं० ३) में किया गया है।

नदी के सातों मुखों को पार करके वाह्लिक (बल्ख) के शासको को जीता'। बल्ख का मार्ग सिन्धु नदी के मुख को पार कर नहीं जाता। इसलिए जान एलन का कथन है कि 'वाल्हीकाः' शब्द से यवन की भाँति सिन्धु के पार की किसी अन्य जाति का तात्पर्य निकलता है जो कदाचित् बिलोचिस्तान के आस पास निवास करती थी। अतः जान एलन के मतानुसार चन्द्रगुप्त द्वितीय ने बल्ख की ओर न जाकर बिलोचिस्तान की ओर आक्रमण किया था। भारत के प्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता श्री जायसवाल महोदय 'सिन्धो :सप्त-मुखानि' का अर्थ सिन्धु नदी की सहायक सात शाखानदियो से मानते हैं[1]। इसका तात्पर्य सिन्धु नदी के सात मुखो से नही है। वैदिक काल मे इस प्रदेश को 'सप्तसिन्धु' कहते थे तथा एवेस्ता मे इसी प्रदेश का 'हप्त-हिन्दू' नामकरण किया है। इसी 'सप्तसिन्धु' नाम के आधार पर 'सिन्धोः सप्तमुखानि' का तात्पर्य सिन्धु की सात सहायक-नदियो के प्रदेश माना गया है। अत इससे यह निर्विवाद सिद्ध है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने पजाब तथा अफग़ानिस्तान को पार कर बल्ख तक अपनी विजयदुन्दुभि बजाई थी तथा शत्रुओ को मैदान मे पछाडकर उन्हें सुरधाम को पठाया था।

दक्षिण के राजाओं से सम्बन्ध

दक्षिण भारत मे तीसरी शताब्दी मे आध्र वश की शक्ति के नष्ट होने पर कई राजाओ का प्रभुत्व धीरे धीरे वहाँ जम गया। महाराज समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के दक्षिण-पूरब मे स्थित समस्त नरेशो को अपने अधीन किया, परन्तु उन पर स्वय शासन करना गुप्तों को अभीष्ट न था। किन्तु जब चद्रगुप्त द्वितीय ने शको को परास्त कर पश्चिमी भारत को अपने साम्राज्य मे सम्मिलित कर लिया तब यह अत्यन्त आवश्यक हो गया कि दक्षिण भारत के राजाओ से उसकी मित्रता हो जाय। यदि ऐसा न होता तो सुचारु रूप से पश्चिमीय भारत पर शासन करना गुप्तों के लिए कठिन हो जाता। इसलिए चद्रगुप्त द्वितीय ने दक्षिण-नरेशो से मित्रता ही नहीं स्थापित्त की बल्कि वैवाहिक सम्बन्ध से उनके साथ अत्यन्त घनिष्ठ सबध स्थापित कर लिया। इस कारण समस्त नरेश गुप्तो के सहायक बन गये। ऐसे दक्षिण के शासक तीन वश के थे—नाग, वाकाटक तथा कुन्तल। इन तीनों का प्रभाव प्रायः भारत के दक्षिण-पश्चिम प्रात पर था और सम्भवत दक्षिणा-पथ के दिग्विजय मे इनसे समुद्र की मुठभेड नही हुई थी। अतएव ये गुप्तो के साथ किसी भी सूत्र मे नही बंधे थे। इन प्रतापी नरेशों को अपने वश मे करना चन्द्रगुप्त द्वितीय की राजनीतिज्ञता का बड़ा उज्ज्वल प्रमाण है। नीतिज्ञ विक्रमादित्य ने उत्तरी भारत को तो अपने वश मे कर ही लिया था; इन दक्षिण-नरेशो से गुप्त राज्य को किसी प्रकार का खटका न रहने देने के लिए उसने इनके साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर बडो भारी चतुरता का काम किया। अब इन राजाओं के साथ चन्द्रगुप्त द्वितीय का पृथक् पृथक् सम्बन्ध दिखलाया जायगा।

---

१. जे० बी० ओ० आर० एस० मार्च १९३२।

गुप्त-साम्राज्य स्थापित होने से पहले नागवंशी राजा विन्ध्य से उत्तर विदिशा तक राज्य करते थे। इनकी राजधानी पद्मावती का नाम प्राचीन साहित्य में मिलता है।

नाग

इस कारण नागवंश की गणना प्राचीन प्रतिष्ठित राज्यों में थी। सम्राट् समुद्रगुप्त ने इन नाग राजाओं को जीतकर उनका राज्य अपने साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया था; परन्तु वह उनको समूल नष्ट न कर सका। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इस प्राचीन प्रतिष्ठित राजवंश से सम्बन्ध करना उचित समझा। यह सम्बन्ध राजनैतिक दृष्टि से हानिकारक नहीं था। अतएव अपने कुल को गौरवान्वित तथा प्रतिष्ठित करने के उन्नत विचार से प्रेरित होकर ही उसने ऐसा किया तथा इस वंश में अपना विवाह किया। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इसी नागकुल में उत्पन्न कुबेर-नागा से विवाह किया था[१]। पाठकों को पीछे बतलाया गया है कि कुबेरनागा चन्द्रगुप्त द्वितीय की प्रथम महारानी थी जिसके गर्भ से प्रभावती गुप्ता का जन्म हुआ था।

ईसवी ३००-५०० के मध्य में वाकाटकों का राज्य दक्षिण भारत में फैला हुआ था। बालाघाट के ताम्रपत्र में इनकी वंश परम्परा के राजाओं की नामावली मिलती है[२]।

वाकाटक

सबसे प्रथम राजा विन्ध्यशक्ति का नाम उल्लिखित है। इसका पुत्र प्रवरसेन प्रथम बड़ा प्रतापी राजा था। इसी के प्रपौत्र रुद्रसेन द्वितीय से गुप्तों का वैवाहिक सम्बन्ध था। वाकाटक लोगों के पूना ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय की स्त्री कुबेरनागा से उत्पन्न प्रभावती गुप्ता नामक पुत्री का विवाह रुद्रसेन द्वितीय से हुआ। इस लेख से गुप्तों तथा वाकाटकों में घनिष्ठ राजनैतिक सम्बन्ध प्रकट होता है। यह विवाह भी राजनैतिक महत्त्व से खाली नहीं था। समुद्रगुप्त दक्षिण में स्थित इन वाकाटकों से किसी प्रकार का भी सम्बन्ध स्थापित न कर सका था; परन्तु चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इन लोगों से मित्रता स्थापित कर ली। इस विवाह का एक मुख्य कारण यह भी था कि इस गुप्त नरेश ने ई० स० ४०० के लगभग मालवा तथा सौराष्ट्र के शकों को जीतकर उनका राज्य गुप्त साम्राज्य में मिला लिया था[३]; अतएव नवीन विजित पश्चिमी प्रदेशों पर दक्षिणी नरेशों का आक्रमण न होने देना ही इस विवाह का रहस्य था। गुप्त-साम्राज्य को सुरक्षित रखने के लिए यह नीति अत्यन्त लाभकारी थी।

प्राचीन काल में बम्बई प्रांत का दक्षिणी हिस्सा तथा मैसूर के उत्तरी भाग का प्रदेश 'कुंतल' नाम से प्रसिद्ध था। यह भाग भी दूसरी शताब्दी तक शातवाहन

कुंतल

राजाओं के अधीन था। इसके पश्चात् चुटु वंश के राजा मैसूर पर शासन करते थे। इन राजाओं का एक लेख शिकारपुर ज़िले में स्थित मलवल्ली से प्राप्त हुआ था[४]। अनन्तपुर ज़िले में चुटु लोगों के बहुत

---

१. पूना की प्रशस्ति।

२. ए० इ० भा० ६ न० ३६।

३ उदयगिरि का लेख (गु० ले० नं० ५)

४ एपिग्राफिया करनाटिका भा० ७ पृ० २६३।

से सिक्के भी मिले हैं[1] जो उनके सुचारु शासन की पुष्टि करते हैं। इसी मलवल्ली स्तम्भ पर एक दूसरा लेख मिलता है, जो भाषा (प्राकृत), तिथि, उल्लेख की रीति तथा लिपि के कारण पूर्व लेख के समान है। इस लेख के शासक मयूरशर्मन् का चन्द्रवल्ली से प्राप्त हुआ लेख मलवल्ली के लेख का समकालीन प्रकट होता है[2]। इसी आधार पर यह अनुमान किया जाता है कि तीसरी शताब्दी में चुटु लोगों के अनन्तर कुंतल प्रदेश पर कदम्ब राजाओं का अधिकार हो गया था।

अतः जिस समय उत्तरी भारत में गुप्त लोगों का साम्राज्य प्रारम्भ हुआ उसी समय कुन्तल प्रदेश पर कदम्ब वंश का शासन शुरू हुआ। कुन्तल के अधिपति होने से यही कदम्ब नरेश कुन्तलेश्वर के नाम से भी संस्कृत साहित्य में प्रसिद्ध हुए। इस कदम्ब कुल के राजा के साथ चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी राजनीति के फल-स्वरूप घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित किया। इन दोनों राजवंशों के सम्बन्ध के परिपोषक प्रमाण—साहित्य तथा शिलालेख सम्बन्धी—यहाँ दिये जाते हैं।

राजा भोज के शृंगार-प्रकाश के आठवें प्रकाश में एक संदर्भ मिलता है। उस स्थान पर कालिदास तथा चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य में कुंतल-नरेश के विषय में वार्तालाप का उल्लेख है। कालिदास का कुंतलनरेश के विषय में निम्नलिखित कथन है :—

असकलहसितत्वात्क्षालितानीव कान्त्या
मुकुलितनयनत्वाद्व्यक्तकर्णोत्पलानि।
पिबति मधुसुगन्धीन्याननानि प्रियाणा
त्वयि विनिहितभारः कुन्तलानामधीशः॥

इस वर्णन से ज्ञात होता है कि कालिदास चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के राजदूत बनकर कुंतल-राजा के दरबार में गये थे। इस कथन की पुष्टि क्षेमेन्द्र-कृत 'औचित्य-विचार-चर्चा' से होती है। इसमें उल्लेख मिलता है कि कालिदास ने किसी 'कुंतलेश्वर-दौत्य' नामक पुस्तक की रचना की थी। इसके नाम से स्पष्ट प्रकट होता है कि कालिदास ने कुंतल राजा के यहाँ दौत्य-कार्य किया था। क्षेमेन्द्र ने कालिदास के निम्नलिखित पद्य को उद्धृत किया है[3]—

---

१ रैपसन—आंध्र सिक्कों की सूची।

२ आर० सर्वे रिपोर्ट—मैसूर १९२९ पृ० ५०।—इसकी भाषा (प्राकृत), तिथि, उल्लेख तथा लिपि मलवल्ली के समान है। इस लेख में मयूरशर्मन् द्वारा पराजित राजाओं की नामावली उल्लिखित है जो तीसरी शताब्दी में वर्तमान थे।

कदम्बानां मयूरशर्मणा विनिर्म्य तटाकं दूभ त्रैकूट आभीर पल्लव परियात्रिक सकस्थान सैन्दक पुनाट मोकरिणाम्।

जायसवाल महोदय इसका दूसरा पाठ मानते हैं।—(हिस्टरी आफ इंडिया १५०–३५०) पृ० २२०–२१।

इह निवसति मेरुः शेखरः क्ष्माधराणा-
मिह विनिहितभाराः सागराः सप्त चान्ये।
इदमहिपतिभोगस्तम्भविभ्राज्यमान
धरणितलमिहैव स्थानमस्मद्विधानाम्।

यह कुंतलेश कौन था जो चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का समकालीन था? कदम्ब-वंश का संस्थापक मयूरशर्मन् तीसरी शताब्दी में शासन करता था जिसके बाद उसके पुत्र तथा पौत्र राज्य करते रहे। मयूरशर्मन् के पुत्र तथा पौत्र गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के समकालीन थे। अतएव कदम्बों का चौथा राजा ककुत्स्थवर्मन् ही गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का समकालीन कुंतलेश होगा[1]। इसका सबसे प्रबल प्रमाण यह है कि इसके राज्यकाल के एक शिलालेख में कदम्बों तथा गुप्तों के साथ वैवाहिक सम्बन्ध का उल्लेख है। कुंतल-नरेश ने अपनी कन्या गुप्त-नरेश को ब्याही थी[2]। इससे यही अनुमान किया जा सकता है कि कुंतलनरेश ने अपनी कन्या का विवाह चन्द्रगुप्त द्वितीय से किया था। कदम्बों तथा गुप्तों का प्रथम सम्बन्ध होना चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के काल में कालिदास के दौत्य कार्य तथा दोनों वंशों में वैवाहिक सम्बन्ध से ज्ञात है।

कुछ विद्वानों का मत है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने अपने पिता सम्राट् समुद्रगुप्त की भाँति अपने दिग्विजय के फल-स्वरूप अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान किया था।

अश्वमेध यज्ञ

काशी के दक्षिण में स्थित नगवा नामक स्थान में एक घोड़े की मूर्ति मिली है जिस पर 'चन्द्रगु' लिखा हुआ है। इसी आधार पर चन्द्रगुप्त द्वितीय के भी अश्वमेध यज्ञ के विधान का अनुमान किया जाता है। प्रतापी समुद्रगुप्त के इस पराक्रमी पुत्र ने भी अपने पिता की भाँति अपने दिग्विजय के उपलक्ष में अश्वमेध यज्ञ किया होगा, यह बात अनुमानतः सिद्ध है।

सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य वैष्णवधर्मानुयायी था। इसके शिलालेखों में इसे 'परम भागवत' कहा गया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि वैष्णव सम्प्रदाय में

धार्मिक-सहिष्णुता

इसे कितनी आस्था थी। प्रायः ऐसा देखने में आता है कि एक सम्प्रदाय का अनुयायी दूसरे सम्प्रदाय तथा धर्म के प्रति बुरा भाव रखता है तथा उस धर्म के अनुयायियों से द्वेष करता है। परन्तु सम्राट् चन्द्रगुप्त बड़ा धर्म-सहिष्णु था। धार्मिक सहिष्णुता ने उसके हृदय में घर कर लिया था। उसके

---

१ डा० कृष्णस्वामी का भी यही मत है कि पाँचवीं शताब्दी का गुप्त शासक (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) का समकालीन काकुत्स्थवर्मन् ही था।—कन्ट्रीब्यूशन आफ साउथ इंडिया टु इंडियन कल्चर पृ० ३५३ नोट)।

२ तालगुंड की प्रशस्ति—ए० इ० भा० ८ पृ० २४; भूमिका ४७।
गुप्तादिपार्थिवकुलाम्बुरुहस्थलानि स्नेहादरप्रणयसम्भ्रमकेसराणि।
श्रीमन्त्यनेकनृपषट्पदसेवितानि यो बोधयन् दुहितृदीधितिभिर्नृपार्कः॥

उदार चरित्र तथा विशालहृदयता के कारण उसे किसी भी धर्म से द्वेष नहीं था। उसने कभी अपने विपरीत धर्मानुयायियों को कष्ट नही दिया प्रत्युत उनके धर्म के प्रति सहिष्णुता का भाव दिखाकर उस धर्म को प्रोत्साहन दिया। इतना ही नहीं, उसने इन धर्मोपासको को दान भी दिया। इसका प्रचुर प्रमाण उसके शिलालेखों से मिलता है। उदयगिरि की प्रशस्ति मे वर्णित चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के मन्त्री वीरसेन ने भगवान् शिव की पूजा के निमित्त एक गुफा का उत्सर्ग किया था[1]। यह शिव का परम भक्त होते हुए भी उक्त सम्राट् के सन्धि-विग्रह विभाग का मन्त्री था। मथुरा की प्रशस्ति मे एक शैव आर्योदिताचार्य का उल्लेख मिलता है जिन्होंने (गुरुप्रतिमायुक्त) उपमितेश्वर तथा कपिलेश्वर की—इन दो शिवलिङ्गो की—स्थापना अपनी पुण्य-वृद्धि के लिए की थी[2]।

साँची के शिलालेख से ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के यहाँ एक बौद्ध आम्रकार्द्दव नामक अफसर किसी बड़े सैनिक पद पर नियुक्त था[3], जिसने साँची प्रदेश मे स्थित काकनादबोट नामक महाविहार के आर्य-सघ को २५ दीनार तथा एक गाँव प्रतिदिन पाँच भिक्षुओं के भोजन के निमित्त और रत्नगृह मे दीपक जलाने के लिए दिया था[4]। इससे स्पष्ट है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य परम वैष्णव होते हुए भी शैव तथा बौद्ध मतावलम्बियो का आदर करता था। उसने न केवल उनके लिए सम्मान ही प्रदर्शन किया प्रत्युत दान देकर उनके धर्म का उत्साह-वर्धन भी किया। चीनी यात्री फाहियान ने भी इसकी दानशीलता तथा धर्मसहिष्णुता की प्रशसा की है। इन सब उल्लेखों से चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की धार्मिक सहिष्णुता का पूर्ण परिचय मिलता है तथा इस प्रकार की धार्मिक सहिष्णुता उसके विशाल हृदय तथा उदार चरित्र की सूचना देती है।

वीरता

सम्राट् समुद्रगुप्त के समान ही उसका सुयोग्य पुत्र चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य भी वीर तथा प्रतापी राजा सिद्ध हुआ। 'योग्य पिता का योग्य पुत्र' यह कहावत भले ही किसी दूसरे के विषय मे ठीक न निकले, परन्तु इसके विषय मे तो अक्षरशः सत्य सिद्ध होती है। इसने अनेक पदवियाँ धारण की थी। इसके शिलालेखो मे इसके लिए विक्रमाक, विक्रमादित्य, श्रीविक्रम, अजितविक्रम, सिहविक्रम, नरेन्द्रचन्द्र आदि अनेक उपाधियो का प्रयोग किया गया है। सिक्कों पर उत्कीर्ण इन पदवियो से इसके पराक्रम का कुछ अन्दाजा लगाया जा सकता है। इसकी वीरता की सूचक सबसे प्रधान वह घटना है जब इसने अपने यौवराज्य-काल में ही एक पराक्रमी तथा दुराचारी शकाधिप को स्त्री का वेष बनाकर मार डाला था। इससे इसके असीम साहस तथा निर्भीकता का आभास मिलता है।

---

१. भक्त्या भगवतः शम्भोः गुहामेतामकारयत् ।—गु० इ० इ० न० ६।

२ आर्योदिताचार्येण स्वपुण्याप्यायननिमित्त गुरुणा च कीर्त्यं उपमितेश्वरकपिलेश्वरौ गुर्व्वायतने गुरु . . . प्रतिष्ठापितौ।—मथुरा का स्तम्भ-लेख ए० इ० १९३१।

३. अनेकसमरावाप्तविजययशस्पताकः। – साँची शिलालेख फ्लीट—न० ५।

४. प्रणिपत्य ददाति पञ्चविंशतीः दीनारान्। पञ्चैव भिक्षवो भुञ्जन्ता रत्नगृहे च दीपक इति।—साँची का शिलालेख।

इसके शरीर की बनावट बड़ी ही सुन्दर थी। सारे शरीर की गठन देखते ही बनती है। गठीले शरीर मे प्रत्येक अग का पूर्णतः विकास पाया जाता है। प्रत्येक स्नायु पूर्ण रूप से दृढ है। बाहु तथा पुट्ठे की आकृति बड़ी ही सुन्दर है तथा उनके पुष्ट होने का प्रमाण दे रही है। तिसपर शुभ्र वर्ण का शरीर है। चन्द्रगुप्त के सिक्कों पर उसके शरीर का जो चित्र अंकित है उनके देखने से ज्ञात होता है मानो वीर रस ही साक्षात् शरीर धारण किये हुए हो। वस्तुतः इसके शरीर की बनावट को देखकर ही कितने ही शत्रुओं के होश हिरन हो जाते होंगे। जिस प्रकार उसके कृपाण मे बल था उसी प्रकार उसके शरीर मे भी काफी ताक़त थी। जिस समय समर-भूमि मे अपनी सुदृढ़ भुजा मे तलवार पकड़कर यह उतरता होगा उस समय शत्रु-वर्ग मे प्रलय का दृश्य उपस्थित हो जाता होगा। इसके सिक्को पर इसकी वीरता का सूचक यह वाक्य खुदा हुआ है—'क्षितिमवजित्य सुचरितैः दिव जयति विक्रमादित्य.'।

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के कुछ सिक्को पर घायल सिह तथा कुछ पर भागते हुए सिंह का चित्र अंकित है। इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि विक्रमादित्य की वीरता के आगे सिह भी मैदान छोड़कर भाग जाते थे तथा इसके साथ युद्ध करने का साहस नहीं करते थे। इसके दिग्विजय का वर्णन करते समय हमने लिखा है कि इसने बल्ख तक अपने राज्य का विस्तार कर लिया था। दुष्ट शको को परास्त कर उन्हें इसने खदेड़ दिया। मालवा तथा सुराष्ट्र से उन्हें निकालकर ही यह सन्तुष्ट नही हुआ परन्तु इन विदेशी आततायियो के उत्पीडन से सर्वदा के लिए प्रजा के रक्षार्थ इसने सप्तसिन्धु को पार कर बल्ख तक इनका पीछा किया तथा अन्ततः उन्हे परास्त किया। शको के घनघोर अत्या-से प्रजा पीड़ित थी, अतः उनके नाश से प्रजा को ही सुख हुआ। शक-पराजय की घटना चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के जीवन मे एक विशेष महत्त्व रखती है। यदि इसके जीवन की यह सर्वप्रधान घटना कही जाय तो इसमे कुछ भी अत्युक्ति नही हो सकती। इसी सर्वोत्कृष्ट तथा प्रजा-रक्षक कार्य से प्रसन्न होकर लोगो ने इसे 'शकारि' की उपाधि दे रक्खी थी। अपने सुयोग्य पिता के विपरीत इसने 'ग्रहीत-प्रतिमुक्त' की नीति का परित्याग कर दिया तथा इसने जितने प्रदेश जीते उन सब को अपने विस्तृत साम्राज्य में मिला लिया। इसने अपनी प्रबल भुजाओ से समस्त देशों को जीतकर बल्ख से वङ्ग तक तथा दक्षिण मे कावेरी तक एकच्छत्र साम्राज्य स्थापित कर लिया। इसके समय मे गुप्त-साम्राज्य की राज्य-सीमा का विस्तार अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ था। गुप्त-साम्राज्य ने प्रत्येक अवस्था मे अपनी चरम सीमा को प्राप्त कर लिया था। मेहरौली के लौह-स्तम्भ पर इसके दिग्विजय का बड़ा ही सुन्दर वर्णन निम्नलिखित शब्दों मे दिया है—

यस्योद्वर्त्तयतः प्रतीपमुरसा शत्रून्समेत्यागता-
न्वङ्गेष्वाहववर्तिनोऽभिलिखिता खड्गेन कीर्तिर्भुजे।
तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिन्धोर्जिता वाह्लिकाः
यस्याद्याप्यधिवास्यते जलनिधिर्वीर्यानिलैर्दक्षिणः॥

राजनीति के शुष्क वातावरण मे रहने के कारण यह बात नही थी कि सम्राट् चन्द्र-गुप्त विक्रमादित्य को विद्यानुराग न हो। इसने भी काव्यरस की मधुर चाशनी चक्खी थी। सस्कृत भाषा को सम्मान के सिंहासन पर बिठा, सस्कृत-कवियो को आश्रय प्रदान कर इसने गुणग्राहकता तथा विद्या-प्रेम का पूर्ण परिचय दिया है। इसके राजकीय-वैभव-सम्पन्न दरबार मे राजकवियों का जमघट सा लगा रहता था। प्रत्येक कवि अपनी सरस तथा मधुर कविता से सम्राट् विक्रमादित्य को प्रसन्न रखने मे भी अपना परम सौभाग्य समझता था। जहाँ देखिए वहाँ कविता की धूम सी मची रहती थी। यह तो विदित ही है कि कविकुल-कुमुद-कलाधर महाकवि कालिदास इस सम्राट् के दरबार को अपनी उपस्थिति से अलकृत किया करते थे तथा अपनी कमनीय कविता से राजा को सदा आनन्द के सागर मे डुबोया करते थे। राजा भी महाकवि का कुछ कम सम्मान नहीं करता था। चन्द्रगुप्त द्वितीय के शिलालेखों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि इसने कालिदास को अपने राज्य के एक प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त किया था। चन्द्रगुप्त की प्रेरणा से कालिदास ने कुन्तलनरेश ककुत्स्थवर्मन् के यहाँ जाकर सम्राट् का दौत्यकार्य भी किया था। इससे ज्ञात होता है कि कालिदास चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के यहाँ केवल राजकवि ही का कार्य नही करते थे बल्कि अनेक राजकीय कार्यों का भी समुचित सम्पादन किया करते थे। इसी सम्राट् के दरबार मे रहकर कालिदास ने अपने ग्रन्थ-रत्नों की रचना की थी। प्राचीन जनश्रुति के आधार पर यह भी कहा जाता है कि इसी सम्राट् के दरबार मे 'नवरत्न' रहा करते थे। इन नव कवियो के नाम भी दिये गये हैं। इन कवियों के मूर्धन्य महाकवि कालिदास थे। महाकवि कालिदास के विषय मे विस्तृत विवेचन अगले भाग मे दिया जायगा। इसी सम्राट् के दरबार मे वीरसेन नामक एक मन्त्री रहता था जो व्याकरण, न्याय, मीमासा और लोक मे निपुण तथा कवि भी था[१]। इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य कवियो तथा विद्वानो का आश्रयदाता था। इसके सिक्कों पर प्राप्त तथा उत्कीर्ण सस्कृत के श्लोको से इसके सस्कृतानुराग का पता चलता है। इसके समस्त शिलालेख सस्कृत मे ही उत्कीर्ण हुए हैं। इन सब उल्लेखो से विक्रमादित्य के प्रचण्ड विद्या-प्रेम तथा आश्रयदायिता का पूर्ण रूप से परिचय मिलता है। सच है, जिसके राजकवि स्वय कविकुलमूर्धन्य कालिदास हो उसके विद्या-प्रेम मे भला किसी को कैसे सन्देह हो सकता है?

विद्या प्रेम

वस्तुतः चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का व्यक्तित्व अत्यन्त महान् था। पिता के द्वारा विस्तृत राज्य को पाकर भी वह इतर जन की भाँति सन्तुष्ट नही बन बैठा, बल्कि इसके ठीक विपरीत अपनी तलवार की तीक्ष्णता को परखने के लिए एक सुवर्ण-अवसर

---

१ अन्वयप्राप्तसाचिव्यो व्यापृतसन्धिविग्रहः।
कौत्सशाब इति ख्यातो वीरसेनः कुलाख्यया॥
शब्दार्थन्यायलोकज्ञः कवि: पाटलिपुत्रकः—उदयगिरि का गुहालेख।

फाहियान का यात्रामार्ग

गुप्त-इतिहास की सामग्री

आधुनिक काल में भारत का प्राचीन इतिहास क्रमबद्ध रूप मे उपलब्ध नहीं होता। इससे पाश्चात्य विद्वान् यह अनुमान निकालते हैं कि प्राचीन समय में भारतीय लोग इतिहास की ओर अभिरुचि नही रखते थे; उनका यह अनुमान नितांत सारहीन है। प्राचीन भारतीय मुख्यतः पारलौकिक विषयो के चिंतन में सलग्न रहते थे फिर भी इतिहास के ज्ञान से वञ्चित नही थे। प्राचीन साहित्य के अनुशीलन से यह विदित होता है कि भारत के लोग अपने देश की महत्त्वपूर्ण घटनाओ को क्रमबद्ध लिखने की महत्ता को समझते थे। भारतीय साहित्य मे इतिहास को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। हमारे ऋषियो ने प्राचीन विद्याओ मे इतिहास की भी गणना की है। अथर्व वेद (१५।६।१०) मे इतिहास, पुराण तथा नाराशसि गाथा का उल्लेख मिलता है जिससे प्रकट होता है कि वैदिककालीन आर्य लोग भी भारतीय ऐतिहासिक वृत्ताते से अनभिज्ञ तथा उदासीन नही रहते थे। छान्दोग्य उपनिषद् मे इतिहास को पचम वेद माना गया है[1]। महाभारत मे इतिहास के पठन-पाठन की विशेषता पर विचार किया गया है, क्योंकि इतिहास के अर्थ को समझे बिना वेदार्थ गम्य नही हो सकता[2]। अर्थशास्त्र मे आचार्य चाणक्य ने राजाओ की दैनिक दिनचर्य्या मे इतिहास के श्रवण को उपयोगी बतलाया है[3]। इन उल्लेखो से यह प्रकट है कि भारतीय आर्य इतिहास की उपयोगिता से सर्वथा परिचित थे।

यद्यपि प्राचीन भारतीय इतिहास लेखबद्ध नही मिलता है तथापि तत्कालीन बिखरी हुई सामग्रियो को एकत्र कर सुंदर इतिहास का रूप दिया जा सकता है। इसकी सहायता तथा पुरातत्त्व-विषयक सामग्रियो की अमूल्य उपयोगिता के कारण प्राचीन इतिहास को सुगम रूप से लेखबद्ध करने का प्रयत्न हो रहा है। गुप्त-इतिहास के निर्माण मे बहुत सी प्राचीन सामग्री उपलब्ध है जो पॉच भागो में विभाजित की जा सकती है :—

(१) उत्कीर्ण-लेख। (२) मुद्रा। (३) शिल्प-शास्त्र। (४) साहित्य। (५) यात्रा विवरण। इनका वर्णन क्रमशः सत्तेप मे किया जायगा।

---

१. इतिहासः पुराणं च पञ्चमो वेद उच्यते। छा० उ० ७। १। २

२. इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृं हयेत्। महाभारत १।१।३

३. पश्चिममिति श्रवणे। १। ५। १३

प्रदान किया। दुष्ट तथा विधर्मी शकों को परास्त कर इसने अपने साम्राज्य का प्रचुर विस्तार किया तथा अपने पिता से भी नहीं जीते गये प्रदेशों को जीतकर अपने साम्राज्य में मिला लिया। शकों का सत्यानाश कर इसने हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति का पुनरुद्धार किया। 'धार्मिक सहिष्णुता' की नीति का अवलम्बन कर इसने सब धर्मों के प्रति प्रेमभाव रक्खा तथा किसी भी अन्य धर्मावलम्बी को दुखी होने का अवसर नहीं दिया। एक नहीं, दो-दो इसके सुयोग्य पुत्र-रत्न थे। इतने बड़े विस्तृत साम्राज्य का आधिपत्य, गुणग्राहकता, विद्या-प्रेम, धार्मिक सहिष्णुता आदि गुणों पर मुग्ध होकर कालिदास ने अपने स्वामी के लिए यह, अन्य के मिस से, कहा हो—

उपसंहार

कामं नृपाः सन्ति सहस्रशोऽन्ये, राजन्वतीमाहुरनेन भूमिम्।
नक्षत्रतारागणसंकुलापि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रिः॥

३ कुमारगुप्त प्रथम

द्वितीय चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की मृत्यु के पश्चात् उसका ज्येष्ठ पुत्र कुमारगुप्त प्रथम राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। कुमारगुप्त प्रथम का जन्म द्वितीय चन्द्रगुप्त की दूसरी स्त्री ध्रुवदेवी से हुआ था[1]। कुमारगुप्त प्रथम का एक भाई था जिसका नाम गोविन्दगुप्त था। यह बिहार प्रान्त के मुज़फ्फरपुर ज़िले में स्थित वसाढ़ (वैशाली) में कुमारगुप्त प्रथम के प्रतिनिधि के रूप में शासन करता था। वसाढ़ से बहुत सी मिट्टी की मुहरें मिली हैं[2] जिन पर माता के नाम (ध्रुवदेवी) के साथ साथ गोविन्दगुप्त का नाम भी मिलता है[3]। इन मुहरों के आधार पर यह ज्ञात होता है कि गोविन्दगुप्त कुमारगुप्त प्रथम का कनिष्ठ सहोदर भाई था और कुमारगुप्त प्रथम जेठे होने कारण सिंहासनारूढ़ हुआ था।

कौटुम्बिक-वृत्त

कुमारगुप्त प्रथम के समस्त लेखों में गुप्त संवत् तथा मालव संवत् में तिथि का उल्लेख मिलता है। इन सातों लेखों से कुमारगुप्त प्रथम की ऐतिहासिक वार्ता, शासन-प्रणाली तथा धार्मिक अवस्था का ज्ञान प्राप्त होता है। ऐसे उपयोगी लेखों का गम्भीर अध्ययन ऐतिहासिक दृष्टि से परमावश्यक है। अतएव कुमारगुप्त प्रथम के उपलब्ध लेखों का संक्षिप्त विवरण यहाँ देने का प्रयत्न किया जायगा।

उपलब्ध लेख

(१) बिलसद का स्तम्भ-लेख[4]

कुमारगुप्त प्रथम का सबसे प्रथम लेख बिलसद नामक स्थान से प्राप्त हुआ है। यह लेख स्तम्भ पर खुदा है और इसकी तिथि गु० सं० ९६ (ई० स० ४१५) है। इस

---

१. महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तस्य महादेव्यां ध्रुवदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराजकुमारगुप्तस्य।
—बिलसद का लेख, गु० लें० नं० १०।

२. आर० सर्वे रिपोर्ट १९०३-४।

३. महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तपत्नी महाराजश्रीगोविन्दगुप्तमाता महादेवी ध्रुवस्वामिनी।

४. का० इ० इ० भा० ३ नं० १०।

लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि ध्रुव शर्मा ने स्वामि महासेन का मंदिर बनवाया तथा स्वर्ग-सोपान के रूप मे एक विशाल स्थान (धर्म-सघ) का निर्माण करवाया। इसके अतिरिक्त इस स्तम्भ-लेख मे कुमारगुप्त प्रथम तक गुप्त-वशावली का उल्लेख मिलता है।

(२ व ३) गढ़वा का लेख[1]

प्रयाग ज़िले के गढ़वा नामक स्थान से कुमारगुप्त प्रथम के दो शिलालेख मिले हैं। दोनों की तिथि एक ही गु० स० ९८ (ई० स० ४१७) मिलती है। दोनो शिलालेखों मे क्रमशः दस तथा बारह दीनार दान मे देने का उल्लेख मिलता है।

(४) मन्दसोर की प्रशस्ति[2]

कुमारगुप्त प्रथम का यही एक शिलालेख है जिसमे तिथि का उल्लेख मालव सवत् मे मिलता है[2]। इस लेख की तिथि विक्रम सवत् ५२९ (ई० स० ४७३) है। यह लेख मालवा के मदसोर नामक स्थान से प्राप्त हुआ है। इसके लेखक वत्सभट्टि की साहित्य-मर्मज्ञता का परिचय इस लेख की काव्यशैली के कारण मिलता है। इस शिलालेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि दशपुर (मालवा मे स्थित) मे एक सूर्य-मदिर का निर्माण हुआ था जिसका प्रबन्ध तन्त्रवाय श्रेणी के अधीन था। उस समय मन्दसोर का शासक बन्धुवर्मा था जो कुमारगुप्त प्रथम का प्रतिनिधि था।

(५) करमदण्डा का लेख[3]

यह लेख फ़ैज़ाबाद ज़िले के अन्तर्गत करमदण्डा नामक स्थान से मिला है। यह लेख शिवलिङ्ग के निचले भाग मे खुदा है तथा इसकी तिथि गु० स० ११७ (ई० स० ४३६) है। इस शिव-प्रतिमा को कुमारगुप्त प्रथम के अधीनस्थ पृथ्वीषेण ने प्रतिष्ठित करवाया था।

(६) दामोदरपुर के ताम्रपत्र[4]

कुमारगुप्त प्रथम के दो ताम्रपत्र उत्तरी बङ्गाल के दामोदरपुर नामक स्थान से मिले है। ये ताम्रपत्र इस गुप्त-नरेश की शासन-प्रणाली पर अधिक प्रकाश डालते हैं। इनकी तिथि गु० स० १२४ व १२९ (ई० स० ४४३ व ४४८) है। इस लेख मे ज़मीन विक्रय तथा विषयपति व उसकी सभा का विवरण मिलता है। विषयपति तथा उसके सभासदों के नाम भी इसमे उल्लिखित है।

(७) धनैदह का ताम्रपत्र[5]

दामोदरपुर ताम्रपत्र की तरह इसका भी स्थान कुमारगुप्त के लेखो मे महत्त्वपूर्ण है। इसकी तिथि गु० स० ११३ है। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि गुप्तो के किसी

---

१. का० इ० इ० भा० ३ न० ८ व ९।

२. वही न० १८।

३. ए० इ० भा० १० पृ० ७१।

४ ए० इ० भा० १५ न० ७।

५. ए० इ० भा० १७ न० २३ पृ० ३४५।

अधिकारी ने थोड़ी सी भूमि सामवेदिन् ब्राह्मण वाराहस्वामिन् को दान मे दी थी। यह लेख उत्तरी बगाल के राजशाही ज़िले मे धनैदह ग्राम से मिला है।

(८) वैग्राम ताम्रपत्र[1]

कुमारगुप्त के शासनकाल का यह ताम्रपत्र उत्तरी बगाल के बोगरा ज़िले मे वग्राम से प्राप्त हुआ था। इसकी तिथि गु० स० १२८ है। इसके वर्णन से स्पष्ट मालूम होता है कि गोविन्द स्वामिन् के मदिर में कुछ भूमि दान में दी गई थी। इसकी आय मंदिर के सुगधि, दीप तथा पुष्प के निमित्त व्यय की जाती थी। यह भूमि कर से मुक्त थी। इस दान मे तीन कुल्यवापा भूमि दो द्रोण प्रति कुल्यवापा के मूल्य से क्रय की गई थी।

(९) मनकुवार का लेख

कुमारगुप्त प्रथम के समय का यह बौद्ध लेख प्रयाग ज़िले के अन्तर्गत मनकुवार नामक स्थान मे प्राप्त हुआ है[2]। इसकी तिथि गु० स० १२९ (ई० स० ४४८) है। यह लेख बुद्ध-प्रतिमा के अधोभाग में खुदा है। इस मूर्ति को बुधमित्र नामक व्यक्ति ने स्थापित किया था।

(१०) साँची का लेख

यह भी बौद्ध लेख है। परन्तु तिथि के अनुसार कुमारगुप्त प्रथम के शासन काल का है। इसकी तिथि गु० स० १३१ है[3]। इस लेख के वर्णन से प्रकट होता है कि उपासिका हरिस्वामिनी ने काकनादवोट स्थान मे स्थित आर्य संघ को कुछ द्रव्य दान मे दिया था। इन रुपयो की आय से एक भिक्षु के भोजन तथा बुद्धदेव के दीपक-निमित्त व्यय का प्रबध होता था।

(११) कुमारगुप्त के समय के जैन लेख

जैनधर्म-सम्बन्धी बहुत से लेख कुमारगुप्त प्रथम की शासन-अवधि मे उत्कीर्ण हुए थे। तिथि के अनुसार सबको इसके शासन काल का बतलाया जाता है। उदयगिरि गुहा मे एक लेख (गु० स० १०६) खुदा है[4]। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि उदयगिरि गुहा मे शकर द्वारा जिनवर पार्श्वनाथ की मूर्ति स्थापित की गई थी। मथुरा मे भी दो जैन धर्म-सम्बन्धी लेख गु० स० ११३ व १३५ के मिलते हैं[5]। इनमें जिन-मूर्ति-स्थापना का वर्णन मिलता है।

---

१. ए० इ० भा० २१ नं० १३ पृ० ७८।

२. का० इ० इ० भा० ३ नं० ११।

३. ,, ,, ,, ,, ६२।

४. ,, ,, ,, ,, ६१।

५. { ,, ,, ,, ,, ६३।

कुमारगुप्त प्रथम के प्राय: अनेक शिलालेखो[1] में गुप्त-संवत् मे तिथि का उल्लेख मिलता है। चाँदी के सिक्को पर भी इसी प्रकार तिथियाँ अकित हैं। अत: इसके राज्य-काल की अवधि बड़ी सुगमता से जानी जा सकती है। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के सबसे अन्तिम साँचीवाले गुप्त सवत् ६३ के लेख से ज्ञात होता है कि ई० सन् ४१३ के पश्चात् राज्य के शासन का प्रबन्ध कुमारगुप्त के हाथो मे चला गया होगा। इसकी पुष्टि कुमारगुप्त के भिलसदवाले लेख से होती है जिसकी तिथि गु० स० ९६ (ई० स० ४१५) है। कुमारगुप्त के चाँदी के सिक्को पर गुप्त सवत् १३६ तिथि मिलती है जो उसकी अन्तिम तिथि ज्ञात होती है[2]; इस काल के पश्चात् उसकी कोई तिथि उपलब्ध नही है। अतः इससे ज्ञात होता है कि कुमारगुप्त ई० सन् ४५५ के लगभग अपनी जीवन-यात्रा समाप्त कर चुका होगा। इन शिलालेखो के उल्लिखित कथन के आधार पर ज्ञात होता है कि कुमारगुप्त प्रथम ने सन् ४१३ ई० से लेकर सन् ४५५ ई० तक अर्थात् ४२ वर्ष तक राज्य किया।

राज्य-काल

यद्यपि कुमारगुप्त का शासन-काल शान्तिमय वातावरण से परिपूर्ण था परन्तु इसके शासन-काल के अन्तिम समय मे पुष्यमित्र नामक किसी जाति ने कुमारगुप्त पर आक्रमण कर इस स्थिर शान्ति का नाश कर दिया। परन्तु कुमारगुप्त कुछ कम शक्तिशाली नही था। उसने अपनी वीरता का परिचय शत्रुओ को कराया तथा उन्हे समर मे परास्त कर आक्रमण करने की मूर्खता का मज़ा चखाया। स्कन्दगुप्त के भितरीवाले स्तभ-लेख में कुमारगुप्त की इस विजय का वर्णन बड़ी ही सुन्दर तथा ललित भाषा मे दिया गया है[3]।

पुष्यमित्र का आक्रमण

विचलितकुललक्ष्मीस्तम्भनायोद्यतेन
क्षितितलशयनीये येन नीता त्रियामा।
समुदितबलकोशान् पुष्यमित्राश्च जित्वा
क्षितिपचरणपीठे स्थापितो वामपादः॥

इससे ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त ने इस महाविपत्ति का दृढ़ता के साथ निवारण कर अपने पितृराज्य मे शान्ति की स्थापना की। ये गुप्त राज्य पर आक्रमण करनेवाले पुष्यमित्र कौन थे? इस विषय मे विद्वानों मे गहरा मतभेद है। फ्लीट इनको दक्षिण मे नर्मदा के प्रदेश मे स्थित एक जाति मानता है[4]। जान एलन फ्लीट के मत का समर्थन करता है[5] तथा इनको (पुष्यमित्रो को) दक्षिण की एक जाति मानता है जो गुप्त-सत्ता का नाश कर उनके आधिपत्य का परित्याग करना चाहती थी।

---

१. गढवा, भिलसद, मनकुआर, मदसोर, साँची आदि के लेख।
२ जे० ए० एस० बी० १८९४, पृ० १७५।
३. का० इ० इ० न० १३।
४. इ० ऐ०टि० भा० १८ पृ० २२८।
५. गुप्त-सिक्के (भूमिका)

इसी कारण से स्वतन्त्रता के इच्छुक पुष्यमित्रो[1] ने गुप्त-साम्राज्य में अशान्ति मचा दी थी। जो हो, यह निश्चित है कि पुष्यमित्र मध्यभारत की एक शासक-जाति का नाम था जिसका वर्णन वायुपुराण[2] तथा जैन कल्पसूत्र[3] मे मिलता है। यह जाति अवन्ति में शासन करती थी[4]।

राज्य-विस्तार

कुमारगुप्त प्रथम का कोई ऐसा शिलालेख उपलब्ध नही है जिसमें उसके युद्ध अथवा राज्य-विस्तार का वर्णन किया गया हो। इसने अपने पितामह या पिता की भाँति कोई युद्ध नही किया और न किसी देश को जीतने के लिए विजय-यात्रा ही की। परन्तु इसके शिला-लेखो के प्राप्ति-स्थान से पता चलता है कि इसने अपने पिता से प्राप्त राज्य का सुचारु रूप से प्रबन्ध करने के साथ ही साथ उसे सुरक्षित भी रक्खा। यद्यपि इसके राज्यकाल के अन्तिम समय मे पुष्यमित्र नामक शत्रुओ ने आक्रमण किया था परन्तु इससे कुमारगुप्त की कुछ हानि नही हुई। इसके विपरीत ये शत्रु राजकुमार स्कन्दगुप्त के द्वारा मैदान मे मारे गये तथा परास्त किये गये। इसका विस्तृत राज्य सुराष्ट्र से लेकर बङ्गाल तक फैला हुआ था। पुण्ड्रवर्धनभुक्ति (उत्तरी बङ्गाल) इसके द्वारा नियुक्त शासक चिरातदत्त के अधीन था[5] (सन् ४४८ ई०)। सन् ४३५ ई० के समीप घटोत्कच गुप्त एरण (पूर्वमालवा) पर शासन करता था[6]। कुमारगुप्त प्रथम का सामन्त बन्धुवर्मा सन् ४३६ ई० मे दशपुर (पश्चिमी मालवा) पर राज्य करता था[7]। फ़ैज़ाबाद ज़िले मे स्थित करमदण्डा मे पृथ्वीषेण सन् ४३६ ई० में शासन करता था। वह पीछे कुमारगुप्त के सेनापति पद पर नियुक्त किया गया[8]। सुराष्ट्र मे इसके चाँदी के सिक्के मिले हैं जो शको का अनुकरण कर ढलवाये जाते थे। उपर्युक्त उल्लेखो से विदित होता है कि महाराज कुमारगुप्त प्रथम का साम्राज्य सुराष्ट्र से बङ्गाल तक विस्तृत था तथा अरब सागर और बङ्गाल की खाड़ी को स्पर्श कर रहा था।

---

१. दिवेकर महोदय ने फ्लीट महोदय के 'पुष्यमित्राश्च' इस पाठ का संशोधन किया है। उनका कथन है कि 'पुष्यमित्राश्च' का शुद्ध पाठ 'युद्धमित्राश्च' होना चाहिए। दिवेकर के मत से भितरीवाले स्तम्भ लेख मे वर्णित आक्रमणकारी किसी साधारण शत्रु का वर्णन है, इसमें किसी जाति-विशेष का उल्लेख नहीं है।—जरनल ऑफ भण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट् सन् १९१९-२०।

२. पुष्यमित्राः भविष्यन्ति पट्टमित्राः त्रयोदश.।—वायुपुराण ९९। ३७४

३. से० बु० आफ इ० भाग २२ पृ० २९२।

४. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इंडिया पृ० १०४।

५. दामोदरपुर का ताम्र-लेख गुप्त संवत् १२९

६. तुमायु का लेख गु० स० ११६।

७. मन्दसोर की प्रशस्ति वि० स० ४९३।

८. करमदण्डा की प्रशस्ति गु० सं० ११७।

प्राचीन भारत मे अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान एकाधिपत्य तथा प्रभुता का सूचक था। इसी कारण जिस राजा ने अपने को एकराट् तथा प्रतापी समझा उसने इस यज्ञ को किया। कुमारगुप्त के पहले इसके पितामह सम्राट् समुद्रगुप्त तथा पिता चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इस यज्ञ को किया था। अतः कुमारगुप्त के लिए इस यज्ञ का अनुष्ठान नितान्त स्वाभाविक ही था। इसने इस यज्ञ को करके अपने अतुलनीय पराक्रम का परिचय दिया। गुप्तों के सुवर्ण के सिक्को मे एक सिक्का[1] मिलता है जिस पर एक ओर घोड़े की मूर्ति है तथा दूसरी ओर चामर लिये एक स्त्री खड़ी है। यह सिक्का सम्राट् समुद्रगुप्त के अश्वमेध यज्ञवाले सिक्के से भिन्न है। इसमे (कुमारगुप्त वाले सिक्के मे) घोड़े पर जीन कसा है तथा इसका मुख विपरीत दिशा की ओर है जिस तरफ कि समुद्रगुप्त का अश्वमेध का घोड़ा देखता है। इस ओर कोई लेख भी नहीं मिलता। इन कारणो से यह सिक्का सम्राट् समुद्रगुप्त का नही माना जाता है। सिक्के के दूसरी ओर 'अश्वमेध महेन्द्र.' लिखा हुआ है। उपर्युक्त दो भिन्नताओं से तथा 'महेन्द्र' पदवी की समता से यह मान लिया गया है कि यह अश्वमेध का सिक्का कुमारगुप्त प्रथम का ही है। इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि महाराजा कुमारगुप्त ने भी अश्वमेध यज्ञ किया होगा तथा इस प्रकार अपने पूर्वजो के पद का अनुसरण किया होगा।

अश्वमेध-यज्ञ

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के समान ही कुमारगुप्त प्रथम के भी सिक्को तथा लेखो पर 'परम भागवत[2]' की उपाधि उत्कीर्ण मिलती है। इससे ज्ञात होता है कि कुमारगुप्त प्रथम भी वैष्णवधर्म का परम अनुयायी था। स्वय वैष्णवधर्मावलम्बी होते हुए भी कुमारगुप्त ने दूसरो के धर्मों के प्रति अपनी 'धार्मिक सहिष्णुता' का पूर्ण परिचय दिया। उसके विशाल हृदय मे अन्य धर्मों के प्रति लेशमात्र भी द्वेष नहीं था। इसके शासन-काल मे बौद्ध बुद्धमित्र ने भगवान् बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की थी[3]। सातवीं शताब्दी के बौद्ध चीनी यात्री ह्वेन्सॉग ने ऐसा वर्णन किया है कि गुप्त राजा शक्रादित्य ने नालन्दा मे बौद्ध विहार की स्थापना की। 'शक्रादित्य' को कुछ विद्वान् कुमारगुप्त प्रथम की उपाधि मानते हैं, क्योंकि शक्र तथा महेन्द्र पर्यायवाची शब्द हैं। 'महेन्द्रादित्य' कुमारगुप्त की सर्वप्रधान पदवी थी अतः इसी शब्द का पर्यायवाची 'शक्रादित्य' शब्द यदि इसी कुमारगुप्त की पदवी हो तो इसमे क्या आश्चर्य है। अतः इन दोनों उपाधियो की समानता को देखते हुए ह्वेन्सॉग द्वारा वर्णित 'शक्रादित्य' यही कुमारगुप्त जान पड़ता है। अतएव यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि इसने नालन्दा मे बौद्ध विहारो का शिलान्यास किया। बौद्ध विहार के निर्माण से इसके विशाल हृदय की सूचना मिलती है। धार्मिक सहिष्णुता तथा अन्य धर्म के प्रोत्साहन का इससे अच्छा उदाहरण नही मिल सकता है।

धर्म-परायणता तथा सहिष्णुता

---

१. जान एलन—गुप्त कायन्स प्लेट ७।

२. परमभागवतमहाराजाधिराजश्रीकुमारगुप्तराज्ये।—गढ़वा का लेख।

३. मनकुवार का लेख (का० इ० इ० न० २)।

पृथ्वीषेण करमदण्डा में कुमारगुप्त प्रथम के द्वारा शासक नियुक्त किया गया था। इस करमदण्डा में प्राप्त एक शिलालेख से ज्ञात होता है कि वह (पृथ्वीषेण) शिवोपासक था। उसके शैव धर्मावलम्बी होने के कारण यह प्रशस्ति शिवलिङ्ग के नीचे खुदी हुई है[१]। उसके सामन्त बन्धुवर्मा ने दशपुर में भगवान् भास्कर के मन्दिर का निर्माण किया था[२]। इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि वैष्णव राजा के समय में भी अथवा राजा के वैष्णवधर्मावलम्बी होने पर भी उसके राज्य में बुद्ध, शिव तथा सूर्य की पूजा पूर्ण रूप से होती थी। उपर्युक्त उल्लेखों से कुमारगुप्त की वैष्णवधर्म-परायणता तथा 'धार्मिक सहिष्णुता' के साथ ही साथ उसकी विशालहृदयता तथा उदार चरित्र का पूर्ण रूप से परिचय मिलता है।

गुण-ग्राहकता

कुमारगुप्त प्रथम में अपने पिता के समान ही गुण-ग्राहकता का अभाव नहीं था। इसने भी अपने पूर्व-पुरुषों के सदृश विद्वानों को आश्रय दिया था। वामन ने अपने काव्यालङ्कार-सूत्रवृत्ति में चन्द्रगुप्त के 'चन्द्रप्रकाश' नामवाले या उपाधिवाले पुत्र का उल्लेख किया है जो विद्वानों का आश्रयदाता था। वह उल्लेख इस प्रकार है—

> सोय सम्प्रति चन्द्रगुप्ततनयः चन्द्रप्रकाशो युवा,
> जातो भूपतिराश्रयः कृतधिया दिष्टया कृतार्थश्रमः॥

जान एलन का कथन है कि यह 'चन्द्रप्रकाश' की पदवी चन्द्रगुप्त द्वितीय के पुत्र कुमारगुप्त के ही लिए प्रयुक्त की गई है या यह विशेषण के रूप में उल्लिखित है। अतः उपर्युक्त कथन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि कुमारगुप्त विद्वानों का आश्रयदाता था। कुमारगुप्त के सोने के सिक्कों पर 'गुप्तकुलामलचन्द्रः' तथा 'गुप्तकुलव्योमशशी' आदि उपाधियाँ अंकित हैं। अतः इस चन्द्र की उपाधि तथा चन्द्रप्रकाश नाम में समता पाकर चन्द्रप्रकाश को कुमारगुप्त मानना ही समुचित जान पड़ता है। इससे कुमारगुप्त के चरित्र की महत्ता तथा गुण-ग्राहकता का पूर्ण परिचय मिलता है।

वीरता

महाराज कुमारगुप्त प्रथम अपने वीर पितामह तथा पिता की भाँति प्रतापी और पराक्रमी सम्राट् नहीं था। उनके समान न तो इसके द्वारा किसी शत्रु के पराजित करने का वर्णन ही मिलता है और न दिग्विजय का विवरण। सच तो यह है कि इस काल तक गुप्तों का प्रताप-सूर्य अपने मध्याह्न स्थान पर पहुँच गया था। कुमारगुप्त ने अपने पूर्वजों के द्वारा उपार्जित श्री का उपभोग किया परन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि यह किसी प्रकार अयोग्य हो। अपने पूर्वजों से प्राप्त विस्तृत साम्राज्य में सुशासन स्थापित करके तथा इसकी पूर्णतः रक्षा करके इसने अपनी अलौकिक राज्य-संचालन-शक्ति का परिचय दिया था। इतने बड़े विस्तृत राज्य की रक्षा करना कोई साधारण कार्य नहीं था। वस्तुतः यह कुमारगुप्त जैसे वीर का ही

---

४. यह लेख इस समय लखनऊ म्यूज़ियम में है।

५. मन्दसोर की प्रशस्ति (का० इ० इ० नं० १८)

काम था। स्कन्दगुप्त के भितरीवाले लेख मे इसके प्रचण्ड प्रताप का वर्णन इस प्रकार दिया हुआ है—

प्रथितपृथुमतिस्वभावशक्तेः पृथुयशसः पृथिवीपतेः पृथुश्री. ।

× × × × ×

इससे इसके महान् यश तथा प्रभुता की सूचना मिलती है। इसकी सर्व .धान उपाधि 'महेन्द्रादित्य' थी जो तत्कालीन साहित्य मे भी मिलती है। इसके अतिरिक्त 'श्रीमहेन्द्र', 'अजितमहेद्र', सिंहमहेन्द्र, महेन्द्रकुमार, गुप्तकुलव्योमशशी आदि पदवियो से इसे विभूषित किया गया है। चन्द्रगुप्त द्वितीय की भॉति कुमारगुप्त के भी सिंह-हनन-श्रेणी (Lion Slayer type) के सिक्के मिलते हैं। उन पर कुमारगुप्त सिंह का शिकार करता हुआ दिखलाया गया है। उसी सिक्के पर 'सिंहमहेन्द्रः' भी लिखा हुआ है। इससे कुमारगुप्त की अद्भुत वीरता का परिचय प्राप्त होता है।

कुमारगुप्त का चित्त सदा सार्वजनिक उपकारिता मे सलग्न रहता था। इसका राज्य वृत्ति के प्रदान, मन्दिर-निर्माण तथा अग्रहार के लिए प्रसिद्ध है। गढ़वा[1] की

दान तथा सार्वजनिक कार्य

प्रशस्ति मे वर्णित 'सदा सत्र सामान्यदत्ता दीनाराः १०, (दश)' इस कथन से दस दीनार के दान देने का वर्णन मिलता है। गढवा के दूसरे[2] लेख से बारह दीनार देने का वर्णन मिलता है। दशपुर में भी इसने एक मन्दिर का निर्माण कराया था तथा इसके प्रबन्ध का भार तन्तुवाय सघ के अधीन किया था। इसके शासन-काल मे राज्य से अनेक वृत्तियॉ दी गई तथा अन्य व्यक्तियो ने अग्रहार दान दिया। दशपुर (पश्चिम मालवा) के शासक का सूर्यमन्दिर के निर्माण का वर्णन मन्दसोर की प्रशस्ति मे मिलता है[3]।

अनेक व्यक्तियो ने भी इसी प्रकार की वृत्तियॉ दी थी। कुमारगुप्त के राज्य मे (ई० सन् ४१५) भिलसद स्थान मे किसी सज्जन ने कार्त्तिकेय का मन्दिर बनवाया था। उसने मुनियो का निवास-स्थान भी तैयार करवाया था।

कृत्वा [—आ]भिरामा मुनिवसति...स्वर्गसोपानरूपा,

× × × ×

प्रासादाग्राभिरूपा गुणवरभवन धर्मसत्र यथावत्[4]।

इसी के शासन-काल मे बैाद्ध भिक्षु बुद्धमित्र ने भगवान् की एक प्रतिमा स्थापित करवाई थी। इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है—

भगवतः सम्यक्सम्बुद्धस्य स्वमताविरुद्धस्य इय प्रतिमा प्रतिष्ठापिता भिक्षु बुद्धमित्रेण[5]

इन सब उदाहरणों से ज्ञात होता है कि कुमारगुप्त प्रथम के शासन-काल मे

---

१ का० इ० इ० न० ८।

२ वही न० ६। 'आत्मपुण्योपचयार्थम्'।

३. श्रेण्यादेशेन भक्त्या च कारित भवन रवेः। फ्लीट न० २८।

४. कुमारगुप्त का भिलसद का स्तम्भलेख।

५. कुमारगुप्त का मनकुआर शिलालेख।

राजा से प्रजा तक सभी सार्वजनिक उपकारिता मे तल्लीन रहते थे। इसका मूल कारण कुमारगुप्त की दयालुता तथा विशालहृदयता है। ऐसे परोपकारयुक्त लौकिक कार्य मे निरत राजा तथा प्रजा का मिश्रण अपूर्व है तथा शासनकर्ता के श्लाघनीय एवं अनुकरणीय चरित्र का द्योतक है।

उपसंहार

कुमारगुप्त में यद्यपि अपने पूर्वजो की वीरता का अभाव था तो भी वह वीरत था सुशासक सम्राट् था। इसके समय मे गुप्त-साम्राज्य का वैभव अपनी चरम सीमा पर पहुँचा हुआ था। इसे न राज्य-विस्तार की लिप्सा थी और न धन संग्रह का लोभ। अतः इसने निश्चिन्त होकर राज्यलक्ष्मी का खूब ही उपभोग किया। इसका शासन शान्तिपूर्ण था। अतः इसका शासनकाल सुखमय रहा। वस्तुतः यह एक प्रभावशाली शासक, परम वैष्णव, पर-धर्म-सहिष्णु, दान वीर तथा प्रजापालक सम्राट् था।

४ स्कन्दगुप्त

कौटुम्बिक वृत्त

स्कन्दगुप्त राजकुमार अवस्था से ही राज्य-प्रबंध मे सहयोग करने लग गया था। अपने पिता कुमारगुप्त प्रथम के मरते ही यह राजसिंहासन पर बैठ गया। गुप्त-लेखो से ज्ञात होता है कि कुमारगुप्त प्रथम के दो लड़के—स्कन्दगुप्त और पुरगुप्त थे। भितरी के मुद्रा लेख मे पुरगुप्त की माता अनन्त-देवी का नाम उल्लिखित है[1] परन्तु स्कन्दगुप्त के लेख में उसकी माता का नाम नहीं मिलता[2]। इस कारण यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है कि स्कन्दगुप्त व पुरगुप्त सहोदर थे या सौतेले भाई। राज्य के उत्तराधिकारी होने के कारण यह प्रतीत होता है कि स्कन्दगुप्त कुमारगुप्त प्रथम का जेठा पुत्र हो अथवा सब से योग्य होने के कारण राज्य सिंहासन पर बैठा हो। स्कन्दगुप्त के कोई संतान नही थी जो उसके पश्चात् राजगद्दी पर बैठता, अतएव स्कन्द की मृत्यु के पश्चात् शासन की बागडोर उसके भाई पुरगुप्त के वंशजो ने ले ली।

उपलब्ध लेख

गुप्त लेखों में ऐतिहासिक सामग्री भरी पड़ी है अतएव इनका अध्ययन गुप्त इतिहास का एक प्रधान अंग बन जाता है। इसी विचार से प्रेरित होकर स्कन्दगुप्त के लेखो का संक्षिप्त विवरण यहाँ दिया जायगा। स्कन्दगुप्त के छः लेख भिन्न भिन्न स्थानो से प्राप्त हुए हैं[3] जिनमे से कुछ पर गु० सं० मे तिथि का उल्लेख मिलता है।

---

१. महाराजाधिराजकुमारगुप्तस्य तत्पादानुध्यातो महादेव्यां अनन्तदेव्यां उत्पन्नो महाराजाधिराज श्री पुरगुप्तस्य--(भितरी की राजमुद्रा का लेख, जे० ए० एस० बी० १८८९)

२. परमभागवतो महाराजाधिराजश्रीकुमारगुप्तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातः परमभागवतो महाराजाधिराज श्री स्कन्दगुप्त।—(विहार का लेख का० इ० इंडि० भा० ३ नं० १२)

३. का० इ० इंडि० भा० ३ नं० १२, १३, १४, १५, १६, व ६६।

(१) विहार का स्तम्भलेख

स्कन्दगुप्त का यह लेख एक स्तम्भ पर खुदा है जो बिहार प्रांत के पटना जिले के अन्तर्गत विहार नामक स्थान से प्राप्त हुआ है। इस लेख मे तिथि का उल्लेख नही मिलता। इसमे स्कन्दगुप्त तक गुप्त-वंशावली दी गई है तथा अनेक पदाधिकारियो—कुमारामात्य (मंत्री), अग्रहारिक, शौल्किक (चुंगी अफसर), गौल्मिक (जंगल के अफसर) आदि—के नाम दिये गये हैं।

(२) भितरी का स्तम्भलेख

यह स्तम्भलेख स्कन्दगुप्त के लेखो मे बहुत प्रधान स्थान रखता है। यद्यपि इसमे तिथि नही मिलती परन्तु इसमें उल्लिखित विवरण से स्कन्दगुप्त की जीवन-सम्बन्धी प्रधान घटना का ज्ञान होता है। इस लेख के वर्णन से प्रकट होता है कि गुप्त नरेश ने विधर्मी हूणो को परास्त कर अपने साम्राज्य मे शांति स्थापित की थी। यह लेख ग़ाज़ीपुर ज़िले मे स्थित भितरी स्थान से प्राप्त हुआ था।

(३) जूनागढ़ का शिलालेख

यह लेख गुजरात मे स्थित जूनागढ पर्वत पर खुदा हुआ है। इसकी तिथि गु० सं० १३६ (ई० स० ४५५–६) है। यह भी एक बहुत प्रधान लेख है। यह निम्नलिखित बातो पर प्रकाश डालता है—

(अ) हूणो को परास्त करने के पश्चात् स्कन्दगुप्त ने सौराष्ट्र मे अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया।

(ब) सौराष्ट्र मे सुदर्शन नामक तालाब का जीर्णोद्धार किया गया, जिसको मौर्यो ने बनवाया था।

(स) इसी तालाब के किनारे विष्णु का मन्दिर बनाया गया था।

(द) सबसे मुख्य बात यह है कि इस लेख मे वर्णित 'गुप्तप्रकाले गणना विधाय' से ज्ञात होता था कि गुप्त संवत् मे भी गणना होती थी। यही एक लेख है जिसमे शब्दो मे गुप्त संवत् का उल्लेख है।

(४) कहौम का स्तम्भ-लेख

स्कन्दगुप्त के समय का यह चौथा लेख है। इसकी तिथि गु० स० १४१ (ई० स० ४६०) है। यह स्तम्भ लेख गोरखपुर जिले मे कहौम स्थान से प्राप्त हुआ था। इस लेख मे जैन तीर्थंकर की प्रतिमा स्थापित करने का वर्णन मिलता है।

(५) इन्दौर का ताम्रपत्र

स्कन्दगुप्त के समय का यह ताम्रपत्र है जिसमे गु० स० १४६ (ई० स० ४६५) की तिथि मिलती है। इसमे भगवान् सूर्य के दीपक दिखलाने के निमित्त दान का वर्णन है जिसका प्रबंध इन्द्रपुर के तैलिक श्रेणी के हाथ मे था। इस लेख का प्राप्ति-स्थान बुलन्दशहर जिले मे है।

(१) उत्कीर्ण-लेख

भारतीय इतिहास की मूल्यवान् तथा महत्त्वपूर्ण सामग्रियो मे उत्कीर्ण-लेखो का स्थान सर्वोपरि है। गुप्त-इतिहास का सबसे अधिक ज्ञान इन्ही लेखो से होता है। इस काल का विशेषतया ज्ञान लेखो के अनुशीलन पर ही निर्भर है। प्रायः प्रत्येक राजा के राज्य-काल का एक या अधिक लेख प्राप्त हैं जिसके कारण गुप्त-इतिहास के निर्माण मे सहायता मिलती है। गुप्त लेख शिला, स्तम्भ तथा ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण मिलते हैं। हरएक लेख मे प्रशस्ति-लेखक शासक तथा उसकी पूर्व वशावली का उल्लेख करता है। प्रशस्ति-लेखक अपने राज्यकर्त्ता के विशिष्ट तथा कीर्ति-वर्द्धक कार्य्यो की प्रशसा ललित तथा सु दर शब्दो मे करता है। कवि हरिषेण ने प्रयाग के लेख मे समुद्रगुप्त के दिग्विजय का वर्णन करते हुए उसकी दानशीलता, पाण्डित्य आदि गुणो के साथ साथ उसके वश का भी वर्णन किया है। भितरी के लेख मे प्रशस्तिकार ने स्कन्दगुप्त द्वारा हिन्दू सस्कृति के शत्रु आततायी हूणो के पराजय का सु दर वर्णन किया है। गुप्त-लेखो से तत्कालीन शासन-प्रणाली का भी सविस्तृत ज्ञान प्राप्त होता है। दामोदरपुर (उत्तरी बगाल) के ताम्रपत्र और वैशाली से मिली हुई मुहरो (Seals) के आधार पर गुप्त-कालीन शासन-पद्धति का पर्याप्त परिचय मिलता है। उत्कीर्ण लेखो के मगलाचरण-श्लोको, खुदे हुए चिह्नो तथा कतिपय उल्लिखित उद्धरणों से तत्कालीन धार्मिक विचार-धारा का अनुमान किया जाता है। लेखो के प्राप्तिस्थान से गुप्त साम्राज्य के विस्तार का पता लगता है। उत्कर्ष-काल के समान अवनति-काल मे भी लेखो के आधार पर गुप्त-राज्य के विस्तार का ज्ञान प्राप्त होता है। यदि लेखो का आश्रय न लिया जाय तो राज्य-विस्तार का अनुमान असम्भव हो जाय। लेखो मे उल्लिखित तिथियो के सहारे गुप्त सम्राटो का तिथि-क्रम निर्धारित करने मे बहुत सरलता होती है। गुप्त लेखो के अनुशीलन से तत्कालीन सामाजिक अवस्था का दिग्दर्शन कराया जा सकता है। इन लेखो से गुप्तकालीन सस्कृत-साहित्य का इतिहास लिखने मे कम सहायता नहीं मिलती। प्रयाग प्रशस्ति के लेखक हरिषेण और मदसोर के प्रशस्तिकार वत्सभट्टि का नाम सस्कृत-साहित्य मे नही मिलता, परन्तु इन्हीं लेखो के कारण इनकी गणना कवियो मे होती है तथा कीर्त्ति गाई जाती है। इन्ही कारणो से गुप्त-इतिहास के निर्माण मे सर्वश्रेष्ठ स्थान लेखो को ही दिया जा सकता है।

(२) मुद्रा

गुप्त-इतिहास की सामग्रियो मे उत्कीर्ण लेखो के पश्चात् मुद्रा का स्थान आता है। मुद्रा तथा इसकी कला ने निर्माण मे महती सहायता पहुँचाई है। भारतीय इतिहास के कितने ही काल-विभाग ऐसे है जिनके अस्तित्व का ज्ञान हमे तत्कालीन मुद्राओं से प्राप्त हुआ है। यदि इसकी सहायता की उपेक्षा की जाय तो इडो-बैक्ट्रियन राजाओं (Indo-Bactrian Kings) का सम्पूर्ण इतिहास ही लुप्त हो जाय। मुद्रा कला की उत्पत्ति व्यापार के लिए हुई अतएव काल-विशेष मे मुद्रा कला के विकास से तत्कालीन व्यापा-

(६) गढ़वा का शिलालेख

स्कन्दगुप्त का सबसे अंतिम तिथियुक्त लेख गढ़वा का है जो प्रयाग ज़िले के गढवा से प्राप्त हुआ है। इसकी तिथि गु० स० १४८ (ई० स० ४६७) मिलती है।

स्कन्दगुप्त के पिता कुमारगुप्त प्रथम की अतिम तिथि उसके सिक्के पर अकित मिलती है। यह तिथि गु० स० १३६ है; अतएव यह निश्चित है कि स्कन्दगुप्त ने ई० स० ४५५ में ही राज्यसिहासन के सुशोभित किया। इस बात की पुष्टि स्कन्दगुप्त के जूनागढ़ के शिलालेख से भी होती है जिस पर गु० स० १३६ (ई० स० ४५५) उल्लिखित है। ऊपर कहा गया है कि स्कन्दगुप्त के प्रायः सभी लेखो पर तिथि का उल्लेख मिलता है। इस गुप्त-नरेश के गढ़वा के लेख पर गु० स० १४८ की तिथि मिलती है। यह तिथि उसके सिक्को पर भी मिलती है जो उसकी अतिम तिथि ज्ञात होती है। अतः इसी आधार पर स्कन्दगुप्त का राज्यकाल गु० स० १३६ से लेकर गु० स० १४८ (ई० स० ४५५—४६७) तक माना जाता है यानी स्कन्दगुप्त कुल बारह वर्ष तक सुचारु रूप से शासन करता रहा।

राज्य-काल

कुछ विद्वानो का मत है कि स्कन्दगुप्त गुप्त-राज्य-सिहासन का सुयोग्य उत्तराधिकारी नही था। उस ने अपने प्रबल पराक्रम के द्वारा राज्य के सुयोग्य उत्तराधिकारी के हटाकर राज्यसिहासन पर अपना अधिकार जमा लिया। पहले कहा जा चुका है कि स्कन्दगुप्त तथा पुरगुप्त भाई थे। उनके सौतेले या सहोदर भाई होने के पर्याप्त प्रमाण नहीं मिलते। डा० मजुमदार की यह धारणा है कि पुरगुप्त ही गुप्त-राज्य-सिहासन का उचित अधिकारी था, क्योकि इसकी माता अनन्तदेवी के महादेवी कहा गया है। स्कन्दगुप्त की माता का नाम नहीं मिलता। शायद स्कन्दगुप्त की माता महादेवी नही थीं अतएव उनके नाम का उल्लेख नहीं है। स्कन्दगुप्त ने पुरगुप्त के परास्त कर राजसिंहासन को अपने अधीन कर लिया। भितरी के स्तम्भ लेख पर एक श्लोक मिलता है जिससे दायाधिकार-युद्ध के समर्थक विद्वान् अपने प्रमाण की पुष्टि करते हैं—

दायाधिकार के लिए युद्ध

पितरि दिवमुपेते विप्लुता वशलक्ष्मी
भुजबलविजितारिर्यः प्रतिष्ठाप्य भूयः।
जितमिव परितोपान् मातरं साश्रु नेत्रा
हतरिपुरिव कृष्णो देवकीमभ्युपेतः॥

'पिता की मृत्यु के पश्चात् वशलक्ष्मी चंचल हो गई। इसके अपनी भुजाओं के बल से फिर से प्रतिष्ठित किया। शत्रुओ का नाश कर यह अश्रुयुक्त अपनी माता के पास गया जिस प्रकार शत्रुओ के नाश करनेवाले कृष्ण अपनी माता देवकी के पास गये थे।' विद्वानो की यह धारणा है कि इस प्रकार वशलक्ष्मी के चचल करनेवाले गुप्त-वश के ही स्वजन थे जिन्होने राजसिंहासन के लिए आपस मे युद्ध किया था। इस गृहयुद्ध मे स्कन्दगुप्त ही अपने प्रबल पराक्रम के कारण विजयी हुआ। परन्तु डा० मजुमदार के प्रमाण कसौटी पर ठीक नही उतरते। स्कन्दगुप्त की माता के नाम के साथ 'महादेवी' शब्द न होने से यह सिद्धान्त नही निकाला जा सकता कि उसकी माता

महारानी नही थी तथा वह सिहासन का उचित अधिकारी नही था। इतिहास मे ऐसे बहुत से प्रमाण मिलते हैं जहाँ एक महारानी का राजमहिषी होते हुए भी उसके नाम का उल्लेख तक उसके पति या पुत्र के लेखों मे नहीं मिलता। यह विदित है कि नागकुल में उत्पन्न कुबेरनागा महाराज चन्द्रगुप्त द्वितीय की स्त्री थी। किन्तु इसके नाम के साथ महादेवी शब्द नहीं मिलता। इसका नाम केवल प्रभावती गुप्ता की पूना की प्रशस्ति में उल्लिखित है। छठी शताब्दी मे कन्नौज पर राज्य करनेवाले महाराज हर्षवर्धन के बाँसखेड़ा[1] तथा मधुवन[2] के लेखों मे उसकी माता यशोमती का नाम उल्लिखित नही है। अतः किसी राजा की माता के नाम की अनुपस्थिति मे—राजमाता का कही नामोल्लेख न मिलने से—यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उस राजा की माता महादेवी नहीं थी अत: वह राज्य सिंहासन का अधिकारी नहीं था।

दूसरा भितरी के शिलालेख मे प्राप्त उपर्युक्त श्लोक का प्रमाण भी उनके मत को पुष्टि नहीं करता है। इस श्लोक के पौर्वापर्य पर विचार करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि गुप्तों की वंशलक्ष्मी को नाश करनेवाले बाहरी शत्रु (पुष्यमित्र) थे, कोई राजघराने का पुरुष नही था। इन पुष्यमित्रों को स्कन्दगुप्त ने अपने पराक्रम से परास्त किया था तथा इन पराजित राजाओं की पीठ पर अपना बायाँ चरण रक्खा था[3]। इसी लेख मे हूणों के आक्रमण का भी वर्णन है। अतः स्कन्दगुप्त से युद्ध करनेवाले तथा राजलक्ष्मी को कुछ काल के लिए चञ्चल बना देनेवाले यही बाहरी शत्रु थे। इसके यहाँ गृहयुद्ध नही था। कुमारगुप्त प्रथम के पुत्रों मे स्कन्दगुप्त ही सर्व-पराक्रमी तथा योग्य था, जो शासन की बागडोर को लेकर सुचारु रूप से चला सकता था। जूनागढ-वाली प्रशस्ति मे वर्णित—

व्यपेत्य सर्वान्मनुजेन्द्रपुत्रान् लक्ष्मीः स्वयं यं वरयाञ्चकार।

इस कथन से ज्ञात होता है कि महाराज कुमारगुप्त प्रथम की मृत्यु के पश्चात् स्वयं राजलक्ष्मी ने ही इसे अपना पति वरण किया, इसके पास जाने का निश्चय किया—सब राजपुत्रो को छोड़कर राजश्री ने इसी को वरण किया। स्कन्दगुप्त का एक सोने का सिक्का भी मिला है जिससे उपर्युक्त कथन की पुष्टि होती है। उस सिक्के मे राजा तथा एक देवी का चित्र अंकित है जिसमें वह देवी राजा को कुछ दे रही है। विद्वानों की यह धारणा है कि यह सिक्का 'लक्ष्मीः स्वयं यं वरयाञ्चकार' के भाव का द्योतक है तथा इस भाव का मूर्तिमान् स्वरूप है। स्कन्दगुप्त अपने प्रपितामह सम्राट् समुद्रगुप्त की भाँति अपने पिता के द्वारा राजसिंहासन के लिए निर्वाचित नही किया गया था। स्कन्दगुप्त ने विदेशी शत्रुओं को हराया अतः 'लक्ष्मीः स्वयं यं वरयाञ्चकार' इस कथन मे कुछ भी सन्देह नही किया जा सकता है। ऐसी अवस्था मे इस योग्य तथा वीर पुरुष के अतिरिक्त राजसिंहासन के लिए अन्य कोई उचित उत्तराधिकारी नही समझा जा

---

१. ए० इ० भाग ४ पृ० २०८।

२ ए० इ० भा० ६

३ क्षितिपचरणपीठे स्थापितो वामपादः।—भितरी का स्तम्भलेख।

सकता था[1]। फिर भी स्कन्दगुप्त तथा उसके भाई के बीच हुए युद्ध का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिलता है। उसी भितरीवाले लेख मे स्कन्दगुप्त को 'अमलात्मा' कहा गया है जिससे उसके सरल, दयालु, द्वेषरहित तथा निर्मल चरित्र का परिचय मिलता है। उपर्युक्त प्रमाणों के आधार पर डा० मजुमदार के दायाधिकार-युद्ध के मत को स्वीकार करना युक्तियुक्त तथा न्यायसङ्गत नही प्रतीत होता। वस्तुतः जिसे राजलक्ष्मी ही वरण कर ले उस पुरुष के विषय मे राजसिंहासन के लिए युद्ध की सम्भावना ही नही प्रतीत होती।

स्कन्दगुप्त ने अपने पैतृक राज्य का संरक्षण करते हुए शत्रुओ के बढ़ते हुए बल-प्रवाह को रोका। भितरी के लेख में स्कन्दगुप्त के लिए 'अवनी विजित्य' का उल्लेख मिलता है जिससे ज्ञात होता है कि इस गुप्त नरेश ने अपने पितामह तथा प्रपितामह (चन्द्रगुप्त द्वितीय व समुद्रगुप्त) के सदृश कोई दिग्विजय किया होगा; परन्तु स्कन्दगुप्त की विजय-यात्रा का न तो कहीं वर्णन मिलता है और न इसका कही उल्लेख है। इसके भितरी तथा जूनागढ़ के लेख से प्रकट होता है कि इस पराक्रमी राजा ने हिन्दू-संस्कृति के नाशक विधर्मी हूणो को परास्त किया[2]। इस युद्ध से पूर्ण परिचय प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि हूणो के विषय में कुछ ज्ञान प्राप्त किया जाय।

हूण-विजय

हूण जाति मध्य-एशिया के मैदान तथा जंगलो मे निवास करनेवाली एक जाति थी। इसके स्थान को चीन की एक जाति ने अपने वश में कर लिया अतएव हूण लोग अन्य स्थान की खोज मे पश्चिम की तरफ बढ़े तथा आक्सस होते हुए इन्होने फ़ारस पर अधिकार स्थापित कर लिया। वहाँ शासन करने से पूरब का मार्ग इनके लिए सरल हो गया और इन्होंने अपनी दृष्टि भारत पर डाली। इस हूण-जाति ने मार्ग में समस्त नगरो को नष्ट करते हुए भारत पर आक्रमण किया। इन विधर्मी हूणों के अत्याचार से पृथ्वी काँप रही थी। भारत के शासक गुप्तो पर आक्रमण करने का परिणाम हूण लोगो ने अच्छी तरह सहन किया। स्कन्दगुप्त ने अपने बल-पराक्रम का परिचय पिता के जीते जी पुष्यमित्रो को नष्ट करके दिया था। अतएव इस वीर नरेश (स्कन्दगुप्त) ने इन आततायी शत्रुओ को परास्त कर आर्य सभ्यता की रक्षा की। गुप्त-सम्राट् ने हिन्दू संस्कृति के नष्ट होने तथा साम्राज्य को इनके आतक से बचाया। सभवतः यह युद्ध उत्तर गगा की घाटी में हुआ था[3]।

---

१. भारतीय नीतिशास्त्र में भी योग्य राजकुमार के लिए राजा होने का विधान है। 'न चैकपुत्रमविनीतं राज्ये स्थापयेत्'— अर्थशास्त्र १। १७। विनीतमौरस पुत्र' यौवराज्येऽभिषेचयेत्— कामदक नीतिसार ६।७।

२. हूणैर्यस्य समागतस्य समरे दोर्भ्यां धरा कम्पिता।—(भितरी का स्तम्भलेख)

रिपवोप्यामूलभग्नदर्पा निर्वचना म्लेच्छदेशेपु।

नरपतिभुजगाना मानदर्पोत्फणानाम्,

प्रतिकृतिगरुडाज्ञा निर्विषीं चावकर्ता॥—(जूनागढ का शिलालेख

३. श्रोत्रेपु गगाध्वनि— भितरी का स्तभ लेख।

भितरी तथा जूनागढ के लेखो मे स्कन्दगुप्त द्वारा हूणो के पराजय का वर्णन मिलता है। जूनागढ के लेख मे म्लेच्छो का पराजय तथा गु० रा० मे तिथि १३६ या १३७ का उल्लेख मिलता है। अतएव इसी के समकालीन भितरी के लेख मे वर्णित हूणो के पराजय की तिथि निश्चित की जा सकती है। सबसे प्रथम भारत पर हूणो के आक्रमण का वर्णन भितरी के लेख मे मिलता है। इस आधार पर (जूनागढ का लेख) हूणों को स्कन्दगुप्त ने गु० स० १३६ यानी ई० स० ४५६ के लगभग परास्त किया।

हूणो का पराजय-काल

इस हूण-विजय की पुष्टि लेखो के अतिरिक्त साहित्य से भी होती है। सोमदेव-कृत कथासरित्सागर मे उज्जयिनी के राजा महेन्द्रादित्य के पुत्र विक्रमादित्य के द्वारा म्लेच्छो (हूणो) के पराजय का वर्णन मिलता है। कुमारगुप्त प्रथम के सिक्को से ज्ञात होता है कि 'महेन्द्रादित्य' उसकी सर्वप्रधान पदवी थी। उसके पुत्र स्कन्दगुप्त ने भी विक्रमादित्य की पदवी धारण की थी जिसका उल्लेख सिक्को तथा लेखो मे मिलता है। अतएव कथा-सरित्सागर मे वर्णित 'महेन्द्रादित्य' कुमारगुप्त प्रथम है तथा उसके पुत्र विक्रमादित्य स्कन्दगुप्त के लिए प्रयुक्त है[1]। अतएव लेखों मे वर्णित हूणों के पराजय का समर्थन कथासरित्सागर से होता है। स्कन्दगुप्त ने अन्य कितने ही राजाओ को अधीन किया था परन्तु उसके सर्वप्रधान शत्रु हूण ही थे जो उसके हाथों परास्त हुए।

ऊपर कहा गया है कि सर्वप्रथम हूणों ने ई० स० ४५६ के लगभग भारत पर आक्रमण किया। उस समय के गुप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त ने इनको परास्त कर शान्ति स्थापित की थी। स्कन्दगुप्त से पराजित होकर हूणो ने भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेशो मे शरण ली, जहाँ से वे पुनः भारत पर आक्रमण कर सके। स्कन्दगुप्त ही गुप्तो के उत्कर्ष-काल का अन्तिम सम्राट् था जिसके पश्चात् गुप्त-साम्राज्य की अवनति होने लगी। इस सम्राट् के पश्चात् कोई भी गुप्त राजा ऐसा बलशाली न हुआ जो शत्रुओ के प्रवाह को रोक सके। इस कारण स्कन्दगुप्त के पश्चात् हूणो ने पुनः अपना बल एकत्रित कर गुप्त-राज्य के पश्चिमी प्रदेशो पर अपना अधिकार कर लिया। ई० स० ५३३ मे इन्ही हूणो को मालवा के राजा यशोवर्मन् ने परास्त किया था[2]। इन सब विवरणो से ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त की मृत्यु के कुछ काल उपरान्त हूण लोगो ने पजाब तथा मध्यभारत मे अपना राज्य स्थापित कर लिया था तथा बहुत दिन तक वे शासन करते रहे। ई० स० ५१० मे मध्यभारत मे स्थित हूणो ने गुप्त सेनापति गोपराज को युद्ध मे मार डाला[3]।

हूणो का अधिकार विस्तार

१ डा० हार्नले महोदय का मत है कि कथासरित्सागर का विक्रमादित्य मालवा का राजा यशोवर्मन् है। परन्तु जान एलन इसका खण्डन करते हैं और विक्रमादित्य की समता स्कन्दगुप्त से बतलाते हैं।— एलन—गुप्त क्वायन भूमिका पृ० ४९।

२. मंदसोर का स्तम्भ-लेख (का० इ० इ० भा० ३ नं० ३३)।

३. एरण का स्तम्भ-लेख गु० स० १९१ (का० इ० इ० भा० ३ न० २०)।

पश्चिमी भारत मे हूणो के लेख[1] तथा सिक्के[2] मिले है जिनसे पंजाब से मध्यभारत तक उनकी स्थिति की पुष्टि होती है।

यद्यपि गुप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त के जीवन काल मे बलवान् शत्रुओ (हूणो) का आक्रमण गुप्त साम्राज्य पर हुआ था परन्तु इसका गुप्त प्रदेशो पर तनिक भी प्रभाव नही पड़ा। शत्रुओ को इसके सम्मुख पीठ दिखानी पड़ी। स्कन्दगुप्त तथा उसके पिता कुमारगुप्त प्रथम के समय से ही युद्ध की वार्ता सुनने से यह सदेह उत्पन्न हो जाता है कि ये गुप्त नरेश समुद्रगुप्त व द्वितीय चन्द्रगुप्त द्वारा निर्मित साम्राज्य पर शासन करते रहे या नही। सम्भव था कि शत्रुओं के हाथ मे कुछ प्रदेश चले जायॅ। परन्तु यह सदेह निराधार है। स्कन्दगुप्त अपने पैतृक साम्राज्य पर सुचारु रूप से शासन करता रहा और समस्त प्रदेश —उत्तरी भारत, मध्यप्रदेश, मालवा तथा गुजरात—गुप्त-साम्राज्य मे सम्मिलित थे। इस गुप्त नरेश के लेख[3] तथा सिक्के[4] इन प्रातो मे मिलते है जिससे स्कन्दगुप्त के राज्य की अखण्डता का परिचय मिलता है।

राज्य विस्तार व प्रतिनिधि

स्कन्दगुप्त ने अपने साम्राज्य के भिन्न भागो मे प्रतिनिधि स्थापित किये जो उसका शासन-प्रबध करते थे[5]। उन्ही पर समस्त भार रहता था। सौराष्ट्र मे पर्णदत्त तथा अंतरवेदि मे सर्वनाग प्रतिनिधि का कार्य करते थे[6]। इस प्रकार स्कन्दगुप्त का विस्तृत राज्य सम्पन्न और सुचारु रूप से सुशासित था।

सम्राट् स्कन्दगुप्त अपने पितामह चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य तथा प्रपितामह समुद्रगुप्त के ही समान वीर तथा पराक्रमी था, इस कथन में कुछ भी अत्युक्ति नही है। स्कन्दगुप्त वीररस का मूर्तिमान् उदाहरण था। वीरता इसकी नस नस में कूट कूटकर भरी हुई थी। इसकी प्रबल भुजाओ ने समराङ्गण मे शत्रुओ को पछाड़कर अपनी प्रबलता का अनेक बार परिचय दिया था। इसकी वीररसमयी मूर्ति प्रबल शत्रुओं के हृदय मे भी भय-सचार कर देती थी। इसका पराक्रम ससार मे व्याप्त था। इसका नाम शत्रुरूपी भुजङ्गो के लिए गरुड़ के नाम का काम करता था। इन्ही अलौकिक गुणो पर मुग्ध होकर राजलक्ष्मी ने इसे स्वय वरण किया

वीरता तथा पराक्रम

---

१. एरण का शिलालेख (तोरमाण का)। ग्वालियर का शिलालेख (मिहिरकुल का १५वें वर्ष का)
—(का० इ० इ० भा० ३ न० ३६ व ३७)।

२. हूणो के समस्त सिक्के दूसरो के अनुकरण मे तैयार किये गये थे। यही इसकी विशेषता है। पंजाब मे कुषाणों के समान सिक्के तथा मध्यभारत मे गुप्तों के चाँदी के सिक्को के सदृश हूण सिक्के मिले हैं जिनसे पंजाब से लेकर मध्यभारत तक उनका शासनाधिकार प्रकट होता है।

३. बिहार, भितरी व जूनागढ (सौराष्ट्र) का लेख आदि।

४. काठियावाड तथा मध्यप्रदेश के सिक्के (देखिए सिक्को का वर्णन)।

५. सर्वेषु देशेषु विधाय गोप्तृन्, सञ्चिन्तयामास बहु प्रकारम्।—जूनागढ का लेख।

६. सर्वेषु भृत्येष्वपि सहतेषु यो मे प्रशिष्यान्निखिलान् सुराष्ट्रान्।
आम् ज्ञातमेकः खलु पर्णदत्तो भारस्य तस्योद्वहने समर्थः।—जूनागढ का लेख।
विषयपति सर्वनागस्य अन्तर्व्वेद्यां भोगाभिवृद्धये वर्त्तमाने।—इन्दौर ताम्रपत्र।

था। राजलक्ष्मी का यह वरण उचित ही था। जूनागढ की प्रशस्ति मे लिखा है कि राजलक्ष्मी ने इसे निपुण समझकर, इसके गुण-दोष का विचार कर इसे वृत किया[1]। वस्तुत. इसकी वीरता अद्भुत थी। अपने यौवराज्यकाल मे ही इसने अपनी प्रबल वीरता की सूचना दी थी। इसी काल मे गुप्तराजलक्ष्मी को चचल कर देनेवाले दुष्ट पुष्यमित्रों को हराकर इसने उनके सिर पर अपना पैर रक्खा था तथा सारी रात ज़मीन पर सो-कर बिताई थी। भितरीवाले लेख मे इसका वर्णन बडी ही सुन्दर तथा ललित भाषा मे निम्न प्रकार से दिया गया है—

विचलितकुललक्ष्मीस्तम्भनायोद्यतेन
क्षितितलशयनीये येन नीता त्रियामा।
समुदितबलकोशान् पुष्यमित्राश्च जित्वा,
क्षितिपचरणपीठे स्थापितो वामपादः॥

इस प्रकार अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् विप्लुत राजलक्ष्मी की इसने फिर से प्रतिष्ठा की। सचमुच ही यह वीरता स्कन्दगुप्त के लिए अलौकिक थी। इस तरह रण मे विजय पाकर, राजलक्ष्मी को अपने वश मे कर यह घर लौटा। बाल सूर्य की भॉति इसका प्रताप शनैः शनैः वृद्धिगामी था। यह पुष्यमित्रो को परास्त कर ही सन्तुष्ट नही हुआ परन्तु इसकी विश्वविजयिनी भुजाओ ने भयङ्कर तथा प्रचण्ड हूणो को भी अपनी तलवार का शिकार बनाया था। राज्यसिंहासन पर आसीन होने पर इसका प्रताप-सूर्य और भी चमक उठा। प्रबल विजेता हूणो से इसकी ऐसी गहरी मुठभेड हुई, इसने समर मे उनका इस प्रकार से सामना किया कि इसकी भुजाओं के प्रताप से समस्त पृथिवी कॉपने लगी[2]। अन्त मे हूणो को समराङ्गण मे पछाड़कर इसने अपनी वीरता का पुन· परिचय दिया। इस प्रकार यौव-राज्य मे पुष्यमित्रों को परास्त कर तथा राज्यकाल मे हूणो को गहरी शिकस्त देकर इसने अपनी वीरता की वैजयन्ती फहराई। प्रचण्ड हूणो को—नही-नही विस्तृत तथा व्यव-स्थित रोमन साम्राज्य को निगल जानेवाले हूणो को—समर मे शिकस्त देना कोई हँसी-खेल नही था। यह विजय-कार्य विजयी स्कन्दगुप्त के ही योग्य था। पिता की दुःख-दायिनी मृत्यु के पश्चात् एक नही दो-दो प्रचण्ड तथा बलशाली शत्रुओ से राज्य की रक्षा करना तथा विप्लुत राजलक्ष्मी की पुनः प्रतिष्ठा करना सचमुच ही अद्भुत वीरता का कार्य है। स्कन्दगुप्त मे वीरता का जो बीज यौवराज्य-काल मे अकुरित हुआ था वह क्रमशः बढता ही गया था। स्कन्दगुप्त की इस लोकोत्तर वीरता से उसका प्रताप सर्वव्याप्त हो गया तथा उसकी तूती सर्वत्र बोलने लगी। यही नही, इसका बाल्यावस्था से लेकर समस्त पवित्र तथा शुक्ल चरित्र सन्तुष्ट मनुष्यो के द्वारा समस्त दिशाओ मे गाया जाने लगा[3]। सचमुच ही स्कन्दगुप्त की कीर्ति सर्वत्र व्यापिनी थी। स्कन्दगुप्त के इन्ही

---

१ क्रमेण बुद्ध्या निपुणं प्रधार्य, ध्यात्वा च कृत्स्नान्गुणदोषहेतून्।
व्यपेत्य सर्वान्मनुजेन्द्रपुत्रान्, लक्ष्मी स्वयं यं वरयाञ्चकार॥

२. हूणैर्यस्य समागतस्य समरे दोर्भ्यां धरा कम्पिता।—भितरी का स्तम्भ-लेख।

३ चरितममलकीर्तेर्गीयते यस्य शुभ्रं, दिशि दिशि परितुष्टैराकुमारं मनुष्यैः।—भितरी का लेख।

उपर्युक्त वीरता-पूर्ण कार्यों के कारण उसे 'भुजबल से प्रसिद्ध तथा गुप्त वंश का एक वीर कहा गया है[1]। स्कन्दगुप्त को इसी कारण 'विक्रमादित्य' तथा 'क्रमादित्य' की उपाधि भी मिली थी[2]।

इसका यश विपुल था[3]। स्कन्दगुप्त मे वीरता के अतिरिक्त अन्य भी अलौकिक गुण था। इसको 'अमलात्मा' कहा गया है। यह सज्जनो के चरित्र का रक्षक था[4]। इसके पास विनय, बल तथा सुनीति[5] थी। इसके हृदय मे करुणा तथा दया की नदी बहती थी। यह आतुर तथा दुःखी मनुष्यो पर दया करता था[6]। इसके शासन-काल मे कोई विधर्मी, आर्त, दरिद्र, व्यसनी तथा कुत्सित पुरुष प्रजाओ में नही था[7]। यह भक्त था, प्रजा में अनुराग करता था, विशुद्ध बुद्धिवाला था तथा समस्त लोक के कल्याण मे लगा रहता था[8]। इसके व्यक्तित्व का वर्णन जूनागढ़ की प्रशस्ति मे इस प्रकार किया गया है—

स्यात्कोनुरूपो मतिवान्विनीतः,
मेधास्मृतिभ्यामनपेतभावः।
सत्यार्ज्जवौदार्यनयोपपन्नो,
माधुर्य्यदाक्षिण्ययशोन्वितश्च॥

इस वर्णन से स्पष्ट ही प्रतीत होता है कि सम्राट् स्कन्दगुप्त में केवल वीरता तथा पराक्रम का ही निवास नही था बल्कि मनुष्य को उन्नति की चोटी पर पहुँचानेवाले दया, धर्म, विनय, आर्जव, औदार्य आदि जितने गुण हैं उन्होंने इसी के शरीर में आश्रय पाया था। सम्राट् स्कन्दगुप्त के इन्हीं सब प्रजापालक तथा अलौकिक गुणो पर मुग्ध होकर म्लेच्छ देश में रहनेवाले तथा 'आमूलभग्नदर्प' इसके शत्रु भी इसकी प्रशसा करते थे[9]। जूनागढ़ की प्रशस्ति मे स्कन्दगुप्त के चरित्र, पराक्रम तथा व्यक्तित्व का बड़ी सुन्दर तथा ललित भाषा में निम्नाकित प्रकार से वर्णन दिया गया है :—

तदनु जयति शश्वत्श्रीपरिक्षिप्तवक्षाः,
स्वभुजजनितवीर्य्यः राजराजाधिराजः।

---

१. जगति भुजबलाड्यो(ढ्यो)गुप्तव शैकवीरः,प्रथितविपुलधामा नामतः स्कन्दगुप्तः॥—भितरी का लेख
२. विनयबलसुनीतैर्विक्रमेण क्रमेण।—वही।
३. पितृपरिगतपादपद्मवर्त्ती, प्रथितयशाः पृथिवीपतिः सुतोऽयम्।—वही
४. सुचरितचरिताना येन वृत्तेन वृत्तम्,न विहतममलात्मा तानधीढा (?) विनीतः।—वही।
५. विनयबलसुनीतैः।—वही
६. बाहुभ्यामवनो विजित्य हि जितेष्वार्तेषु कृत्वा दयाम्।—वही।
७. तस्मिन्नृपे शासति नैव कश्चित्, धर्मादपेतो मनुजः प्रजासु।
आर्तो दरिद्रो व्यसनी कदर्य्यो दंड्यो न वा यो भृशपीडितः स्यात॥—जूनागढ का शिलालेख।
८. भक्तोऽनुरक्तो नृविशेषयुक्तः सर्वोपधाभिश्च विशेषबुद्धिः
आनृण्यभावोपगतान्तरात्मा, सर्वस्य लोकस्य हिते प्रवृत्तः।—वही।
९. प्रथयन्ति यशासि यस्य, रिपवोप्यामूलभग्नदर्पा निर्वचना म्लेच्छदेशेषु।—वही।

नरपतिभुजगाना मानदर्पोत्फणाना,
प्रतिकृति गरुडाज्ञा निर्विशीं चावकर्त्ता ॥
नृपतिगुणनिकेत: स्कन्दगुप्त: पृथुश्री:,
चतुरुदधिजलान्ता स्फीतपर्य्यन्तदेशाम् ।
अवनिमवनतारिर्यश्चकारात्मसस्था,
पितरि सुरसखित्व प्राप्नवत्यात्म्यशक्त्या ॥
नोत्सिक्तो न च विस्मित: प्रतिदिन सवर्द्धमानद्यु ति:
गीतैश्च स्तुतिभिश्च वन्दकजनो यं प्रापयत्यार्य्यताम् ।

अपने पिता के सदृश स्कन्दगुप्त का चित्त भी सदा लौकिक उपकारिता मे लग्न रहता था। इसने प्रजा के हित समृद्धि के लिए बहुत सा कार्य किया जो उसके, प्रजा के लिए, उपकार के प्रमाण हैं। इसने पराक्रमी विदेशी शत्रुओ को परास्त कर प्रजा की रक्षा की तथा प्रदेशो पर शासन करने के लिए अपना प्रतिनिधि स्थापित किया था। इसके प्रान्तो मे स्थापित ये प्रतिनिधि भी परोपकारिता के कार्य मे सर्वदा लगे रहते थे। ऐसा ही एक प्रान्तीय प्रतिनिधि पर्णदत्त नामक पुरुष था जिसे सम्राट् स्कन्दगुप्त ने सैाराष्ट्र मे शासन करने के लिए नियुक्त किया था। इस पर्णदत्त ने एक सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक सुदर्शन नामक कासार की मरम्मत कराई। इस प्राचीन कासार का पूर्वेतिहास कुछ कम मनोरञ्जक नही है। ईसा से तीन सौ वर्ष पूर्व सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के मन्त्री पुण्यगुप्त ने इस सुप्रसिद्ध कासार का निर्माण किया था। तत्पश्चात् सुराष्ट्र मे स्थित सम्राट् अशोक के यवन प्रतिनिधि 'तुषास्फ' ने इस जलाशय से जनता के उपकारार्थ नहर निकाली थी। सन् १५० ई० मे महाक्षत्रप रुद्रदामन् ने अपनी निजी सम्पत्ति द्वारा इस कासार का जीर्णोद्धार कराया तथा दोनो किनारो पर बॉध बॅधवाया था[1]।

सुदर्शन कासार का जीर्णोद्धार

स्कन्दगुप्त के समय मे भी इस लोकोपकारक सुदर्शन कासार की दुर्गति हो गई थी[2]। इसके जल से सिंचाई का काम होता था। परन्तु पानी की कमी से अब यह कार्य नही हो सकता था। अत: इससे मनुष्यो को पहले जितनी सहायता पहुॅचती थी अब उतना ही कष्ट होने लगा। ग्रीष्म ऋतु मे यह जलाशय जलरहित हो जाता था जिससे जनता को जल मिलना कठिन हो गया था[3]। लौकिक उपकारिता मे सलग्न राजा स्कन्दगुप्त से प्रजा का यह कष्ट नहीं देखा गया। अत: बहुत सा धन व्यय करके इसने पुन इसका जीर्णोद्धार करवाया। इस कासार के निर्माण का वर्णन स्कन्दगुप्त

---

१ मौर्य्यस्य राज्ञ: चन्द्रगुप्तस्य राष्ट्रियेण वैश्येन पुष्यगुप्तेन कारितमशोकमौर्य्यस्य कृते वनराजेन तुषास्फेनाधिष्ठाय .. . स्वमात् कोशात् महता धनौघेनातिमहता च कालेन त्रिगुणदृढतरविस्तारायाम सेतु विधाय सर्वतटे। —रुद्रदामन् की गिरनार की प्रशस्ति।

२. जयीहलोके सकल सुदर्शन पुमान् हि दुर्दर्शनता गत क्षणात्। —जूनागढ का लेख।

३. अथ क्रमेणाम्बुदकाल आगते, निदाघकाल प्रविदार्य तोयदै:।
ववर्ष तोय बहुसतत चिर सुदर्शन येन विभेद चात्वरात् ॥——वही।

की जूनागढ़वाली प्रशस्ति में बड़ी ही ललित भाषा में दिया गया है। इसी सुप्रसिद्ध सुदर्शन जलाशय के तट पर स्कन्दगुप्त के नियुक्त शासक चक्रपालित ने विष्णु भगवान् के मन्दिर का निर्माण किया था। इस जलाशय के निर्माण से प्रजा के लिए सम्राट् स्कन्दगुप्त की सुख-कामना का पूर्ण परिचय मिलता है।

धार्मिक सहिष्णुता

लोकोपकारिता के गुणों के साथ ही साथ स्कन्दगुप्त में धार्मिक सहिष्णुता का भाव भी पूर्ण मात्रा में विद्यमान था। अपने पूर्वजों की भाँति यह भी वैष्णवधर्मानुयायी था। इसने अपने पिता की स्मृति में भितरी (ज़िला गाजीपुर यू० पी०) में भगवान् शार्ङ्गिण (विष्णु) की प्रतिमा स्थापित करवाई[1] थी। इसके शिलालेखों में 'परमभागवतो महाराजाधिराज-श्री स्कन्दगुप्तः' ऐसा उल्लेख मिलता है[2] जो उपर्युक्त कथन की पुष्टि कर रहा है। स्कन्दगुप्त के सुराष्ट्र के प्रतिनिधि चक्रपालित ने सुदर्शनकासार के तट पर विष्णु भगवान् की प्रतिमा की प्रतिष्ठा की थी जिससे उसके स्वामी (स्कन्दगुप्त) के भी वैष्णवधर्मावलम्बी होने का प्रमाण मिलता है। इसके अतिरिक्त अन्तरवेदी के विषयपति सर्वनाग की सीमा में सूर्य भगवान् के दीपक-निमित्त दान का वर्णन मिलता है[3]। इस दीपक के व्यय के लिए राणायनीय शाखा वाले एक ब्राह्मण ने क्षत्रियवीर चलवर्मा तथा भ्रकुटिसिंह के द्वारा स्थापित मन्दिर में अग्रहार दान में दिया था जिसका प्रबन्ध इन्द्रपुर के तैलकार संघ के अधीन था। इस संघ का यह कर्तव्य था कि इस अग्रहार दान के लाभ को सूर्य भगवान् के दीपक के लिए व्यय किया करे[4]।

वैष्णव धर्म के साथ ही साथ स्कन्दगुप्त के राज्य में दूसरे धर्म का भी प्रचार था तथा उसकी प्रजा उस धर्म का स्वतन्त्र रूप से पालन करती थी। स्कन्दगुप्त के शासन-काल में कहौम (ज़िला गोरखपुर) में मद्र नामधारी किसी पुरुष ने आदिकर्तृन् की मूर्ति की स्थापना की थी[5]। भगवान्लाल इन्द्रजी का कथन है कि आदिकर्तृन् से जैनधर्म के पाँच तीर्थकरों (आदिनाथ, शान्तिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ तथा महावीर) का बोध होता है। अतएव आदिकर्तृन् की मूर्ति की स्थापना से स्पष्ट पता चलता है कि मद्र जैनधर्मावलम्बी था। इस पुरुष के जैनधर्मानुयायी होने पर भी इसके हृदय में दूसरे धर्म के प्रति द्वेषभाव नहीं था। क्यों न हो, यह भी तो स्कन्दगुप्त का प्रजा जन ही था। जब राजा के हृदय में ही किसी अन्य के प्रति राग-द्वेष नहीं है तो फिर उसकी प्रजा उसका

---

१. कर्तव्या प्रतिमा काचित् प्रतिमा तस्य शार्ङ्गिणः।

२ बिहार का शिलालेख (१२)।

३. इन्दौर का ताम्रपत्र।—का० इ० इ० न० १६।

४ राणायनीयो वर्षगणसगोत्र इन्द्रपुरकवणिग्भ्याम् क्षत्रियाचलवर्मभ्रुकुण्ठसिंहाभ्यामधिष्ठानस्य प्राच्यां दिशीन्द्रपुराधिष्ठानमाटार्यातलग्नमेव प्रतिष्ठापितकभगवते सवित्रे दीपोपयोज्यमात्मयशोभिवृद्धये मूल्यं प्रयच्छति। इन्द्रपुरनिवासिन्यास्तैलिकश्रेण्याः ..। —इन्दौर का ताम्रपत्र। का० इ० इ० नं० १६।

५. पुण्यस्कन्धं स चक्रे जगदिदमखिलं संसरद्वीक्ष्य भीतो,
श्रेयोऽर्थं भूतभूत्यै पथि नियमवतामर्हतामादिकर्तॄन्।

अनुकरण क्यो न करे ? मद्र के हृदय मे ब्राह्मण, गुरु, संन्यासी (यति) आदि के प्रति श्रद्धा का भाव विद्यमान था तथा वह इनके प्रति आदर प्रकट करता था[1] ।

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णनो से स्पष्ट ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त के शासन-काल मे विष्णु, भगवान् सूर्य तथा जैन तीर्थकरो की भी पूजा होती थी । किसी को किसी अन्य धम के प्रति द्वेष नही था । इन विभिन्न धर्मों के एकत्र प्रचार तथा वृद्धि से महाराजा स्कन्दगुप्त की धार्मिक सहिष्णुता तथा विशालहृदयता का पूर्ण परिचय मिलता है। वस्तुतः उसके रागद्वेषरहित हृदय मे सब धर्मों के लिए समान सम्मान तथा आदर था।

उपसंहार

सम्राट् स्कन्दगुप्त एक वीर योद्धा तथा पराक्रमी विजेता था। इसका प्रताप सूर्य इसकी यौवराज्यावस्था मे ही उग्र रूप से चमकने लगा था। प्रतिभा की नाई प्रताप भी काल की प्रतीक्षा नहीं करता। अपने प्रबल पराक्रम तथा वर्द्धमान प्रताप से यह शीघ्र ही वीराग्रणी बन गया था। सम्राट् स्कन्दगुप्त केवल नाम ही से स्कन्द' नही था परन्तु इसने अपने अलौकिक कार्यों से भी 'स्कन्द' (स्वामी कार्तिकेय) की समानता प्राप्त की थी। यह 'स्कन्द' की भाँति जन्मना सेनानी था। रणाङ्गण मे उतरकर मतवाली शत्रु-सेनाओ का क्षण मे नाश करना तथा अपनी असख्य सेना का सचालन करना इस जन्मतः सेनानी का ही काम था। इसमे समुद्रगुप्त के प्रताप तथा पराक्रम की छाया जान पडती है। समरभूमि मे घनघोर युद्ध के लिए उतरा यह वीराग्रणी किस कुटिल शत्रु के हृदय मे कँपकँपी नही पैदा कर देता था ?

स्कन्दगुप्त ने पहले पुष्यमित्रो को परास्त किया था। इन्होने राज्यलक्ष्मी को चचल कर दिया था परन्तु उनका नाश कर इसने फिर इस राज्य श्री को स्थापित किया। गुप्त-सम्राटों के प्रबल पराक्रम के आगे हूणो की एक नही चली थी। ये बड़े ही दुष्ट थे। कुटिलता तथा कठोरता इनका स्वाभाविक अग था। इन्होने न केवल एशिया मे ही लूट-पाट मचाई बल्कि अपने कठोर आतक से यूरोपीय देशो को भी भयभीत बना दिया था। इन्ही हूणों ने—नही, उन हूणो ने जिनका नाम कठोरता, निर्दयता, नृशसता के लिए प्रसिद्ध था, जिन्होने प्रबल पराक्रमी तथा अत्यन्त विस्तृत रोमन-साम्राज्य को भी चकनाचूर कर धूल मे मिला दिया—इस भारतीय सम्राट् से लड़ाई ठानी तथा आक्रमण कर दिया। परन्तु कुछ ही क्षणो मे स्कन्दगुप्त की तलवार की तीक्ष्णता का पता उन्हे लग गया तथा परास्त होकर उन्हे भागना पड़ा। ऐसी घनघोर लडाई हुई कि पृथिवी भी कॉपने लगी। इस प्रकार से स्कन्दगुप्त ने राज्य की रक्षा की तथा राज्यलक्ष्मी को स्थिर किया। गुप्तवश के इतिहास मे स्कन्दगुप्त का स्थान महत्त्वपूर्ण है। साम्राज्य काल के गुप्तो मे (Imperial Guptas) यह अन्तिम नरेश था। यही से गुप्त-साम्राज्य की अवनति प्रारम्भ होती है। सम्राट् समुद्रगुप्त ने अपने पराक्रम से जिस गुप्त-साम्राज्य की स्थापना की थी वह अक्षुण्ण रीति से अब तक स्थिर रहा। जिस राजलक्ष्मी की

---

१ मद्रस्तरयात्मजोऽभूत् द्विजगुरुयतिषु प्रायशः प्रीतिमान्य ।

—कोहम का शिलालेख । का० इ० इ० न० १५ ।

रिक उन्नति तथा वृद्धि का ज्ञान हमें मिलता है। गुप्त-काल मे सिक्को की अधिकता के कारण यह विदित होता है कि उस समय में व्यापार की बड़ी वृद्धि थी। सोने के सिक्को की बहुलता तथा चाँदी के सिक्को की अल्पसख्यता से यह प्रकट होता है कि गुप्तो के समय में सोना सरलता से प्राप्य था। गुप्तकालीन मुद्राओ पर कुषाणो के सिक्को की छाप पड़ी मालूम होती है। अतएव गुप्तो तथा कुषाणों के समीपवर्ती होने की सूचना इनके सिक्को की समता से मिलती है। उत्कीर्ण लेखो की तरह मुद्रा के प्राप्तिस्थान भी कई अशो मे गुप्त-साम्राज्य की सीमा निर्धारित करते हैं। इन सिक्को की परीक्षा से गुप्त-काल की विशिष्ट ऐतिहासिक घटनाओ की सूचना भी हमे निश्चित रूप से मिलती है। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त तथा कुमारगुप्त प्रथम के 'अश्वमेध सिक्के' इनके द्वारा किये गये 'अश्वमेध' यज्ञ के स्मारक हैं। गुप्तो के चाँदी के सिक्के शक क्षत्रपो की शैली के मिलते हैं जिनसे यह अनुमान किया जाता है कि गुप्तो ने मालवा तथा गुजरात से इन विधर्मी शासको को मार भगाया तथा इन देशो पर अपनी विजय-वैजयन्ती फहराई। इन्ही कारणों से गुप्त-साम्राज्य के इतिहास-निर्माण में मुद्राओं की उपयोगिता का अनुमान किया जा सकता है।

(३) शिल्प-शास्त्र

किसी जाति की सास्कृतिक उन्नति का अनुमान उसकी कला के अध्ययन से सहज में किया जा सकता है। गुप्त-काल मे शिल्प का विकास अधिक परिमाण मे पाया जाता है जिससे उस काल के 'स्वर्ण-युग' होने मे तनिक भी सदेह नही रहता। गुप्तकालीन प्रस्तर-कला उन्नति की चरम सीमा को पहुँच गई थी। इतनी सु दर और भव्य मूर्तियाँ इस समय मे बनी कि उनकी समता अन्यत्र नही पाई जाती। शिल्प के द्वारा गुप्त-कालीन धार्मिक अवस्था का अच्छा ज्ञान होता है। गुप्त राजा वैष्णवधर्मावलम्बी थे अतएव स्वभावत: उन्होने हिन्दू मूर्तियो के बनाने मे प्रोत्साहन दिया; परन्तु बौद्ध तथा जैन धर्म का भी सर्वथा अभाव न था। इसी समय की अतीव भव्य गुप्त शैली की बुद्ध की मूर्ति मिली है। लेखोत्कीर्ण अन्य बौद्ध तथा जैन मूर्तियाँ मिली हैं जिनसे बौद्ध और जैन धर्म के प्रचार की पुष्टि होती है। मूर्तियो के अध्ययन से यह प्रकट होता है कि गुप्त-काल से पूर्व ब्राह्मण धर्म का इतना प्रचार नही था परन्तु गुप्त राजाओ के कारण ही ब्राह्मणधर्म की उन्नति और वृद्धि हुई। मूर्तियो के सहारे गुप्तकालीन प्रस्तर कला के विभिन्न केन्द्रो की विशेषताओ पर प्रकाश पड़ता है। शिखर शैली के मदिरो का प्रचुर प्रचार इसी काल मे हुआ। इस प्रकार शिल्प-शास्त्र की सहायता से गुप्तो की सस्कृति, समकालीन धार्मिक अवस्था तथा कला-कौशल के विशद विकास का पर्याप्त परिचय मिलता है।

(४) साहित्य

(१) सस्कृत-साहित्य से गुप्त-इतिहास के निर्माण मे पर्याप्त सहायता मिलती है। ऐतिहासिक सामग्रियो मे इसका स्थान कम महत्त्व का नही है। एक समय था जब

समुद्रगुप्त ने प्रतिष्ठा की थी वह स्कन्दगुप्त तक स्थिर रह सकी। इस काल में जितने राजा हुए वे बड़े ही प्रतापशाली थे। उनके पराक्रम के आगे किसी शत्रु की दाल नहीं गल सकती थी तथा आक्रमण के विचार से ही उनकी हिम्मत टूट जाती थी। किसी शत्रु की इतनी हिम्मत नहीं थी जो उन पर चढाई कर सके। अनेक शक आदि शत्रुओ ने सामना किया परन्तु उन्हें हार खानी पड़ी। स्कन्दगुप्त तक यह परम्परा क़ायम रही। परन्तु इसके बाद के राजाओं मे इतना बल नही था कि वे शत्रुओ के आक्रमण को रोक सकते। वे निर्बल थे अत: शत्रुओ ने आक्रमण कर गुप्त-साम्राज्य को छीनना प्रारम्भ कर दिया। कहने का तात्पर्य यह कि स्कन्दगुप्त के समय से ही गुप्त-साम्राज्य की अवनति प्रारम्भ होती है। यही अन्तिम सम्राट् था जिसमे गुप्त-साम्राज्य को स्थिर रखने की क्षमता थी। अतः स्कन्दगुप्त का स्थान विशेष महत्त्व का है। अब अगले अध्यायो में गुप्तकाल के अवनति-काल के इतिहास का परिचय दिया जायगा।

अवनति-काल

उपक्रम

सम्राट् स्कन्दगुप्त ही गुप्त-साम्राज्य का अन्तिम नरेश था जिसने सौराष्ट्र से लेकर बङ्गाल पर्यन्त शासन किया। अतएव गुप्तों के उत्कर्ष काल की उसी से समाप्ति होती है। ई० स० ४६७ मे स्कन्दगुप्त की मृत्यु हुई। उसके पश्चात् गुप्त-साम्राज्य का कोई भी उत्तराधिकारी ऐसा बलशाली नहीं था जो समस्त साम्राज्य पर अपना अधिकार जमाये रखता। कुछ ऐतिहासिक विद्वानो की यह धारणा है कि ई० स० ४६७ के उपरान्त गुप्त-साम्राज्य सर्वथा छिन्न-भिन्न हो गया; परन्तु ऐतिहासिक दृष्टि से यह अमान्य है। इस विषय में तो तनिक भी सन्देह नही कि स्कन्दगुप्त के पश्चात् गुप्तो की अवनति प्रारम्भ हो गई। परन्तु इस समय में ही गुप्त-साम्राज्य को नितान्त नष्ट-भ्रष्ट बतलाना उचित नहीं है। इस समय गुप्तों के हाथ से केवल सौराष्ट्र तथा पश्चिमी मालवा (जो चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय से अब तक गुप्त-साम्राज्य का एक प्रधान तथा मान्य अङ्ग था) सर्वदा के लिए निकल गये। इनको छोड़कर गुप्तों के समस्त प्रदेश अवनति-काल के गुप्त शासक के हाथ में ज्यो के त्यो बने रहे। लेखो तथा सिक्को के प्राप्ति-स्थान से हम इस काल के गुप्त प्रदेशो का पता भली भाँति लगा सकते हैं।

छठी शताब्दी के मध्य तक गुप्तो का साम्राज्य पूर्वी मालवा से उत्तरी बङ्गाल तक विस्तृत रहा। अवनति-काल के चौथे नरेश बुधगुप्त के सारनाथ[1], एरण[2] तथा दामोदरपुर[3] के लेखों से यह पता चलता है कि वह गुप्त नरेश ई० स० ४७७ से ४९५ तक पूर्वी मालवा से उत्तरी बङ्गाल तथा गङ्गा व नर्मदा के मध्य प्रदेशो पर शासन करता था। बुधगुप्त के उत्तराधिकारी वैन्यगुप्त और भानुगुप्त के लेख तथा सिक्को से भी यही प्रतीत होता है कि इनके राज्यकाल मे भी गुप्त-साम्राज्य बुधगुप्त के शासित प्रदेशो पर बना रहा। भानुगुप्त के लेख मध्यप्रदेश के एरण[4] व बङ्गाल के दामोदरपुर[5] से प्राप्त हुए हैं। उसी प्रकार वैन्यगुप्त का एक ताम्रपत्र हाल में गुनैघर नामक स्थान (पूर्वी बङ्गाल) से मिला है[6]। इन सब लेखो के अध्ययन से पूर्वोक्त कथन की पुष्टि होती है।

---

१. आर० सर्वे रि० १९१४-१५ पृ० न० १५७।

२. का० इ० इ० भा० ३ नं० १९ पृ० स० १६५।

३. ए० इ० भा० १५ पृ० स० १६३।

४. का० इ० इ० भा० ३ न० २० पृ० स० १९१।

५. ए० इ० भा० १५।

६. इ० हि० क्वा० १९३०।

इन ऐतिहासिक प्रमाणों के अध्ययन से यह प्रकट होता है कि स्कन्दगुप्त की मृत्यु के बाद गुप्त-साम्राज्य के केवल बुरे दिन आये। पश्चिमी मालवा तथा सौराष्ट्र गुप्तों के हाथ से निकल गये। इसके अतिरिक्त और गुप्त साम्राज्य के प्रदेशों पर किसी तरह की कमी नहीं होने पाई।

लेखों तथा सिक्कों के आधार पर गुप्तों का अवनति-काल ई० स० ४६७ से ई० स० ५६० तक माना जाता है। इस अवधि में कुल सात गुप्त नरेशों का पता लगता है जिन्होंने थोड़े या अधिक समय तक राज्य किया। इस काल में दो भिन्न-भिन्न परम्परा के गुप्त राजा शासन करते रहे। पहला वंश स्कन्दगुप्त के भ्राता पुरगुप्त का है जिसके वंश-वृक्ष का वर्णन भितरी के राजमुद्रा के लेख में पाया जाता है[1]। इस वंश में पुर, नरसिंह तथा कुमार द्वितीय ये तीन गुप्त राजा हुए। इस वंश का शासन बहुत थोड़े समय—ई० स० ४६७-४७७—तक था। पुरगुप्त के वंश में कुमारगुप्त द्वितीय का नाम विशेष उल्लेखनीय है जिसके दो लेख भी मिले हैं[2]। इसने अपने वंश में सबसे अधिक काल तक शासन किया।

दूसरा वंश बुधगुप्त का है जिसमें चार गुप्त नरेश हुए। ये राजा एक के बाद एक राज्य करते रहे। इस वंश का पूर्व वंश से कौन सा सम्बन्ध था, यह अभी तक निश्चय रूप से ज्ञात नहीं है। बुधगुप्त बहुत बड़ा शासक तथा प्रतापी राजा था। इसका राज्य एरण (पूर्वी मालवा) से पुण्ड्रवर्धन (उत्तरी बंगाल) तक फैला हुआ था। इस अवनति काल में सबसे प्रतापी बुधगुप्त ही था। बुधगुप्त के उत्तराधिकारी वैन्यगुप्त तथा भानुगुप्त ने भी पैतृक राज्य का संरक्षण किया। भानुगुप्त का नाम विशेष उल्लेखनीय है जिसने हूणों को परास्त कर आर्य संस्कृति की रक्षा की। इस वंश के अंतिम नरेश वज्र के विषय में कुछ अधिक ज्ञात नहीं है। इनका वर्णन ह्वेनसॉग ने किया है कि बुधगुप्त के वंशजों ने नालंदा बौद्ध महाविहार में वृद्धि की। बुधगुप्त के वंशजों ने पुरगुप्त के उत्तराधिकारियों की अपेक्षा अधिक काल तक शासन किया। मध्यभारत से अनेक लेख प्राप्त हुए हैं जिनमें गुप्तों के सामन्तों का उल्लेख मिलता है। मझगावॉ (बघेलखण्ड) के ताम्रपत्र से प्रकट होता है कि ई० स० ५११ के लगभग परिव्राजक महाराज हस्तिन् ने गुप्तों की अधीनता स्वीकार कर ली थी। बेतूल (मध्यप्रदेश) ताम्रपत्र ई० स० ५१८ तथा खोह के ताम्रपत्र ई० स० ५२८ से ज्ञात होता है कि हस्तिन् का पुत्र महाराजा सक्षोभ गुप्तों के आश्रित था। इन सब लेखों के अध्ययन से पता लगता है कि गुप्तों का प्रभाव बघेलखण्ड व मध्य प्रदेश पर अवश्य व्याप्त था।

इस अवनति-काल के शासनकर्त्ता अपने पूर्वजों के सदृश प्रतापी नहीं थे जिससे उनके बोलबाला का सर्वथा अभाव था। इस काल के अंतिम गुप्त नरेश वज्र के मरने पर गुप्त-साम्राज्य की श्री सर्वदा के लिए नष्ट हो गई। यों तो गुप्तों का प्रताप पहले से क्षीण हो रहा था, परन्तु अवनति-काल के पश्चात् गुप्तवंश का सूर्य अस्त हो गया। छठी

---

१. जे० ए० एस० बी० १८८९।

२. सारनाथ तथा भितरी राजमुद्रा का लेख।

शताब्दी के मध्यभाग से गुप्तो का साम्राज्य छिन्न भिन्न हो गया। इस परिच्छेद मे अवनति-काल के राजाओं का परिचय देने का प्रयत्न किया जायगा।

१ पुरगुप्त

उत्कर्ष-काल के अंतिम सम्राट् स्कन्दगुप्त की मृत्यु सन् ४६७ में हुई। उसके कोई पुत्र नहीं था, अतएव गुप्त-सिंहासन उसके भाई पुरगुप्त के हाथ में चला आया। भितरी राजमुद्रा में पुरगुप्त की वंशावली मिलती है[1], जिससे पता चलता है कि पुरगुप्त कुमारगुप्त प्रथम का पुत्र था और उसका जन्म महादेवी अनन्तदेवी के गर्भ से हुआ था। इस प्रकार वह स्कंदगुप्त का भाई ठहरता है परन्तु वह सहोदर भ्राता था या सौतेला, इसके विषय मे कोई भी निश्चित प्रमाण अब तक उपलब्ध नहीं हुआ है।

पुरगुप्त का कोई स्वतंत्र लेख नहीं मिलता है परन्तु इसके पौत्र द्वितीय कुमारगुप्त की भितरी राजमुद्रा मे, पूरे वंश-वृक्ष मे, इसका नाम मिलता है। सम्राट् स्कन्दगुप्त की

लेख तथा राज्यकाल

मृत्यु (ई० स० ४६७) के पश्चात् गुप्त-शासन-प्रबंध पुरगुप्त के हाथ मे आया। स्कन्दगुप्त के भाई होने के कारण ई० स० ४६७ तक पुरगुप्त की युवावस्था समाप्त हो गई होगी। अतएव वृद्धावस्था मे ही शासन की बागडोर पुरगुप्त के हाथ लगी। इसलिए यह बहुत सम्भव है कि राज्य-प्रबंध बहुत समय तक उसके हाथ मे नहीं रह सका। पुरगुप्त के पौत्र द्वितीय कुमारगुप्त का गु० स० १५४ का एक लेख सारनाथ मे मिला है[2] जिससे पता चलता है कि कुमारगुप्त द्वितीय ई० स० ४७३ मे शासन करता था। इसी आधार पर यह प्रकट होता है कि इसके (कुमारगुप्त द्वितीय) पिता नरसिंहगुप्त तथा पितामह पुरगुप्त का शासन-काल ई० स० ४६७ से लेकर ४७३ पर्य्यन्त समाप्त हो गया होगा। राज्य-प्रबन्ध लेते समय पुरगुप्त की वृद्धावस्था थी अतएव यह अनुमान किया जाता है कि पुरगुप्त का शासन बहुत ही लघु काल मे समाप्त हुआ।

भितरी की राजमुद्रा मे पुरगुप्त के लिए 'कुमारगुप्तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो' यह पद प्रयुक्त मिलता है। इस लेख में कुमारगुप्त के पश्चात् स्कन्दगुप्त का उल्लेख नहीं मिलता। इस कारण कुछ विद्वान् अनुमान करते हैं कि कुमारगुप्त प्रथम की मृत्यु के पश्चात् पुरगुप्त भी विशाल गुप्त-साम्राज्य के किसी प्रांत पर स्वतंत्र रूप से शासन करता था। परन्तु यह मत मानना युक्तिसंगत नहीं है; क्योंकि गुप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त के सिक्को तथा लेखो से ज्ञात होता है कि वह सौराष्ट्र से बंगाल पर्य्यन्त समस्त गुप्त-साम्राज्य पर स्वयं शासन करता था। अतः इस राज्य के अन्तर्गत किसी प्रतिस्पर्धी का शासन करना

---

१. भितरी का पूरा राजमुद्रा-लेख (जे० ए० एस० बी० १८८९) महाराजाधिराजकुमारगुप्तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो महादेव्या अनन्तदेव्या उत्पन्नो महाराजाधिराजश्रीपुरगुप्तस्य तत्पादानुध्यातो महादेव्या श्रीवत्सदेव्या उत्पन्नो महाराजाधिराजश्रीनरसिंहगुप्तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो महादेव्या श्रीमतीदेव्या उत्पन्नो परमभागवतो महाराजाधिराजश्रीकुमारगुप्तः।

२. आर० सर्वे० रिपोर्ट १९१४-१५।

नितात असम्भव प्रतीत होता है। अतः राजमुद्रा के लेख मे पुरगुप्त के नाम के साथ 'तत्पादानुध्यातो' विशेषण तथा स्कन्दगुप्त के नाम की अनुपस्थिति मे यह सिद्धान्त नही निकाला जा सकता कि पुरगुप्त अपने भाई स्कन्दगुप्त का समकालीन प्रतिस्पर्धी शासक था। ऐसे बहुत से ऐतिहासिक स्थल हैं जहाँ पर शासको के लेखो मे अपने पूर्व शासनकर्ता भाई का नाम नही मिलता। दक्षिण भारत मे चालुक्य राजा पुलकेशी द्वितीय का नाम उसके भ्राता चालुक्य-नरेश विष्णुवर्धन के लेखो मे नही मिलता। इससे यह नहीं कहा जा सकता कि विष्णुवर्धन से पहले पुलकेशी द्वितीय ने राज्य नहीं किया। पुरगुप्त के लिए 'तत्पादानुध्यातो' पद के प्रयोग ने विद्वानो मे मतभेद पैदा कर दिया है। परन्तु इससे पुरगुप्त का कुमारगुप्त प्रथम के बाद शासन करना नही प्रकट होता। बगाल के पाल-वशीय मनहली के लेख मे पाल राजा मदनपाल के लिए 'श्रीरामपालदेवपादानुध्यातो' का उल्लेख मिलता है। परन्तु इसके पहले मदनपाल के जेठे भाई कुमारपाल ने शासन किया। इन सब प्रमाणो से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भितरी राजमुद्रा के लेख मे स्कन्दगुप्त के नाम की अनुपस्थिति और 'तत्पादानुध्यातो' विशेषण से पुरगुप्त का गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम के पश्चात् ही शासक होना सिद्ध नहीं होता। इस विवेचन से यही ज्ञात होता है कि पुरगुप्त ने कुमारगुप्त के अनन्तर नही बल्कि अपने भाई स्कन्दगुप्त की मृत्यु के पश्चात् गुप्त सिहासन को सुशोभित किया[1]।

स्कन्दगुप्त के पश्चात् गुप्त-साम्राज्य की अवनति प्रारम्भ हो गई थी। उसी अवस्था मे पुरगुप्त ने कुछ समय के लिए शासन किया। परमार्थ-कृत वसुबन्धु के जीवन-वृत्तान्त से ज्ञात होता है कि पुरगुप्त बौद्धधर्मानुयायी था। उसने वसुबन्धु से बौद्धधर्म की शिक्षा ली थी। इन सब कारणो से पुरगुप्त की प्रवृत्ति बौद्धधर्म की ओर प्रकट होती है। द्वितीय कुमारगुप्त की भितरी राजमुद्रा मे इस नरेश के लिए वैष्णवो की पदवी 'परमभागवत' नही मिलती जहाँ पर कुमारगुप्त द्वितीय के लिए उल्लिखित है।

२ नरसिंह गुप्त

पुरगुप्त की मृत्यु के पश्चात् नरसिहगुप्त गुप्त-सिहासन पर बैठा। भितरी के राज-मुद्रा-लेख से ज्ञात होता है कि वह पुरगुप्त का बेटा था तथा उसकी माता का नाम वत्सदेवी था। परमार्थ कृत वसुबन्धु के जीवन-वृत्तान्त मे वर्णन मिलता है कि राजा विक्रमादित्य ने अपने पुत्र बालादित्य को वसुबन्धु के समीप शिक्षा ग्रहण करने के निमित्त भेजा था। ऊपर बतलाया जा चुका है कि विक्रमादित्य पुरगुप्त की उपाधि थी। अतएव प्रकट है कि पुरगुप्त के पुत्र नरसिंहगुप्त ने बालादित्य की पदवी धारण की थी। इसकी पुष्टि नरसिह-गुप्त के सिक्कों से होती है। उन सिक्को पर एक तरफ राजा की मूर्ति है तथा नर लिखा है। दूसरी ओर 'बालादित्य' लिखा मिलता है।

नरसिहगुप्त का कोई लेख नही मिला है परन्तु इसका नाम द्वितीय कुमारगुप्त की भितरी की राजमुद्रा मे मिलता है। गु० स० १५४ के सारनाथ के लेख से ज्ञात होता है

---

१. हिन्दुस्तान रिव्यू १६१८।

कि कुमारगुप्त द्वितीय ई० स० ४७३ में शासन करता था[1]। अतएव नरसिह गुप्त का शासन इससे (ई० स० ४७३) पहले समाप्त हो गया होगा।

६ठी शताब्दी मे भ्रमण करनेवाले चीनी यात्री ह्वेनसॉग ने वर्णन किया है कि गुप्त राजा बालादित्य की सेना ने विदेशी हूणो को परास्त किया। सबसे प्रथम स्कन्द-गुप्त के समय मे हूणो ने भारत पर आक्रमण किया था। उसकी मृत्यु के पश्चात् पुनः हूणो ने अपना शासन स्थापित कर लिया।

'बालादित्य'

ये मध्यभारत मे राज्य करते थे जहाँ से बालादित्य ने इनको परास्त किया। यह गुप्तनरेश (बालादित्य) कौन तथा किस समय का शासक था, इस विषय मे विद्वानो मे गहरा मतभेद है। जान एलन तथा भट्टशाली महोदय पुरगुप्त के पुत्र नरसिह गुप्त बालादित्य और ह्वेनसॉग-वर्णित बालादित्य को एक ही व्यक्ति मानते हैं। परन्तु सूक्ष्म विवेचन से यह विचार ग्रहण नही किया जा सकता। यदि पुरगुप्त के पुत्र नरसिह गुप्त तथा ह्वेनसॉग के बालादित्य के वशवृक्ष पर ध्यान दिया जाय तो एलन का सिद्धान्त प्रमाणित नही होता।

भितरी की राजमुद्रा के लेख से ज्ञात होता है कि नरसिह गुप्त के पिता का नाम पुरगुप्त और पितामह का नाम कुमारगुप्त प्रथम था। द्वितीय कुमारगुप्त नरसिंह गुप्त का पुत्र था[2]। ह्वेनसॉग-वर्णित बालादित्य का वशवृक्ष इस (नरसिहगुप्त) से सर्वथा भिन्न है[3]। ह्वेनसॉग के बालादित्य के पिता का नाम तथागतगुप्त था और पितामह बुधगुप्त के नाम से प्रसिद्ध था[4]। ह्वेनसॉग ने वज्र को बालादित्य का पुत्र लिखा है[5]। इन दोनो वशवृक्षो की तुलना करने से नरसिह गुप्त तथा ह्वेनसॉग का बालादित्य, दो भिन्न परम्परा के वशज

---

१. आर० सर्वे० रिपोर्ट १९१४-१५

२. नरसिंह गुप्त का पूरा वंशवृक्ष (जे० ए० एस० बी० १८८९)।

कुमारगुप्त प्रथम
|
पुरगुप्त
|
नरसिंह गुप्त
|
द्वितीय कुमारगुप्त

३. बील—ह्वेनसॉग का जीवनचरित पृ० १११, वाटर ह्वेनसॉग भा० २ पृ० १६४-६५।

४. वही, भा० २ पृ० १६५।

५. बालादित्य का पूरा वंशवृक्ष।

बुधगुप्त
|
तथागत
|
बालादित्य
|
वज्र

प्रतीत होते हैं। ऐसी अवस्था मे पुरगुप्त के पुत्र नरसिंह गुप्त बालादित्य मे तथा ह्वेनसॉग के वर्णित बालादित्य मे समता नही मानी जा सकती। सम्भवत ह्वेनसॉग का बालादित्य कोई अन्य व्यक्ति होगा[1]। इन कारणो से ह्वेनसॉग के बालादित्य की समता किसी अन्य गुप्त राजा से नही दिखाई जा सकती।

नरसिंहगुप्त के जीवनकाल मे कोई विशेष उल्लेखनीय घटना नही हुई। इतना तो निश्चत है कि इसने अपने पिता पुरगुप्त से कुछ अधिक समय तक शासन किया। इसके लिए वैष्णवो की पदवी 'परमभागवत' का प्रयोग नही मिलता है। अतः इसके वैष्णवधर्मानुयायी होने मे हमे सदेह है।

३ कुमारगुप्त द्वितीय

द्वितीय कुमारगुप्त पुरगुप्त के वश का अंतिम राजा था। इसके पिता का नाम नरसिंह गुप्त था। यह 'श्रीमती' देवी के गर्भ से पैदा हुआ था। इसने अपने पिता की मृत्यु के उपरान्त गुप्त-सिंहासन को सुशोभित किया। कुछ गुप्त सिक्के हैं जिनपर 'कु' लिखा हुआ है। सिक्के के ढग तथा बनावट से ज्ञात होता है कि यह द्वितीय कुमारगुप्त के समय का है। इस पर उल्लिखित पदवी से पता लगता है कि कुमारगुप्त द्वितीय ने 'विक्रमादित्य' की पदवी धारण की थी।

उपलब्ध लेख पुरगुप्त के वशजो मे कुमारगुप्त द्वितीय ही के दो लेख मिले हैं जिससे उसके विषय मे पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी ये लेख विशेष उल्लेखनीय हैं।

(१) भितरी राजमुद्रा का लेख

यह लेख एक धातु की मुहर पर खुदा हुआ है तथा ग़ाज़ीपुर ज़िले के अन्तर्गत भितरी नामक स्थान से प्राप्त हुआ था। इसमे तिथि का उल्लेख नही मिलता। केवल इसमे पूरा वशवृक्ष मिलता है। इस मुहर से प्रकट होता है कि कुमारगुप्त द्वितीय वैष्णवधर्मानुयायी था[2]।

(२) सारनाथ का लेख

कुमारगुप्त द्वितीय का दूसरा लेख बनारस के सारनाथ से प्राप्त हुआ है[3]। ऐतिहासिक दृष्टि से यह लेख महत्त्वपूर्ण है। इसकी तिथि गु० स० १५४ से इसके वश के शासन-काल का अनुमान किया जाता है। यह लेख बुद्ध-प्रतिमा के अधोभाग मे खुदा हुआ है।

---

१ प्रकटादित्य के सारनाथ के लेख से प्रकट होता है कि मध्यदेश मे अनेक बालादित्य नामधारी राजा शासन करते थे। प्रकटादित्य के वश मे दो बालादित्यो ने शासन किया। (का० इ० इ० भा० ३ पृ० २८५)।

२ जे० ए० एस० बी० १८८९।

३ वर्षशते गुप्ताना चतुःपञ्चाशत उत्तरे भूमि रक्षति कुमारगुप्त मासे—(आ० स० रि० १९१४—१५)

पुराणों के ऊपर ऐतिहासिकों को आस्था नही थी। वे इन्हें अस्त व्यस्त गल्पो से अधिक महत्त्व नहीं देते थे परन्तु अब इनका अध्ययन ऐतिहासिक दृष्टि से प्रारम्भ हो गया है। पुराणो मे पुरानी वशावली अविकल रूप मे दी गई है।

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च, वशो मन्वन्तराणि च।
वशानुचरितं चैव, पुराणं पञ्चलक्षणम्॥

पुराण के इस लक्षण के अनुसार प्राचीन वशो का वर्णन उनका प्रधान तथा परम आवश्यक भाग है। प्राय: सभी पुराणो मे वशावलियाँ उपलब्ध होती हैं। परन्तु गुप्त इतिहास पर ब्रह्माण्ड, वायु तथा विष्णु पुराण से विशेष प्रकाश पड़ता है। इन पुराणो से गुप्तो के पूर्ववर्ती नाग तथा वाकाटक राजाओ एव गुप्तो की प्रारम्भिक राजनैतिक अवस्था का ज्ञान प्राप्त होता है। वायु तथा ब्रह्माण्ड पुराण मे गुप्त राज्य की सीमा तथा गुप्त-वशज सम्राटो के राज्य-विस्तार का उल्लेख पाया जाता है। पुराणो मे अन्य आवश्यक सामग्रियो की भी प्रचुर उपलब्धि होती है। ऐसी अवस्था मे गुप्त-साम्राज्य के इतिहास-निर्माण मे पुराणों की सहायता निर्विवाद सिद्ध है।

(२) गुप्तकालीन महाकवि कालिदास के ग्रन्थो से भी अनेक ऐतिहासिक साधन उपलब्ध होते है। इनके 'रघुवश' तथा 'शाकुन्तल' से विशेष रूप से गुप्त इतिहास पर प्रकाश पड़ता है। साहित्यिक भाण्डार के अमूल्य रत्न होने के अतिरिक्त ये ग्रन्थ तत्कालीन राजनैतिक परिस्थिति का ज्ञान प्राप्त करने मे अत्यधिक सहायता करते हैं।

(क) 'रघुवश' मे महाकवि कालिदास ने सुन्दर तथा ललित शब्दो मे रघु के दिग्विजय का वर्णन किया है। महाराज रघु ने समस्त भारत पर विजय प्राप्त कर ताम्रपर्णी तक अपना प्रभाव फैलाया था। इतना ही नही, भारत के बाहर भी आक्सस (वक्षु) नदी तक रघु का प्रताप फैला था। ऐतिहासिक पण्डितों का अनुमान है कि 'रघुवश' मे वर्णित रघु का दिग्विजय प्रयाग की प्रशस्ति मे वर्णित महाराज गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के दिग्विजय को लक्षित कर रहा है। इस ग्रन्थ के अन्य भाग से भी तत्कालीन राजनैतिक तथा सामाजिक स्थिति का हमे प्रचुर ज्ञान प्राप्त होता है।

(ख) महाकवि कालिदास का 'अभिज्ञानशाकुन्तल' केवल सहृदय साहित्य रसिको के गले का हार ही नही है बल्कि इसके अतिरिक्त इसमे गुप्तकालीन व्यवहार की प्रचुर सामग्री भी उपलब्ध होती है। इससे एक आदर्श हिन्दू राजा के कर्तव्य तथा दायभाग का परिचय प्राप्त होता है। 'शाकुन्तल' मे वर्णित राजा ने जहाज के डूबने से मर जाने-वाले किसी सतान-हीन सामुद्रिक व्यापारी के धन के विभाग की जो व्यवस्था की है वह तत्कालीन दायभाग की स्थिति को समझने मे पर्याप्त सहायता दे रही है। तत्कालीन अन्य सामाजिक स्थिति के परिचय देने मे भी कालिदास के ये दोनो अमूल्य ग्रन्थ हमारी विशेष सहायता करते है।

(३) गुप्तकालीन सामाजिक अवस्था को समझने के लिए शूद्रक कृत मृच्छकटिक नाटक से भी अधिक सहायता मिलती है। वसतसेना के विशाल प्रासाद के वर्णन से उज्जयिनी के वैभव तथा तत्कालीन आर्थिक स्थिति का अनुभव किया जा सकता

भट्टशाली तथा वसाक महोदयों ने सारनाथ लेख मे उल्लिखित कुमारगुप्त तथा भितरी की राजमुद्रा के लेख वाले कुमारगुप्त को दो भिन्न भिन्न व्यक्ति माना है। भट्टशाली महोदय नरसिह गुप्त के पुत्र कुमारगुप्त को पाँचवी शताब्दी के पश्चात् शासनकर्त्ता मानते हैं[1]। परन्तु सारनाथ के लेख वाले कुमारगुप्त का ई० स० ४७३ मे शासन करना ज्ञात है। इसी कारण भट्टशाली दोनो की समता नही मानते। भट्टशाली का इस परिणाम तक पहुँचने का कारण यह है कि वे नरसिहगुप्त बालादित्य को और ह्वेनसॉग के बालादित्य को एक ही व्यक्ति मानते हैं। इसी आधार पर उनका मत अवलम्बित है। नरसिह गुप्त के चित्रण मे यह दिखलाया गया है कि नरसिह गुप्त बालादित्य और ह्वेनसॉग के बालादित्य दो भिन्न पुरुष थे, उनकी समता नही मानी जा सकती। अतएव इसी आधार पर अवलंबित भट्टशाली का कुमारगुप्त को एक भिन्न व्यक्ति मानना स्वीकार नहीं किया जा सकता। वसाक महोदय का कथन है कि सारनाथ के लेख मे उल्लिखित कुमारगुप्त स्कन्दगुप्त के पश्चात् राज्य का उत्तराधिकारी था तथा इसके बाद बुधगुप्त सिहासन पर बैठा। उनका मत है कि गुप्त राज्य दो प्रतिस्पर्धी राज्यो में विभक्त हो गया था। पहले वश मे स्कन्दगुप्त, सारनाथ के कुमारगुप्त तथा बुधगुप्त को मानते हैं, तथा भितरी के पुरगुप्त, नरसिह और कुमारगुप्त को इनका प्रतिस्पर्धी मानते हैं। इसी कारण वसाक महोदय ने सारनाथ के कुमारगुप्त तथा भितरी के कुमारगुप्त को दो भिन्न भिन्न व्यक्ति माना है। वसाक महोदय का यह सिद्धान्त मानना उचित नही प्रतीत होता। गुप्त लेखो तथा सिक्को के आधार पर कोई भी ऐसा प्रमाण नही मिलता जिससे पता चले कि पाँचवी शताब्दी के मध्यभाग में गुप्त राज्य दो भागो मे विभक्त हो गया था। इसके विपरीत स्कन्दगुप्त तथा बुधगुप्त के लेखो से प्रमाणित होता है कि बगाल से लेकर सौराष्ट्र तथा मालवा (एरण) तक वे राज्य करते रहे। ऐसी अवस्था मे गुप्त राज्य के दो विभाग तथा दो भिन्न भिन्न कुमारगुप्त मानना युक्ति से बाहर की बात है। इस विवेचन से यही ज्ञात होता है कि भितरी राजमुद्रा के लेख मे उल्लिखित कुमारगुप्त और सारनाथ के कुमारगुप्त एक ही व्यक्ति थे।

कुमारगुप्त द्वितीय के सारनाथ के लेख मे गु० स० १५४ की तिथि मिलती है जिससे ज्ञात होता है कि द्वितीय कुमारगुप्त ई० स० ४७३ मे शासन करता था। इसके उत्तराधिकारी बुधगुप्त का सबसे प्रथम लेख गु० स० १५७ का मिला है[2] इसलिए यह अनुमान किया जाता है कि कुमारगुप्त द्वितीय का शासन ई० स० ४७३ तथा ई० स० ४७७ (गु० स० १५७) के मध्य मे समाप्त हुआ होगा। स्कन्दगुप्त की मृत्यु ई० स० ४६७ मे हुई और बुधगुप्त का शासन ई० स० ४७७ मे प्रारम्भ हुआ। इसलिए इस तिथि के मध्यकाल मे तीनों—पुरगुप्त, नरसिह गुप्त तथा कुमारगुप्त द्वितीय—राजाओ ने शासन किया। इन तीन राजाओं के लिए दश वर्ष का राज्य-काल बहुत थोड़ा मालूम पड़ता है। परन्तु यह कोई आश्चर्यमय

राज्य-काल

---

१. ढाका रिव्यू— मई-जून १९२०

२. सारनाथ की प्रशस्ति (आ० सर्वे रिपोर्ट १९१४-१५)।

घटना नही है। यह पहले कहा जा चुका है कि पुरगुप्त वृद्धावस्था मे गुप्त-शासन का प्रबन्धकर्त्ता हुआ। अतएव उसका शासनकाल बहुत थोड़ा था। नरसिंहगुप्त की भी शासन-अवधि कुमारगुप्त द्वितीय से कम थी। अपने वंश मे सबसे अधिक इसी (द्वितीय कुमारगुप्त) ने शासन किया।

कुमारगुप्त द्वितीय अपने पूर्व वंश के गुप्त सम्राटो के सदृश वैष्णवधर्मावलम्बी था। इसकी भितरी राजमुद्रा पर 'गरुड' की मूर्ति अङ्कित है जो भगवान् विष्णु का प्रतीक तथा वाहन माना जाता है। इतना ही नही, उसी लेख मे केवल द्वितीय कुमारगुप्त के लिए ही 'परमभागवत' की उपाधि उल्लिखित है[1], जिससे उसके वैष्णवधर्मानुयायी होने की पुष्टि होती है।

४ बुधगुप्त

द्वितीय कुमारगुप्त की मृत्यु लगभग ई० स० ४७५ मे हुई। इसके पश्चात् बुधगुप्त राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। बुधगुप्त तथा कुमारगुप्त द्वितीय म कोई सम्बन्ध ज्ञात नही है। सातवी शताब्दी के चीनी यात्री ह्वेनसांग के वर्णन से ज्ञात है कि बुधगुप्त शक्रादित्य का पुत्र था। बुधगुप्त से पूव गुप्त वंश के किसी भी राजा ने शक्रादित्य की पदवी नही धारण की थी। इससे यह कहना कठिन है कि यह शक्रादित्य कौन राजा था। परन्तु ऐतिहासिको ने शक्रादित्य की समता कुमारगुप्त प्रथम से मानी है। कुमारगुप्त प्रथम की प्रधान पदवी 'महेन्द्रादित्य' थी। इन्द्रवाची महेन्द्र तथा शक्र शब्द पर्यायवाची है, अतः महेन्द्रादित्य पदवीधारी व्यक्ति के लिए 'शक्रादित्य' की पदवी का उल्लेख हो सकता है। इस आधार पर ह्वेनसांग का 'शक्रादित्य' कुमारगुप्त प्रथम की पदवी मानी जा सकती है। अतएव बुधगुप्त कुमारगुप्त प्रथम का सबसे छोटा पुत्र प्रतीत होता है। यह सम्भवतः स्कन्दगुप्त और पुरगुप्त का सहोदर या सौतेला भाई होगा।

बुधगुप्त के राज्य-काल मे उत्कीर्ण चार लेख अभी तक प्राप्त हुए हैं, जिनमे एक स्तम्भ के ऊपर खुदा हुआ है, दो ताम्रपत्र के ऊपर है, और तीसरा भगवान् बुद्ध की मूर्ति के अधोभाग मे खुदा है। इन सब लेखो मे तिथि मिलती है। इनका तिथि-क्रम से वर्णन किया जायगा,—

लेख

(१) सारनाथ का लेख

यह लेख भगवान् बुद्ध की मूर्ति के अधोभाग मे खुदा है। इस मूर्ति को अभयमित्र नामक किसी भिक्षु ने स्थापित किया था। यह मूर्ति सारनाथ की खोदाई मे मिली थी तथा इस समय सारनाथ संग्रहालय मे सुरक्षित है। यह लेख बहुत ही छोटा है[2]। बुधगुप्त के नाम तथा गुप्तसंवत् के उल्लेख के सिवा इसमे अन्य किसी बात का

---

१. परमभागवतो महाराजाधिराज श्री कुमारगुप्तः।—भितरी की राजमुद्रा

२ पूरा लेख यो है—गुप्तानां समतिक्रान्ते सप्त पञ्चाशत् उत्तरे शते समानां पृथ्वीं बुधगुप्ते प्रशासति—(आ० स० रि० १९१४–१५)

वर्णन नही है। इसकी तिथि गु० स० १५७ मिलती है। बुधगुप्त के राज्यकाल का यही सबसे पहला लेख है।

(२) दामोदरपुर ताम्रपत्र

यह ताम्रपत्र उत्तरी बगाल के दामोदरपुर नामक प्रसिद्ध स्थान से प्राप्त हुआ है[1]। यह लेख एक बड़े ताम्रपत्र पर खुदा है जो ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसके द्वारा गुप्तो की शासन-प्रणाली पर बहुत प्रकाश पड़ता है। इस ताम्रपत्र मे विषय-पति तथा उसके सभासदो की नामावली मिलती है। यह ताम्रपत्र बुधगुप्त का दूसरा लेख है जिसमे गु० स० १६३ का उल्लेख मिलता है।

(३) पहाड़पुर का ताम्रपत्र

यह ताम्रपत्र उत्तरी बगाल के राजशाही ज़िले के अन्तर्गत पहाड़पुर नामक स्थान से प्राप्त हुआ है[2]। पहाडपुर के विशाल मदिर की खुदाई मे यह निकला। यह शासन-प्रणाली के लिए दामोदरपुर ताम्रपत्र के सदृश महत्त्वपूर्ण है। इसमे भी भूमि-विक्रय का विवरण मिलता है। यह ताम्रपत्र पुण्ड्रवर्धन भुक्ति के अधिष्ठान से निकाला गया था। इसकी तिथि गु० स० १५६ है। इसमे राजा का नाम उल्लिखित नही है परन्तु उसकी महान् उपाधि 'परमभट्टारक' का उल्लेख है। तिथि के आधार पर (राजा के नाम की अनुपस्थिति मे भी) यह ताम्रपत्र बुधगुप्त के शासन का ज्ञात होता है। इस लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि किसी ब्राह्मण-दम्पति ने जैन विहार के लिए कुछ भूमि दान मे दी थी।

(४) एरण का स्तम्भलेख

यह स्तम्भ सागर ज़िला (मध्यप्रात) के एरण नामक प्रसिद्ध स्थान से प्राप्त हुआ था[3]। यह एक छोटा सा लेख है जिससे बुधगुप्त के शासन के विषय मे कुछ बाते ज्ञात होती है। इस लेख से ज्ञात होता है कि बुधगुप्त का प्रतिनिधि सुरश्मिचन्द्र यमुना तथा नर्मदा के मध्यभाग मे राज्य करता था। विष्णु भगवान् के इस ध्वज-स्तम्भ को बुधगुप्त के सामत मातृविष्णु तथा धन्यविष्णु ने स्थापित किया था। बुधगुप्त के राज्यकाल का यह तीसरा लेख है जिसमे गु० स० १६५ की तिथि का उल्लेख मिलता है।

बुधगुप्त के समय के तीन ही लेख मिले हैं जिनपर गुप्त सवत् का उल्लेख मिलता है। इस कारण बुधगुप्त के राज्यकाल के निर्धारण मे बड़ी सहायता मिलती है। सबसे पहला लेख सारनाथ का है जिसकी तिथि गु० स० १५७ है। अतः यह प्रकट होता है कि बुधगुप्त ई० स० ४७७ मे शासन करता था। इस गुप्त सम्राट् की अतिम तिथि उसके चॉदी के सिक्को से मिलती है[4]।

राज्य-काल

---

१. ए० इ० भा० १५ न० ४ पृ० ११३।

२. ए० इ० भा० २० नं० ५ पृ० ५६।

३. का० इ० इ० भा० ३ नं० १९।

४. एलन— गुप्त क्वायन पृ० १५३।

इन सिक्कों पर १७५ (ई० स० ४६५) अंकित है[1]। इससे ज्ञात होता है कि बुधगुप्त ई० स० ४६५ तक अवश्य राज्य करता था। इस गणना के अनुसार बुधगुप्त ने लगभग बीस वर्ष (ई० स० ४७७-४६५) तक शासन किया। कुमारगुप्त के पश्चात् स्कन्दगुप्त तथा पुरगुप्त आदि से बुधगुप्त ही ने अधिक काल तक राज्य किया।

बुधगुप्त के लेखो तथा सिक्कों के प्राप्ति-स्थानों से यही पता लगता है कि यह एक प्रतापी नरेश था जिसका राज्य बगाल से लेकर मध्यप्रात तक विस्तृत था। गु० स० १६५ के एरणवाले लेख से प्रकट होता है कि बुधगुप्त का प्रतिनिधि महाराजा सुरश्मिचन्द्र यमुना और नर्मदा के मध्यभाग में राज्य करता था[2]। दामोदरपुर के ताम्रपत्र के वर्णन से यह ज्ञात होता है कि गु० स० १६३ (ई० स० ४८२) मे बुधगुप्त का नायक उपरिकर महाराजा ब्रह्मदत्त पुण्ड्रवर्धन भुक्ति पर शासन करता था[3]। गुप्तों के मध्यप्रदेश के ढग के चाँदी के सिक्कों के समान बुधगुप्त के भी चाँदी के सिक्के मिले हैं जिससे उसका मध्यप्रदेश पर शासनाधिकार प्रकट होता है।

राज्य-विस्तार

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट ज्ञात होता है कि बुधगुप्त का राज्य—एरण (मध्यप्रात), काशी तथा दामोदरपुर—उसके प्रतिनिधियो से शासित होता था। अतएव बुधगुप्त का राज्य बगाल से मध्यप्रदेश तक विस्तृत था। बुधगुप्त के शासनकाल की किसी विशेष घटना का उल्लेख नहीं मिलता। इस समय कोई बाहरी शत्रु भी नहीं आये। अतएव उस समय गुप्त साम्राज्य मे शाति विराजमान थी। जो कुछ प्रदेश गुप्तों के हाथ मे थे वे बुधगुप्त के सुशासन का फल चख रहे थे।

बुधगुप्त के धर्म के विषय मे कोई निश्चित सिद्धान्त स्थिर नही किया जा सकता। इसके लिए 'परम भागवत' की उपाधि नही मिलती। ह्वेनसॉग के वर्णन से ज्ञात होता है कि बुधगुप्त ने नालदा के बौद्ध विहार में वृद्धि की। ह्वेनसॉग के इस वर्णन से तथा इस राजा के नाम से पहले 'परम भागवत' की उपाधि न मिलने से हमारा यह अनुमान है कि बुधगुप्त बौद्ध धर्मानुयायी था तथा उसमे बुद्धधर्म के प्रति स्नेह था।

धर्म

बुधगुप्त एक प्रभावशाली नरेश था। स्कन्दगुप्त के पश्चात् इसी राजा के लेख भिन्न भिन्न स्थानो से प्राप्त हुए हैं। यद्यपि बुधगुप्त ने स्कन्दगुप्त से भी अधिक काल तक शासन किया परन्तु सौराष्ट्र मे इसके न कोई लेख मिले न सिक्का ही। इससे प्रकट होता है कि वह प्रदेश बुधगुप्त के अधिकार से पृथक् हो गया था। इसके जितने नियुक्त शासक थे, सबने महाराजा की पदवी धारण की थी[4]। महाराजा की पदवी से

---

१. एलन – गुप्त क्वायन सिक्का न० ६१७।

२ कालिन्दीनर्मदयोर्मध्य पालयति लोकपालगुणैर्जगति। महाराज श्री यमनुभवति सुरश्मिचन्द्रे च। (का० इ० इ० भा० ३ न० १९)।

३ ए० इ० भा० १५ न० ४।

४. कालिन्दी-नर्मदा के मध्यभाग के शासक सुरश्मिचन्द्र।—(एरण का लेख)
उपरिकर महाराजा ब्रह्मदत्त और जयदत्त पुण्ड्रवर्धन के शासक।—(दामोदरपुर ताम्रपत्र)।

अनुमान किया जाता है कि सम्भवत: गुप्तों के सभी अधीनस्थ शासक शनैः शनैः स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहे थे। जो हो, बुधगुप्त का राज्य दूर तक फैला था तथा उसका प्रभाव बीस वर्षों तक व्याप्त था।

५ वैन्यगुप्त

ई० स० ४९५ के लगभग गुप्त सम्राट् बुधगुप्त का शासनकाल समाप्त हो गया था। इसके पश्चात् वैन्यगुप्त ने गुप्त-सिंहासन को सुशोभित किया। गुप्त राजा बुधगुप्त तथा वैन्यगुप्त से क्या सम्बन्ध था, इसके विषय में अभी तक कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ है। परन्तु इसके तिथियुक्त लेख के आधार पर यह पता लगता है कि वैन्यगुप्त बुधगुप्त के पश्चात् ही राज्य करने लगा।

वैन्यगुप्त का एक ही तिथियुक्त लेख मिलता है जिसकी सहायता से इस राजा के विषय में अनेक बातें ज्ञात होती हैं।

गुनैघर ताम्रपत्र

यह लेख एक ताम्रपत्र पर खुदा है जो बङ्गाल के कोमिल्ला ज़िले में स्थित गुनैघर नामक स्थान से प्राप्त हुआ है[1]। यह एक बड़ा लेख है जिसमें कुछ ज़मीन दान देने का वर्णन मिलता है। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि महाराजा वैन्यगुप्त ने बौद्ध विहार के लिए कन्तेड़दक ग्राम में कुछ भूमि दान में दी थी। इस लेख में इसके प्रतिनिधि महाराज रुद्रदत्त तथा विषयपति महासामन्त विजयसेन का नाम मिलता है। इस कारण यह लेख गुप्तों की शासन-प्रणाली पर विशेष रूप से प्रकाश डालता है। इस लेख में वैन्यगुप्त का नाम उल्लिखित है तथा इसकी तिथि गु० स० १८८ (ई० स० ५०७) है। यह लेख पूर्वी बङ्गाल के समतट प्रान्त से प्राप्त हुआ है जिसके राजा को समुद्रगुप्त ने परास्त किया था।

लेख

वैन्यगुप्त का एक ही लेख मिला है जिसमें गु० स० १८८ तिथि का उल्लेख मिलता है। इससे प्रकट होता है कि वैन्यगुप्त ई० स० ५०७-८ में शासन करता था। बुधगुप्त के चाँदी के सिक्कों से उसकी अन्तिम तिथि गु० स० १७५ (ई० स० ४९४—५) ज्ञात है। एरण के गोपराज के शिलालेख से पता लगता है कि भानुगुप्त नामक राजा ई० स० ५१० में शासन करता था[2]। अतएव वैन्यगुप्त का राज्य-काल बुधगुप्त तथा भानुगुप्त (५१०) के मध्य-काल में होगा। सम्भवत: इसका शासन-काल ५०० ई० के कुछ पूर्व से आरम्भ होकर ई० स० ५०८ पर्यन्त था। इसने लगभग आठ वर्ष तक राज्य किया।

राज्य काल

गुप्तों के सोने के सिक्कों में तीन ऐसे सिक्के हैं[3] जिनकी बनावट गुप्त सम्राट् द्वितीय चन्द्रगुप्त तथा कुमारगुप्त प्रथम के सोने के धनुर्धराङ्कित सिक्कों के समान है। अभी तक इन सिक्कों पर चन्द्र पढ़ा जाता था। इस चन्द्र नामक राजा का पूरा नाम

---

१. इ० हि० क्वा० १९३० भा० ६ पृ० ४५।

२. का० इ० इ० भा० ३ नं० २०।

३. एलन—गुप्त क्वायन प्लेट २३ नं० ६, ७ व ८।

चन्द्रगुप्त मानते थे। इस कारण पाँचवी शताब्दी मे शासन करनेवाले इस चन्द्रगुप्त नामधारी राजा को चन्द्रगुप्त तृतीय के नाम से पुकारते थे। सिक्को मे इसकी उपाधि 'द्वादशादित्य' मिलती है। परन्तु हाल हीमे इस (चन्द्र) का पाठ अशुद्ध समझकर इसे शुद्ध रीति से वैन्य पढा गया है। इसलिए ये सिक्के चन्द्रगुप्त तृतीय के न मानकर वैन्यगुप्त द्वादशादित्य के माने गये हैं[1]। इस पाठ के सशोधन से गुप्त-वशावली मे चन्द्रगुप्त तृतीय नामधारी कोई राजा नहीं माना जा सकता।

चन्द्रगुप्त तृतीय ?

वैन्यगुप्त के गुनैघर लेख के अतिरिक्त उसके सिक्के भी ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। ये सोने के सिक्के सुवर्ण तौल के है। इनकी बनावट तो उतनी अच्छी नही है जैसी कि कुमारगुप्त प्रथम से पूर्व सम्राटों के सिक्को की थी। एक ओर—प्रभायुक्त राजा की मूर्ति है। आभूषण धारण किये राजा बाये हाथ मे धनुष तथा दाहिने मे बाण लिये है। राजा के एक ओर गरुडस्तम्भ है और बाये हाथ के नीचे गुप्त लिपि मे वैन्य लिखा है। दूसरी ओर—कमलासन पर बैठी लक्ष्मी की मूर्ति है। दाहिने हाथ मे कमल है तथा बायाँ हाथ कमर पर अवलम्बित है। लक्ष्मी के शरीर मे भिन्न आभूषण दिखलाई पडते हैं। बाई ओर राजा की पदवी 'द्वादशादित्य' उल्लिखित है।

वैन्यगुप्त के सिक्के

वैन्यगुप्त के धर्म के विषय मे कुछ बाते अवश्य ज्ञात हैं परन्तु गुप्तों की प्रधान पदवी 'परमभागवत' का प्रयोग नहीं मिलता। गुनैघर लेख से ज्ञात होता है कि वैन्यगुप्त शैव था और महादेव का पुजारी था। उसी लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि वैन्यगुप्त ने बौद्ध विहार के लिए कुछ भूमि दान मे दी थी। इस सब विवरणो से यह प्रकट नहीं होता कि वैन्यगुप्त अन्य धर्मानुयायी था। ये सब उदाहरण उसकी धार्मिक सहिष्णुता के हैं। उसके सिक्के पर 'गरुड़ध्वज' मिलता है, अतएव सम्भवतः वह वैष्णवधर्मावलम्बी था।

धर्म

बहुत थोड़े दिन हुए कि गुप्त सम्राटों की नामावली मे वैन्यगुप्त का नाम सम्मिलित किया गया है। सबसे प्रथम गुनैघर के लेख मे इस राजा का नाम मिला जिससे पता चलता है कि वैन्यगुप्त नामक भी कोई गुप्त नरेश था। इस लेख के पश्चात् विद्वानो ने चन्द्रगुप्त तृतीय के सोने के सिक्को के पाठ को सशोधन करके इसे वैन्य पढा है। इस पाठ से गुप्त-वशावली मे वैन्यगुप्त की स्थिति निश्चित हो गई। वैन्यगुप्त एक प्रतापी नरेश ज्ञात होता है। पहले के गुप्त सम्राटो के सदृश इस राजा ने भी अपना प्रतिनिधि स्थापित किया जो गुप्तप्रातो पर शासन करता था। इन सब प्रमाणो के आधार पर वैन्यगुप्त को पूर्वी बगाल (समतट) का शासक नही मान सकते जैसा कि बसाक महोदय का मत है[2]। यह गुप्त राजा लगभग आठ वर्षों तक शासन करता रहा।

परिचय

---

१ इ० हि० क्वा० भा० ९ पृ० ७८५।

२ बसाक-हिस्टरी आफ नार्दन ईस्टर्न इडिया पृ० १८२।

६ भानुगुप्त (बालादित्य)

गुप्त लेखो के आधार पर यह ज्ञात होता है कि वैन्यगुप्त के पश्चात् भानुगुप्त गुप्त-राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। इस गुप्त नरेश तथा वैन्यगुप्त से क्या सम्बन्ध था, इस विषय मे अभी तक कोई ऐतिहासिक तथ्य का पता नही लगता है। बालादित्य भानुगुप्त की उपाधि थी (जैसा आगे बतलाया जायगा)। इसलिए चीनी यात्री ह्वेनसॉग के वर्णित बुधगुप्त के पौत्र बालादित्य तथा भानुगुप्त मे समता बतलाई जा सकती[1] है। ह्वेनसॉग का बालादित्य तथागत गुप्त का पुत्र कहा गया है अतएव यह अनुमान किया जाता है कि बुधगुप्त के पश्चात् उसके पुत्र तथागत गुप्त का शासन होगा परन्तु लेखो के आधार पर यह बतलाया गया है कि बुधगुप्त और भानुगुप्त (बालादित्य) के मध्यकाल में वैन्यगुप्त राज्य करता रहा। अब विचारणीय प्रश्न यह है कि बालादित्य का पिता तथागत गुप्त कौन था ? क्या यह कोई स्वतन्त्र व्यक्ति था या गुप्त शासक ?] विद्वान् लोग तथागत गुप्त को गुप्त-शासक नही मानते। ह्वेनसॉग के वर्णन के अतिरिक्त उसके विषय मे कोई ऐतिहासिक बातें उपलब्ध नही है। उपर्युक्त विवेचनो के उपरान्त यही निष्कर्ष निकलता है कि गुप्त नरेश भानुगुप्त (बालादित्य) ने वैन्यगुप्त के बाद राजसिंहासन को सुशोभित किया। इसके कौटुम्बिक वृत्त के विषय में अधिक कुछ विश्वसनीय बातें नही कही जा सकती।

लेख भानुगुप्त के दो लेख मिलते हैं जिनसे इसके शासन की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। ये लेख भानुगुप्त (बालादित्य) की सत्ता के द्योतक हैं। इसके लेखो मे गुप्त सवत् मे तिथि मिलती है।

(१) एरण का स्तम्भलेख

यह लेख जिला सागर जिला (मध्यप्रात) के एरण नामक प्रसिद्ध स्थान से मिला है। यह एक छोटा सा लेख स्तम्भ पर खुदा है जिसकी तिथि गु० स० १६१ है[1]। इसके वर्णन से पता चलता है कि भानुगुप्त नामक राजा के साथ उसके सहकारी गोपराज ने एरण प्रात मे घनघोर युद्ध किया। इस लड़ाई मे गोपराज मारा गया और उसकी स्त्री सती हो गई। भानुगुप्त व गोपराज के शत्रु सम्भवतः मध्यभारत के शासक हूण थे।

(२) दामोदरपुर ताम्रपत्र

गुप्त नरेशो के दामोदरपुर ताम्रपत्र के सदृश भानुगुप्त का भी एक ताम्रपत्र उसी स्थान से प्राप्त हुआ है। यह ताम्रपत्र उत्तरी बगाल के दीनाजपुर ज़िले के अन्तर्गत दामोदरपुर ग्राम मे मिला था[2]। इस लेख से गुप्तो की शासन-प्रणाली पर प्रकाश पड़ता है। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि भानुगुप्त का, बगाल का प्रतिनिधि, कोई राजपुत्र था। स्वयभूदेव राजपुत्र के अधीनस्थ कोटिवर्ष का विषयपति था। विषयपति के सभासदो के नाम भी मिलते हैं। इस ताम्रपत्र मे अयोध्या-निवासी अमृतदेव के द्वारा कुछ भूमि ख़रीदने का वर्णन मिलता है। इस लेख की तिथि गु० स० २२४ है। सब से

---

१ का० इ० इ० भा० ३ न ० २०

२ ए० इ० भा० १५ पृ० १४१-८।

विचित्र बात यह है कि इस लेख मे गुप्तनरेश भानुगुप्त का पूरा नाम नहीं मिलता, परन्तु विद्वानो की यह धारणा है कि यह लेख भानुगुप्त का ही है[1]।

राज्य-काल

भानुगुप्त के इन लेखो के आधार पर उसकी शासन-अवधि का पता लगता है। गुनैघर लेख से यह ज्ञात होता है कि वैन्यगुप्त गु० स० १८८ (ई० स० ४०७ ८) मे शासन कर रहा था[2]। एरण के लेख की तिथि से प्रकट होता है कि भानुगुप्त गु० स १९१ (५१० ई०) मे राज्य करता था[3]। इसकी अंतिम तिथि दामोदरपुर ताम्रपत्र से मिलती है जिसमे गु० स० २२४ का उल्लेख मिलता है[4]। अतएव यह मालूम पडता है कि भानुगुप्त ने गु० स० १९१-२२४ (ई० स० ५१०-५४४) तक राज्य किया। इसका शासन लगभग पैंतीस वर्षों तक चलता रहा।

राज्य विस्तार

यह तो पहले कहा जा चुका है कि गुप्तो के उत्कर्ष-काल के पश्चात् सैराष्ट्र तथा पश्चिमी मालवा गुप्त-साम्राज्य से हट गये थे। इसके अनन्तर सारे प्रदेशों पर बुधगुप्त शासन करता था। बुधगुप्त एक बलशाली राजा था। उसके बाद भी गुप्तों के सब प्रदेशो पर इसके वशज शासन करते रहे। गुप्त-नरेश भानुगुप्त के भी लेख एरण (मध्यप्रात) तथा दामोदरपुर (उत्तरी बङ्गाल) मे मिले हैं। अतएव यह ज्ञात होता है कि भानुगुप्त मध्यप्रदेश से बङ्गाल तक शासन करता था। इसका विस्तृत राज्य प्रतिनिधियो द्वारा शासित होता रहा।

गुप्तो तथा हूणो मे सघर्ष

भानुगुप्त के राज्यकाल की सबसे विशेष घटना हूणो से युद्ध है। सबसे प्रथम हूणो ने उत्कर्ष-काल के अन्तिम सम्राट् स्कन्दगुप्त के समय मे गुप्त साम्राज्य पर आक्रमण किया था, परन्तु स्कन्दगुप्त ने उन्हे इतना बल के साथ पराजित किया कि हूणों को कुछ समय तक फिर आक्रमण करने का साहस न हो सका। एरण स्थान से दो लेख प्राप्त हुए है[5] जिनके अध्ययन से स्पष्ट प्रकट होता है कि बुधगुप्त के पश्चात् एरण प्रान्त में हूणों का अधिकार हो गया था। बुधगुप्त के आश्रित शासक मातृविष्णु व उसके अनुज धन्यविष्णु ने ई० स० ४८५ के बाद हूणों के सरदार तोरमाण की अधीनता स्वीकार कर ली थी। मध्य भारत मे इन हूण सरदारो (तोरमाण व मिहिरकुल) के सिक्के[6] तथा लेख[7] भी मिले हैं जिससे ज्ञात होता है कि छठी शताब्दी के पूर्व भाग मे हूणों का अधिकार मध्यभारत पर अवश्य था।

---

१ बैनर्जी – गुप्त लेक्चर पृ० ६१।
२ इ० हि० क्वा० १९३०।
३ का० इ० इ० भा० ३ न० २०।
४ ए० इ० भा० १५ पृ० १४१।
५ एरण का लेख (का० इ० इ० भा० ३ न० १९) गु० स० १६५।
वही, न० ३६।
६ रपसन इण्डियन कायन प्लेट ४ न० १६।
७ का० इ० इ० भा० ३ न० ३६ व ३७।

इसी स्थान में स्थित होकर हूणो के सरदार गुप्तों की क्षीण अवस्था को देखकर उनसे युद्ध करने पर उद्यत हुए। यद्यपि गुप्तो का प्रताप शनैः शनैः क्षीण हो रहा था तथा उनके प्रदेश हाथ से निकले जा रहे थे, तथापि इन आर्य सभ्यता के शत्रु विदेशी हूणो के सम्मुख गुप्त नरेशो ने सिर नही झुकाया। गुप्त नरेश बालादित्य (भानुगुप्त) ने हूणो को परास्त करने का सङ्कल्प किया। इस युद्ध की घटना को दो बातो से प्रमाणित कर सकते हैं। ह्वेनसॉग ने वर्णन किया है कि बालादित्य की सेना ने मिहिरकुल (हूण-सरदार) को कैद कर लिया परन्तु राजमाता की आज्ञा से उसे मुक्त करना पड़ा। इस कथन की पुष्टि गोपराज के एरणवाले लेख से होती है[1]। इस लेख मे हूणो के युद्ध का उल्लेख मिलता है कि गोपराज ने गुप्तनरेश भानुगुप्त (बालादित्य) के पक्ष मे होकर ई० स० ५११ मे हूणो से घोर युद्ध किया जिसमे गोपराज मारा गया और विजय-लक्ष्मी भानुगुप्त के हाथ लगी।

'बालादित्य' उपाधिधारी कौन गुप्तनरेश था, इसके विषय मे गहरा मतभेद है। कुछ विद्वान् बालादित्य उपाधिधारी गुप्त राजा की समता पुरगुप्त के लड़के नरसिंह गुप्त से करते हैं; क्योंकि उसने (नरसिह गुप्त) भी बालादित्य की उपाधि धारण की थी। नरसिह गुप्त के सोने के सिक्को पर यह उपाधि उल्लिखित है। परन्तु हूणो के विजेता ह्वेनसॉग-वर्णित बालादित्य का समीकरण नरसिह गुप्त से नही किया जा सकता। नरसिह गुप्त ने अपने जीवन-काल मे कभी हूणो का सामना नही किया और न कही उसका उल्लेख मिलता है। गुप्त-नरेश भानुगुप्त से हूणो के युद्ध का वर्णन ह्वेनसॉग के अतिरिक्त गोपराज के एरणवाले लेख मे मिलता है। अतएव ह्वेनसॉग-वर्णित बालादित्य तथा भानुगुप्त को एक ही व्यक्ति मानना युक्तियुक्त है। बहुत सम्भव है कि भानुगुप्त की पदवी बालादित्य हो जिसका उल्लेख ह्वेनसॉग ने किया था।

'बालादित्य'

जिस समय गुप्त-नरेश भानुगुप्त (बालादित्य) शासन कर रहा था उसी समय मालवा मे एक प्रतापी राजा यशोधर्मा का उदय हुआ। यशोधर्मा का प्रताप-सूर्य प्रखर तेज से चमकने लगा। मालवा के इसी राजा यशोधर्मा के साथ मिलकर बालादित्य ने हूणो पर गहरा विजय प्राप्त किया; अतएव बालादित्य तथा यशोधर्मा के सम्बन्ध का ज्ञान प्राप्त करने से पूर्व इस मालवा-नरेश के जीवन-वृत्तात से परिचित होना अत्यन्त आवश्यक है।

यशोधर्मा

यशोधर्मा मध्यभारत का एक प्रभावशाली राजा था। इसके अतुल वीर्य का वर्णन दो लेखो के सिवा और कहीं नही मिलता। इसके ये दोनो लेख मदसोर से मिले हैं[2] जिनमे इसके विजय का वर्णन सुन्दर शब्दो मे वर्णित है। पहले मदसोर

---

१. श्रीभानुगुप्तो जगति प्रवीरो राजा महान् पार्थसमोऽतिशूरः।
तेनाथ सार्धं त्विह गोपराजो मित्रानुव त्या(?)र किलानुपातः॥
(का० इ० इ० भा० ३ नं० २०)

२. का० इ० इ० भा० ३ नं० ३३ व ३५।

के लेख मे यशोधर्मा द्वारा हूण सरदार मिहिरकुल के पराजय का वर्णन है। इसकी तिथि ज्ञात नही है। परन्तु इसी का दूसरा लेख उसी मदसोर स्थान से मिला है[1], जिसमे तिथि का उल्लेख मालव सवत् मे उल्लिखित है। इसकी तिथि विक्रम् ५८६ (ई० स० ५३२) है। इस लेख मे भी यशोधर्मा की कीर्ति वर्णित है।

लेख

लेखो के आधार पर यह ज्ञात होता है कि यशोधर्मा ने सुदूर देशों तक अपनी विजय-पताका फहराई। जो देश गुप्तो के अधिकार मे नही था उसको भी इसने जीता। लौहित्र (ब्रह्मपुत्र नदी) से लेकर पूर्वी घाट तक तथा हिमालय से लेकर पश्चिमी घाट तक के समस्त राजाओ को परास्त किया। यशोधर्मा का प्रताप इतना बढ़ गया था कि हूणो के राजा मिहिरकुल ने उसके पैरो की पूजा की[2]। इस वर्णन से प्रकट होता है कि मालवा के राजा यशोधर्मा ने समस्त भारत पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था। मध्यभारत के शासनकर्त्ता यशोधर्मा के इस विजय का वर्णन और कही नही मिलता; इसलिए यह प्रकट होता है कि यशोधर्मा का प्रताप थोड़े समय के लिए ही था। जिस द्रुत गति से उसका उदय हुआ था, उसी गति से उसका प्रताप सूर्य गहरे बादलो मे छिप गया। इस विजय-यात्रा मे सदेह का मुख्य कारण यह है कि सातवीं शताब्दी के चीनी यात्री ह्वेनसॉग ने ऐसे प्रतापी नरेश का वर्णन नहीं किया है। जो हो, यह तो निश्चित है कि यशोधर्मा ने हूण सरदार मिहिरकुल को परास्त किया था। मदसोर के दूसरे लेख की तिथि (विक्रम ५८६) के आधार पर यह पता चलता है कि हूणो को ई० स० ५३२ के लगभग परास्त होना पड़ा।

यशोधर्मा का विजय

यह ऊपर कहा जा चुका है कि स्कन्दगुप्त के पश्चात् पुनः हूणों ने मध्यभारत पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था। बुधगुप्त के आश्रित सामन्तो ने तोरमाण की अधीनता स्वीकार कर ली थी। इन्ही मध्यभारत के हूण-शासको को यशोधर्मा ने पराजित किया। यहाँ पर उन हूण राजाओ के विषय मे ज्ञान प्राप्त करना अप्रासङ्गिक न होगा।

मध्य भारत के हूण शासक

---

१. यह लेख यशोधर्मा तथा विष्णुवर्धन के नाम से उल्लिखित है। यशोवर्मा तथा विष्णुवर्धन एक ही व्यक्ति के दो नाम है।

२ ये भुक्ता गुप्तनाथैर्न सकलवसुधा क्रान्तिदृष्टप्रतापैः
नाज्ञा हूणाधिपाना क्षितिपतिमुकुटाध्यासिनी यान् प्रविष्टा।
आलौहित्योपकण्ठा तलवनगहनोपत्यकादामहेन्द्रा-
दागङ्गाश्लिष्टसानोः तुहिनशिखरिणः पश्चिमादापयोधेः
सामन्तैः यस्य बाहुद्रविणहृतमदैः पादयोरानमद्भि-
श्चूडारत्नांशुराजिव्यतिकरशबला भूमिभागाः क्रियन्ते।
चूडापुष्पोपहारैः मिहिरकुलनृपेणार्चित पादयुग्मम्।
— का० इ० इ० भा० ३ न० ३३।

है। ग्रंथ की अंतरंग परीक्षा से राज-शासन का परिज्ञान होता है। उस समय पुलिस का कितना अच्छा प्रबंध था। न्यायालयो में समुचित रूप से दण्ड-विधान होता था। दण्ड-विधान के निमित्त मनुस्मृति का विशेष आदर था। इस प्रकार गुप्तो के सामाजिक इतिहास का ज्ञान सरलता से उपलब्ध होता है।

(४) कौमुदी-महोत्सव—इस नाम का एक नाटक अभी हाल ही मे दक्षिण भारत से मिला है। इस नाटक के द्वारा गुप्तो के प्रारम्भिक इतिहास पर प्रचुर प्रकाश पड़ता है। इस नाटक की लेखिका एक विदुषी थी। इस नाटक का अभिनय राजद्रोही चण्डसेन पर विजय के उपलक्ष्य मे किया गया था। इस नाटक के चतुर्थांक मे मगध के क्षत्रिय शासक सुन्दरवर्मन् के नाम का उल्लेख मिलता है जिसने संतानहीन होने के कारण चण्डसेन नामक व्यक्ति को गोद लिया था। कुछ काल पश्चात् सुन्दरवर्मन् को कीर्तिवर्मन् नामक पुत्ररत्न उत्पन्न हुआ। इस पुत्र के उत्पन्न होने के कारण चण्डसेन का राज्याधिकार जाता रहा। इस कारण उसने राजद्रोह करने का निश्चय किया। सुन्दरवर्मन् के विरोधी होने के कारण चण्डसेन ने मगध-कुल के शत्रु लिच्छवियो से मित्रता स्थापित की और सुन्दरवर्मन् को मार डाला। राजा की हत्या के फल-स्वरूप चण्डसेन राजा बन बैठा। सुन्दरवर्मन् का मन्त्री मन्त्रगुप्त राजकुमार को लेकर विन्ध्य के पर्वतो मे जा छिपा तथा वही से चण्डसेन पर विजयी होने का प्रयत्न करने लगा। कालान्तर मे मन्त्रगुप्त ने चण्डसेन को परास्त कर कीर्तिवर्मन् को राजसिंहासन पर बैठाया। इस चण्डसेन की समता श्री जायसवाल महोदय चन्द्रगुप्त प्रथम से करते हैं। इस नाटक से चन्द्रगुप्त प्रथम के प्रारम्भिक जीवन का पता चलता है।

(५) वात्स्यायन का कामसूत्र—संस्कृत साहित्य मे कामसूत्र एक विशेष स्थान रखता है। इसकी रचना गुप्तकालीन होने के कारण तत्कालीन सामाजिक इतिहास का अमूल्य भाण्डार इस ग्रन्थरत्न मे भरा पड़ा है। महर्षि वात्स्यायन ने मनुष्यो के समस्त सामाजिक जीवनवृत्त का समावेश कामसूत्र मे किया है। जनता के आचार-विचार, भोजन-वस्त्र, आभूषण तथा अन्य सुख की सामग्रियो का वर्णन इसमे प्रचुर परिमाण मे मिलता है। आहार-विहार का वर्णन करते हुए महर्षि वात्स्यायन ने मनुष्य-जीवन-संबंधी अन्य बातो पर भी प्रकाश डाला है। इस प्रकार गुप्तकालीन सामाजिक अवस्था का विशद विवरण हमे कामसूत्र मे प्राप्त होता है।

(६) आर्य मञ्जुश्रीमूलकल्प—यह एक ऐतिहासिक अनुपम ग्रन्थ है जो विद्वानो के सामने आधुनिक काल मे प्रकाश मे आया है। यह एक बौद्ध ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ-रत्न के विद्वान् कर्त्ता ने भविष्य मे होनेवाले मञ्जुश्री बुद्ध का विशद वर्णन करते हुए समस्त भारत के प्राचीन इतिहास का भी सुन्दर रीति से परिचय दिया है। ईसा पूर्व छठवी शताब्दी के शासक बिम्बसार से लेकर मौर्य्य, गुप्त आदि राजाओ का वर्णन करते हुए दसवी शताब्दी के शासक पाल राजाओ तक का इसमें उल्लेख मिलता है। यदि अन्य साहित्यिक ग्रन्थो मे भी इस प्रकार का विशद ऐतिहासिक वर्णन मिले तो भारतीय इतिहास का निर्माण अत्यन्त सुलभ हो जाय।

भारत में शासन करनेवाले सबसे पहले हूण सरदार तोरमाण का नाम मिलता है जिसके लेख तथा अनेक सिक्के मिलते हैं। हूण सिक्को पर कोई नवीनता नही पाई जाती। ये हूण जिस देश के शासक हुए वही के ढङ्ग पर इन्होने अपनी मुद्रा का निर्माण किया। अतएव विशिष्ट ढङ्ग के सिक्को को देखने से स्पष्ट प्रकट होता है कि हूण उस विशेष प्रदेश पर शासन करते थे।

तोरमाण

हूण राजा तोरमाण के राज्य-काल से परिचित होने के लिए उसके लेख तथा सिक्को का अध्ययन करना परमावश्यक है। तोरमाण के दो प्रकार के सिक्के मिलते है—

तोरमाण के लेख तथा सिक्के

(१) ससैनियन ढङ्ग के सिक्के

तोरमाण ने ससैनियन ढङ्ग के सिक्के फारस के शासको के अनुकरण पर तैयार किये। ये सिक्के पतले पतले पत्तर के बने होते थे। इन पर एक ओर रक्षक युक्त अग्निकुण्ड का चित्र रहता है तथा दूसरी ओर ससैनियन ढङ्ग के ताज पहने राजा की मूर्त्ति अंकित रहती है। इसी ओर गुप्त लिपि मे शाही जबुल[1] लिखा मिलता है।

(२) गुप्त मध्यभारतीय ढङ्ग के सिक्के

तोरमाण का दूसरा सिक्का चॉदी का मिलता है जो गुप्त राजाओ के मध्यभारत में प्रचलित चॉदी के सिक्को के अनुकरण पर तैयार हुए थे। इन सिक्को पर एक ओर पङ्ख फैलाये मोर की मूर्त्ति है, दूसरी ओर राजा के सिर का चित्र है तथा उसके चारो ओर 'विजितावनिरवनिपति श्री तोरमाण' लिखा रहता है[2]।

इन सिक्को के प्रचलित प्रदेश मे ही (एरण) तोरमाण का एक लेख मिला है[3]। इसकी तिथि का उल्लेख नही मिलता। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि बुधगुप्त के आश्रित एरण प्रान्त के महाराजा मातृविष्णु व उसके अनुज धन्यविष्णु ने ई० स० ४८५ के पश्चात् तोरमाण की अधीनता स्वीकार कर ली थी। अतएव इन सिक्को तथा लेख के आधार पर यह पता चलता है कि हूण सरदार तोरमाण का राज्य फारस से लेकर मध्यभारत तक विस्तृत था, परन्तु हूणो ने अपना केन्द्रस्थान मध्यभारत को ही बनाया था।

तोरमाण के पश्चात् उसके पुत्र[4] मिहिरकुल ने हूण राज्य पर शासन किया। यह भी अपने पिता के सदृश प्रतापी राजा था तथा भारत मे हूणों का द्वितीय शासक समझा जाता है। ह्वेनसॉग के वर्णन से ज्ञात होता है कि इसकी राजधानी पंजाब मे स्थित साकल (सियालकोट) नामक नगर था। मिहिरकुल के सिक्को तथा लेख के प्राप्ति स्थान से ज्ञात होता है कि इसका राज्य भी विस्तृत था।

मिहिरकुल

---

१ साल्ट रैंज के लेख से पता लगता है कि जबुल तोरमाण की पदवी है। इसलिए ये सिक्के राजा तोरमाण के माने जाते हैं।

२. रैपसन—इडियन क्वायन प्लेट ४ न० १६।

३. का० इ० इ० भा० ३ न० ३६।

४. श्रीतोरमाण इति यः प्रथितो भूचक्रपः प्रभूतगुणः × × तस्योदितकुलकीर्तेः पुत्रोतुलविक्रमः पतिः पृथिव्या मिहिरकुलेति ख्यातो भङ्गोयः पशुपति।—ग्वालियर का शिलालेख।

मिहिरकुल के कुषाण ढंग के अनेक सिक्के मिलते हैं जो पंजाब में विशेष रूप से पाये जाते हैं। ये सिक्के आकार की वजह से तीन भिन्न श्रेणियों में विभाजित किये गये हैं। इन सिक्कों को बड़े, मध्यम तथा छोटे आकार के कहते हैं। इन सिक्कों पर एक ओर नन्दि की मूर्ति मिलती है तथा उसके अधोभाग में 'जयतु नृप' लिखा मिलता है[1]। दूसरी ओर घोड़े पर सवार राजा की मूर्ति है तथा 'मिहिरकुल' या 'मिहिरगुल' लिखा रहता है[2]।

मिहिरकुल के सिक्के तथा लेख

इसी हूण राजा मिहिरकुल का एक शिलालेख ग्वालियर में मिला है[3] जिससे प्रकट होता है कि मिहिरकुल भी पंजाब से लेकर मध्यभारत तक शासन करता था। इस लेख की तिथि मिहिरकुल के राज्यकाल की १५वें वर्ष की है[4]। इन सिक्कों तथा लेख से मिहिरकुल के राज्य-विस्तार (पंजाब से मध्यभारत तक) तथा शासनकाल (पंद्रह वर्ष) का ज्ञान होता है।

हूण सिक्कों तथा लेखों के अध्ययन से पता लगता है कि भारत में शासन करनेवाले दो हूण राजा हुए—तोरमाण और उसका पुत्र मिहिरकुल। इन दोनों राजाओं ने कितने वर्षों तक राज्य किया, इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता। एरण से प्राप्त दो लेखों (बुधगुप्त तथा तोरमाण) के आधार पर यह अनुमान किया जाता है कि ई० स० ४८५ के बाद मध्यभारत पर हूण राजा तोरमाण अवश्य शासन करता होगा। मिहिरकुल के ग्वालियर के शिलालेख से पता चलता है कि कम से कम उसने पंद्रह वर्ष तो निश्चय ही शासन किया। मध्यभारत में हूणों के शासन की अंतिम तिथि ई० स० ५११ ज्ञात होती है। इसी समय भानुगुप्त ने गोपराज के साथ एरण प्रदेश में हूणों से युद्ध किया था[5]। अतएव हूणों की मध्यभारत में शासन अवधि ई० स० ४८७ से लेकर ई० स० ५१० तक प्रकट होती है। इन दोनों राजाओं ने मिलकर २३ वर्ष तक राज्य किया।

हूणों की शासन-अवधि

गुप्तनरेश भानुगुप्त (बालादित्य) के एरण के लेख से प्रकट होता है कि मध्य भारत में हूणों को ई० स० ५१० में भानुगुप्त ने गोपराज के साथ पराजित किया। इस तिथि के पश्चात् मध्यभारत से हूण-अधिकार सर्वदा के लिए चला गया। एरण प्रांत में परास्त होकर हूण नरेश ने अपनी राजधानी सियालकोट में निवासस्थान स्थिर किया। उस प्रांत (पंजाब) में हूणों का शासन कुछ और वर्षों (ई० स० ५१२–५३२) तक रहा। सम्भवतः इसी प्रांत में इनका अंतिम पराजय हुआ। इसका वर्णन यशोधर्मा के मंदसोर

हूणों का भारत में अंतिम पराजय

१ इंडियन म्यूजियम कैटलाग प्लेट २५।

२ कनिंघम—लेटर इंडो सिथियन प्लेट ८, ९, १०।

३ का० इ० इ० भा० ३ नं० ३७।

४ तस्मिन् राजनि शासति पृथिवीं पृथुविमललोचनेऽर्तिहरे अभिवर्धमानराज्ये पंचदशाब्दे नृप वृषध्या।—ग्वालियर का लेख।

५. का० इ० इ० भा० ३ नं० २०।

के लेख मे मिलता है। मदसोर के दूसरे लेख की तिथि (विक्रम ५८९) से अनुमान किया जाता है कि ई० स० ५३२ के लगभग यशोधर्मा ने मिहिरकुल को परास्त किया। भारत मे हूणो का यही अंतिम पराजय कहा जाता है।

यशोधर्मा ने अकेले या गुप्त नरेश भानुगुप्त (बालादित्य) के साथ मिहिरकुल को परास्त किया, इस विषय मे ऐतिहासिको मे मतभेद है। स्मिथ का कथन है कि यशोधर्मा और बालादित्य ने सम्मिलित होकर हूणो को पराजित किया। फ्लीट अनुमान करते हैं कि दोनो ने भिन्न-भिन्न स्थानो पर मिहिरकुल को परास्त किया—यशोधर्मा ने पश्चिम की ओर तथा बालादित्य ने मगध में। इन राजाओ की एकता के विषय मे ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नही है। बहुत सम्भव है कि बालादित्य ने ई० स० ५११ मे हूणो पर विजय प्राप्त किया और यशोधर्मा ने ई० स० ५३२ मे मिहिरकुल को पञ्जाब मे परास्त किया। यह अनुमान करना युक्तिसगत है कि हूणो के अन्तिम पराजय मे भी गुप्तो ने यशोधर्मा से सहयोग किया हो।

भानुगुप्त (बालादित्य) के सैन्य-कौशल की विवेचना के उपरान्त उस राजा की उदारचरित्रता पर भी ध्यान देना अति आवश्यक है। भानुगुप्त की उदारता का

भानुगुप्त की उदारता

परिचय एक लेख के वर्णन से मिलता है। वह लेख शाहाबाद ज़िले मे स्थित देव-वरनार्क स्थान से मिला है[1]। उसके वर्णन से ज्ञात होता है कि कुशली भुक्ति व वालवी विषय मे स्थित किशोरवाटक नामक ग्राम को बालादित्य ने अग्रहार दान स्वरूप ब्राह्मणो को दिया था[2]। यह दान-पत्र छठी शताब्दी के अन्तिम समय तक इसी अवस्था मे था जब कि मागध गुप्तो के पॉचवे राजा दामोदर गुप्त को परास्त कर कन्नौज के शासक मौखरि राजा सर्ववर्मन् ने अपनी राजाज्ञा से पुनः प्रमाणित किया। कुछ काल यह स्थान उन मौखरियो के अधिकार मे रहा फिर गुप्त नरेशो ने अपने राज्य मे सम्मिलित कर लिया। अतएव देव-वरनार्क लेख के आधार पर यह ज्ञात होता है कि बालादित्य ने भी अग्रहार दान दिया था।

यह कहा जा चुका है कि गुप्त नरेश भानुगुप्त ने ई० स० ५११ मे हूणो पर विजय प्राप्त किया और इस स्थान (मध्य भारत) पर पुनः उनका अधिकार स्थापित न हो सका। इस समय से लेकर बहुत काल तक यह प्रान्त गुप्तो

गुप्तों के सामत

के अधिकार में था तथा उनके सामत उन देशों पर शासन करते रहे। इन सामतो के अनेक लेख मिलते हैं जिनसे उपर्युक्त कथन की पुष्टि होती है। ये लेख उच्चकल्प तथा परिव्राजक महाराजाओ के हैं जिनमे तिथि का उल्लेख गुप्त सवत् मे सर्वत्र मिलता है। इन लेखो मे 'गुप्तनृपराज्यभुक्तौ श्रीमति प्रवर्धमान' वाक्य का सर्वत्र उल्लेख मिलता है जिससे प्रकट होता है कि ये सब परिव्राजक महाराजा गुप्तों के सामंत थे। इन लेखो को तिथिक्रम के अनुसार यहॉ दिया जाता है।

---

१. का० इ० इ० भा० ३ न० ४६।

२. श्री वरुणवामिभट्टारकप्रतिबद्धभोजकसूर्यमित्रेण उपरिलिखित —ग्रामविमयुक्तपरमेश्वरश्रीबालादित्य-देवेन स्वशासनेन— देव-वरनार्क की प्रशस्ति।

(१) खोह ताम्रपत्र

यह ताम्रपत्र परिव्राजक महाराजा हस्तिन् का पहला लेख है जिसकी तिथि गु० स० १५६ मिलती है।

(२) खोह ताम्रपत्र गु० स० १६३

(३) मझगवाँ ताम्रपत्र गु० स० १९१

ये सब लेख महाराजा हस्तिन् के हैं[1] जिनमे सब प्रकार के कर से मुक्त करके परिव्राजक सामत के द्वारा भूमिदान का वर्णन मिलता है।

(४) बेतूल ताम्रपत्र[2]

यह ताम्रपत्र परिव्राजक महाराजा हस्तिन् के पुत्र सक्षोभ का प्रथम लेख है जिसकी तिथि गु० स० १९९ है। इससे प्रकट होता है कि गुप्तो का प्रभाव मध्यप्रदेश के दभाल त्रिपुरी विषय (जबलपुर[3]) तक फैला हुआ था।

(५) खोह ताम्रपत्र

सामत महाराजा सक्षोभ का यह दूसरा लेख है[4] जिसकी तिथि गु० स० २०९ है।

इसी खोह स्थान से और कई लेख उच्चकल्प महाराजाओ के मिलते हैं जिनकी तिथि गुप्त सवत् में मिलती है। ये सामन्त उच्चकल्प महाराजा परिव्राजक महाराजाओं के समकालीन थे।

(६) खोह ताम्रपत्र गु० स० १७७

यह ताम्रपत्र उच्चकल्प महाराजा जयन्त का है[5]।

(७) खोह ताम्रपत्र गु० स० १९३

(८) ,, , ,, ,, १९७

(९) ,, ,, ,, ,, २१४

ये लेख उच्चकल्प महाराज सर्वनाथ के हैं[6]। इन सब महाराजाओं के ताम्रपत्रो में भूमिदान का वर्णन मिलता है। यह सब दान सब प्रकार के कर से मुक्त रहता है। इन सब लेखो के अध्ययन से स्पष्ट प्रकट होता है कि मध्य प्रदेश मे गुप्तों के अधीनस्थ परिव्राजक व उच्चकल्प महाराजा ई० स० ५३४ तक शासन करते रहे। इन्होंने गुप्त सवत् का प्रयोग अपने राज्य काल मे किया जिससे उपर्युक्त कथन की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

---

१ का० इ० इ० भा० ३ न० २१, २२ व २३।

२. ए० इ० भा० ८ पृ० २८४।

३. डा० हीरालाल—इसक्रपशन्स फ्राम सी० पी० एंड बरार पृ० ७५।

४ का० इ० इ० भा० ३ न० २५।

५ वही २७।

६. वही २८, ३० व ३१।

७ वज्र

गुप्त साम्राज्य के अवनतिकाल में शासन करनेवालों में वज्र का नाम सबसे अन्तिम स्थान ग्रहण करता है। यह बुधगुप्त का प्रपौत्र था जिसने सम्भवतः भानुगुप्त (बालादित्य) के बाद शासन किया। ह्वेनसॉग के वर्णन से पता चलता है कि वज्र बालादित्य का पुत्र था। इसी में बुधगुप्त के वंश की समाप्ति होती है। वज्र ने किसके पश्चात् शासन का प्रबंध अपने हाथ में लिया तथा वह कब तक राज्य करता रहा, इस विषय में अभी तक कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। ह्वेनसॉग के वर्णन से ही कुछ बातें ज्ञात होती हैं। डा० रायचौधरी का अनुमान है कि मालवा के राजा यशोधर्मा ने अपनी लौहित्य की विजययात्रा में वज्र को मार डाला जिससे गुप्त नरेश बुधगुप्त के वंश का नाश हो गया[1]।

इस प्रकार छठी शताब्दी के मध्यभाग से गुप्त वंश का सूर्य शनैः शनैः अस्ताचल की ओर द्रुतगति से बढ़ने लगा। इनका राज्य संकुचित होने लगा तथा सामंत धीरे धीरे स्वतन्त्र होने लगे। इस अवनति-काल में पुरगुप्त के वंशजों ने बहुत थोड़े समय तक शासन किया। बुधगुप्त के वंश में प्रायः तीन नरेशों—बुधगुप्त, वैन्यगुप्त व बालादित्य—के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। अंतिम राजा वज्र के विषय में इसके नाम के अतिरिक्त अधिक कुछ ज्ञात नहीं है। ह्वेनसॉग के वर्णन से पता चलता है कि बुधगुप्त से लेकर वज्र तक सभी गुप्त राजाओं ने नालन्दा के बौद्ध महाविहार की वृद्धि की। अतएव इन सब की प्रवृत्ति बौद्ध धर्म की तरफ थी। वज्र के पश्चात् गुप्तों के बचे खुचे साम्राज्य का नामोनिशान तक न रहा। यों तो छोटे छोटे गुप्त राजा जहाँ तहाँ शताब्दियों तक शासन करते रहे।

---

१. रायचौधरी—पोलिटिक हिस्ट्री आफ एंशेंट इंडिया पृ० ४०३।

गुप्त-साम्राज्य की अवनति का कारण

चौथी तथा पाँचवी शताब्दियों मे गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त और द्वितीय चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के सतत परिश्रम तथा कार्यकुशलता के कारण गुप्त-साम्राज्य उन्नति की चरम सीमा पर पहुँच गया था। इस उत्कर्ष के युग मे गुप्तो की समता करनेवाला भारत मे अन्य कोई सम्राट् न था। स्कन्दगुप्त इस स्वर्णयुग का अतिम नरेश था, जिसका प्रखर प्रताप का सूर्य समस्त उत्तरी भारत पर चमक रहा था। विदेशी आततायी हूणो ने इसको निर्बल समझ कर गुप्त-साम्राज्य पर आक्रमण किया, परन्तु उनको स्कन्दगुप्त ने पूर्ण रीति से परास्त किया। स्कन्दगुप्त अपनी शक्ति के कारण हूण-प्रवाह को रोक सका तथा उसने हिन्दू-सस्कृति की रक्षा की। ई० स० ४६७ (स्कन्दगुप्त की मृत्यु-तिथि) के उपरान्त गुप्त साम्राज्य की अवनति प्रारम्भ हो गई। इस अवनति-काल मे भी बुधगुप्त व भानुगुप्त के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। परन्तु उनके समय में भी गुप्तो को वह गौरव नही प्राप्त था जो उत्कर्ष-काल मे सुलभ था।

पाँचवीं सदी के मध्य (ई० स० ४६७) मे गुप्तों के सुविस्तृत साम्राज्य की प्रभा क्षीण होने लगी। यहाँ तक कि गुप्त सम्राटों के वशज अपने साम्राज्य को खो बैठे।

अवनति के कारण

अतिम समय मे उनका राज्य मगध मे सीमित रह गया। ऐसे बलहीन तथा अकर्मण्य राजाओं का नाश स्वाभाविक ही है। गुप्त नरेशों का यही परिणाम हुआ। गुप्त-साम्राज्य की अवनति ही नहीं हुई परन्तु एक समय उसका अत हो गया। प्रत्येक व्यक्ति को जानने की यह उत्कठा होती है कि ऐसे विशाल साम्राज्य का अत किन कारणो से हुआ। अतएव इन कारणों पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है। गुप्त-साम्राज्य के अत के प्रायः मुख्य पाँच कारण बतलाये जाते हैं—

(१) बाह्य-आक्रमण, (२) आतरिक-दौर्बल्य, (३) पर-राष्ट्र नीति का त्याग, (४) प्राचीन सस्कृति का असरक्षण तथा (५) सामत और प्रतिनिधियो की स्वतन्त्रता। इन कारणो का पृथक् पृथक् विस्तारपूर्वक विचार करने का प्रयत्न किया जायगा। इनके अध्ययन से आगे का इतिहास समझने मे सरलता होगी।

राजनीति का यह साधारण सिद्धान्त है कि शत्रु किसी शासक पर उसी समय आक्रमण करता है जब उसे बलहीन देखता है। शक्तिशाली राज्य पर चढाई कर अपना ही

बाह्य आक्रमण

पराजय कौन मोल लेगा? इस नीति के अनुसार बाहरी शत्रुओं का आक्रमण उस राज्य की निर्बलता का सूचक है। ऊपर बतलाया गया है कि सर्व प्रथम ई० स० ४५५ के लगभग गुप्त-साम्राज्य के शत्रु हूणो

ने गुप्तों पर आक्रमण किया[1]। इससे पूर्व गुप्त-सम्राटो ने समस्त भारत पर अपनी विजय-दुन्दुभि बजाई थी। भारतवर्ष के बाहर के द्वीप-निवासियों ने गुप्तों से मित्रता की भीख माँगी थी। परन्तु उस वैभव तथा शक्ति सम्पन्न गुप्त-साम्राज्य पर शत्रुओं के आक्रमण होने लगे। यद्यपि पहली बार आक्रमण कर हूणो ने भूल की। वीर तथा प्रतापी स्कन्दगुप्त के सम्मुख उनको पराजित होना पड़ा। परन्तु विजयलक्ष्मी गुप्तो के हाथ में जाने पर भी सैन्यकला में निपुण हूणों ने साहस नहीं त्यागा। उन्होंने पुनः समयान्तर मे गुप्तो पर धावा किया। हूणो तथा गुप्तों के युद्ध और भारत पर हूणो के अधिकार का परिचय उनके लेखो तथा सिक्को से होता है। बुधगुप्त व हूण सरदार तोरमाण के लेखो से ज्ञात होता है कि ई० स० ४८५ के पश्चात् मध्यभारत मे हूणो का अधिकार स्थापित हो गया था[2]। ई० स० ५१० में गुप्त नरेश भानुगुप्त बालादित्य तथा हूणो के मध्य घोर युद्ध हुआ। गुप्तो की क्षीण दशा होने पर भी बालादित्य की विजय हुई परन्तु गुप्त सेनापति गोपराज मारा गया[3]। इन सब कथनों से यह ज्ञात होता है कि हूणो तथा गुप्तों में सर्वदा शत्रुता का बर्ताव बना रहा। परन्तु इसको सत्य मानने में तनिक भी सन्देह नही है कि हूणो की शक्ति शनैः-शनैः बढ़ती गई और उनके अधिकार की वृद्धि भी होती गई। पिछले अध्यायो मे हूणो का विस्तृत विवरण दिया गया है जिसकी पुनरावृत्ति करना उचित नही प्रतीत होता। यहाँ इतना ही समझ लेना आवश्यक है कि बाहरी शत्रुओं के आक्रमण ने गुप्तो की अवनति में हाथ बँटाया।

आन्तरिक दौर्बल्य

मनुष्य की शारीरिक शक्ति, हार्दिक बल तथा आचरण की निर्भीकता उसको उन्नति के पथ पर ले जाने मे सहायता करती है। वह मनुष्य इन गुणो के कारण प्रतापी तथा यश का भागी हो सकता है। गुप्त सम्राट् प्रथम ही से शूर-वीर थे तथा उनका प्रताप सर्वत्र व्याप्त था। सम्राट् समुद्रगुप्त तथा चन्द्रगुप्त द्वितीय के दिग्विजय के कारण समस्त भारत के शासको को उनका लोहा मानना पड़ा था। कुमारगुप्त के शासन के अंतिम समय मे राजकुमार स्कन्दगुप्त ने छोटी अवस्था में ही अपने बल का परिचय दिया था जिसकी शक्ति के सम्मुख पुष्यमित्रो तथा हूणो को पीठ दिखानी पड़ी थी। इन राजाओं के सिक्को पर अंकित चित्र आज भी उनकी वीरता के जीते जागते उदाहरण हैं। ऐसे वंश मे उत्पन्न होने पर भी स्कन्दगुप्त के उत्तराधिकारियो की अवस्था मे सर्वथा परिवर्तन दीख पड़ता है। उनमे वह वीरता न थी जो शत्रुओं के हृदय में आतंक पैदा कर दे। पिछले गुप्त-सम्राटो की शक्ति तो सदा के लिए विलुप्त हो गई। जिस धैर्य तथा साहस से स्कन्दगुप्त ने शत्रुओं का सामना किया था उसका अभाव ही पीछे दिखलाई पड़ता है। ह्वेनसॉग के वर्णन से ज्ञात होता है कि सातवी शताब्दी में यद्यपि हूणो के आक्रमण से देश जर्जर हो रहा था परन्तु स्कन्दगुप्त के उत्तराधिकारियो मे इतनी शक्ति नही थी कि वे इस अभाव की पूर्ति करते। इस

---

१. भितरी का लेख — का० इ० इ० भा० ३ न० १३।

२. एरण का लेख—वही नं० १६ व ३६।

३. वही न० २०।

निर्बलता का परिणाम वही हुआ जो साधारणतया देखने मे आता है। गुप्त नरेशो की शक्तिक्षीणता शत्रुओ पर अभिव्यक्त हो गई थी अतः उन लोगो ने बारम्बार आक्रमण करना आरम्भ कर दिया। गुप्त नरेशो की अवस्था ऐसी क्षीण होती गई कि वे पुनः उसका लाभ न कर सके। इस बढती हुई दुर्बलता से शत्रुओ ने लाभ उठाया। राजाओं की आतरिक निःसारता ने शत्रुओ के वाह्य आक्रमण का अवसर दिया जिसके कारण गुप्तो का अत निकट पहुँच गया।

पर-राष्ट्रनीति का त्याग

राजनैतिक क्षेत्र मे शासक का नीति मे निपुण होना अनिवार्य समझा जाता है। नीति के आचार्य चाणक्य ने बालकपन मे राजकुमारों को राजनीति-शिक्षा का एक परम आवश्यक अग बतलाया है। प्राचीन भारत मे राजाओ को गृह तथा पर-राष्ट्र नीति मे परिपक्व होना राज्य-सचालन के लिए अत्यन्त आवश्यक था। नीति-निपुण राजा के लिए बाहरी नीति का महत्त्व गृहनीति से अधिक रहता था। गुप्त सम्राटों ने इस नीति का समुचित रूप से पालन किया। सम्राट् समुद्रगुप्त ने अपने शासन-काल मे पर-राष्ट्रनीति का प्रयोग भिन्न-भिन्न प्रकार से किया था। दक्षिणापथ के राजाओ को विजय कर समुद्र ने उनको अपने साम्राज्य मे सम्मिलित नही किया परन्तु उन समस्त नरेशो को मुक्त कर दिया तथा उनके राज्य उन्हीं को सौंप दिये। कितने नष्ट राज्यो को उसने पुन. स्थापित किया। इस नीति के कारण समुद्रगुप्त का प्रभाव सुदूर देशो तक विस्तृत था। सिहल आदि द्वीपो तथा पश्चिम की विदेशी जातियो ने उससे मित्रता स्थापित की। इन सब कारणो से समस्त भारत के राजा उसके सहायक बन गये तथा उसकी छत्रछाया मे रहकर शासन करते रहे। द्वितीय चन्द्र-गुप्त ने भी पर-राष्ट्रनीति का पालन सुचारु रूप से किया। मालवा व सैराष्ट्र के शको को जीतकर उसने दक्षिण के राजाओ से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया। नाग, वाकाटक तथा कुतल नरेशो से सम्बन्ध स्थापित कर गुप्त-साम्राज्य को उसने सुरक्षित किया। इन सबका परिणाम यही हुआ कि गुप्तसाम्राज्य उन्नति के शिखर पर पहुँच गया। इनके उत्तराधिकारी कुमार तथा स्कन्दगुप्त ने अपने पूर्वपुरुषो की नीति का अवलम्बन किया। उस नीति पर चलते हुए इन लोगो ने पैतृक साम्राज्य की रक्षा की। परन्तु स्कन्दगुप्त के उत्तराधिकारियो मे इन सब गुणो का अभाव था। वे न तो पर्याप्त शक्तिशाली थे और न नीति मे कुशल। यदि बलहीन अवस्था मे भी नीति का सदुपयोग किया जाय तो राज्य सञ्चालन मे कुछ सरलता होती है परन्तु शक्ति तथा नीति दोनो के अभाव मे गुप्तो की शासन-प्रणाली बिलकुल सारहीन हो गई थी। यही कारण है कि बाहरी शत्रुओ के आक्रमण होने लगे, जिससे पैतृक राज्य की रक्षा करना कठिन हो गया। अपने पूर्वजो के सबंध को स्थायी रखना तो पृथक् रहा—पीछे के गुप्त राजाओ ने उनसे शत्रुता मोल ले ली। नरेन्द्रसेन वाकाटक द्वितीय चन्द्रगुप्त की पुत्री प्रभावती गुप्ता का पौत्र था। इसके तथा मालव-नरेश के साथ शत्रुता का व्यव-हार हो गया था। अन्य वाकाटक राजाओ ने मालवा पर विजय प्राप्त किया था जिसका शासक सम्भवतः गुप्त-वशज था। इस वर्णन से स्पष्टतया प्रकट होता है कि पीछे के गुप्तो ने अपने प्राचीन सम्बन्धियो तथा मित्रो से शत्रुता कर ली थी। इस विवरण से यही

मालूम होता है कि गुप्त-साम्राज्य के अंतिम समय को निकट बुलाने में हूण-राजाओ की अकर्मण्यता तथा नीति की अनभिज्ञता ने अधिक सहायता की।

भारतीय इतिहास मे गुप्त-साम्राज्य एक विशेष महत्त्व रखता है। इस साम्राज्य मे हिन्दू सस्कृति की उन्नति चरम सीमा को पहुँच गई थी। गुप्त सम्राटों ने प्राचीन वैदिक धर्म को पुनः जाग्रत किया था। आर्य सभ्यता के नष्ट करनेवाले विदेशी आततायी हूणो को पराजित कर द्वितीय चन्द्रगुप्त ने 'विक्रमादित्य' के प्राचीन विरुद को ग्रहण किया था। वैदिक मार्ग पर अश्वमेध यज्ञ करना प्रारम्भ किया। सम्राट् समुद्रगुप्त तथा कुमारगुप्त प्रथम के अश्वमेध नामक सिक्के उस यज्ञ के जीते-जागते उदाहरण हैं। इन्हीं सब कारणो से गुप्त काल भारत-इतिहास मे 'स्वर्णयुग' के नाम से प्रसिद्ध है। गुप्त सम्राटो की महान् विशेषता यह थी कि वे शुद्ध वैष्णवधर्मानुयायी थे। गुप्त-लेखो मे उनके लिए 'परम भागवत' की उपाधि मिलती है। वैष्णवधर्मावलम्बी होते हुए भी अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णुता का बर्ताव गुप्तो ने किया जिससे इन नरेशो की उदारचरित्रता का ज्ञान होता है।

हिंदू सस्कृति का असरक्षण

स्कन्दगुप्त की मृत्यु के पश्चात् भागवतधर्म राजधर्म न रह गया। भितरी-राजमुद्रा मे उल्लिखित वैष्णव उपाधि 'परम भागवत' के अनन्तर किसी भी लेख मे इस पदवी का प्रयोग नही मिलता। कुमारगुप्त द्वितीय के शासन के उपरान्त गुप्त नरेशों ने बौद्ध धर्म को अपनाया। यदि ह्वेनसॉग के वर्णन पर विचार किया जाय तो स्पष्ट प्रकट होता है कि शक्रादित्य से लेकर वज्र पर्य्यन्त समस्त नरेशो ने नालंदा महाविहार की वृद्धि की। जिस गुप्त वंश के सम्राट् परमभागवत की पदवी से विभूषित थे, उसी कुल मे उत्पन्न राजा छठी शताब्दी मे बुद्धधर्म के अनुयायी हुए। नालदा ऐसे विशाल बौद्ध महाविहार के सस्थापन का श्रेय इन्ही को है। भारत ऐसे धर्म प्रधान देश मे धर्म प्रवाह को रोकना एक महाकठिन कार्य है। जिस समय स्वयं शासक धर्म पर कुठाराघात करने लगता है तो प्रजा की भक्ति को खो बैठता है। राजभक्ति के नष्ट होने पर शासन की दुरवस्था मे प्रजा राजा का साथ प्रेम के साथ नहीं देती। ऐसी ही दशा पीछे के गुप्त राजाओ की हुई। बुधगुप्त के समय से बौद्धधर्म राजधर्म हो गया। इनकी निर्बलता के कारण विदेशी जातियो ने भारत पर आक्रमण किया जिससे हिन्दू सस्कृति की हानि हुई। गुप्तो का ऐसा कोई राजा न था जो आर्य सभ्यता को पुनर्जीवित करता। साम्राज्य के नष्ट हो जाने से प्रजा का सघ के प्रति प्रेम विलुप्त हो गया। राजभक्ति का नाम तक न रह गया। इन्ही सब कारणो से हिन्दू संस्कृति के नाश के साथ-साथ गुप्तो का भी अत हो गया।

गुप्तो की शासन-प्रणाली एक आदर्श मार्ग की थी। सारा साम्राज्य प्रातो (भुक्ति) तथा प्रात छोटे छोटे प्रदेश (विषय) मे बँटा हुआ था। गुप्त सम्राटो ने अपने समस्त विजित प्रदेशो पर प्रतिनिधि स्थापित किये थे। उन नियुक्त प्रतिनिधियो को उस प्रात के शासन में पर्याप्त मात्रा मे अधिकार भी दिया था। जूनागढ़ के लेख से प्रकट होता है कि स्कन्दगुप्त ने अपने प्रात सौराष्ट्र के शासक पर्णदत्त को राजधानी से दूर होने के

सामत तथा प्रतिनिधियो की स्वतंत्रता

कारण कुछ अधिक अधिकार दे दिया था। ऊपर बतलाया गया है कि गुप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त की मृत्यु के पश्चात् गुप्त शासको की निर्बलता का ज्ञान समस्त सामतो तथा प्रतिनिधियो पर व्यक्त हो गया था। इन राजाओ को बाहरी शत्रुओं से अपने राज्य की रक्षा करना कठिन हो गया था। सुदूर प्रातो के शासको का नियन्त्रण करना असम्भव ही था। ऐसी परिस्थिति मे गुप्त सामंतो ने इस अवसर से लाभ उठाया। वे शनैः शनैः स्वतन्त्रता की ओर अग्रसर होने लगे। मध्यप्रात के परिव्राजक व उच्चकल्प राजाओ के लेखो से स्पष्ट ज्ञात होता है कि वे गुप्त सत्ता को परित्याग करने लगे। उन्होने सामत की अवस्था मे होते हुए 'महाराजा' की पदवियाँ धारण की थी[1]। वैन्यगुप्त का सामत विजयसेन भी गुनैघर के ताम्रपत्र मे 'महाराज महासामन्त विजयसेन' कहा गया है[2]। इन कथनो से उपर्युक्त बात की पुष्टि होती है।

इस प्रकार जितने सामत तथा प्रतिनिधि थे सभी ने स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी तथा समयान्तर मे राजा बन बैठे। उन्होंने गुप्त साम्राज्य को दुर्बल बनाने तथा उसके अत करने का पूर्ण रीति से प्रयत्न करना प्रारम्भ कर दिया। ऐसी विकट स्थिति तथा गुप्तो के दुर्भाग्य के समय उत्तरी भरत मे अनेक स्वतन्त्र राज्य स्थापित हो गये। पश्चिम मे वलभी, मालवा, उत्तर मे थानेश्वर व कन्नौज तथा पूर्वी भारत मे गौड़ के शासक पूर्ण स्वतन्त्र बन बैठे। इन्ही शासको ने अपने राज्य-विस्तार की अभिलाषा से गुप्त राज्य पर गहरी चोट पहुँचाई, जिससे सर्वदा के लिए गुप्त साम्राज्य का अत हो गया।

जिस गुप्त साम्राज्य का प्रभाव समस्त भारत पर फैला था उसकी अवनति छठी शताब्दी के मध्य भाग में पूर्ण रूप से हो गई। इसके मुख्य कारणो का वर्णन ऊपर हो चुका है परन्तु इनके अतिरिक्त अन्य भी छोटे-छोटे कारण हैं जिन्होंने इस कार्य मे सहयोग दिया। गुप्तो में गृह-कलह तथा राजद्रोह के कारण भी भेद पैदा होने लगा। जो हो, परन्तु इन छोटे छोटे कारणो के पर्याप्त उदाहरण गुप्तो के समय मे नही मिलते। अतएव ऐतिहासिक प्रमाणो के अभाव मे उपर्युक्त पाँच कारण ही मुख्य थे जिससे भारतभूमि से उस 'स्वर्णयुग' का नाम ही शेष रह गया। सदा के लिए गुप्त साम्राज्य का अत हो गया।

(७) वसुबन्धु की जीवनी—ऐतिहासिक ग्रन्थो की श्रेणी मे परमार्थ कृत 'वसुबन्धु का जीवनवृत्त' भी रक्खा जा सकता है। वसुबन्धु बडा भारी बौद्ध विद्वान् था। इसके द्वारा अयोध्या के शासक गुप्त राजा विक्रमादित्य के बौद्ध धर्म की दीक्षा मे दीक्षित होने का वर्णन मिलता है। इस अयोध्या के राजा ने अपने गुरु के समीप अपने पुत्र को विद्योपार्जन के लिए भेजा था। विद्वानो मे अयोध्या के राजा विक्रमादित्य तथा उसके पुत्र बालादित्य का गुप्त राजाओ के साथ एकीकरण मे मतभेद है परन्तु यह निर्विवाद सिद्ध है कि अयोध्या के राजा गुप्त शासक थे।

(५) यात्रा-विवरण

भारतीय इतिहास के निर्माण मे विदेशियो के यात्रा विवरण का बहुत ही महत्त्व-पूर्ण स्थान है। गुप्त-काल के इतिहास-निर्माण मे भी विदेशियो के इन यात्रा विवरणो से हम अनेक अशो मे सहायता प्राप्त कर सकते है। इन विदेशी यात्रियो मे से एक ही यात्री ऐसा था जो गुप्तो के उत्कर्ष काल मे आया था। दो यात्री मागध गुप्तो (अवनति-काल मे) के समय मे आये तथा चौथा यात्री यवन-काल के प्रारम्भ मे आया था। इन सब यात्रियो के यात्रा-विवरणो से अनेक नई नई बातो का पता चलता है तथा शिलालेख और मुद्राशास्त्र के द्वारा निर्मित ऐतिहासिक तथ्यो की पर्याप्त मात्रा मे पुष्टि होती है।

(१) गुप्तो के उत्कर्ष काल मे सुप्रसिद्ध बौद्ध चीनी यात्री फाहियान ने समस्त भारत की यात्रा की थी जिसका महत्त्वपूर्ण विवरण हम लोगो को उसके लिखे ग्रन्थ से प्राप्त होता है। यद्यपि इस चीनी यात्री ने उस समय के गुप्त शासक का नामोल्लेख नहीं किया है परन्तु इसने अन्य समस्त भारतीय विषयो पर प्रकाश डाला है। इसकी निर्विघ्न यात्रा की पूर्ति से गुप्तकालीन शान्ति पथ, आदर्श न्याय तथा कठोर शासन का परिचय मिलता है। तत्कालीन मनुष्यो के रहन-सहन, भोजन-वस्त्र तथा धार्मिक भावो का वर्णन सुन्दर रीति से फाहियान ने किया है। मनुष्यो के आचार तथा परोपकार के कार्य भी अच्छी तरह से उल्लिखित हैं।

(२) फाहियान के बाद सातवी शताब्दी मे ह्वेन्साङ्ग नामक दूसरा बौद्ध चीनी यात्री आया था, उस समय कन्नौज मे हर्ष राज्य करता था जिसके समय मे इस यात्री ने सम्पूर्ण भारत का भ्रमण किया। यद्यपि ह्वेन्साङ्ग ने तत्कालीन परिस्थिति का ही वर्णन किया है परन्तु उसके विवरण से हर्ष के पूर्व के गुप्त राजाओ के विषय मे भी हमे पर्याप्त ज्ञान प्राप्त होता है। महाराज हर्षवर्धन के समकाल मे ही पिछले गुप्त नरेश यत्र तत्र राज्य कर रहे थे। इन लोगो के शासन का विवरण हमे इसी चीनी यात्री के यात्रा-विवरण से मिलता है। उस समय नालन्दा विश्वविद्यालय का बोलबाला था। उस ससार-प्रसिद्ध विश्वविद्यालय का निर्माण किन-किन गुप्त नरेशो के हाथ मे हुआ था, इन सब बातो का वर्णन भी हमे इसी अमूल्य यात्रा-विवरण से ज्ञात होता है। अतः गुप्त-साम्राज्य के इतिहास के पुनर्निर्माण मे इस चीनी यात्री के यात्रा-विवरण का कम महत्त्व नहीं है।

गुप्त-साम्राज्य के पश्चात् उत्तरी भारत की राजनैतिक अवस्था

छठी शताब्दी के मध्य भाग में गुप्त साम्राज्य छिन्न भिन्न हो गया। ऐसा कोई भी गुप्त शासक शक्तिशाली नहीं था जो समस्त प्रदेशों पर अपना अधिकार स्थिर रखता। उनकी निर्बलता के कारण गुप्त सामन्तों ने स्वतन्त्रता की ओर अग्रसर होना प्रारम्भ किया। इस प्रकार अनेक छोटे-छोटे राज्य स्थापित होने लगे जिन्होंने कालान्तर में विस्तृत रूप धारण कर लिया। 'गुप्त-साम्राज्य के उपरान्त स्वतन्त्र शासकों के विषय में ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है, अतएव उन राज्यों का संक्षेप में वर्णन करने का प्रयत्न किया जायगा।

सबसे प्रथम गुप्त साम्राज्य से सौराष्ट्र तथा मालवा पृथक् हो गये। यही गुप्तों का पश्चिमी प्रान्त था जहाँ उनके नियुक्त प्रतिनिधि शासन करते थे। सम्राट् स्कन्दगुप्त

वलभी

के समय में ई० स० ४५७ के लगभग पर्णदत्त सौराष्ट्र का शासक था। इस गुप्त नरेश की मृत्यु के पश्चात् गुप्तों का एक भी लेख या सिक्का पश्चिमी भारत में नहीं मिलता जिससे प्रकट होता है कि वहाँ (काठियावाड़ और मालवा) से गुप्तों का अधिकार पृथक् हो गया था। इस कारण यह स्पष्ट प्रकट होता है कि सौराष्ट्र पर किसी अन्य व्यक्ति का अधिकार था। ई० स० ४७५ के लगभग भट्टारक नामक व्यक्ति सेनापति के पद पर नियुक्त था[1]। भट्टारक मैत्रकों का सरदार था। वह केवल नाम के लिए सेनापति के पद पर था, परन्तु वह राजा के समान शासन करता था। वलभी उसका प्रधान नगर था। उसके पुत्र की भी उपाधि सेनापति की थी जिससे अनुमान किया जाता है कि वे गुप्त छत्रछाया में शासन करते थे। सर्वप्रथम मैत्रकों के तीसरे राजा द्रोणसिंह ने 'महाराजा' की पदवी धारण की जो पूर्ण स्वतन्त्रता की सूचना देता है। इसके उत्तराधिकारी तथा सेनापति भट्टारक के तीसरे पुत्र ध्रुवसेन प्रथम का एक लेख गु० स० २०६ (ई० स० ५२६) का मिला है जिसमें महाराजा पदवी का उल्लेख मिलता है[2]। ध्रुवसेन प्रथम का यह लेख बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि मैत्रकों का यह पहला तिथियुक्त लेख है। इससे महाराज पदवी की ऐतिहासिकता ज्ञात होती है। तिथि के आधार पर यह मालूम होता है कि ई० स० ५२६ के लगभग वलभी में मैत्रकों ने स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लिया था। महाराजा ध्रुवसेन प्रथम की चौथी पीढ़ी में ध्रुवसेन द्वितीय ने राज्य किया। यह कन्नौज के राजा

---

१. इ० हि० क्वा० भा० ४ पृ० ४६० ।

२. का० इ० इ० भा० ३ पृ० ७१. इ० ए० भा० ३ ।

हर्षवर्धन का समकालीन था। भड़ौच के ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि वहाँ के राजा दिद्दा द्वितीय ने (ई० स० ६२९-६४१) वलभी के राजा की रक्षा की जिसे कन्नौज के परमेश्वर हर्षदेव ने पराजित किया था[१]। सातवीं शताब्दी के चीनी यात्री ह्वेनसॉग ने इस घटना का वर्णन किया है। उसके कथनानुसार वलभी के राजा ध्रुवभट्ट (ध्रुवसेन द्वितीय) ने हर्ष से सन्धि की प्रार्थना की। सन्धि समाप्त होने पर हर्षवर्धन ने सम्बन्ध को स्थायी करने के लिए अपनी पुत्री का विवाह उस राजा के साथ कर दिया। ध्रुवसेन द्वितीय हर्षवर्धन के अधीन होकर शासन करता था। परन्तु उसका उत्तराधिकारी धरसेन चतुर्थ पूर्ण स्वतन्त्र था। उसने महान् उपाधि 'परम भट्टारक महाराजाधिराज चक्रवर्ती' धारण की थी। इसी के समान शिलादित्य तृतीय ने (ई० स० ६७०) 'परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर' की पदवी धारण की थी। इस महान् पदवी से प्रकट होता है कि वलभी के नरेशो का प्रभाव सुचारु रूप से विस्तृत था। मैत्रकों का राज्य बड़ौदा, सूरत तथा पश्चिमी मालवा तक विस्तृत था। मैत्रको का अन्तिम राजा शिलादित्य सप्तम था जिसका शासन ई० स० ७६६ के लगभग समाप्त हुआ[२]। इस विवरण से यही पता चलता है कि वलभी के मैत्रको का शासन छठी सदी के मध्यभाग से लेकर आठवी शताब्दी के अन्तिम भाग पर्य्यन्त था। इस तरह वे ढाई सौ वर्षो तक राज्य करते रहे।

मालवा

मालवा से यहाँ पश्चिमी मालवा से तात्पर्य है जिसका प्रधान नगर मंदसोर (प्राचीन दशपुर) था। मालवा प्रायः सौराष्ट्र के साथ ही गुप्तो के अधिकार से निकल गया। मालवा की राजधानी मदसोर मे गुप्तो का प्रतिनिधि रहता था। ई० स० ४३६ मे कुमारगुप्त प्रथम का प्रतिनिधि बन्धुवर्मा मदसोर मे शासन करता था[३]। पूर्वी मालवा को छोड़कर पश्चिमी मालवा मे अवनति-काल के गुप्त-नरेशों का एक भी लेख या सिक्का नही मिलता जिससे वहाँ गुप्तो का अधिकार ज्ञात हो। छठी सदी के प्रारम्भ मे समस्त मालवा पर हूणों का अधिकार था। ई० स० ५१० मे एरण (पूर्वी मालवा) के समीप गुप्तों व हूणो में युद्ध हुआ[४]। परन्तु इस युद्ध मे पराजित होने पर भी हूणो की सत्ता नष्ट न हो गई थी। इसी शताब्दी के मध्यभाग मे एक प्रतापी राजा का उदय हुआ। इस नरेश ने मालवा पर अधिकार कर लिया तथा अन्य देशो को भी विजय किया। मदसोर की प्रशस्ति मे प्रतापी मालव नरेश यशोधर्मा के विजय का वृत्तात वर्णित है[५]। हिमालय से पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट से लौहित्य (ब्रह्मपुत्र) तक समस्त प्रदेशो पर यशोधर्मा ने विजय प्राप्त किया। यद्यपि यह वर्णन कुछ अत्युक्तिपूर्ण ज्ञात होता है परन्तु यह सत्य है कि ई० स० ५३३

---

१ इ० ए० भा० १३।

२ इ० हि० का० भा० ४ पृ० ४६६।

३ का० इ० इ० भा० ३ न० १८।

४ वही २०।

५. वही ३३।

के लगभग यशोधर्मा ने हूणों के सरदार मिहिरकुल को परास्त किया। इसका प्रभाव अधिक समय तक स्थायी न रह सका परन्तु कुछ काल के बाद छिन्न-भिन्न हो गया। नगवा के ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि ई० स० ५४० में मालवा पर वलभी-राजा ध्रुवसेन द्वितीय का अधिकार था[1]। जो हो, परन्तु यह निश्चय है कि छठीं शताब्दी के मध्यभाग मे गुप्तो की अवनति के समय सर्वप्रथम मालवा गुप्त साम्राज्य से पृथक् हो गया था। यहाँ एक स्वतंत्र राज्य स्थापित हो गया था।

कन्नौज

बहुत प्राचीन काल से उत्तरी भारत में पाटलिपुत्र ही समस्त नगरो मे उच्च स्थान रखता था जिससे इसकी विशेष प्रधानता थी। ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से लेकर गुप्त साम्राज्य के अंत (ईसा की छठी सदी) तक समस्त सम्राटो की राजधानी पाटलिपुत्र ही थी। व्यापारिक दृष्टि से भी पाटलिपुत्र का स्थान महत्त्वपूर्ण था। परन्तु छठी शताब्दी मे पाटलिपुत्र का स्थान कन्नौज ने ग्रहण कर लिया। इसकी गणना प्रधान नगरो मे होने लगी। यही कारण है कि गुप्त साम्राज्य के नष्ट होने पर कन्नौज मे एक नये राज्य की स्थापना हुई जिसके शासक मौखरि नाम से पुकारे जाते हैं।

'इस वंश का नाम मौखरि क्यो पड़ा, इस विषय में विद्वानो में मतभेद है। इस वंश के लेखों के आधार से ज्ञात होता है कि आदिपुरुष का नाम मुखर था जिससे इस वंश का नाम मौखरि हुआ। मौखरियो का आदि-स्थान गया ज़िला (बिहार प्रांत) मे था। उस स्थान पर इनके लेख तथा मुद्रा भी मिलती हैं[2]। बराबर तथा नागार्जुनी गुहालेखो में इन राजाओ के लिए सामत शब्द का प्रयोग मिलता है। इस आधार से प्रकट होता है कि सामत शार्दूलवर्मन् तथा अनन्तवर्मन् गुप्त नरेशो के आश्रित थे। गया से प्रस्थान कर किस समय मौखरियो ने कन्नौज मे राज्य स्थापित किया, यह नही कहा जा सकता। गया के मौखरि तथा कन्नौज के मौखरि वंश मे किसी प्रकार का सम्बन्ध ज्ञात नही है परन्तु छठी शताब्दी के मध्यभाग मे कन्नौज मे एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना पाते है।

मौखरि वंश के सबसे पहले राजा का नाम हरिवर्मन् है जिसका उल्लेख मौखरि-लेखो मे मिलता है। यह वंश मगध मे शासन करनेवाले पिछले गुप्त नरेशो का समकालीन था। इस समकालीनता का ज्ञान हो जाने पर ऐतिहासिक बाते सरल हो जाती है। अतएव उससे परिचित होने के लिए उनकी समकालीनता यहाँ दिखलाई जाती है।

मागध गुप्त	मौखरि वंश
कृष्णगुप्त	हरिवर्मन्
हर्षगुप्त	आदित्यवर्मन्
जीवितगुप्त	ईश्वरवर्मन्
कुमारगुप्त	ईशानवर्मन्

---

१ ए० इ० भा० ८ पृ० १८८।

२ का० इ० इ० भा० ३ न० ४८,४९।

दामोदरगुप्त	सर्ववर्मन्
महासेनगुप्त	अवन्तिवर्मन्
माधवगुप्त	ग्रहवर्मन्

मौखरि वंश मे प्रथम तीन राजाओ की पदवी महाराजा थी जिस के कारण किसी न किसी रूप मे वे आश्रित ज्ञात होते है। कुछ लोगो का कहना है कि वे गुप्तो के अधीन थे। दूसरे मागध गुप्त नरेश ने अपनी बहन हर्षगुप्ता का विवाह आदित्यवर्मन् के साथ किया था। जो हो, परन्तु मौखरि शासक ईशानवर्मन् के समय से मौखरि वंश की उन्नति हुई। इसने आंध्र, शूलिकान् तथा गौड राजाओं को परास्त किया था। इसकी विजय वार्ता हरहा की प्रशस्ति मे उल्लिखित है। इस लेख की तिथि (वि० स० ६११) से प्रकट होता है कि ई० स० ५५४ के लगभग ईशानवर्मन् का प्रताप विस्तृत हो गया था। सबसे प्रथम इसी ने 'महाराजाधिराज' की पदवी धारण की जिससे मौखरियो की पूर्ण स्वतन्त्रता का परिचय मिलता है[1]। इसके पश्चात् सर्ववर्मन् मौखरि राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। इन दोनो राजाओं के साथ मागधगुप्तो ने घनघोर युद्ध किया था। कुमारगुप्त ने ईशानवर्मन् को परास्त किया था परन्तु सर्ववर्मन् मौखरि ने कुमारगुप्त के पुत्र दामोदरगुप्त को मार डाला। इस परम्परागत शत्रुता के कारण गुप्तो तथा मौखरियो मे युद्ध होते रहे। उसी समय थानेश्वर मे भी वर्धन नामक राजा शासन करते थे। प्रभाकरवर्धन की पुत्री राज्यश्री का विवाह मौखरियो के अंतिम राजा ग्रहवर्मन् के साथ हुआ था। गुप्तो से यह मित्रता का बर्ताव देखा न गया अतएव गुप्त नामधारी देवगुप्त राजकुमार ने गौड राजा शशांक की सहायता से ग्रहवर्मन् की हत्या कर दी। इस तरह मौखरि वंश का नाश हो गया।

छठी शताब्दी मे गंगा की घाटी मे मौखरियो के समान कोई शक्तिशाली नरेश न था। गया[2], आसीरगढ[3] (मध्यप्रदेश), जौनपुर[4], हरहा[5] (बाराबंकी, संयुक्त प्रांत) के लेखो तथा सिक्को[6] से ज्ञात होता है कि मौखरियों का राज्य बिहार, संयुक्त-प्रांत तथा मध्यप्रदेश तक विस्तृत था। कन्नौज का अंतिम मौखरि शासक ग्रहवर्मा ही था। इस प्रकार हरिवर्मन् से लेकर ग्रहवर्मन् तक सात राजाओं ने कन्नौज मे शासन किया। मौखरियो के संक्षिप्त विवरण से यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि छठी शताब्दी मे गुप्त साम्राज्य का अंत होने पर उत्तरी भारत मे इनकी कीर्ति फैली। गुप्तों के आश्रित सामंत उनकी दुर्बलता के कारण स्वतंत्र शासक बन बैठे तथा उन्होने महाराजाधिराज की पदवी धारण की। गुप्त शासन से पृथक् होनेवाला यह तीसरा राज्य था।

---

१. हरहा की प्रशस्ति — ए० इ० भा० १४ पृ० ११५।

२ का० इ० इ० भा० ३ न० ४८, ४६।

३, वही ४७।

४ ,, ५१।

५ ए० इ० भा० १४ पृ० ११५।

६. जे० ए० एस० बी० १६०६ पृ० ८४५।

कन्नौज राज्य के साथ साथ उत्तरी भारत में वर्धन नामक एक शासक वंश का उदय हुआ जिनका प्रधान स्थान देहली के समीप थानेश्वर मे स्थापित हुआ था। पहले तो वर्धन नरेश एक सीमित राज्य पर शासन करते थे परन्तु कालान्तर मे यह वर्धन साम्राज्य के रूप मे परिणत हो गया। इनके पूर्वपुरुष का नाम पुष्पभूति था जिसका उल्लेख हर्षचरित मे मिलता है। वर्धन लेख के आधार पर सर्वप्रथम राजा का नाम नरवर्धन था[1]। इनके दो उत्तराधिकारी ऐसे थे जिनकी उपाधि महाराजा थी। वर्धन के तीसरे राजा आदित्यवर्धन का विवाह मागध गुप्तो की वंशजा महासेन गुप्ता के साथ हुआ था। आदित्यवर्धन का पुत्र प्रभाकरवर्धन बहुत ही शक्तिशाली नरेश था। इसने दक्षिण तथा पश्चिम के अनेक राज्यो को विजय किया था जिसका वर्णन बाणकृत हर्षचरित मे मिलता है[2]। लेखो तथा हर्षचरित के आधार पर ज्ञात होता है कि प्रभाकरवर्धन ने 'परमभट्टारक महाराजाधिराज' की पदवी धारण की थी। इस महान् उपाधि तथा विजय-वर्णन से पता चलता है कि प्रभाकर ने छठी शताब्दी के अंतिम भाग मे पूर्ण स्वतंत्रता की घोषणा कर दी थी। संयुक्त प्रांत मे फ़ैज़ाबाद ज़िले मे भिटौरा नामक स्थान से सिक्को की एक निधि मिली है[3]। इसमें कुछ सिक्के प्रभाकरवर्धन (प्रतापशील) के भी हैं। इन सिक्को के आधार पर यह कहा जा सकता है कि प्रभाकर पूर्ण स्वतंत्र शासक था। बाण के वर्णन से ज्ञात होता है कि इस नरेश ने अपनी पुत्री राज्यश्री का विवाह कन्नौज के अंतिम मौखरि राजा ग्रहवर्मा के साथ किया था[4]।

थानेश्वर

इसकी मृत्यु के पश्चात् इसका ज्येष्ठ पुत्र राज्यवर्धन द्वितीय राज्य का उत्तराधिकारी था। परन्तु प्रभाकर की मृत्यु और बाहरी शत्रुओ के आक्रमण के समय मालवा के राजा देवगुप्त ने शशांक के साथ प्रभाकर के जामाता ग्रहवर्मा को मार डाला। इन मौखरि वंश के शत्रुओ ने राज्यश्री को कारागार मे बन्द कर दिया। इस विपत्ति का संवाद सुनकर राज्यवर्धन अपनी बहन के सहायतार्थ कन्नौज आया, परन्तु उन शत्रुओ ने उसे भी मार डाला। जेठे भ्राता की मृत्यु के पश्चात् हर्षवर्धन थानेश्वर का उत्तराधिकारी हुआ। अपनी बहन राज्यश्री के कहने पर मौखरि राज्य भी थानेश्वर राज्य मे सम्मिलित कर लिया गया। अतएव इस विस्तृत राज्य के सुप्रबंध के लिए हर्ष ने कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया तथा वही राजसिंहासन को सुशोभित किया।

सिंहासनारूढ होने के पश्चात् हर्षवर्धन ने समस्त उत्तरी भारत के राजाओ को पराजित किया। इसने पश्चिम में वलभी के नरेश ध्रुवसेन द्वितीय को परास्त किया[5]।

१. बॉसखेड़ा ताम्रपत्र—ए० इ० भा० ४ पृ० २०८।

२ हूणहरिणकेसरीसिन्धुराजज्वरो गुर्जरप्रजागरो गान्धाराधिपगन्धद्विपकूटपाकलो लाटपाटवपाटच्चरो मालवलक्ष्मीलतापरशुः प्रतापशील इति प्रथितापरनामा प्रभाकरवर्धनो नाम राजाधिराजः।

—हर्षचरित, उच्छ्‌वास ४।

३. जे० ए० एस० बी० १९०६ पृ० ८४५।

४. हर्षचरित उच्छ्‌वास ४।

५. ए० इ० भा० १२—भरौच का ताम्रपत्र।

ह्वेनसॉग के कथन से ज्ञात होता है कि वलभी नरेश ने सधि कर ली। हर्षदेव ने इस मित्रता को सुदृढ करने के लिए अपनी पुत्री का विवाह ध्रुवसेन द्वितीय से किया। पूर्वीय भारत मे हर्षवर्धन ने अपने शत्रु गौड़ राजा शशाक पर भी विजय प्राप्त किया। सातवीं सदी के चीनी यात्री ह्वेनसॉग ने हर्षवर्धन को एक विस्तृत राज्य का शासक पाया। उसने हर्ष की भूरि-भूरि प्रशसा की है। इसके प्रताप के कारण कामरूप के राजा भास्करवर्मन् ने उससे मित्रता स्थापित की। इसके आश्रित वलभी में मैत्रक और मगध में गुप्त-नरेश शासन करते थे। इस प्रकार उत्तरी भारत मे एक साम्राज्य स्थापित कर हर्षवर्धन ने ई० स० ६०६-६४८ तक शासन किया। इस वर्णन से प्रकट होता है कि गुप्तों की अवनति होने के कारण एक छोटे राजा ने उत्तरी भारत मे एक साम्राज्य के रूप मे अपने शासन का विस्तार कर लिया।

गौड

चौथी शताब्दी से गुप्त सम्राटों का शासन बगाल पर निरतर चला आया था। सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग की प्रशस्ति मे समतट तथा डवाक का नाम प्रत्यन्त नृपतियो की नामावली मे मिलता है। वे सब समुद्रगुप्त का लोहा मान गये थे तथा सब प्रकार कर देना व उसकी छत्रछाया मे शासन करना समस्त नरेशो ने स्वीकार किया था। दामोदरपुर के ताम्रपत्रों से ज्ञात होता है कि गु० स० २२४ तक उत्तरी बगाल गुप्तो के अधिकार में था[1]। गुणैधर के लेख से प्रकट होता है कि पूर्वी बंगाल भी गुप्त प्रतिनिधियों द्वारा शासित होता था[2]। तात्पर्य यह है कि ईसा की छठी सदी के मध्यभाग तक गुप्त शासन बगाल तक विस्तृत था।

छठी शताब्दी के उत्तरार्द्ध भाग में बगाल की राजनैतिक परिस्थिति मे अकस्मात् परिवर्तन दीख पड़ता है। गुप्त साम्राज्य का अत होने पर गौड़ मे एक नये राज्य का उदय हुआ। ईशानवर्मा मौखरि के हरहा के लेख से पता चलता है कि ई० स० ५५४ मे इस कन्नौज के महाराजाधिराज ने 'गौडान् समुद्राश्रयान्' को परास्त किया था[3]। अतएव उस समय गगा की नीचे की घाटी में गौड़ राज्य की स्थापना की सूचना मिलती है।

गौड़ देश की स्थिति बहुत प्राचीन काल से ज्ञात है। अर्थशास्त्र तथा पुराणों मे इसका नाम मिलता है। छठी सदी मे वराहमिहिर ने गौड़ देश को पूर्वी भारत में स्थित बतलाया है। छठी शताब्दी के मध्यभाग मे गुप्त साम्राज्य के नष्ट हो जाने पर गौड़ मे शशाक ने एक राज्य स्थापित किया। शशाक के वश के विषय मे ऐतिहासिको मे मतभेद है। शशाक के सिक्को के समान एक सिक्के पर नरेन्द्रगुप्त लिखा मिलता है[4]। राखालदास बैनर्जी का मत है कि नरेन्द्रगुप्त शशाक का दूसरा नाम था। इसी आधार पर उसे गुप्त वशज मानते हैं।

---

१. ए० इ० भा० १५।

२. इ० हि० क्वा० भा० ६ पृ० ४५।

३. ए० इ० भा० १४ पृ० ११५।

४. वही १८ पृ० ७४

राज्य स्थापित करने पर भी पहले शशाक किसी राजा के आश्रित होकर शासन करता था। रोहतासगढ़ के लेख मे श्रीमहासामंत शशाकदेवस्य लिखा मिलता है[1]। अतएव सामत की पदवी से उसकी अधीनता की सूचना मिलती है। परन्तु यह अवस्था अधिक समय तक न रह सकी-और वह स्वतत्र राजा बन बैठा। गजाम ताम्रपत्र (गु० स० ३००) में शशाक के लिए 'महाराजाधिराज' की उपाधि का उल्लेख मिलता है[2]। अतएव यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि ई० स० ६१९ के लगभग शशांक स्वतत्र रूप से गौड़ राज्य का अधिपति था। शशाक ने कर्णसुवर्ण को अपनी राजधानी बनाया। सातवीं शताब्दी के प्रारम्भ मे इसका प्रताप बहुत फैला था। इसी कारण मालवा के राजा देवगुप्त ने इससे मित्रता स्थापित की। शशाक ने कन्नौज पर आक्रमण कर मौखरि वंश के अतिम राजा ग्रहवर्मन् को मार डाला तथा उसके सहायतार्थ आये हुए थानेश्वर के राज्यवर्धन द्वितीय की हत्या की[3]। इससे भयभीत होकर आसाम के राजा भास्करवर्मन् ने हर्ष-वर्धन से मित्रता स्थापित की थी। इस वर्णन से पता चलता है कि शशाक का प्रताप सुदूर देशो तक विस्तृत हो गया था। कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने राजसिहासन पर बैठने के पश्चात् अपने शत्रु पर चढ़ाई की। चीनी यात्री ह्वेनसॉग के कथन से मालूम होता है कि हर्षवर्धन ने अपने शत्रु के राज्य पर अधिकार कर लिया था। इस आधार पर यह ज्ञात होता है कि हर्षवर्धन ने सम्भवतः गौड़ राज्य के प्रताप को नष्ट किया। परन्तु यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि शशाक के साथ हर्ष की मुठभेड़ हुई या नहीं। शशाक के पश्चात् कोई भी बलशाली राजा न हुआ जिसका नाम उल्लेखनीय हो। सम्भवतः गौड़ राज्य का उदय तथा नाश शशाक के ही जीवन-काल मे हो गया। जो हो, परन्तु सातवीं सदी के मध्यभाग तक गौड़ राज्य उन्नति की अवस्था मे रहा।

कामरूप

कामरूप या प्राग्ज्योतिष भारत के पूर्व उत्तर कोने मे स्थित आसाम प्रात का प्राचीन नाम था। महाभारत तथा विष्णुपुराण में भी इसका नाम मिलता है। कालिदास के वर्णन से भी पता चलता है कि रघु का दिग्विजय कामरूप पर फैला था[4]। लेखों में सबसे प्रथम समुद्रगुप्त की प्रयाग की प्रशस्ति मे कामरूप का नाम मिलता है। इसकी गणना प्रत्यन्त नृपतिगण की नामावली मे की गई है। पुराणों मे भगदत्त नाम के प्राचीन राजा का वर्णन मिलता है। इसके पश्चात् अनेक पौराणिक राजा हुए परन्तु ईसा की छठी शताब्दी से कामरूप का ऐतिहासिक विवरण मिलता है। सिलहट के निधानपुर ताम्रपत्र में कामरूप के शासकों की वशावली दी गई है[5]। सबसे पहले ऐतिहासिक राजा का नाम पुण्यवर्मन् था। इसके दो उत्तराधिकारियो—समुद्रवर्मन् तथा बलवर्मन्—ने क्रमशः राज्य किया।

१. बसाक - हिस्ट्री आफ़ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० १४१।

२. 'गौप्ताब्दे वर्षशतत्रये वर्तमाने महाराजाधिराज श्री शशांक राजे शासति'
—ए० इ० भा० ६ पृ० १४४।

३. बाणकृत—हर्षचरित, उच्छ्वास ६।

४. रघुवश ४, ८१।

५. ए० इ० भा० १२ पृ० ७३।

तिथि की गणना से यह ज्ञात होता है कि इन तीनों ने चौथी सदी में शासन किया। पाँचवों तथा छठी शताब्दियों में कुल आठ राजाओं ने शासन किया। इसके अंतिम राजा का नाम सुस्थिवर्मन् था जिसके साथ गुप्तों का सम्बन्ध था।

गुप्त सम्राटों का प्रताप प्रायः समस्त भारत पर था तथा उत्तरी भारत पर उनके साम्राज्य का विस्तार था। पूर्वी भारत में पुण्ड्रवर्द्धन भुक्ति (उत्तरी बंगाल) में गुप्तों का प्रतिनिधि रहता था। परन्तु कामरूप के विषय में निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। समुद्रगुप्त ने प्रत्यन्त नृपतियों के राज्य को अपने साम्राज्य में सम्मिलित न किया परन्तु कर लेने और आज्ञा मानने के बन्धन को स्वीकार कर लेने पर उन्हें मुक्त कर दिया। वे नरेश गुप्तों की छत्रछाया में राज्य करते रहे। कामरूप में गुप्तों का कोई लेख या सिक्का नहीं मिलता। इससे अनुमान किया जाता है कि गुप्त नरेशों ने समुद्रगुप्त की नीति का ही अनुसरण किया। अतएव गुप्त साम्राज्य के नष्ट होने पर कामरूप में राज्य स्थापित करने या स्वतन्त्रता की घोषणा करने का प्रश्न ही नहीं उठ सकता। कामरूप में चौथी शताब्दी से शासकगण राज्य करते रहे। इतना हो सकता है कि गुप्तों को निर्बल पाकर कामरूप के राजा ने गुप्त नरेशों के 'आज्ञाकरण प्रणाम' के बन्धन को भी त्याग दिया हो।

इन कामरूप के राजाओं के विषय में कोई उल्लेखनीय वार्ता नहीं है। छठी शताब्दी के अन्तिम राजा सुस्थिवर्मन् का नाम मागध गुप्तों के अफसाद के लेख में मिलता है। उसके वर्णन से ज्ञात होता है कि महासेनगुप्त ने सुस्थिवर्मन् पर विजय प्राप्त किया था। निधानपुर के ताम्रपत्र में शासक का नाम भास्करवर्मन् मिलता है जिसने सुस्थिवर्मन् के बाद कामरूप के राजसिंहासन को सुशोभित किया। यही भास्करवर्मन् कन्नौज के राजा हर्षवर्धन का मित्र था जिसने सम्भवतः गौडाधिपति शशाङ्क को जीतने में उसकी सहायता की थी[1]। निधानपुर के ताम्रपत्र में वर्णन मिलता है कि भास्करवर्मन् ने गौड राज्य की राजधानी कर्णसुवर्ण पर भी अधिकार कर लिया था। भास्करवर्मन् का यह अधिकार ई० स० ६२५ के बाद ही हुआ होगा जिस समय सम्भवतः शशाङ्क की मृत्यु हो गई थी[2]।

भास्करवर्मन् के पश्चात् शालस्तम्भ तथा प्रालम्ब आदि के वंशजों ने दसवीं शताब्दी तक शासन किया।

छठी शताब्दी के मध्य में इन उपर्युक्त राज्यों के साथ मगध में भी एक राज्य की स्थापना हुई जिसका राजा गुप्त नामधारी था। इन गुप्तों को, मगध का शासक होने के कारण, मागध गुप्त के नाम से पुकारा जाता है। मागध गुप्तों का पूर्व के गुप्त सम्राट् वंश से क्या सम्बन्ध था, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। परन्तु गुप्त साम्राज्य के नष्ट होने पर उत्तरी भारत के अन्य नरेशों की तरह इन गुप्तों ने भी मगध में एक स्वतंत्र राज्य स्थापित किया। इस मागध गुप्त वंश का वर्णन आगे सविस्तर दिया जायगा, परन्तु इस स्थान पर यह जान लेना आवश्यक है कि

मगध

१. राखालदास बैनर्जी—बाँगलार इतिहास भा० १ पृ० १०८।

२. बसाक — हिस्ट्री आफ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० २२६।

वलभी, थानेश्वर, मौखरि तथा गौड आदि नरेशो के समान गुप्त राजाओ ने भी गुप्त-साम्राज्य के अत मे, मगध देश मे अपना राज्य स्थापित किया।

गुप्त-साम्राज्य के अत मे जिन जिन स्थानों पर स्वतत्र राज्य स्थापित हुए उन मुख्य राजवशो का वर्णन हो चुका; परन्तु उत्तरी भारत मे कुछ अन्य शासक भी राज्य करते थे जिनका न तो कोई घनिष्ठ सम्बन्ध था और न मुख्य स्थान फिर भी उनका वर्णन करना समुचित प्रतीत होता है। उस समय भारत की उत्तर दिशा में नेपाल मे क्षत्रिय राजा शासन करते थे। नेपाल के इतिहास के अध्ययन मे नेपाल-वंशावली तथा सिलवन लेवी व भगवान्लाल इन्द्रजी सम्पादित लेखो से सहायता मिलती है। नेपाल मे दो वश के राजा शासन करते थे। ईसा की पहली शताब्दी से लेकर छठी शताब्दी तक लिच्छवि वशो के राजा शासन करते थे। इनमे से अधिकतर नरेशो ने अपने लेखो मे विक्रम संवत् का प्रयोग किया है। परन्तु कुछ राजाओं ने गुप्त सवत् का ही प्रयोग किया है। इससे ज्ञात होता है कि गुप्त सम्राटों का प्रभाव नेपाल तक फैला था। सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इसने प्रत्यन्त नेपाल राजा को भी कर देने तथा आज्ञा मानने के लिए बाधित किया। यही कारण है कि गुप्त सवत् का प्रयोग नेपाल-लेखों मे पाया जाता है। ये लिच्छवि वशज नरेश मानगृह नामक स्थान से शासन करते थे। उनकी पदवी 'भट्टारक महाराजा' थी।

अन्य राजागण

इन्ही लिच्छवि वश के महाराजों के आश्रित होकर कैलासकूट भवन स्थान से ठाकुरी वशज नरेश राज्य करते थे। इस कारण उनकी उपाधि महासामत की थी। इस वंश का सर्वप्रथम राजा अंशुवर्मन् था जो सातवी सदी के कन्नौज के राजा हर्षवर्धन का समकालीन था। ठाकुरी वश के राजाओ ने हर्षवर्धन के प्रभाव या आक्रमण के कारण हर्ष सवत् का प्रयोग प्रारम्भ किया। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के अतिरिक्त किसी गुप्त नरेश ने नेपाल पर आक्रमण नही किया था। सम्भव है कि बहुत समय तक नेपाल-नरेश गुप्तो के अधीन हो तथा कर भी देते हों, परन्तु इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता। नेपाल मे प्रथम शताब्दी से लेकर सातवीं सदी तक राजा शासन करते रहे। इस राज्य-स्थापना का कुछ भी सम्बन्ध गुप्त साम्राज्य के नाश से न था, परन्तु इस देश मे एक बहुत प्राचीन क्षत्रिय वश-शासन करता था। नेपाल का सक्षिप्त ऐतिहासिक विवरण देने का तात्पर्य यही है कि गुप्तो के अत के बाद प्रत्येक व्यक्ति उत्तरी भारत की राजनैतिक अवस्था से परिचित हो जाय।

यह ऊपर कहा जा चुका है कि उत्तरी बगाल मे पुण्ड्रवर्धन भुक्ति से गुप्त प्रतिनिधि शासन-प्रबध करता था। यह उपरिकर महाराज बगाल के अनेक विषयों पर शासन करता था। उत्तरी बगाल में स्थित दामोदरपुर के अतिरिक्त पूर्वी बंगाल से भी लेख प्राप्त हुए हैं। पूर्वी बगाल के टिपरा जिले मे स्थित गुणैघर से गु० स० १८८ का एक लेख मिला है जिससे प्रकट होता है कि ई० स० ५०८ मे महाराजा महासामंत विजयसेन गुप्त नरेश वैन्यगुप्त के आश्रित होकर शासन करता था[1]।

1. इ० हि० का० भा० ६, १९३० पृ० ४५—६०।

परन्तु गुप्त शासन का अत होने पर पूर्वी बगाल में भी एक छोटा सा राज्य स्थापित हो गया था। फरीदपुर के ताम्रपत्रों से ज्ञात होता है कि धर्मादित्य नामक राजा पूर्वी बगाल में शासन करता था। इसका उत्तराधिकारी गोपचन्द्र था। गोपचन्द्र के पश्चात् समाचार-देव शासक हुआ। ये राजा स्वतत्र थे जो उनकी उपाधि 'महाराजाधिराज भट्टारक' से प्रकट होता है[1]। विद्वानों मे मतभेद है कि पूर्वी बगाल के ये शासक पूर्ण स्वतत्र थे या नहीं। परन्तु उस प्रदेश में उनके शासन मे तनिक भी सदेह नहीं है। उसी प्रात में उनके सिक्के भी मिलते हैं जिससे उनके शासन की पुष्टि होती है। समाचारदेव के उत्तराधिकारियों के विषय मे कुछ ज्ञात नहीं है परन्तु भट्टशाली महोदय का मत है कि गौडाधिपति शशाक ही उसके बाद पूर्वी बगाल का शासक हुआ। शशाक के पश्चात् कन्नौज के शासक हर्षदेव ने अपना अधिकार कर लिया। हर्षदेव की मृत्यु के पश्चात् खड्ग वश के राजा सातवी शताब्दी तक शासन करते रहे[2] जिनका अत कन्नौज के राजा यशोवर्मा के हाथों हुआ।

गुप्त-साम्राज्य के नष्ट होने के पश्चात् छठी शताब्दी के मध्य से सातवीं सदी तक इन्हीं उपर्युक्त स्वतत्र राज्यो का उदय तथा ह्रास उत्तरी भारत में होता रहा। किसी सम्राट् की अनुपस्थिति मे समस्त शासक आपस में राज्य विस्तार की लिप्सा से युद्ध करते रहे। इनमे कन्नौज के महाराजाधिराज हर्षवर्धन का नाम विशेषतया उल्लेखनीय है। इसने अपने बाहुबल से थोड़े समय के लिए एक साम्राज्य स्थापित कर लिया था तथा समस्त उत्तरी भारत के नरेशों को उसका लोहा मानना पड़ा था। अन्य राज्यो में मागध गुप्त ही ऐसे शासक थे जिनका राज्य-विस्तार पर्याप्त मात्रा मे हुआ तथा दो सौ वर्षों तक उनके वशज राज्य करते रहे। इन्ही मागध गुप्तों का वर्णन अगले अध्याय में किया जायगा।

---

१. ए० इ० भा० १८ न० ११ पृ० ८४।

२. अशरफपुर का प्लेट—मेमायर ए० एस० बी० भा० १ पृ० ८५-९१।

(३) उसी शताब्दी मे इत्सिङ्ग नामक चीनी यात्री भी भारत-भ्रमण करने के लिए आया था। वह उस समय मे यात्रा करते हुए तत्कालीन परिस्थिति से अवश्य परिचित होगा। अतः उसके विवरण से जो कुछ आवश्यक ऐतिहासिक सामग्री हमको उपलब्ध होती है वह विश्वसनीय है। उसने गुप्त वंश के राजा चेलिकेतो के मृग-शिखावन में निर्मित मन्दिर का उल्लेख किया है। ऐतिहासिक चेलिकेतो की गुप्तवश के आदि पुरुष 'गुप्त' से समता बतलाते हैं।

(४) दशवीं शताब्दी मे एलबेरुनी नामक एक मुसलमान यात्री भारत भ्रमण के लिए आया था। यह सस्कृत का प्रकाण्ड पण्डित था तथा ज्योतिष और गणित शास्त्र का अद्वितीय विद्वान् था। भारत मे भ्रमण कर इसने भी अपनी यात्रा का सविस्तर विवरण लिखा है।

यद्यपि इसके यात्रा-विवरण मे गुप्तकालीन राजाओ के शासन आदि का वर्णन नही है परन्तु अन्य भारतीय वस्तुओ का वर्णन करते हुए इसने गुप्तकालीन यत्किञ्चित् विवरणो का उल्लेख कर ही दिया है। इसने अपने विवरण मे गुप्तसवत् का उल्लेख किया है अत: गुप्त सवत् की प्राचीनता तथा यह संवत् किस वर्ष से चला, इस विषय मे इसके वर्णन से प्रचुर प्रकाश पड़ता है। अतएव एलबेरुनी का विवरण भी हमारे लिए कुछ कम महत्त्व का नहीं है।

गुप्त-साम्राज्य के निर्माण में जिन जिन ऐतिहासिक सामग्रियो की उपलब्धि हुई है उनका संक्षेप मे वर्णन ऊपर किया जा चुका है। ये ऐतिहासिक विवरण आपस मे एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं। जो बात हमे शिलालेखो से मालूम होती है उसकी सम्यक् पुष्टि इन चीनी यात्रियो के यात्रा-विवरण से होती है। एक सिक्के की उपलब्धि से हम जिस नतीजे पर पहुँचते, ठीक उसी परिणाम को हम तत्कालीन शिलालेख के अध्ययन से प्राप्त करते हैं। शिलालेखो के वर्णन तथा चीनी यात्रियो के विवरण मे विचित्र समानता पाई जाती है। दोनो एक दूसरे का आपस मे समर्थन करते हैं। कही भी किसी वर्णन मे असम्बद्धता का नाम निशान भी नही है। अतः ऊपर जिन ऐतिहासिक सामग्रियो का वर्णन किया है वे अत्यन्त ही उपयोगी और आवश्यक हैं। इन्ही ऐतिहासिक सामग्रियो के आधार पर अगले परिच्छेदो मे गुप्त-साम्राज्य के विशुद्ध इतिहास के निर्माण का सुन्दर आयोजन किया जायेगा।

मागध गुप्त-काल

छठी शताब्दी के मध्यभाग में गुप्त-साम्राज्य छिन्न-भिन्न हो गया तथा अनेक स्वतन्त्र राजा उत्तरी भारत में शासन करने लगे। यद्यपि राजनैतिक क्षेत्र में गुप्त-साम्राज्य की कोई स्थिति न थी परन्तु गुप्त नामधारी राजा उत्तरी भारत मे शताब्दियो तक शासन करते रहे। ये गुप्त राजा किस वंश के थे तथा पूर्व गुप्त सम्राटो से इनका क्या सम्बन्ध था, इसके विषय मे ऐतिहासिक प्रमाण नही मिलते। सम्भव है कि ये गुप्त राजा पूर्व गुप्तो की वश-परम्परा मे हों। ये गुप्त राजा गुप्त-सम्राटो की तुलना मे बहुत ही छोटे शासक थे। इनका राज्य मगध के समीपवर्ती प्रदेशो पर सीमित था, अतएव इनको 'मागध-गुप्त' कहा जाता है। पूर्व गुप्तो से इनकी भिन्नता दर्शाने के लिए अँगरेज़ी मे इन्हें Later Guptas (पिछले गुप्त नरेश) कहा जाता है।

मागध गुप्त वश के राज्यस्थान तथा शासन-काल का निर्धारण करने से पूर्व इस वश के राजाओ के विषय मे कुछ जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। मागध गुप्त वंश में कुल ११ नरेश हुए जिन्होने प्रायः दो शताब्दियो तक राज्य किया।

राज वंश

(१) कृष्णगुप्त, (२) हर्षगुप्त, (३) जीवितगुप्त प्रथम, (४) कुमारगुप्त, (५) दामोदरगुप्त, (६) महासेनगुप्त, (७) माधवगुप्त, (८) आदित्यसेन, (९) देवगुप्त द्वितीय, (१०) विष्णुगुप्त, (११) जीवितगुप्त द्वितीय।

इस वंश मे बिना किसी विघ्न-बाधा के पिता के पश्चात् उसका पुत्र राजसिंहासन पर बैठता गया। मागध गुप्तों का वंशवृत्त दो लेखो के आधार पर तैयार किया जाता है। गया ज़िले से प्राप्त अफसाद के लेख मे प्रथम आठ राजाओं की नामावली मिलती है[1]। शाहाबाद के समीप देव-बरनार्क नामक ग्राम से दूसरा लेख मिला है जिसमें अन्तिम तीन राजाओ के नाम (माधवगुप्त व आदित्यसेन के साथ) उल्लिखित हैं[2]। एक गुप्त नामधारी राजा—देवगुप्त—मालवा का शासक कहा गया है जिसका नाम वर्धन लेखों[3] तथा बाण-कृत हर्षचरित[4] में मिलता है। परन्तु आश्चर्य की बात है कि इसका नाम उपर्युक्त दोनो लेखो (अफसाद व देव-बरनार्क) मे नहीं मिलता। इस कारण यह प्रकट होता है कि वह इस मुख्य मागध गुप्त वश से असम्बन्धित था। अतएव कुल ग्यारह राजाओं की नामावली से सन्तुष्ट रहना पड़ता है।

---

१. का० इ० इ० भा० ३ न० ४२।

२. वही ४६।

३. मधुबन व बॉसखेरा के लेख—ए० इ० भा० १ पृ० ६७, भा० ४ पृ० २०८।

४. हर्षचरित, उच्छ्वास ६।

इनमे से प्रत्येक राजा का विस्तृत विवरण दिया जायगा परन्तु इस स्थान पर मागध गुप्तो के कुछ विशिष्ट राजाओ के विषय मे लिखना अप्रासङ्गिक न होगा। प्रथम तीन राजाओ के राज्यकाल की किसी ऐतिहासिक घटना का पता नहीं है परन्तु चौथा राजा कुमारगुप्त शक्तिशाली व प्रतापी नरेश था। इसने मौखरि महाराजाधिराज ईशानवर्मा को ई० स० ५५४ के लगभग परास्त किया[1]। इस विजय के कारण गुप्तो का राज्य प्रयाग तक विस्तृत हो गया। इसके पुत्र दामोदरगुप्त को परपरागत शत्रुता के कारण मौखरि राजा सर्ववर्मन् ने युद्ध मे मार डाला और मगध कुछ समय के लिए मौखरियो के अधिकार में चला गया। दामोदरगुप्त का पुत्र महासेनगुप्त बहुत पराक्रमी राजा हुआ। इसने मगध के नष्ट राज्य को पुन. मौखरियो से प्राप्त किया। कामरूप के राजा सुस्थितवर्मन् को इसने पराजित किया[2]।

कुछ विशिष्ट घटनाएँ

सातवी शताब्दी के पूर्वार्द्ध मे थानेश्वर और कन्नौज के राजा हर्षवर्धन का प्रताप उत्तरी भारत मे फैला हुआ था। महासेनगुप्त का पुत्र माधवगुप्त भी हर्षवर्धन के साथ रहता था और उसी के समय मे उसने मगध के राजसिहासन को सुशोभित किया। हर्षवर्धन की मृत्यु के पश्चात् माधवगुप्त के पुत्र आदित्यसेन ने बाहुबल से अपने राज्य का विस्तार किया। यह मगध से लेकर अग तक शासन करता था। इस कारण मागध गुप्तो मे सर्वप्रथम 'परमभट्टारक महाराजाधिराज' की पदवी इसी ने धारण की[3]। उत्तरी भारत मे इसी का बोलबाला था जहाँ इसके वशज शासन करते रहे।

मागध गुप्तो ने कितने समय तक शासन किया, इसका निर्धारण करना अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है। मागध गुप्त नरेशो का राज्य-काल स्थिर करने मे अनेक कठिनाइयाँ सामने आती हैं। इन राजाओ के लेख भी मिले हैं परन्तु गुप्तो के आठवे राजा आदित्यसेन के शाहपुर लेख के अतिरिक्त सब मे तिथि का अभाव है। शाहपुर के लेख की तिथि हर्ष-सवत् (ई० स० ६०६) मे ६६ दी गई है[4]। इन लेखो मे तत्कालीन उत्तरी भारत के अन्य शासको के नाम भी मिलते हैं[5] जिनकी समकालीनता के कारण कुछ गुप्त नरेशो का समय निरूपण करने मे सरलता होती है। इन्ही उपर्युक्त साधनो के आधार पर मागध गुप्तो का शासन-काल निर्धारित किया जायगा।

शासन-काल

अफसाद के लेख से स्पष्ट ज्ञात होता है कि गुप्तो के चौथे नरेश कुमारगुप्त का युद्ध मौखरि महाराजाधिराज ईशानवर्मा से हुआ था। दोनो राजाओ के पुत्रो (दामोदरगुप्त व सर्ववर्मन् क्रमश.) मे मुठभेड़ हुई थी। अतएव कुमारगुप्त व दामोदरगुप्त ईशानवर्मा तथा सर्ववर्मन् के समकालीन थे। हरहा की प्रशस्ति से पता चलता है कि ईशान-

---

१ अफसाद का लेख—फ्लीट न० ४२।

२. बसाक—हिस्ट्री आफ नार्दर्न ईस्टर्न इडिया पृ० २१६।

३ शाहपुर व मदर के लेख—फ्लीट ४४।

४. का० इ० इ० भा० ३ न० ४३।

५ अफसाद का लेख—वही, न० ४२।

वर्मा ई० स० ५५४ में राज्य करता था[1]। अतः कुमारगुप्त भी ई० स० ५५४ के लगभग शासनकर्त्ता प्रकट होता है। दूसरी समकालीनता महासेनगुप्त तथा कामरूप के राजा सुस्थितवर्मन् की है जिसको गुप्त-नरेश ने पराजित किया था। सुस्थितवर्मन् छठी शताब्दी के अंत मे राज्य करता था[2], अतएव महासेनगुप्त भी छठीं सदी के अंतिम भाग में शासन करता होगा। महासेन का पुत्र वर्धन राजा हर्षवर्धन के समय मे मगध का राजा हुआ। अतः माधवगुप्त सातवीं सदी के मध्यभाग (हर्ष का समय ई० स० ६०६-६४७ तक माना जाता है) में राज्य करता था। शाहपुर के लेख से आदित्यसेन की तिथि ई० स० ६७२ (६६ + ६०६) ज्ञात है। इसका पुत्र देवगुप्त दक्षिण भारत के चालुक्य-नरेश विनयादित्य के द्वारा पराजित किया गया था। इस युद्ध का वर्णन ई० स० ६८० के केन्डुर प्लेट में मिलता है[3]। अतएव देवगुप्त व विनयादित्य की समकालीनता के कारण गुप्त-नरेश देवगुप्त सातवीं शताब्दी के अंतिम भाग का शासनकर्त्ता सिद्ध होता है। देवगुप्त के पश्चात् मगध में दो और राजाओं ने शासन किया। इनका राज्य-काल निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। आदित्य के पश्चात् अंतिम तीनों राजाओं की शासन-अवधि सम्भवतः अधिक समय की होगी जो इनकी बड़ी उपाधियो से प्रकट होती है। मागध गुप्तो के अंतिम नरेश जीवितगुप्त द्वितीय को कन्नौज के राजा यशोवर्मा ने पराजित किया, जिस समय से गुप्तों का अंत होता है। यशोवर्मा काश्मीर के राजा ललितादित्य (ई० स० ६९५-७३२) का समकालीन था जिसके हाथों उसे परास्त होना पड़ा था[4]। अतएव समकालीनता तथा तिथियो के आधार पर यह पता चलता है कि सम्भवतः मागध गुप्तों का अंतिम राजा आठवीं शताब्दी के मध्यकाल तक शासन करता रहा। इस गणना के आधार पर मागध गुप्त नरेशों की शासन-अवधि दो सौ वर्षों तक ज्ञात होती है यानी वे छठी शताब्दी के मध्यभाग से आठवीं सदी के मध्य तक राज्य करते रहे।

अँगरेज़ी में मागध गुप्तों को Later Guptas (पिछले गुप्त-नरेश) कहते हैं जिससे उनके राज्य-स्थान का कोई आभास भी नहीं मिलता। इन गुप्त-नरेशों का शासन किस स्थान से प्रारम्भ होता है, इस विषय में ऐतिहासिको मे मत भेद है। इस स्थान का निर्देश करने मे भिन्न-भिन्न मत हैं।

स्थान

कुछ विद्वानो का कहना है कि इस गुप्त-शासन का आरम्भ मालवा मे हुआ, अतः इनको मागध गुप्त (मगध के गुप्त नरेश) नहीं कह सकते। वस्तुतः इनको 'मालवा के गुप्त राजा' कहना चाहिए। इन विद्वानों का कथन है कि गुप्तों के आठवे राजा आदित्यसेन से पूर्व नरेशों का एक भी लेख मगध मे नहीं मिलता। बाणकृत हर्षचरित में छठों राजा महासेनगुप्त मालवा का राजा कहा गया है। सबसे पहला गुप्त राजा माधवगुप्त था

---

१. ए० इ० भा० १४ पृ० ११५।

२. बसाक—हिस्ट्री आफ़ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० २१६।

३. बम्बई गजेटियर भा० १,२ पृ० १८९,३७१।

४. गौडवहो (बम्बई संस्कृत सीरीज़ न० ३४) भूमिका पृ० ६७,६६।

जिसके समय से गुप्त लोग मगध पर शासन करने लगे। इन सब कारणों से पिछले गुप्त-नरेशों का शासन-प्रारम्भ मालवा से मानते हैं। परन्तु यदि समस्त ऐतिहासिक प्रमाणों का अनुशीलन किया जाय तो ज्ञात होता है कि पिछले गुप्तों को मागध गुप्त कहना सर्वथा उचित है। इस नामकरण—मागधगुप्त - से ही पता चलता है कि गुप्त-नरेश मगध के राजा थे।

पुरातत्त्ववेत्ता बैनर्जी महोदय ने भी पिछले गुप्तों को मगध का शासक माना है। इस विवाद का मूल आधार हर्षचरित का उल्लेख है जिसमें छठाँ गुप्त राजा मालवा का शासक कहा गया है। यदि अफसाद लेख का अध्ययन किया जाय तो इस उल्लेख का स्पष्ट अर्थ ज्ञात हो जाय। इसमे तनिक भी सदेह नहीं है कि अफसाद-प्रशस्ति में उल्लिखित माधवगुप्त का पिता महासेनगुप्त तथा हर्षचरित का मालवा का शासक महासेन एक ही व्यक्ति है। महासेन गुप्त के पिता दामोदर गुप्त को मौखरि नरेश सर्ववर्मन् ने युद्ध मे मार डाला[1] तथा मगध पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया[2]। ऐसी परिस्थिति मे कुमार महासेन के लिए यह परमावश्यक हो गया कि वह कहीं अपनी रक्षा करे। इस निमित्त उसने मालवा मे अपना निवासस्थान, बनाया[3]। अपने बल की वृद्धि करने के लिए महासेनगुप्त ने नीति से काम लिया। उस समय थानेश्वर के वर्धनों का प्रताप बढ रहा था, इसलिए उस गुप्त-नरेश ने इन वर्धनों से मित्रता स्थापित की। मित्रता को दृढ करने के लिए गुप्त राजा ने अपनी बहन महासेन गुप्ता का विवाह थानेश्वर के राजा आदित्यवर्धन से किया[4] तथा अपने दो पुत्रों—कुमार व माधव (मालव-राजपुत्रों)—को थानेश्वर के दरबार मे भेज दिया। यही कारण है कि बाण ने हर्षचरित मे महासेन को (निवासस्थान के कारण) मालवा का राजा कहा है[5]। इस प्रकार मित्रता के कारण अपने को शक्तिशाली बनाकर उसने मगध को पुनः गुप्त-अधिकार मे कर लिया। इसके पश्चात् ही महासेनगुप्त ने कामरूप के राजा सुस्थितवर्मन् को पराजित किया था जिसके कारण इसका यश लौहित्य (ब्रह्मपुत्र) के किनारे तक गाया जाता था। इस युद्ध का वर्णन अफसाद के लेख मे मिलता है। पूर्व विद्वानो के कथनानुसार यदि महासेनगुप्त मालवा का राजा था तथा मगध का सर्वप्रथम शासक उसका पुत्र माधव-गुप्त हुआ, तो यह सम्भव नहीं था कि दूसरों के राज्य से होकर महासेनगुप्त कामरूप के राजा को पराजित करता। इतना ही नहीं, प्रशस्तिकार के वर्णनानुसार महासेनगुप्त की कीर्ति का विस्तार अधिक प्रकट होता है। मालवा या मगध क्या, उसका यश लौहित्य तक फैला था। इन सब विवरणों से यही ज्ञात होता है कि पाँचवे राजा दामोदरगुप्त के मारे जाने पर थोड़े समय के लिए मगध मौखरियो के हाथ मे था। इसके अतिरिक्त गुप्त-नरेश

---

१. अफसाद का लेख—फ्लीट न० ४२।
२. देव बरनार्क का लेख—वही ४६।
३. मालवीय कामेमोरेशन वाल्यूम पृ० २६६।
४. बाँसखेरा ताम्रपत्र—ए० इ० भा० ४ पृ० २०८।
५. हर्षचरित, उच्छ्वास ४।

सर्वदा मगध पर शासन करते रहे। महासेनगुप्त तो केवल अपनी रक्षा के निमित्त मालवा चला गया था। मौखरियो के पश्चात् पुनः मगध में गुप्त शासन स्थिर करने का श्रेय महासेनगुप्त को है, जहाँ पर उसके उत्तराधिकारीगण राज्य करते रहे। अत मे इतना कहना आवश्यक मालूम होता है कि मगध के शासक होने के कारण ही पिछले गुप्तो का वर्णन 'मागध गुप्त' नाम से किया गया है।

मागध गुप्तो के नामकरण से ही पता लगता है कि ये मगध के शासक थे। मगध से ही इनका राज्य प्रारम्भ होता है। अतएव यह ज्ञात होता है कि सर्वप्रथम ये

राज्य-विस्तार

गुप्त नरेश मगध के समीपवर्ती प्रदेशो पर शासन करते थे। अधिक समय तक इनका राज्य मगध के आसपास सीमित था परन्तु पीछे चलकर कुछ राजाओ ने गुप्त राज्य का विस्तार किया। चौथे राजा कुमारगुप्त ने मौखरि नरेश ईशानवर्मा को जीतकर प्रयाग तक अपने अधिकार मे कर लिया। यही पर इस राजा की अन्त्येष्टि क्रिया भी हुई थी। इसके पुत्र दामोदरगुप्त को मारकर सर्ववर्मन् मौखरि ने कुछ समय के लिए मगध पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था परन्तु महासेनगुप्त ने पूर्वी मालवा मे स्थित होकर पुनः मगध को गुप्तो के हाथ मे कर लिया। इसी ने कामरूप के राजा सुस्थितवर्मन् को परास्त किया जिससे ज्ञात होता है कि उस समय गुप्तो का प्रताप मालवा से कामरूप तक विस्तृत था।

सातवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हर्ष की मृत्यु के कारण उत्तरी भारत में गुप्तो की तूती बोलती थी। इसका सब श्रेय मगध के आठवे राजा आदित्यसेन को है। इसका राज्य मगध से अग तक विस्तृत था। इस कथन की पुष्टि इसके पटना, गया तथा भागलपुर जिलो मे प्राप्त लेखो से होती है। एक लेख में इसे 'पृथ्वीपति' कहा गया है। परम भट्टारक महाराजाधिराज की महान् उपाधि से सूचना मिलती है कि इसका राज्य तथा प्रताप सुदूर देशो तक फैला था। मागध गुप्तो मे आदित्यसेन प्रथम राजा है जिसने इस महान् पदवी को धारण किया था। वातापी के चालुक्य राजा विनयादित्य के केन्डुर प्लेट मे आदित्यसेन के पुत्र देवगुप्त के लिए 'सकलोत्तरापथनाथ' पदवी का उल्लेख है। इससे प्रकट होता है कि देवगुप्त का राज्य समस्त उत्तर भारत पर नही तो पूर्वी प्रदेशो पर अवश्य फैला हुआ था। मागध गुप्तो के अतिम नरेश जीवितगुप्त द्वितीय का एक लेख देव वरनार्क नामक ग्राम से मिला है, जिसके वर्णन से ज्ञात होता है कि इस राजा का विजयस्कन्धावार गोमती नदी के किनारे था। गौड़वहो के वर्णन से ज्ञात होता है कि कन्नौज के राजा यशोवर्मा ने मगधनाथ गौड़ाधिप को परास्त किया था। इस आधार पर यह ज्ञात होता है कि जीवितगुप्त द्वितीय गौड़ का भी शासक था[1]। यही नहीं, पूर्वी बंगाल (समतट) के शासको ने भी इनकी अधीनता स्वीकार की थी[2]। इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि जीवितगुप्त द्वितीय का राज्य बिहार से लेकर संयुक्त प्रात के गोमती-तट तक और गौड़ प्रदेश तक विस्तृत था। इन कथनों का साराश यही निकलता है कि

१. बसाक—हिस्ट्री आफ़ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० २०८।

२. वही पृ० १६३।

हर्षवर्धन से पहले गुप्तो का राज्य सीमित था परन्तु उसकी मृत्यु के पश्चात् राज्य का विस्तार हुआ। मागध गुप्तो का राज्य पूर्वी भारतीय प्रदेशों पर रहा। इनके समय के अनेक लेखों, महान् पदवी (परम भट्टारक महाराजाधिराज) तथा चालुक्य लेख में 'सकलोत्तरापथनाथ' की उपाधि से उपर्युक्त कथन की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

मागध गुप्तो का वर्णन समाप्त करने से पूर्व इनका उत्तरी भारत के समकालीन शासको के सम्बन्ध से परिचित होना उचित ज्ञात होता है। जिस समय गुप्त नरेश मगध में शासन करते थे उसी काल में अनेक स्वतत्र राजा उत्तरी भारत में विद्यमान थे। इनमें मुख्य थानेश्वर के वर्धन, कन्नौज के मौखरि तथा कर्णसुवर्ण के गौड़ थे जिनसे मागध गुप्तो का भिन्न भिन्न प्रकार का सम्बन्ध था। राजनीति मे अपने पक्ष को प्रबल करने के लिए दूसरे नरेशो से सम्बन्ध रखना आवश्यक होता है। यह सम्बन्ध या तो मित्रता के रूप मे या वैवाहिक ढंग का हो। इसी कारण गुप्तो का सम्बन्ध राजनीति के विरुद्ध न था।

समकालीन राजाओ से सम्बन्ध

कन्नौज का मौखरि वश तथा गुप्त वश समकालीन था। प्रारम्भ में गुप्त नरेश शक्तिशाली राजा न थे। इनके विषय में कोई ऐतिहासिक घटनाएँ ज्ञात नहीं हैं। उस समय मौखरियो का बल बढ रहा था अतएव गुप्तो ने इनसे सम्बन्ध करना आवश्यक समझा। मागध गुप्तो के दूसरे राजा ने अपनी बहन हर्षगुप्ता का ब्याह मौखरि राजा आदित्यवर्मन् से किया[1]। इस वैवाहिक सम्बन्ध के कारण दोनों वशो मे मित्रता स्थापित हो गई; परन्तु यह अधिक समय तक स्थायी न रह सकी। इन दोनों वशजो मे शत्रुता पैदा हो गई। ईशानवर्मा से कुमारगुप्त तथा सर्ववर्मन् से दामोदरगुप्त के युद्ध हुए। मालवा के शासक गुप्त नामधारी देवगुप्त ने मौखरि वश का नाश कर डाला। इसने गौड़ राजा शशाक से मिलकर मौखरियो के अतिम नरेश ग्रहवर्मा को मार डाला। हर्षवर्धन की मृत्यु के उपरान्त तत्कालीन मौखरि प्रधान ने मागध गुप्तो की अधीनता स्वीकार की। गुप्त नरेश आदित्यसेन ने अपनी पुत्री का विवाह इस मौखरि-अधिष्ठाता भोगवर्मन् से किया था[2]। ऐतिहासिक प्रमाणो के आधार पर यही सम्बन्ध ज्ञात है जो मागध गुप्तो और मौखरियो के मध्य मे स्थापित हुआ था।

मौखरि

अफसाद के लेख मे वर्णन मिलता है कि गुप्तो के पॉचवे राजा दामोदर गुप्त को सर्ववर्मन् मौखरि ने युद्ध मे मार डाला तथा मगध को अपने अधिकार मे कर लिया। इस विकट परिस्थिति से सुरक्षित रहने के लिए दामोदर गुप्त के पुत्र महासेनगुप्त ने मालवा को अपना निवासस्थान बनाया। वही बैठे बैठे वह अपने बल की वृद्धि करने का उपाय ढूँढने लगा। उस समय थानेश्वर मे वर्धन् वश का उदय हुआ था तथा उसकी उन्नति हो रही थी। अतएव महासेन गुप्त ने इनसे सम्बन्ध स्थापित करना अत्यन्त आवश्यक समझा। इस कारण इसने अपनी बहन

वर्धन

---

१. असीरगढ की मुद्रा (का० इ० इ० भा० ३ न० ४७)

२. कीलहार्न—इ० ओ फ नार्दर्न इडिया न० ५४१।

महासेनगुप्ता का विवाह थानेश्वर के शासक आदित्यसेन से कर दिया[1]। इस सम्बन्ध को अन्य रूप से सुदृढ़ करने के लिए महासेनगुप्त ने अपने दो पुत्रो को थानेश्वर राज-दरबार में भेजा। माधवगुप्त उसी समय से हर्षवर्धन के साथ रहता था। माधव हर्ष के साथ विजय-यात्रा मे भी रहा। सम्भवतः इसी मित्रता के फल-स्वरूप हर्ष ने अपने जीवन-काल मे ही माधवगुप्त को मगध के राज्यसिंहासन पर बैठाया। महासेनगुप्त का तथा वर्धनो के साथ सम्बन्ध का परिणाम यह हुआ कि पुनः गुप्तो का अधिकार (मौखरियो के थोड़े दिन के अधिकार के उपरान्त) मगध पर स्थापित हो गया।

गौड़

वर्धन-लेखों तथा बाणकृत हर्षचरित में एक मालवा के शासक देवगुप्त के नाम का उल्लेख मिलता है, जो महासेनगुप्त के उपरान्त मालवा मे स्थित रहा। उसी समय वर्धनों, मौखरियो तथा मागध गुप्तो में वैवाहिक सम्बन्ध के कारण गहरी मित्रता स्थापित हो गई थी। देवगुप्त कुटिल प्रकृति का मनुष्य था। अतएव इन तीनो की मित्रता से वह जलता था। इस गाढ़ी मित्रता की भावी उन्नति पर विचार कर देवगुप्त इसके नाश करने का प्रयत्न करने लगा। उत्तरी भारत मे वर्धन तथा मौखरि को छोड़कर गौड नरेश ही ऐसा राजा था जो शक्तिशाली होते हुए मौखरियो का शत्रु था[2]। अतएव देवगुप्त ने इस अवसर को हाथ से जाने नही दिया और शीघ्र ही गौड़-नरेश शशाक से मित्रता कर ली। शशाक भी अवसर ढूंढ़ता था। उसने देवगुप्त के साथ मौखरियो की राजधानी कन्नौज पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध में मौखरियो का अंतिम राजा ग्रहवर्मा मारा गया। थानेश्वर के राजा राज्यवर्धन ने मौखरियो की सहायता की, देवगुप्त आदि को परास्त किया परन्तु गौड़ाधिपति शशांक ने उसे छल से मार डाला[3]। यद्यपि मागध गुप्तो का मुख्य वंशज देवगुप्त नही था जिसने गौड़ राजा शशाक से मित्रता की, परन्तु इस ऐतिहासिक घटना के कारण मौखरि वंश का नाश हुआ तथा वर्धनो की बहुत क्षति हुई। इस घटना के विशेष महत्त्व के कारण इसका वर्णन इस स्थान पर आवश्यक प्रतीत हुआ।

विशेष कार्य

मागध गुप्त तथा समकालीन राजाओ से सम्बन्ध के वर्णन के साथ इन गुप्त राजाओ का विवरण भी समाप्त ही है; परन्तु इन गुप्तो के कुछ विशेष कार्यों पर विचार करना भी समुचित प्रतीत होता है। गुप्त-सम्राटो के सदृश मागध गुप्त नरेश सर्व गुण-सम्पन्न नही थे। परन्तु इनमे गुणो का सर्वथा अभाव भी नही था। अफसाद के लेख में सब राजाओं का गुणगान तथा वीरता का वर्णन मिलता है; लेकिन उनके समय की प्रामाणिक ऐतिहासिक घटनाओ का उल्लेख नही मिलता। इनके पाँचवे राजा दामोदरगुप्त के अग्रहार दान का वर्णन मिलता है।

---

१. बाँसखेड़ा का ताम्रपत्र (ए० इ० भा० ४ पृ० २०८)।

२. मौखरियो के चौथे राजा ईशानवर्मा ने गौडो को परास्त किया था। उसी समय से गौडों तथा मौखरियो मे शत्रुता का वर्ताव चला आ रहा था। इस युद्ध का वर्णन हरहा की प्रशस्ति (ए० इ० भा० १४ पृ० ११५) मे मिलता है।

३. इ० हि० क्वा० १९३० नं० १।

गुप्तो के राजा आदित्यसेन ने अपने राज्य की बड़ी उन्नति की। आदित्यसेन के एक लेख मे इसे पृथिवीपति कहा गया है। उस लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि आदित्यसेन ने अश्वमेध यज्ञ किया था। इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि भट्टशाली महोदय, पूर्वी बगाल से प्राप्त कुछ सिक्को से, करते हैं। यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता कि ये सिक्के किस राजा के समय के हैं। परन्तु लेख के आधार पर ज्ञात होता है कि आदित्यसेन ने अपनी विजय यात्रा के अंत मे अश्वमेध यज्ञ किया था।

आदित्यसेन वैष्णवधर्मावलम्बी था। उसने विष्णु के मदिर बनवाये। इसकी माता तथा पत्नी सार्वजनिक कार्य मे लगी रहती थी। इन्होंने जनता के उपकार के लिए तालाब तथा धर्मशालाएँ बनवाई। इसके वशज जीवितगुप्त द्वितीय ने भी भूमि अग्रहार दान मे दी। गोमती-तट पर उसका विजय स्कधावार था। उपर्युक्त विवेचनो मे मागध गुप्तो का सक्षिप्त वर्णन किया गया है। तदनन्तर पृथक् पृथक् राजाओं का चरित्र चित्रण किया जायगा। इनके चरित्र-वर्णन के लिए पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध नही है। परन्तु इस थोडी सी सामग्री के आधार पर वर्णन करने का प्रयत्न किया जायगा।

१ कृष्णगुप्त

गुप्त-सम्राटो के शासन का अन्त होने के उपरान्त मगध मे छोटे-छोटे गुप्त नामधारी नरेश राज्य करने लगे जिन्हे मागध गुप्त कहा गया है। इस वश का आदिपुरुष कृष्णगुप्त था। इस राजा की वश-परम्परा के विषय मे कुछ ज्ञात नही है, परन्तु इसके वशजो के विषय मे पर्याप्त बातें ज्ञात हैं। इसके वशज मगध में शताब्दियो तक शासन करते रहे। कृष्णगुप्त का कोई भी लेख या सिक्का नही मिलता जिससे इसके विषय मे प्रकाश पड़ता। कृष्णगुप्त का नाम गया ज़िले मे स्थित अफसाद के लेख मे सर्वप्रथम उल्लिखित मिलता है[1] जिससे यह मागध गुप्तो का आदिपुरुष कहा जाता है। इस राजा के विषय मे ऐतिहासिक बातो का अभाव सा है। अफसादवाले लेख मे इसकी वीरता का वर्णन मिलता है। कृष्णगुप्त सत्-चरित्र, विद्वान् तथा सरल राजा था। इसकी सेना मे सहस्रो हाथी थे जिनसे इसने असख्य शत्रुओ को युद्ध मे पराजित किया था। लेख के इस वर्णन के अतिरिक्त कृष्णगुप्त के किसी युद्ध का अन्यत्र सदर्भ तक नही मिलता। अतएव इसी लेख मे वर्णित कृष्णगुप्त के चरित से सतोष करना परमावश्यक है।

२ हर्षगुप्त

कृष्णगुप्त के पश्चात् उसका पुत्र हर्षगुप्त राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। अपने पिता के सदृश इसके शौर्य तथा पराक्रम का वर्णन उसी अफसाद के लेख मे मिलता है। अफसाद की प्रशस्ति के अतिरिक्त इस राजा के विषय मे कोई वर्णन नही मिलता। हर्षगुप्त कला मे निपुण, सदाचारी तथा बलशाली नरेश था। शत्रुओं से युद्ध के कारण उसकी छाती मे अनेकों चोटें आ गई थी। इस युद्ध के शत्रुओ का नाम उल्लिखित

---

१. का० इ० इ० भा० ३ नं० ४२।

गुप्त-पूर्व-भारत

गुप्त काल भारतवर्ष के इतिहास मे अपना एक विशेष महत्त्व रखता है। उस समय मे भारतवर्ष ने अनेक दिशाओ मे उन्नति तथा अभ्युदय के मनोरम दृश्य ससार के सामने प्रस्तुत किये। धर्म तथा साहित्य, राजनीति तथा समाज, प्रस्तर-कला तथा चित्रविद्या, इन सब विषयो मे गुप्तकालीन भारत अपने अभ्युदय की पराकाष्ठा पर पहुँचा हुआ था। इस समय ऐसी अनेक विशेषताएँ प्रस्तुत हुई जो अनेक अशो मे आश्चर्यजनक तथा मनोरजक थी। परन्तु इन विशेषताओ के वास्तविक रूप से हम तब तक भली भाँति परिचित नही हो सकते जब तक गुप्तो के पूर्व भारतवर्ष के इतिहास से हम स्थूल रूप से अभिज्ञ न हो जायँ। गुप्त-पूर्व-भारत के अध्ययन करने से ही हम इस बात की छान-बीन कर सकते हैं कि गुप्तकालीन विशेषताओ मे कितनी चीज़े प्राचीन साम्राज्यो से—उदाहरण के लिए नाग तथा वाकाटक साम्राज्यो से—परम्परा के रूप मे प्राप्त हुई थीं तथा कितनी वस्तुएँ ऐसी थी जो गुप्तो की नई सृष्टि कही जा सकती हैं। इसलिए गुप्त-सस्कृति को सच्चे रूप मे समझने के लिए गुप्त-पूर्व भारत के ऊपर एक सरसरी निगाह डालना उपयोगी ही नही प्रत्युत नितान्त आवश्यक भी है। इसी विचार से प्रेरित हो करके हम इस परिच्छेद मे गुप्त से पूर्व भारतवर्ष के इतिहास का सक्षिप्त परिचय देगे।

भूमिका

अन्धकारपूर्ण प्राचीन भारतीय इतिहास के गहरे गर्त मे न जाकर हम अपना इतिहास भगवान् बुद्ध के आविर्भाव-काल (६०० ई० पू०) से प्रारम्भ करते हैं। जिस समय महात्मा बुद्ध का आविर्भाव हुआ उस समय उत्तरी भारत मे प्रधान चार (मगध, कौशल, वत्स और अवन्ती) राजवश राज्य कर रहे थे। इन प्रधान राजवशो मे मगध का राजवश परम प्रतापशाली तथा महत्त्वशाली था। इस राजवश की उस समय तूती बोलती थी। कालान्तर मे इस उदीयमान राजवश के सम्मुख समस्त अन्य राजवशों को पराजित होना पडा। इसी काल (६०० ई० पू०) से मगध राजनैतिक हलचल तथा उत्थान और पतन का प्रधान केन्द्र बना रहा। इसी मगध मे भगवान् महावीर तथा अहिसा के मूर्तिमान् अवतार भगवान् बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होने क्रमशः जैन तथा बुद्ध धर्म की स्थापना की। इनके समकालीन शिशुनागवशी बिम्बसार तथा अजातशत्रु ने इस प्रदेश पर शासन किया तथा राजा कुणिक (अजातशत्रु) ने प्रसिद्ध पाटलिपुत्र नामक नगर बसाया। यह प्राचीन राजवशो की क्रीडास्थली सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक ...री पतितपावनी गगा और शोणभद्र (सोन) के सगम पर इस प्राचीन काल से

शैशुनाग तथा मौर्य्यो का राज्य

नहीं है। इन गुप्त नरेशों के समकालीन कन्नौज के मौखरि राजा थे जिनसे इसने वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया। गुप्त तथा मौखरि वंश सर्वदा आपस में शत्रु बने रहे जिसका प्रमाण आगे दिया जायगा। अतएव अधिक संभव है कि हर्षगुप्त ने यह सम्बन्ध युद्ध के सन्धि-स्वरूप किया हो। गुप्त नरेश ने अपनी बहन हर्षागुप्ता का विवाह कन्नौज के दूसरे मौखरि राजा आदित्यवर्मन् के साथ किया था[1]। उपर्युक्त कथन के अतिरिक्त हर्षगुप्त के विषय में और कुछ ज्ञात नहीं है। न कोई लेख या सिक्के मिले हैं जिससे इसके इतिहास पर प्रकाश पड़े।

३ जीवितगुप्त प्रथम

हर्षगुप्त के पुत्र जीवितगुप्त प्रथम ने, पिता की मृत्यु के पश्चात्, शासन की बागडोर अपने हाथ में ली। अफसाद की प्रशस्ति में इसके प्रताप का वर्णन सुंदर शब्दों में मिलता है। गुप्तनरेश ने अनेक शत्रुओं को पराजित किया और घोर पर्वतों तथा कन्दराओं में छिपे हुए शत्रुओं को भी अछूता न छोड़ा यानी सभी को इसके सम्मुख नीचा होना पड़ा। जीवितगुप्त ने अपने राज्य-विस्तार के लिए भी प्रयत्न किया परन्तु इसके विजय के विषय में निश्चित बातें ज्ञात नहीं हैं। लेख के वर्णन से पता चलता है कि इस गुप्त नरेश ने कदली-वृक्षों से घिरे समुद्रतट के शत्रुओं को परास्त किया था। बहुत सम्भव है कि इस गुप्त नरेश ने समकालीन गौड़ राजाओं पर विजय पाई हो जो उस समय स्वतन्त्र राज्य स्थापित करना चाहते थे। इस वर्णन की उपस्थिति में ऐतिहासिक क्षेत्र में पर्याप्त प्रमाण के अभाव के कारण कोई निश्चित विचार स्थिर नहीं किया जा सकता। अतएव इन गुप्त राजाओं के शासन-काल के विषय में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। सम्भवतः छठी शताब्दी के मध्यभाग में जीवितगुप्त प्रथम शासन करता था।

४ कुमारगुप्त

जीवितगुप्त प्रथम के शासन-काल के पश्चात् उसके पुत्र कुमारगुप्त ने मगध के सिंहासन को सुशोभित किया। मागध गुप्तों के चौथे राजा कुमारगुप्त का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इसने अपने पराक्रम से तत्कालीन कन्नौज के बलशाली नरेशों को हराया। शत्रुओं को परास्त कर इसने गुप्त-राज्य का विस्तार भी किया। कुमारगुप्त ने अपनी वीरता के कारण समकालीन राजा मौखरियों पर विजय पाई। मौखरि नरेश ईशानवर्मा की सेना को इसने मन्दर पर्वत के सदृश मथ डाला[2]। इस युद्ध में विजयलक्ष्मी के साथ साथ प्रयाग तक राज्य-विस्तार भी किया। मौखरियों के महाराजाधिराज ईशानवर्मा का प्रताप हरहा की प्रशस्ति में वर्णित है[3]; परन्तु ऐसे महान् राजा के साथ कुमारगुप्त ने युद्ध की घोषणा क्यों की,

मौखरियों से युद्ध

१. असीरगढ की ताम्र मुद्रा (का० इ० इ० भा० ३ न० ४३)

२. भीमः श्रीशानवर्मा क्षितिपतिशशिनः सैन्यदुग्धोदसिन्धुः
लक्ष्मीसम्प्राप्तिहेतुः सपदि विमथितो मन्दरीभूय येन।--अफसाद शिलालेख।

३. ए० इ० भा० १४ पृ० ११५।

इसके ऐतिहासिक कारण ज्ञात नही है। केवल अफसाद की प्रशस्ति में इसका वर्णन मिलता है। बहुत सम्भव है कि दोनों वशो मे परस्पर परम्परागत वैमनस्य के कारण युद्ध हुआ हो।

राज्यकाल

कुमारगुप्त के लेख या सिक्के के न मिलने के कारण इसकी शासन-तिथि निश्चित करने मे कठिनाई पड़ती है। परन्तु इत ुप्त नरेश के समकालीन मौखरि राजा ईशानवर्मा की तिथि से कुमारगुप्त के शासन काल का अनुमान किया जा सकता है। हरहा की प्रशस्ति मे ईशानवर्मा की ई० स० ५५४ तिथि का उल्लेख मिलता है[1]। अतएव अनुमानत कुमारगुप्त ईसा की छठी शताब्दी के मध्यभाग मे (लगभग ई० स० ५६०) शासन करता था।

राज्य-विस्तार

अफसाद के शिलालेख[2] से प्रकट होता है कि गुप्त नरेश कुमारगुप्त का अतिम सस्कार प्रयाग मे हुआ[3]। कुमारगुप्त से पहले गुप्त-सीमा में प्रयाग का नाम नहीं मिलता। सम्भव है कि इसने शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर प्रयाग तक अपनी राज्य-सीमा मे सम्मिलित कर लिया हो। जो हो, प्रयाग मे मृत्यु होने के कारण यह स्पष्ट प्रकट होता है कि कुमारगुप्त का राज्य मगध से प्रयाग तक विस्तृत था। इन सब बातों के अतिरिक्त कुमारगुप्त के विषय मे कोई अन्य बाते ज्ञात नही है। इसका नाम दूसरे लेखों मे भी नही मिलता है।

५ दामोदरगुप्त

कुमारगुप्त का पुत्र दामोदरगुप्त अपने पिता की मृत्यु के उपरान्त गुप्त राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। दामोदरगुप्त के पिता के समय मे ही गुप्तो तथा मौखरियो में घनघोर युद्ध हुआ था जिसमे कुमारगुप्त विजयी रहा। दामोदरगुप्त के शासन-काल मे भी ऐसी ही अवस्था रही। इस गुप्त नरेश को मौखरि राजा ईशान वर्मा के पुत्र सर्ववर्मन् से युद्ध करना पड़ा। सर्ववर्मन् (मौखरेः) की सेना इतनी प्रबल थी कि उसने हूणो का नाश कर डाला था। दुर्भाग्य से इस युद्ध मे गुप्तो को परास्त होना पड़ा तथा दामोदरगुप्त की मृत्यु युद्धक्षेत्र मे हुई[4]। अफसाद के शिलालेख के अतिरिक्त दामोदरगुप्त के नाम तक का कहीं उल्लेख नही मिलता। शिलालेख के इस वर्णन के प्रमाणस्वरूप किसी बात का उल्लेख नही है। परन्तु शाहाबाद के समीप देव-बरनार्क[5] की प्रशस्ति का वर्णन से सर्ववर्मन् मौखरि तथा दामोदरगुप्त के परस्पर युद्ध का अनुमान किया जा सकता है। उसमे वर्णित है कि गुप्त राजा बालादित्य (अवनति काल के छठे राजा) के अग्रहार

मौखरियो से युद्ध

१, एकादशातिरिक्तेपु षट्सु शातिनविद्विषि। शतेपु शरदा पत्यौ भुव. श्रीशानवर्मणि।

२. का० इ० इ० भा० ३ नं० ४२।

३. शौर्यसत्यव्रतधरो यः प्रयागगतो घने। अम्भसीव करीषाग्नौ मग्नः स पुष्पपूजितः।

४. यो मौखरेः समितिषूद्धतहूणसैन्यवल्गद् घटाविघटयन्नुरुवारणानाम्॥
सम्मूर्च्छितः सुरवधूर्वरयन्ममेति तत्पाणिपङ्कजसुखस्पर्शाद्विबुद्धः॥

५. का० इ० इ० भा० ३ न० ४६।

दान को सर्ववर्मन् मौखरि ने पुनः प्रमाणित किया[1]। इसका तात्पर्य यह निकलता है कि सर्ववर्मन् मौखरि ने कुछ काल के लिए शाहाबाद के समीप के प्रदेशो पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था। यह अवस्था उसी समय सम्भव थी जब गुप्तो को मौखरियो के हाथो परास्त होना पड़ा। दोनों वशो में परंपरागत शत्रुता होने पर दामोदरगुप्त से पहले गुप्तों ने मौखरियो पर विजय प्राप्त की थी। कुमारगुप्त ने महाराजाधिराज मौखरि नरेश ईशानवर्मा की सेना को नष्ट-भ्रष्ट कर डाला था। केवल दामोदरगुप्त के समय मे मौखरियो ने गुप्तो को परास्त किया। अतएव देव-बरनार्क के लेख मे उल्लिखित सर्ववर्मन् मौखरि के अधिकार से यही ज्ञात होता है कि इसने दामोदर गुप्त को परास्त कर मगध के पश्चिमी भाग शाहाबाद तक राज्य विस्तार कर लिया था। इसी वर्णन से अफसाद प्रशस्ति में वर्णित दामोदरगुप्त के युद्ध को प्रमाणित करते हैं।

उदारता

दामोदरगुप्त वीर तथा पराक्रमी होने के साथ-साथ बहुत बड़ा दानी राजा था। उसने अपने शासन-काल में अनेक ब्राह्मणो की कन्याओ का शुभ विवाह स्वय द्रव्य देकर सम्पादित करवाया। यही नही, उसने उन नव युवतियो को अमूल्य आभूषण भी दिये। इसके अतिरिक्त राजा ने ब्राह्मण को बहुत ग्राम अग्रहार दान मे दिये थे[2]। ऐसा वीर तथा दानी राजा चिरकाल तक शासन न कर सका—युद्धरूपी कराल काल के मुख में चला गया।

६ महासेन गुप्त

युद्ध मे दामोदर गुप्त के मारे जाने पर गुप्तो का शासन-प्रबध उसके पुत्र महासेन गुप्त के हाथ मे आया। महासेन गुप्त एक युद्धकुशल तथा प्रतापी नरेश था[3]। पहले कहा जा चुका है कि गुप्तो को परास्त कर सर्ववर्मन् मौखरि ने मगध के पश्चिमी भाग तक (शाहाबाद ज़िला) राज्य विस्तार कर लिया था। देव-बरनार्क की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि यह प्रदेश सर्ववर्मन् मौखरि के पुत्र अवन्तिवर्मन् के अधीन थोड़े समय तक अवश्य रहा[4]। ऐसी परिस्थिति तथा पीठ पर शत्रुओ के रहते हुए भी वीर महासेनगुप्त ने धीरता से काम लिया तथा अन्त में अपने पराक्रम के कारण वह विजयी भी रहा।

---

१. श्री बालादित्यदेवेन स्वशासनेन भागव श्री वरुणवासि भट्टारक .. .... परिवाड्क भोजक हंसमित्रस्य समयतया यथा कलाभ्यासिभिश्च एवं परमेश्वर श्री सर्ववर्मन्

२. गुणवतिद्विजकन्याना नानालंकारयौवनवतीनाम्।
परिणायितवान्स नृपः शतं निसृष्टाग्रहाराणाम्।
—अफसाढ का शिलालेख (फ्लीट न० ४२)।

३. श्रीमहासेनगुप्तोऽभूत्तस्माद्वीराग्रणी सुतः। सर्ववीरसमाजेषु लेभे यो धुरि वीरताम्।
—अफसाढ की प्रशस्ति।

४. भोजक ऋषिमित्र एवं परमेश्वर श्री अवन्तिवर्मन् पूर्वदत्तक।

मगध की छोटी राज्य सीमा के अन्दर रहकर महासेनगुप्त ने अपने बल का परिचय अपने शत्रुओ को कराया। इस प्रतापी नरेश ने मौखरि राजा अवन्तिवर्मन् को परास्त कर अपना राज्य मालवा तक विस्तृत किया। यद्यपि अवन्तिवर्मन् के साथ युद्ध का कोई उल्लेख नही मिलता परन्तु वर्धन लेख[१] से ज्ञात होता है कि महासेन गुप्त का पुत्र देवगुप्त मालवा का शासक था तथा बाणकृत हर्षचरित मे इस राजा (महासेनगुप्त) के लड़के माधवगुप्त आदि 'मालवराजपुत्रौ' कहे गये हैं[२]। इन कारणो से महासेनगुप्त का मालवा का शासक होना स्वय सिद्ध होता है। यदि यो कहा जाय कि अपने पिता के मारे जाने के कारण महासेनगुप्त ने मालवा मे आकर शरण ली; उसने मौखरि नरेश अवन्तिवर्मा को परास्त कर मालवा तक राज्य-विस्तार नही किया, तो इसे मानने मे अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित होती हैं। अफसाद के शिलालेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि महासेन गुप्त ने कामरूप के राजा सुस्थितवर्मन् को युद्ध मे परास्त किया था। यदि शाहाबाद के समीपवर्ती प्रदेशों पर मौखरियो का शासन होता तो महासेन गुप्त कामरूप पर आक्रमण नही कर सकता था[३]। डा० बसाक का अनुमान है कि पुण्ड्रवर्धन् (उत्तरी बगाल) भी हर्षवर्धन से पूर्व मागध गुप्तो के हाथ मे था[४]। जो भी सत्य हो, इसके लिए कोई ऐतिहासिक प्रमाण नही है। अतएव यह मानना युक्तिसगत है कि मगध के सीमित राज्य मे रहते अपनी वीरता के कारण महासेनगुप्त ने मौखरि नरेश अवन्तिवर्मन् को जीतकर गुप्त-राज्य का विस्तार मालवा तक किया था।

युद्ध तथा राज्यविस्तार

मालवा तक राज्य विस्तृत कर महासेन गुप्त ने सतोष नही किया प्रत्युत उसने मगध के पूर्वी भागो पर भी आक्रमण किया। अफसाद के लेख मे वर्णन मिलता है कि महासेनगुप्त ने सुस्थितवर्मन् नामक राजा पर विजय प्राप्त किया था[५]। यह सुस्थितवर्मन् कौन है, इस विषय मे मतभेद है। मौखरि तथा गुप्तो मे परम्परागत शत्रुता के कारण सुस्थितवर्मन को कुछ लोग मौखरि नरेश मानते हैं। परन्तु निधानपुर के लेख[६] से स्पष्ट ज्ञात होता है कि सुस्थितवर्मन् आसाम (कामरूप) के शासक भास्करवर्मन् का पिता था। अतएव इसे मौखरि नरेश कदापि नहीं माना जा सकता[७]। यह नरेश (भास्करवर्मन्) वर्धन के राजा हर्ष का समकालीन था। इस समकालीनता से ज्ञात होता है कि महासेनगुप्त ने छठी शताब्दी

कामरूप पर आक्रमण

---

१ बॉसखेड़ा का ताम्रपत्र (ए० इ० भा० ४ पृ० २०८)

२ हर्षचरित उच्छ्वास ४, विनीतौ विक्रान्तावभिरूपौ मालवराजपुत्रौ भ्रातरौ भुजा इव मे शरीरादव्यतिरिक्तौ कुमारगुप्तमाधवगुप्तनामा ।

३. जे० बी० ओ० आर० एस० १९२८।

४. बसाक—हिस्ट्री आफ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० १८८।

५. श्रीमत्सुस्थितवर्मयुद्धविजयश्लाघापदाङ्कं मुहुः।

६. ए० इ० भा० १२ पृ० ७०, भा० १९ पृ० ११५।

७. ज० ओ० रि० मद्रास भा० ८ पृ० २०१। —पाइरेस—दि मौखरि पृ० ९४।

के अंतिम भाग में सुस्थितवर्मन् पर विजय पाया होगा। इस प्रकार महासेनगुप्त का राज्य मालवा से लेकर कामरूप तक विस्तृत था। इसके प्रभाव के कारण इसकी कीर्ति लौहित्य (ब्रह्मपुत्र) के तट तक गाई जाती थी[१]।

मालवा तक राज्य विस्तार करने के उपरान्त महासेनगुप्त ने मौखरियो का बल रोकने और अपने राज्य को सुदृढ बनाने के लिए दूसरे राजाओ से सम्बन्ध तथा मित्रता स्थापित करना परमावश्यक समझा। इसी कारण महासेनगुप्त ने थानेश्वर के शासक वर्धनो से मित्रता स्थापित की।

वर्धनो से सम्बन्ध

वर्धन लेख से ज्ञात होता है कि इस गुप्त नरेश ने अपनी बहन महासेनगुप्ता का विवाह आदित्यवर्धन से किया[२]। इस सम्बन्ध को सुदृढ़ करने के लिए महासेनगुप्त ने अपने दोनों पुत्रों—कुमार व माधवगुप्त—को थानेश्वर राजदरबार मे भेजा, जो थानेश्वर के राजकुमारो के साथ-साथ रहते थे। बाणकृत हर्षचरित में इसका वर्णन मिलता है तथा कुमार व माधव को 'मालवराजपुत्रौ' कहा गया है[३]। हर्षचरित के उल्लेख की पुष्टि अफसाद के शिलालेख से होती है जिसमे महासेनगुप्त के पुत्र माधवगुप्त को हर्ष का साथी बतलाया गया है[४]। इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि मालव के राजा महासेनगुप्त ही है जिन्होंने वर्धनों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया था।

महासेनगुप्त बहुत ही नीतिनिपुण तथा साहसी राजा था। उसने अपनी नीति तथा वीरता के कारण मगध के छोटे राज्य का विस्तार किया और उसका प्रभाव प्रायः उत्तरी भारत मे फैला था।

७ माधवगुप्त

महासेनगुप्त के पश्चात् उसका पुत्र माधवगुप्त ही मगध का उत्तराधिकारी हुआ; परन्तु माधवगुप्त के समय मे राजनैतिक स्थिति सर्वथा भिन्न हो गई थी। अतएव मगध का शासनकर्त्ता होने से पूर्व माधवगुप्त तथा तत्कालीन राजनैतिक अवस्था का अध्ययन करना अत्यन्त आवश्यक प्रतीत होता है।

यह पहले कहा जा चुका है कि महासेनगुप्त ने अपने दोनो पुत्रो माधवगुप्त आदि को थानेश्वर के राजा वर्धनों की राजसभा मे भेज दिया था तथा वहाँ वे वर्धन राजकुमारो—हर्ष और राज्यवर्धन—के साथ रहते थे। इस कार्य से गुप्तवंशज देवगुप्त नामक कुमार अप्रसन्न होकर महासेनगुप्त से पृथक् हो गया।

देवगुप्त

महासेनगुप्त की मृत्यु के पश्चात् देवगुप्त वर्धनो का शत्रु बन गया। महासेनगुप्त के शासन के पश्चात् उत्तरी भारत मे वर्धनो का प्रताप फैला और उन राजाओ ने

१. लौहित्यस्य तटेपु शीतलतलेपूत्फुल्लनागद्रुमच्छायासुप्तविबुद्धसिद्धमिथुनैः स्फीत यशो गीयते।—(अफसाढ की प्रशस्ति)।

२. श्री आदित्यवर्धनः तस्य पुत्र तत्पादानुध्यातो श्री महासेनगुप्तादेव्यामुत्पन्नः।—बॉसखेडा ताम्रपत्र (ए० इ० भा० ४ पृ० २०८), सोनपत मुद्रालेख (का० इ० इ भा० ३ न० ५२)।

३ बाण – हर्षचरित, उच्छ्वास ४।

४. श्रीहर्षदेवनिजसंगवाञ्छया च।—(अफसाढ का शिलालेख)।

एक वर्धन-साम्राज्य स्थापित कर लिया। इस परिस्थिति मे गुप्तों को थानेश्वर-राजा के अधीन होना पड़ा तथा इनकी गणना स्वतन्त्र राजाओ मे नही की जा सकती। वर्धनो ने कन्नौज के मौखरियो से मित्रता स्थापित की। थानेश्वर के राजा प्रभाकरवर्धन ने अपनी पुत्री का विवाह मौखरि नरेश ग्रहवर्मा के साथ किया। गुप्तो तथा मौखरि वंश में परम्परागत शत्रुता होने पर भी थानेश्वर के दरबार मे रहने व हर्ष का मित्र होने के कारण माधवगुप्त ने इस मौखरि और वर्धन सबध का विरोध नही किया। परन्तु देवगुप्त कब इसको सहन कर सकता था, अतएव उसने बदला लेने की प्रतिज्ञा की।

देवगुप्त का द्वेषभाव

मागध गुप्तो की (अफसाद[1] व देव-बरनार्क[2] लेखों मे उल्लिखित) वशावली मे देवगुप्त का नाम नहीं मिलता, अतएव देवगुप्त का स्थान इस वशवृक्ष मे निर्धारित करना कठिन ज्ञात होता है। परतु वर्धन लेखों[3] तथा बाणकृत हर्ष-चरित[4] मे देवगुप्त का उल्लेख मिलता है। इस आधार पर यह निश्चित है कि महासेनगुप्त के पश्चात् देवगुप्त मालवा का शासक बना रहा और माधवगुप्त थानेश्वर दरबार मे रहता था। वही से देवगुप्त मौखरि वश को नष्ट करने का प्रयत्न करने लगा। देवगुप्त के समकालीन मौखरि राजा ग्रहवर्मा के प्रपितामह ईशानवर्मा के समय मे ही बगाल के शासक गौड़ों को परास्त होना पड़ा था[5], इसलिए उसी समय से मौखरि तथा गौड़ वशों मे शत्रुता चली आ रही थी। इस शत्रुता से लाभ उठाकर देवगुप्त ने गौड़ के शासक शशाक से मित्रता की तथा मौखरियो का नाश करने के लिए उसे बुलावा भेजा। बाण के वर्णन से ज्ञात होता है कि प्रभाकरवर्धन की मृत्यु होते ही मालवा के राजा (देवगुप्त) ने मौखरि राजा ग्रहवर्मा को मार डाला तथा उसकी स्त्री राज्यश्री को कारागार मे बन्द कर दिया[6]। मौखरि नरेश ग्रहवर्मा की मृत्यु का दुःखद समाचार जब थानेश्वर पहुँचा तो हर्षवर्धन के जेठे भ्राता राज्यवर्धन ने मालवराज पर आक्रमण किया और कन्नौज के शत्रुओ को परास्त किया[7]। परन्तु इस विजय के बाद भी राज्यवर्धन सकुशल न रह सका। वर्धनो के शत्रु गौड़ाधिपति

---

१. का० इ० इ० भा० ३ न० ४२।

२. वही न० ४६।

३. बॉसखेड़ा का ताम्रपत्र (ए० इ० भा० ४ पृ० २०८)

४. हर्षचरित—उच्छ्वास ६।

५. कृत्वा चायति मोच्चितस्थलभुवो गौडान्समुद्राश्रयान्ध्यासिष्ट नतक्षितीशचरणः सिहासन यो जिती।
—हरहा का लेख (ए० इ० भा० १४ पृ० ११५)

६. यस्मिन्नहनि अवनिपतिरुपरत इत्यभूद्वार्ता तस्मिन्नेव देवो ग्रहवर्म्मा दुरात्मना मालवराजेन जीवलोकमात्मन. सुकृतेन त्याजित । भर्तृदारिकापि राज्यश्री कालायसनिगडचुम्बितचरणचौराङ्गना इव सयता कान्यकुब्जे काराया निक्षिप्ता। — हर्षचरित उ० ६।

७ राजानो युधि दुष्टवाजिन इव श्रीदेवगुप्तादय. कृत्वा येन कशाप्रहारविमुखाः सर्वे सम सयताः। उत्खाय द्विषतो विजित्य वसुधा कृत्वा प्रजाना प्रियः प्राणानुज्झितवानरातिभवने सत्यानुरोधेन यः॥——बॉसखेड़ा ताम्रपत्र।

शशाक ने इसका वध कर डाला[1]। इन सब वर्णनों से स्पष्ट ज्ञात होता है कि देवगुप्त अपनी प्रतिज्ञा को सफल बना सका और मौखरि वंश सर्वदा के लिए लुप्त हो गया।

देवगुप्त के जीवन-वृत्तात से पता चलता है कि वह एक नीच प्रकृति का मनुष्य था[2]। वह दुष्ट स्वभाव का होते हुए द्वेषी राजा था। उसे वर्धनो की उन्नति से ईर्ष्या हो गई थी अतएव उसने गौड़ के राजा शशाक के साथ मौखरि वंश का नाश किया तथा षड्यन्त्र करके राज्यवर्धन की हत्या करवाई। वर्धन लेखो तथा हर्षचरित के उल्लेख के अतिरिक्त इसके नाम का उल्लेख अन्यत्र नही मिलता।

इन सब राजनैतिक परिस्थितियो में भी माधवगुप्त ने हर्ष का साथ नही त्यागा। राज्यवर्धन के मारे जाने तथा अपनी बहन राज्यश्री के लोप होने पर वर्धन महाराजाधिराज हर्षदेव ने अपने कुल के शत्रुओं पर आक्रमण किया तथा विजयलक्ष्मी सर्वत्र इसी के हाथ आई। इस विजय-यात्रा मे माधव गुप्त ने हर्ष के साथ सर्वदा सहयोग किया तथा हर्षवर्धन उत्तरी भारत में एक विस्तृत साम्राज्य स्थापित करने मे सफल हुआ। हर्ष की माधवगुप्त पर विशेष कृपादृष्टि थी। अतएव विजययात्रा के समाप्त होने पर हर्ष ने माधवगुप्त को मगध के राज्य-सिंहासन पर बिठाया। अफसाद की प्रशस्ति के वर्णानुसार महासेनगुप्त का पुत्र माधवगुप्त ही अपने पिता के पश्चात् मगध का राजा हुआ। बहुत सम्भव है कि मित्रता के कारण हर्ष ने माधवगुप्त को अपने साम्राज्य के रक्षार्थ मगध का प्रतिनिधित्व दिया हो। ऐसी अवस्था मे अपने पूर्व वशजों के सदृश माधवगुप्त स्वतत्र शासक नही था परन्तु वर्धन सम्राट् की संरक्षकता मे शासन करता था।

(माधव व हर्ष)

(मागध का शासक)

अफसाद शिलालेख में माधवगुप्त के विस्तृत गुणगान तथा प्रताप का वर्णन मिलता है परन्तु यह सब कार्य माधव ने हर्ष के साथ सम्पादन किया होगा। इस वर्णन से ज्ञात होता है कि माधवगुप्त बहुत बड़ा वीर, यशस्वी तथा त्यागी राजा था। यह गुणी होते हुए भी युद्ध में सर्व अग्रणी योद्धा था[3]। इसने बहुत बलवान् शत्रुओ को परास्त कर यश प्राप्त किया था[4]। इन सब वर्णनो से प्रकट होता है कि माधवगुप्त किसी प्रकार से भी भयभीत होकर या बलहीन होने के कारण से वर्धनो की छत्रछाया के अन्दर राज्य नहीं करता था परन्तु हर्षदेव से गाढ़ी मित्रता के कारण ही[5] उसने हर्ष के कहने पर मगध के सिंहासन को सुशोभित किया।

(माधव के गुण)

---

१. इ० हि० क्वा० भा० ८ पृ० ९—११।

२. दुरात्मना मालवराजेन हर्षच० उ० ६—। दुष्टवाजिन इव—बॉसखेड़ा ताम्रपत्र।

३ श्री माधवगुप्तोऽभून्माधव इव विक्रमैकरसः,—नुस्मृतो धुरि रणे श्लाघावनामग्रणी, सोऽन्यस्य निधानमर्थनिचय त्यागोद्धुराणा वरः।

४. आजौ मया विनिहता बलिनो द्विषन्तः कृत्य न मेऽस्त्यपरमित्यवगार्य वीरः।

५. श्रीहर्षदेवनिजसङ्गमवाञ्छया च। —अफसाद की प्रशस्ति (फ्लीट नं० ४२)

माधवगुप्त का शासन-काल स्थिर करने के लिए वर्धन के राजा हर्षदेव की समकालीनता के अतिरिक्त कोई ऐतिहासिक बाते उपलब्ध नही है। हर्ष की शासन-

शासन-काल

अवधि ई० स० ६०६-६४७ तक मानी जाती है, अतएव उसी समय के लगभग माधव की भी अवधि समाप्त हो गई होगी। इस आधार पर यह पता चलता है कि माधवगुप्त का शासन ईसा की सातवी शताब्दी के मध्य भाग तक अवश्य समाप्त हो गया होगा।

८ आदित्यसेन

माधवगुप्त के पश्चात् उसके पुत्र आदित्यसेन ने मगध के राजसिंहासन को सुशोभित किया। सातवी शताब्दी के मध्यभाग मे वर्धन के महाराजाधिराज हर्षदेव की मृत्यु होने पर उत्तरी भारत मे कोई भी दूसरा बलशाली नरेश न था जो अपना प्रभुत्व स्थापित करता, केवल गुप्तो मे राजा आदित्यसेन था जिसने इस सुअवसर से लाभ उठाया। इसका पिता माधवगुप्त, हर्ष की सरक्षकता मे, मगध पर शासन करता था परन्तु उसके बाद पुनः गुप्त-नरेश स्वतत्र थे। इस राजनैतिक परिवर्तन और अपने बल के कारण आदित्यसेन ने एक विस्तृत राज्य स्थापित किया तथा पुन. प्राचीन गुप्त सम्राटो का अनुकरण किया।

आदित्यसेन के शासन-काल के अनेक लेख मिले हैं जिनसे उसका समय स्थिर

लेख

करने मे बहुत सहायता मिलती है। इन्ही लेखो के आधार पर उसके शासन की अवधि की अन्य ऐतिहासिक घटनाएँ ज्ञात होती हैं।

(१) अफसाद का शिलालेख[1]

मागध गुप्तो का इतिहास जानने के लिए अफसाद शिलालेख से अधिक कोई भी लेख महत्त्वपूर्ण नही है। यह लेख पर्याप्त रूप से बड़ा है। इसी लेख के द्वारा आदित्यसेन से पूर्व की गुप्त वशावली ज्ञात होती है। इस लेख के अभाव से मागध गुप्तो की वशावली से परिचित होना असम्भव हो जायगा। इसकी तिथि ज्ञात नही है। यह लेख गया ज़िले के अन्तर्गत अफसाद नामक ग्राम से मिला था। इसमे आदित्यसेन की माता द्वारा निर्माणित धर्मशाला तथा उसकी स्त्री द्वारा तालाब खुदवाने का वर्णन मिलता है। इन सब कारणो से इस लेख की अधिक महत्ता है। आदित्यसेन का यह सबसे प्रथम लेख है।

(२) शाहपुर का लेख[2]

आदित्यसेन के समय का यह दूसरा लेख है। इसकी तिथि हर्ष-सवत् मे उल्लिखित है जो ६६ है। यह लेख सूर्यप्रतिमा के अधोभाग मे खुदा है। इस मूर्ति को सालक्षय नामक व्यक्ति ने स्थापित किया था। गुप्त राजा आदित्यसेन के शासन काल का यही एक लेख तिथियुक्त है जिससे उसका काल निर्धारित किया जाता है। पटना ज़िले के बिहार से नौ मील दक्षिण शाहपुर ग्राम से यह लेख प्राप्त हुआ था।

---

१. का० इ० इ० भा० ३ नं० ४२।

२. वही न० ४३।

(३—४) मन्दर का शिलालेख[1]

आदित्यसेन के दो लेख मन्दर से मिले हैं। ये लेख भागलपुर ज़िले के बंका से सात मील दूर स्थित मन्दर पर्वत पर उत्कीर्ण हैं। इनमें तिथि का उल्लेख नहीं मिलता। इस लेख मे आदित्यसेन के लिए 'परम भट्टारक महाराजाधिराज' पदवी उल्लिखित है। इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि ये लेख आदित्यसेन द्वारा स्वतन्त्र राज्य स्थापित करने के पश्चात् उत्कीर्ण कराये गये थे। अतएव इन लेखो की तिथि अफसाद और शाहपुर लेख से पीछे की होगी। इस लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि राजा आदित्यसेन की स्त्री ने एक कासार निर्माण करवाया था।

(५) मन्दर का लेख

फ्लीट महोदय का कथन है कि यह लेख भी मन्दर पर्वत से लाया गया था[2]। यह आदित्यसेन का पॉचवॉ लेख ज्ञात होता है। इस लेख के वर्णन से स्पष्ट ज्ञात होता है कि आदित्यसेन ने दिग्विजय किया था और इसके फलस्वरूप उसने 'अश्वमेध यज्ञ' किया। इस राजा को पृथिवीपति की उपाधि दी गई है। इस लेख मे विपुल धन तथा असख्य हाथी-घोड़ो के दान का वर्णन मिलता है। उस स्थान पर विष्णु-भगवान् के पूर्व अवतार शूकर की प्रतिमा स्थापित है। इसमे राजा को समुद्र पर्यन्त पृथ्वी का शासक बतलाया गया है[3]। यह लेख आदित्यसेन का सबसे अन्तिम लेख है।

शासन-काल

यह कहा जा चुका है कि ईसा की सातवी सदी के मध्य मे कन्नौज के राजा हर्ष-वर्धन की मृत्यु के उपरान्त आदित्यसेन का शासन प्रारम्भ होता है। इसके अतिरिक्त इस गुप्त नरेश के शाहपुरवाले लेख से इसकी तिथि निर्धारित की जा सकती है। उस लेख मे तिथि हर्ष सवत् (ई० स० ६०६) मे ६६ का उल्लेख मिलता है। अतएव आदित्यसेन ई० स० ६७२ (६६ + ६०६) मे शासन करता था। शाहपुर लेख के पश्चात् उसके दो लेख मन्दर पर्वत पर खुदे मिलते हैं जिससे प्रकट होता है कि ई० स० ६७२ के उपरान्त भी आदित्यसेन राज्य करता था। इन सब विवेचनों के आधार पर उसकी शासन-अवधि अनुमानतः ई० स० ६७५-७६ तक मानी जा सकती है। आदित्यसेन ने ई० स० ६४८ (हर्षवर्धन की मृत्यु-तिथि) से लेकर ६७३ पर्यन्त यानी पचीसो वर्ष राज्य किया।

राज्य विस्तार

ईसा की सातवी शताब्दी के पूर्व भाग मे हर्षवर्धन ने उत्तरी भारत मे एक साम्राज्य स्थापित कर लिया था। उसकी मृत्यु के पश्चात् राज्य का कोई उत्तराधिकारी न था। इस कारण उत्तरी भारत मे एक प्रकार की अराजकता फैल गई। इस राजनैतिक उथल-पुथल के समय में आदित्यसेन ने नीति से काम लिया। इसने अपने बाहुबल से गुप्त राज्य का विस्तार ही नही किया प्रत्युत उसे इतना सुदृढ़ बनाया कि इसके वंशज चैन से राज्य करते रहे। इन्हीं कारणो से

---

१. का० इ० इ० भा० ३ नं० ४४,४५।

२. वही पृ० २१३ नोट।

३. शास्ता समुद्रान्तवसुन्धरायाः.. .. प्रभावो बभूव।

लेखों में इसके लिए महान् पदवियाँ 'परमभट्टारक महाराजाधिराज[1]' तथा 'पृथिवीपति[2]' का प्रयोग किया गया है। इसके लेख गया, पटना तथा भागलपुर आदि स्थानों मे मिले हैं, जिससे प्रकट होता है कि इसके समय में गुप्त राज्य ने विस्तृत रूप धारण कर लिया था। गुप्त-साम्राज्य के नष्ट होने पर मागध गुप्तों में यही राजा हुआ जिसका प्रताप दूर तक फैला और उसने पुनः बड़ी पदवी धारण की। लोकनाथ के ताम्रपत्र से प्रकट होता है कि उसकी पदवी कुमारामात्य थी[3]।

प्राचीन प्रणाली के अनुसार आदित्यसेन ने अपने विजय के उपलक्ष में अश्वमेध यज्ञ किया था। इसके एक लेख में इस यज्ञ का वर्णन मिलता है[4] और दक्षिणा में विपुल धन तथा अगणित हाथी-घोड़ों का दान भी वर्णित है।

अश्वमेध यज्ञ

लेख में वर्णित अश्वमेध यज्ञ की पुष्टि कुछ विद्वान् सिक्कों से भी करते हैं। पूर्वी बङ्गाल में कुछ सोने के सिक्के मिले हैं जिनकी बनावट गुप्त ढङ्ग की अवश्य है परन्तु वे बहुत ही अशिष्ट रूप (Rude) के हैं। इन पर अंकित मूर्ति को देखने से घोड़े के सिर की आकृति मालूम पड़ती है। इन सिक्कों पर कुछ पढ़ा नहीं जाता। ये सिक्के किस राजा के समय के हैं, यह भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। परन्तु भट्टशाली महोदय का कथन है कि ये सिक्के गुप्त राजा आदित्यसेन के हैं। उनके कथनानुसार सिक्कों पर अंकित घोड़े के सिर की मूर्ति अश्वमेध यज्ञ की द्योतक है। इस प्रकार लेख में वर्णित अश्वमेध यज्ञ की प्रामाणिकता इन सिक्कों से की जाती है[5]। भट्टशाली महोदय का कथन कहाँ तक सत्य है, इसका विचार ऐतिहासिक विद्वानों पर निर्भर है। लेख के आधार पर आदित्यसेन द्वारा अश्वमेध यज्ञ करने की प्रामाणिकता में कोई आपत्ति नहीं है।

इस प्रतापी राजा के शासन-काल मे गुप्त-राज्य की बहुत उन्नति हुई। राजा से लेकर राजपरिवार तक समस्त व्यक्ति सार्वजनिक उपकारिता के काम में संलग्न रहते थे।

सार्वजनिक कार्य

इस यशस्वी राजा आदित्यसेन ने अपने देव भगवान् विष्णु का मंदिर बनवाकर अपने धार्मिक प्रेम का परिचय दिया था[6]। इसकी उन्नत विचारशीला वृद्धा माता श्रीमती देवी ने धार्मिक शिक्षा के लिए एक मठ बनवाया था[7]। आदित्यसेन की साध्वी पत्नी श्री कोणदेवी सर्वदा उपकार-कार्य में लीन

---

१. मन्दर का लेख (का० इ० इ० भा० ३ नं० ४४)।

२ वही (फ्लीट—पृ० २१३ नोट)।

३. ए० इ० भा० १५ न० १६ पृ० ३०१ १५ (टिपरा का ताम्रपत्र हर्ष स० ४४)।

४. वही।

५. जे० ए० एस० बी०। (न्यूमिसमेटिक सप्लिमेंट)

६. तेनेदं भवनोत्तमं क्षितिभुजा विष्णोः कृते कारितम्।—(अफसाद का लेख)

७, तज्जनन्या महादेव्या श्रीमत्या कारितो मठः। धार्मिकेभ्यः स्वयं दत्तो सुरलोकगृहोपमः।

—(अफसाद का लेख)

(६०० ई० पू०) गुप्तवंश पर्यन्त अनेक साम्राज्यो की केन्द्रस्थली बनी रही। ई० पू० चौथी शताब्दी मे आनेवाले यवन राजदूत मेगस्थनीज़ ने इस नगरी की इसी प्रचुर विभूति से प्रसन्न होकर इसका सुन्दर तथा ललित वर्णन अपनी 'इन्डिका' नामक पुस्तक में किया था। ई० पू० ३२७ में सुप्रसिद्ध जगत्-विजेता एलेक्जेण्डर महान् ने भारतवर्ष पर चढ़ाई की परन्तु तत्कालीन प्रबल पराक्रमी भारतीय शासक महापद्मनन्द की अद्भुत वीरता तथा असख्य सेना का समाचार सुन उसकी हिम्मत हार गई तथा उसे उल्टे पॉव पजाब से लौटना पड़ा। तत्पश्चात् राजनीति के परम आचार्य चाणक्य ने तत्कालीन राजवश का नाश कर चन्द्रगुप्त मौर्य्य को राजा बनाया। इस प्रबल पराक्रमी प्रथम मौर्य्य सम्राट् ने अपनी शक्तिशाली भुजाओ के द्वारा समस्त भारत को अपने अधीन कर लिया तथा एक विस्तृत साम्राज्य की स्थापना की। यह महाराज भारत का सर्वप्रथम सम्राट् कहा जाता है। इसका पौत्र महाराज अशोक राज्य-विस्तार की लिप्सा को छोड़कर कलिङ्ग की लड़ाई मे हुई नरहत्या का कटु अनुभव कर बौद्धधर्मानुयायी हो गया। मौर्य्य सम्राट् अशोक ने धर्मविजयी होने की उत्कण्ठा से चारो दिशाओ मे धर्मप्रचार के निमित्त दूत भेजे तथा इस उद्योग मे वह पूर्ण रूप से सफल भी हुआ। अशोक की मृत्यु के पश्चात् विशाल मौर्य्य-साम्राज्य अनेक टुकड़ो मे विभक्त हो गया।

शुङ्गो तथा कण्वो का शासन

ई० पू० दूसरी शताब्दी मे शुङ्गवशी सेनापति पुष्यमित्र ने अन्तिम मौर्य्य राजा बृहद्रथ को मारकर मगध का शासन अपने अधीन कर लिया। इसने विदेशी यवन मिलिन्द (मिनेंडर) को जीतकर अपने राज्य का विस्तार भी किया[1]। इसने प्राचीन वैदिक धर्म के अनुसार दो अश्वमेध यज्ञ भी किये[2]।

प्रायः १०० वर्ष तक शुङ्गो ने भारत पर शासन किया। इनके पश्चात् कुछ काल तक (ई० पू० ७८ से २८ तक) कण्व नरेश भी मगध पर राज्य करते रहे। इस समय के बाद कई शताब्दियो तक मगध का आधिपत्य भारतीय इतिहास से विलुप्त हो गया तथा पाटलिपुत्र ने भी साम्राज्य के केन्द्र होने का गौरव खो दिया। भारतीय इतिहास के रंगमच पर पाटलिपुत्र के नाम का क्रमशः लोप होने लगा तथा ई० सन् की चौथी शताब्दी तक—गुप्तो के उत्थान-काल तक—पाटलिपुत्र की गणना भारत के साधारण नगरो मे होती रही। अथवा कह सकते हैं कि इसका प्रताप-सूर्य तीन सौ वर्षो तक मेघाच्छन्न रहा।

---

१. ततः साकेतमाक्रम्य पाचालान् मथुरां तथा।
यवना दुष्टविक्रान्ताः प्राप्स्यन्ति कुसुमध्वजम्॥

गा० स० ना० प्र० प० भा० १० पृ० ५।

अरुणद्यवनः साकेतम्, अरुणद्यवनो माध्यमिकाम्।

महाभाष्य।

२. अयोध्या का लेख—ना० प्र० प० भा० ५, पृ० २१०।

रहती थी। इसने जनता के कल्याण के निमित्त एक जलाशय खुदवाया जिसका पानी लोगों के पीने के काम मे लाया जाता था[1]। इस प्रकार समस्त राजपरिवार जनता की भलाई तथा परोपकार में तन मन धन से लगा रहता था। ऐसे राजा की प्रजा का उन्नतिशील तथा विचारवान् होना स्वाभाविक ही है।

गुप्तनरेश आदित्यसेन ने अपने राज्य-विस्तार तथा प्रजा की वैभव वृद्धि के साथ साथ प्राचीन वैदिक मार्ग का अवलम्बन किया। इसको आर्य संस्कृति से प्रेम था।

धर्म

गुप्त सम्राटों के सदृश इस राजा ने भागवतधर्म मे अनुराग पैदा किया और यह वैष्णवधर्म का गाढ़ा अनुयायी हो गया। आदित्यसेन ने अपने उपास्यदेव भगवान विष्णु का मंदिर बनवाया था[2]। वैष्णव धर्मावलम्बी होने के कारण इसके वंशज जीवितगुप्त द्वितीय के लेख मे आदित्यसेन के लिए 'परमभागवत' की उपाधि प्रयुक्त है[3]। मंदर पर्वत के समीप इस नरेश ने विष्णु के पूर्व अवतार वाराह की मूर्ति स्थापित की थी[4]। इन सब प्रमाणों के सम्मुख इस राजा को वैष्णवधर्म का अनुयायी मानने मे तनिक भी संदेह नही है। मागध गुप्तो में केवल आदित्यसेन ही ऐसा राजा था जिसने गुप्त सम्राटों के समान वैष्णव धर्म स्वीकार किया। वैष्णव धर्मानुयायी होते हुए भी आदित्यसेन मे धार्मिक सहिष्णुता थी। इसी के शासन-काल मे सेनानायक सालपक्ष ने सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित की थी[5]।

आदित्यसेन वैदिक-मार्ग का अनुयायी तथा आर्य सभ्यता का प्रेमी राजा था। इसके राज्य-विस्तार से वीरता तथा पराक्रम का परिचय मिलता है। शत्रुओं का नाश

चरित

करने तथा धनुष आदि की कुशलता के कारण इसका यश बहुत ही बढ़ गया था[6]। अफसाद के शिलालेख में इसके प्रताप का वर्णन मिलता है। गुप्त-नरेश के लौकिक कार्य से इसके चरित की महत्ता प्रकट होती है। राजा के अतिरिक्त राजपरिवार मे वृद्धा माता तथा साध्वी भार्या भी उपकार मे संलग्न रहती थी। आदित्यसेन ने अपनी पुत्री का विवाह मौखरि भोगवर्मन् से किया था

---

१. राज्ञा खानितमद्भुतं सुपयसा पेपीयमानं जनैः। तस्यैव प्रियभार्यया नरपतेः श्रीकोणदेव्या सरः।—(अफसाद की प्रशस्ति)

परमभट्टारक महाराजाधिराज श्री आदित्यसेनदेवदयिता परमभट्टारिका महादेवी श्री कोणदेवी पुष्करिणी कारिता — मन्दर का लेख (नं० ४४)।

२. तेनेदं भवनोत्तमं क्षितिभुजा विष्णोः कृते कारितम्—(अफसाद का लेख नं० ४२)

३ श्री श्रीमत्यामुत्पन्नः परमभागवत श्रीआदित्यसेनदेव। देव बरनार्क का लेख।

(का० इ० इ० भा० ३ नं० ४६)

४. का० इ० इ० भा० ३ पृ० २१३ नोट।

५ शाहपुर का लेख (फ्लीट नं० ४३)

६. मा . . . . मागतमरिध्वंसोत्थमाप्त यशः श्लाघ्यं सर्वधनुष्मतां पुर इति श्लाघा परा बिभ्रती।

. . . . .श सकलरिपुबलध्वंसहेतुर्गरीयान्निस्त्रिंशोत्खातघातश्रमजनितजडोऽप्यूर्जितस्वप्रतापः।

—(अफसाद की प्रशस्ति)

जिसका नाम नेपाल की प्रशस्ति मे मिलता है[१]। इस प्रकार आदित्यसेन का शासन-प्रबंध सुदृढ तथा वैभव-सम्पन्न था। इसी सुचारु राजशासन का परिणाम हुआ कि आदित्यसेन के वशज शातिपूर्वक राज्य करते रहे।

९ देवगुप्त द्वितीय

आदित्यसेन के शासन के पश्चात् उसके पुत्र देवगुप्त ने शासन की बागडोर अपने हाथ मे ली। इस गुप्त-नरेश का नाम तथा इसके वशजो की नामावली देव वरनार्क के लेख मे उल्लिखित है[३]। इस लेख मे इसके उल्लेख के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं इसका नाम नही मिलता। अतएव इसके विषय मे कुछ अधिक ऐतिहासिक बाते उपलब्ध नही हैं।

अपने पिता आदित्यसेन के सदृश देवगुप्त ने भी परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर की उपाधि धारण की थी[४]। इसके शासन-काल मे एक विशेष घटना का उल्लेख मिलता है। देवगुप्त के समकालीन पश्चिम में वातापी के चालुक्य नरेश शासन करते थे। ई० स० ६८० के लगभग चालुक्य राजा विनयादित्य के द्वारा 'सकलोत्तरापथ नाथ' पदवी-धारी उत्तरी-भारत के नरेश के पराजय का वर्णन मिलता है[५]। शाहपुर के लेख से ई० स० ६७२ मे आदित्यसेन का शासन प्रकट होता है। अतएव उसका पुत्र देवगुप्त ई० स० ६८० के लगभग उत्तरी भारत में अवश्य शासन करता होगा। इससे प्रकट होता है कि विनयादित्य ने देवगुप्त पर विजय पाई थी। अतएव 'सकलोत्तरापथनाथ' की उपाधि गुप्तनरेश देवगुप्त के लिए ही प्रयुक्त है।

चालुक्यो से युद्ध

सातवी सदी के उत्तरार्द्ध मे भारत मे भ्रमण करनेवाले कोरीन के यात्री ह्यूईलुन ने पूर्वी भारत मे शासन करनेवाले राजा देववर्मन् का उल्लेख किया है[६]। समय के विचार से विद्वानो ने इस देववर्मन् की समता मागध राजा देवगुप्त से की है। इस यात्री तथा चालुक्य लेख के अतिरिक्त देवगुप्त का कही उल्लेख नहीं मिलता।

वातापी चालुक्य नरेश विनयादित्य की समकालीनता से प्रकट होता है कि गुप्त राजा देवगुप्त ई० स० ६८० के लगभग शासन करता था। देवगुप्त की लम्बी उपाधियो से प्रकट होता है कि आदित्यसेन के समान इसका भी प्रभाव सर्वत्र फैला था। 'सकलोत्तरापथनाथ' (सब उत्तर दिशा के स्वामी) से सूचना मिलती है कि देवगुप्त का प्रताप सारे उत्तरी भारत मे विस्तृत था। देव-वरनार्क

राज्य-काल

१. इ० ए० भा० ६ पृ० १७८ (पद्य १३)।

२. मालवा के राजा देवगुप्त से भिन्नता दिखलाने के लिए इस राजा को देवगुप्त द्वितीय कहा गया है।

३. का० इ० इ० भा० ३ न० ४६।

४. 'श्रीआदित्यसेन देव तस्य पुत्र. तत्पादानुध्यातो परमभट्टारिकाया राज्ञा महादेव्या श्रीकोणदेव्या मुत्पन्नः परममाहेश्वर परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वरदेवगुप्तदेव'। —देव वरनार्क का लेख।

५. केन्डूर प्लेट, बम्बई गजेटियर जि० १ भा० २ पृ० १८९।

६ बील—लाइफ् आफ ह्वेनसांग भूमिका पृ० ३६-३७।

के लेख मे देवगुप्त को 'परम माहेश्वर' कहा गया है[1] । अतएव यह प्रकट होता है कि यह शिव का उपासक था।

१० विष्णु गुप्त

देव-बरनार्क के लेख से ज्ञात होना है कि देवगुप्त का पुत्र विष्णु गुप्त राज्य का उत्तराधिकारी हुआ[2] । इस लेख से विष्णुगुप्त के नामोल्लेख के अतिरिक्त कुछ भी अन्य ऐतिहासिक बाते ज्ञात नही होतीं। अन्यत्र भी इसका कोई लेख नहीं मिलता।

गुप्तो के सोने के सिक्को मे कुछ भद्दी बनावट के सिक्के भी हैं। उनमे एक पर 'विष्णुगुप्तं' तथा 'चन्द्रादित्य' लिखा मिलता है[3] । कुछ विद्वानों का अनुमान है कि ये सिक्के इसी विष्णुगुप्त के हैं। सम्भव है कि 'चन्द्रादित्य' उसकी उपाधि हो जिसका उल्लेख लेख में नही पाया जाता।

विष्णुगुप्त के सिक्के

देव-वरनार्क के लेख मे विष्णुगुप्त के लिए 'परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर' पदवी मिलती है। यदि उपर्युक्त सिक्के भी इसी विष्णुगुप्त के हो तो इस राजा के प्रभावशाली होने की सूचना मिलती है। उसी लेख में उसके लिए 'परम माहेश्वर' की उपाधि दी गई है। इससे प्रकट होता है कि अपने पिता के सदृश विष्णुगुप्त भी शैव था[4] ।

उपाधि

११ जीवित गुप्त द्वितीय

यह मागध गुप्तो का अन्तिम राजा था जो अपने पिता विष्णुगुप्त के पश्चात् राजसिंहासन पर बैठा। इसके शासन के पश्चात् मागधगुप्तो का वंश नष्ट हो गया, क्योकि इसके बाद किसी भी गुप्त राजा का शासन मगध में ज्ञात नही है। इसके जीवन-सम्बन्धी किसी विशेष घटना का उल्लेख नही मिलता। इसका एक लेख मिला है।

जीवितगुप्त द्वितीय का एक लेख आरा (बिहार प्रांत) के समीप देव-वरनार्क ग्राम से प्राप्त हुआ है[5] । इसमें तिथि का उल्लेख नही मिलता। लेख में राजा के लिए महान् उपाधि 'परम भट्टारक महाराजाधिराज' का प्रयोग मिलता है। लेख प्राचीन अग्रहार दान लिखने की शैली में लिखा गया है। यह एक बहुत बड़ा लेख विष्णु-मदिर के द्वार पर उत्कीर्ण है। इसके वर्णन से मालूम होता है कि जीवितगुप्त द्वितीय का विजय-स्कन्धावार गोमती के किनारे

लेख

---

१. 'परम माहेश्वर परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वरदेवगुप्त देव'—का० इ० इ० भा० ३ नं० ४६।

२. श्री देवगुप्त देव तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो..... श्री विष्णुगुप्तदेव।

३. एलन—गुप्त क्वायन पृ० १४५।

४. परममाहेश्वर परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री विष्णुगुप्त देव
—का० इ० इ० भा० ३ नं० ४६।

५. का० इ० इ० भा० ३ नं० ४६।

था। गुप्त राजा ने इस लेख द्वारा पूर्व दान देनेवाले बालादित्य तथा सर्ववर्मन् मौखरि के अग्रहार दान का अनुमोदन किया है[1]।

चरित्र

देव-बरनार्क लेख के वर्णन से जीवितगुप्त उदारचरित्र का राजा ज्ञात होता है। अग्रहार दान के अनुमोदन से राजा के उच्च विचार तथा दयाभाव का परिचय मिलता है। 'परम भट्टारक महाराजाधिराज' उपाधि से राजा जीवितगुप्त के प्रतापी तथा शक्तिशाली होने की सूचना मिलती है।

जीवितगुप्त ने गोमती तट पर अपना विजयस्कन्धावार स्थापित किया था। अतः लेख के वर्णन तथा इसके प्राप्ति-स्थान से ज्ञात होता है कि जीवितगुप्त द्वितीय विहार से लेकर संयुक्त प्रान्त के गोमती-किनारे तक शासन करता था। यही इसके राज्य का विस्तार प्रकट होता है।

राज्य व शासन काल

मागधगुप्तों के अन्य राजाओं की समकालीनता तथा आदित्यसेन की तिथि के आधार पर यह विचार किया जा चुका है कि मागध गुप्तों का शासनकाल सम्भवतः आठवी शताब्दी के मध्य भाग तक है। किसी प्रमाण के अभाव मे जीवितगुप्त द्वितीय की शासन-अवधि निश्चित रूप से नही बतलाई जा सकती।

मागध गुप्तों का अंत

मागध गुप्तों का वर्णन समाप्त होने पर यह जानना परमावश्यक है कि इस वंश का नाश कैसे हुआ। इनके उपरान्त मगध का कौन राजा था? प्राकृत ग्रंथ वाक्पतिराज कृत 'गौडवहो' से मागध गुप्तों के अंत का कुछ ज्ञान प्राप्त होता है। इसके वर्णन से पता चलता है कि आठवीं शताब्दी के मध्य भाग मे गौड़ राजा दो उपाधियो—गौडाधिप तथा मगधनाथ—से विभूपित था[2]। अतएव यह स्पष्ट प्रकट होता है कि आठवी शताब्दी मे मगध-राज्य में गौड़-राज्य भी सम्मिलित हो गया था। इस कारण यह कहना समुचित है कि मागधगुप्तों का अंत कन्नौज के राजा यशोवर्मा के हाथ हुआ। गौडवहो के वर्णन से ज्ञात होता है कि मगध-नरेश ने अपने विजेता को अपना राज्य समर्पण कर दिया[3]। विद्वानो का अनुमान है कि मागधगुप्तो के अंतिम राजा जीवितगुप्त द्वितीय ने अपना राज्य यशोधर्मा को समर्पण कर दिया। विद्वानो का अनुमान है कि मागधगुप्तों का अंतिम राजा जीवितगुप्त द्वितीय यशोवर्मा के हाथो मारा गया। सम्भवतः यशोवर्मा ने आठवी शताब्दी के पूर्वार्द्ध मे मागध गुप्तों का अन्त कर डाला।

---

१. परमेश्वर श्री बालादित्यदेवेन स्वशासनेन ... परमेश्वर सर्ववर्मन ..... महाराजाधिराज परमेश्वर शासनदानेन . अनुमोदित।

२ बसाक—हिस्ट्री आफ नार्दर्न ईस्टर्न इंडिया पृ० १३२।

३ गौडवहो—पद्य ४१४-४१७ (बम्बई सीरीज नं० ३४)।

सोऽइ विमुह-प्पयत्तस्स झति मगहाहिवस्स विणियत्तो।
उक्का दण्डस्सव सिहि कणाण णिवहो णरिन्दाण ।४१४
अहवि बलाअन्त कवलि ऊण मगहाहिव मही-णाहो।
जाओ एत्ता सुरहिम्मि जलहि-वेला वणन्तम्मि ।४१७

गुप्त साम्राज्य के नष्ट हो जाने पर उत्तरी भारत में अनेक स्वतंत्र राज्य स्थापित हो गये थे। उस गुप्त वंश में से कुछ बचे हुए व्यक्तियों ने यत्र तत्र अपना छोटा प्रदेश स्थापित कर लिया। उनमें से मुख्य वंश मगध का था जिसका सविस्तृत विवरण ऊपर दिया गया है। मध्य प्रदेश तथा बम्बई प्रान में भी कुछ गुप्त नामधारी राजाओं का उल्लेख मिलता है। इससे यह प्रकट होता है कि पूर्व गुप्तों की कठिन दुरवस्था मे मध्य प्रदेश तथा बम्बई प्रात में भी गुप्त जाकर निवास करने लगे। यद्यपि उनका विशेष वर्णन कहीं नहीं मिलता परन्तु कुछ सदर्भो के आधार पर उनके विषय में कुछ बाते ज्ञात होती हैं। बम्बई प्रांत के धारवाड़ में गुत्तल वंशी नरेश शासन करते थे। वे नरेश अपने को सोमवंशी तथा उज्जैन के राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के वशज मानते हैं[1]। ऐसी अवस्था में यह ज्ञात होता है गुप्त वंशज किसी व्यक्ति ने धारवाड़ प्रदेश में अपना राज्य स्थापित किया तथा तद्देशीय परिस्थिति के कारण वह गुत्तलवशी कहलाया।

मध्यप्रदेश तथा बम्बई प्रान्त के अन्य गुप्त राजा

मध्यप्रदेश के रायपुर ज़िले के अतर्गत सिरपुर नामक स्थान से एक लेख मिला है। वह प्रशस्ति महाशिव गुप्त की है। लेख के वर्णन से ज्ञात होता है कि ये राजा गुप्तवंशी थे तथा उसमे उनके चन्द्रवशी होने का उल्लेख मिलता है[2]। इस लेख के आधार पर स्पष्ट पता चलता है कि गुप्त वश के किसी राजकुमार ने वहाँ अपना राज्य स्थापित कर लिया जिसके वश मे महाशिवगुप्त था। इन सब कारणों से यह कहना न्याय-युक्त है कि बम्बई तथा मध्यप्रदेश से गुप्त अधिकार हटने पर भी कुछ गुप्त वशजों ने अपनी स्थिति उन स्थानों में बनाये रक्खी जिससे उनके वंशज वहाँ राज्य करते रहे। डा० हीरालाल का कथन है कि मध्यप्रदेश के गुप्त लोगों ने सिरपुर में ही राज्य स्थापित किया परन्तु अन्त में विनितपुर (सोनपुर) में बस गये; जहाँ से उन लोगों ने उड़ीसा तथा तेलिंगाना के अधिक भागों पर शासन किया[3]। उनका अधिक विवरण नहीं मिलता जिससे उनका वशवृक्ष तैयार किया जाय। इन कतिपय उल्लेखों के आधार पर उपर्युक्त मत निर्धारित किया गया है।

---

१. बम्बई गजेटियर जि० १ भा० २ पृ० ५७८ नोट ३।

२. सिरपुर का लेख (ए० इ० भा० ११ पृ० १९०)।

[आसीच्छशीव] गुप्तनाद्भुतभूतभूतिः उद्भूत नृतपति (नतिमग) प्रभावः।

चन्द्रान्वयैकतिलकः खलु चन्द्रगुप्तः राजाख्यया पृथुगुणः प्रथितः पृथिव्याम्।

३. इन्सक्रुपशन फ्राम सी० पी० ऐंड बरार भूमिका ७।

परिशिष्ट

गुप्त-संवत्

भारतीय ऐतिहासिक गवेषणा मे विद्वानो को अमुक राजा वा राजवश के काल-निर्णय में अत्यन्त कठिनाइयो का सामना करना पड़ा था। कब और कहाँ आदि प्रश्न ऐतिहासिक परिशीलन मे प्राय: पूछे जाते है। भारत के भिन्न भिन्न प्रातो मे पूर्वकाल मे अनेक संवत् प्रचलित हुए थे, जिन्हे विभिन्न समयो पर पृथक् पृथक् राजाओ ने स्थापित किया था। इन सवतो के आधार पर भारत का तिथि-क्रम युक्त शृंखला-बद्ध इतिहास लिखने में बड़ी सहायता मिली है। ईसा की चौथी शताब्दी से छठे तक गुप्त इतिहास की घटनाएँ काल क्रमानुसार निबद्ध करने मे विद्वानो को कठिनाइयाँ उठानी पड़ी। परन्तु गुप्त लेखो मे 'गुप्त काल' और गुप्तवंश की राज-परम्परा का स्पष्ट उल्लेख मिलता है जिससे काल-निर्णय में सरलता हो जाती है। अतएव गुप्त काल की प्रारम्भिक तिथि (गुप्त-संवत्) को निर्धारित करना समुचित प्रतीत होता है। यह सवत् (गुप्त संवत्) किस राजा ने चलाया, इस विषय मे लिखित प्रमाण अब तक नही मिला है।

प्राय: समस्त गुप्त लेखो मे एक प्रकार की तिथि का उल्लेख मिलता है जिससे अमुक राजा की शासन-अवधि स्थिर की जाती है। सब तिथियो के अनुशीलन से यह प्रकट होता है कि तिथि का क्रम शनै: शनैः एक शासक से उसके उत्तराधिकारी के लेख मे बढ़ता जाता है। गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय के लेखो मे ८८ या ९३ आदि तिथि उल्लिखित हैं[1], तो उसके पुत्र कुमारगुप्त प्रथम की प्रशस्तियों मे ९६, ९८, ११७, १२९ आदि तिथियाँ मिलती हैं[2]। इन अको से यह तात्पर्य नही निकाला जा सकता कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने ९३ वर्ष तक शासन किया तथा कुमार प्रथम १२९ वर्ष तक राज्य करता रहा। यदि इन अंको पर विचार किया जाय तो ज्ञात होता है कि गुप्त सम्राट् किसी अमुक समय से काल-गणना करते थे। ये अक यही सूचित करते हैं कि गुप्त नरेश ९३वें वर्ष तथा १२९वें वर्ष में शासन करते थे। अतएव उस समय को निश्चित करना परमावश्यक प्रतीत होता है।

---

१. श्री चन्द्रगुप्त राज्य संवत्सर ८ (का० इ० इ० भा० ३ नं० ५ ७)

२. 'श्री कुमारगुप्तस्य अभिवर्धमान विजयराज्ये संवत्सरे पञ्चदश' (वही नं० ८, १०, ११)

नोट—इसके विवरण में—गु० सं०—गुप्त संवत्, श० का०—शक काल, मा० सं०—मालव-संवत्, वि०—विक्रमी तथा श०—शक के लिए प्रयोग किया गया है।

कतिपय लेखो तथा ग्यारहवीं शताब्दी के मुसलमान इतिहासज्ञ अलबेरूनी के वर्णन से स्पष्ट पता चलता है कि गुप्तो के नाम से किसी समय की गणना होती थी; जिसे 'गुप्त-काल' या 'गुप्त-सवत्' कहते हैं। इस कारण प्रतीत होता है कि लेखो की समस्त तिथियाँ इसी गुप्त-सवत् में दी गई हैं। गुप्त सम्राट् स्कन्दगुप्त के जूनागढ लेख मे स्पष्ट रीति से उल्लेख मिलता है कि इस प्रशस्ति की तिथि 'गुप्त-काल' (गुप्त सवत्) मे दी गई है।

गुप्त सवत् का नामोल्लेख

सवत्सराणामधिके शते तु त्रिंशद्भिरन्यैरपि षड्भिरेव।
रात्रौ दिने प्रौष्ठपदस्य षष्ठे **गुप्तप्रकाले गणनां** विधाय[1] ॥

गुप्त नरेश कुमारगुप्त द्वितीय तथा बुधगुप्त के सारनाथवाले लेख मे भी गुप्त-संवत् का नामोल्लेख मिलता है[2]।

'वर्षे शते गुप्ताना सचतुःपचाशदुत्तरे भूमि।
शासति कुमारगुप्ते मासे ज्येष्ठे द्वितीयायाम्'।
'गुप्ताना समतिक्रान्ते सप्तपचाशदुत्तरे।
शते समाना पृथिवी बुधगुप्ते प्रशासति' ॥

ईसा की दसवी शताब्दी के मोरवि ताम्रपत्र मे भी तिथि का उल्लेख गुप्त सवत् मे पाया जाता है। उस ताम्रपत्र मे 'गौप्ते' शब्द से स्पष्ट प्रकट होता है कि गुप्त लोगो की भी कुछ काल-गणना अवश्य थी[3]।

'पञ्चाशीत्या युतेतीते समाना शतपञ्चके।
गौप्ते ददावदो नृपः सोपरागेर्कमण्डले' ॥

गुप्त सम्राटो के सामत परिव्राजक महाराजाओ के लेखो मे तिथि का उल्लेख 'गुप्तनृपराज्यभुक्तौ' के साथ मिलता है[4]। अतः यह ज्ञात होता है कि गुप्त-सवत् की अवश्य ही स्थिति थी जिस समय से गुप्तो की काल-गणना प्रारम्भ हुई।

ग्यारहवी शताब्दी मे महमूद ग़जनवी के साथ मुसलमान इतिहासज्ञ अलबेरूनी भारत मे आया था। उसने भारत के अनेक विषयो का वर्णन अपनी पुस्तक मे किया है। भारतीय सवतों की वार्ता को उसने अछूता नहीं छोड़ा; परन्तु अक्षरश उसके वर्णन को सत्य नही माना जा सकता। अलबेरूनी ने गुप्त-सवत् के बारे मे भिन्न विवरण दिया है—'लोग कहते हैं कि गुप्त शक्ति-

अलबेरूनी का कथन

---

१. गु० ले० न० १४।

२ आ० स० रि० १६१४–१५।

३ गु० ले० भूमिका ६७। इस ताम्रपत्र के गौप्ते की समता फ्लीट किसी ग्राम से बतलाते है, परन्तु यह निर्विवाद है कि इसका सम्बन्ध गुप्त लोगों से है। (कलेक्टेड वर्क्स आफ सर भण्डारकर भा० ३ पृ० ३६३–४)

४ गु० ले० न० २२, २३, २५ आदि।

कण्व राजाओ के पश्चात् शासन की बागडोर दक्षिण के आन्ध्र शासको के हाथ चली गई। दक्षिण भारत में आन्ध्र लोग ई० पू० की दूसरी शताब्दी से शासन करते थे परन्तु उत्तरी भारत मे कण्वो के पश्चात् ही इन्होंने अधिकार

आन्ध्रो का शासन

प्राप्त किया। आन्ध्रों का समय उत्तर भारत के इतिहास मे बडी उथल-पुथल का समय था। चूँकि ये दक्षिणी भारत के रहनेवाले थे अतएव उसी देश मे इनका प्रभाव विशेष रूप से था। विभिन्न प्रान्तीय होने के कारण उत्तरीय भारत पर ये अपना एकच्छत्र शासन स्थापित न कर सके जो सर्वत्र शान्ति स्थापित करता तथा उभडते हुए शत्रुओ को दबाता। इनकी इस दुर्बलता से लाभ उठा कर मगध से दूर के प्रान्तो मे विशेषतया पश्चिम तथा सीमान्त प्रदेश मे कुछ छोटे मोटे राजाओं ने देश की बागडोर अपने हाथ ले ली तथा स्वतन्त्र बन बैठे। लेखों तथा पुराणो मे इन राजाओ का वर्णन मिलता है जो आन्ध्रो के समय से लेकर गुप्तो के उत्थान तक भिन्न भिन्न स्थानो पर शासन करते रहे। इन जातियो के नाम ये हैं—१ आभीर, २ गर्धभिल्ल, ३ शक, ४ यवन, ५ मुरुण्ड, ६ तुषार, ७ हूण। पुराणो मे इनका राज्य विस्तार भी पूर्णतया वर्णित है। आभारो का राज्य विस्तार बरार, कोकण तथा काठियावाड़ तक फैला हुआ था। गर्धभिल्ल राजपूताने के दक्षिण मे अरवली के समीप मे स्थित थे। शकवशी राजा मथुरा, तक्षशिला, सिध और मालवा आदि प्रदेशो पर राज्य करते थे। यवन काबुल की घाटी से बल्ख (Bactria) तक फैले हुए थे। तुषार सभवत. कुषाणवशी थे जिनकी राज्य-सीमा किसी समय साकेत और पाटलिपुत्र तक विस्तृत थी। मुरुण्ड भी कुषाण की कोई जाति थी। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग की प्रशस्ति मे शकमुरुण्डों का उल्लेख मिलता है जिन्होने उसके प्रबल प्रताप के कारण आत्मसमर्पण तथा भेट आदि उसे दिया था। हूण भी एक विदेशीय जाति थी जो पश्चिमोत्तर प्रदेश मे निवास करती थी तथा इसने गुप्त राजा कुमारगुप्त के शासन मे गुप्तसाम्राज्य पर आक्रमण किया था। पुराणो मे इनके वर्णनो से ज्ञात होता है कि आन्ध्र राज्य के नष्ट होने के पूर्व ही ये शासक भिन्न भिन्न स्थानो मे राज्य करते थे[१]। इन राज्यो की स्थिति के उपर्युक्त वर्णन से स्पष्टतया प्रतीत होता है कि उस समय उत्तरीय भारत किन किन राजनैतिक विभागो मे विभक्त था[२]।

इन राजाओ मे से भारतीय इतिहास पर अपना विशेष प्रभाव जमानेवाले राजाओ का यहाँ पर कुछ विशिष्ट वर्णन किया जायगा। यह पहले कहा जा चुका है कि मगध साम्राज्य के ह्रास होने के समय से भारत के पश्चिमोत्तर प्रातो मे

शक

विदेशी लोगो के आक्रमण होने लगे तथा बराबर जारी रहे। सेनापति पुष्यमित्र ने इन लोगो को परास्त किया। ईसवी पूर्व प्रथम शताब्दी तक भारत के उत्तर और पश्चिम मे ग्रीक राजाओं का शासन समाप्त हो

---

१ कृष्णस्वामी—स्टडी इन गुप्त हिस्ट्री अध्याय १।

२ पुराणो के वर्णन से ईसा की तीसरी शताब्दी मे भारत की अव्यवस्थित राजनैतिक अवस्था का पूर्ण परिचय मिलता है। मत्स्यपुराण मे उपर्युक्त राजाओ के नाम, उनकी सख्या तथा उनके राज्य

शाली तथा क्रूर नरेश थे। जब उस वंश की समाप्ति हुई उसी समय से उस संवत् की गणना होने लगी। यह ज्ञात होता है कि वलभ उनका अंतिम राजा था, क्योंकि वलभी-संवत् के समान गुप्त काल की गणना शक काल के २४१ वर्ष बाद प्रारम्भ होती है[१]।

अब विचारणीय प्रश्न यह है कि जिस गुप्त काल या गुप्त-संवत् का उल्लेख किया गया है, वह किस समय चलाया गया तथा इसके प्रतिष्ठाता कौन थे? इस संवत् के समय निर्धारित करने में अलवेरूनी से बहुत सहायता मिलती है।

अनेक संवतों की समानता दिखलाते हुए अलवेरूनी ने (१) १०८८ विक्रम संवत् (२) ६५३ शक संवत् (काल) (३) ७१२ वलभ काल = गुप्त काल का उल्लेख किया है; जिससे उसके कथन की पुष्टि होती है कि गु० सं० श० का० से २४१ वर्ष बाद प्रारम्भ हुआ। अलवेरूनी के इन संवतों की तिथि ठीक है, परन्तु उसके समस्त वर्णन जनश्रुति के आधार पर लिखे गये हैं। उसके कथन से ज्ञात होता है कि गुप्त-संवत् उस वंश के नष्ट होने पर प्रारम्भ हुआ। वलभ, जो वलभीनगर (सौराष्ट्र में स्थित) का शासक था, उस वंश का अंतिम नरेश था। वलभी संवत् उसी के नाम से प्रारंभ हुआ। जैसा ऊपर कहा गया है, समस्त विवरण जनश्रुति के कारण अविश्वसनीय है। उसकी अप्रामाणिकता के लिए अन्य प्रमाण भी दिये जा सकते हैं। अलवेरूनी लिखता है कि शक काल विक्रमादित्य द्वारा शक पराजय के समय से प्रारम्भ हुआ[२]; परन्तु चालुक्य-प्रशस्तिकार रविकीर्ति ने शक-संवत् का आरम्भ शक राजा के सिंहासनारूढ़ होने के समय से बतलाया है[३]; जो वस्तुतः ठीक सिद्धान्त है। इसी प्रकार गुप्तों के विषय में भी उस इतिहासज्ञ ने असत्य बातें लिख डाली हैं। यदि वलभी लेखों पर ध्यान दिया जाय तो अलवेरूनी का कथन सर्वथा ग्राह्य नहीं है।

वलभी में मैत्रकों के सेनापति भट्टारक ने स्वतंत्र राज्य स्थापित किया। उसके तीसरे पुत्र ध्रुवसेन प्रथम के एक लेख में २०६ तिथि का उल्लेख मिलता है[४]। यदि वलभी राज्य स्थापन के अवसर पर वलभी संवत् का आरम्भ हुआ, तो यह कभी भी माना नहीं जा सकता कि वलभी वंश के संस्थापक (भट्टारक) के २०६ वर्ष पश्चात् उसका पुत्र (ध्रुवसेन प्रथम) शासक हुआ। अतएव इस तिथि का वलभी संवत् से

---

1 As regards the Gupta Kāla, people say that the Guptas were wicked powerful people and that when they ceased to exist this date was used as the epoch of an Era. It seems that Valabha was the last of them, because the epoch of the era of the Guptas falls, like that of the Valabha era, 241 years later than the Saka Kāla.

—अलबेरूनी इंडिया, भा० २ पृ० ७।

२. अलबेरूनी इंडिया, भा० २ पृ० ६।

३. पञ्चाशत्सु कलौ काले षट्सु पञ्चशतासु च।

समासु समतीतासु शकानामपि भूभुजाम।—ऐहोल का लेख—शक संवत ५५६ (ए० इ० भा० ६ पृ० १)।

४. इ० हि० क्वा० भा० ४ पृ० ४६०।

कुछ भी सम्बन्ध प्रकट नही होता। ऐसी परिस्थिति में वलभी राज्य मे किसी अन्य संवत् का प्रचार मानना आवश्यक है जिसमे उस वंश की तिथियाँ मिलती हैं। ऐतिहासिक पण्डितों ने वलभी लेखो की तिथियो का सम्बन्ध गुप्त-संवत् से बतलाया है। इस विवाद का परिणाम यही ज्ञात होता है कि गुप्तों के अधीनस्थ मैत्रको ने स्वतन्त्र होने के समय से वलभी मे प्रचलित गुप्त-संवत् को वलभी-संवत् का नाम दे दिया। अतः यह स्पष्ट रीति से कहा जा सकता है कि वलभी-सम्वत् नाम की कोई स्वतंत्र गणना नहीं थी, परन्तु गुप्त-संवत् का दूसरा नाम है। इस आधार पर अलबेरूनी का वर्णन अग्राह्य हो जाता है, केवल तिथि का उल्लेख प्रमाणयुक्त है। उसके कथनानुसार गुप्त-संवत् भी शक काल मे २४१ वर्ष बाद प्रारम्भ हुआ जो अन्य प्रमाणो से भी सिद्ध होता है। कुछ जैन ग्रथो से भी इसकी पुष्टि होती है कि गुप्त संवत् शक काल से २४१ वर्ष के पश्चात् आरम्भ होता है।

अलबेरूनी से पूर्व शताब्दियो मे कुछ जैन ग्रथकारो के आधार पर यह ज्ञात होता है कि गुप्त तथा शक काल मे २४१ वर्ष का अन्तर है। प्रथम लेखक जीनसेन, जो

जैन ग्रथो के आधार पर गु०स० तथा श०का० का अन्तर (२४१)

आठवी शताब्दी मे वर्तमान थे उन्होंने वर्णन किया है कि भगवान् महावीर के निर्माण के ६०५ वर्ष ५ माह के पश्चात् शक राजा का जन्म हुआ तथा शक के अनन्तर गुप्तों के २३१ वर्ष शासन के बाद कल्किराज का जन्म हुआ[1]। द्वितीय ग्रथकार गुणभद्र ने उत्तरपुराण मे (८९८ ई०) लिखा है कि महावीर के निर्माण के १००० वर्ष बाद कल्किराज पैदा हुआ[2]। जीनसेन तथा गुणभद्र के कथन का समर्थन तीसरे जैन लेखक नेमिचन्द्र करते हैं[3]।

---

१. गुप्तानां च शतद्वयम्
एकत्रिंशच्च वर्षाणि कालविद्भिरुदाहृतम्।
द्विचत्वारिंशदेवातः कल्किराजस्य राजता।
ततोऽजितंजयो राजा स्यादिन्द्रपुरसंस्थितः।
वर्षाणि षट्शती त्यक्त्वा पञ्चाग्रा मासपञ्चकम्।
मुक्तिं गते महावीरे शकराज ततोऽभवत्।—जीनसेनकृत हरिवंश अध्याय ६०।

२. इ० ए० भा० १५ पृ० १४३।

३. नेमिचन्द्र की तिथि दसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे मानी जाती है। एक लेख के आधार पर नेमिचन्द्र चामुण्डराय का राजकवि ज्ञात होता है—

त्रिलोकसारप्रमुखप्रबन्धान्।
(विरच्य सर्वान्) भुवि नेमिचन्द्रः
विभाति सैद्धान्तिकसार्वभौम।
चामुण्डरायार्चितपादपद्मः—(नागर लेख इ० का० भा० ८)

यह (चामुण्डराय) गंग राजा राचमल्ल चतुर्थ का ई० सन् ९७७ के लगभग मंत्री था जो श्रवण-बेलगोला की प्रशस्ति से पता चलता है (राइस—बेलगोला का लेख भूमिका पृ० ३४) इसी आधार पर नेमिचन्द्र की तिथि निश्चित की गई है।

नेमिचन्द्र त्रिलोकसार मे लिखते हैं कि शकराज महावीर के निर्वाण के ६०५ वर्ष ५ माह के बाद तथा शककाल के ३९४ वर्ष ७ माह के पश्चात् कल्किराज पैदा हुआ[1]।

इनके योग से—

वर्ष	माह
६०५	५
३९४	७
१०००	

वर्ष होते हैं। इन तीनो जैन ग्रथकारों के कथनानुसार शक काल तथा कल्किराज का जन्म निश्चित हो जाता है। इस शक काल की तिथि को विक्रम सवत् मे परिवर्तन करने से शक, विक्रम तथा ई० स० में समता बताई जा सकती है जिसकी वजह से गुप्त काल को निश्चित करने मे सरलता हो जाती है। ज्योतिपसार के आधार पर यह ज्ञात है कि शक काल मे १३५ जोड़ने मे वह तिथि विक्रम संवत् में परिवर्तित हो जाती है[2]। शक काल के ३९४ वर्ष पश्चात् कल्किराज पैदा हुआ जो ५२९ विक्रम (३९४ + १३५) होता है[3]। गुप्त सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम के मदसोर के लेख मे दूसरी तिथि ५२९ मालव-संवत् का उल्लेख है[4]। मंदसोर लेख की पहली तिथि ४९३ वि० दूसरी तिथि से ३६ वर्ष पूर्व है। अतएव कुमारगुप्त प्रथम शक ३५८ (४९३-१३५) में बन्धुवर्मा के साथ शासन करता था[5]।

विक्रम तथा शक काल का सम्बन्ध

गुणभद्र के कथनानुसार कल्किराज का शक ३९४ के पश्चात् माघ संवत्सर प्रारम्भ होता है[6]। वराहमिहिर ने भी कुछ निम्नलिखित व्यतीत शक संवत्सरो का वर्णन किया है[7]:—

शक तथा गुप्त काल का सम्बन्ध

---

१. पण छसय वस पणमास जुदं गमिय वीरणि बुइदो सगराजो सो कल्किचदुण वतिय महिय सगमासं (त्रिलोकसार पृ० ३२)

२ स एव पञ्चाग्निकुभियुक्तः स्याद्विक्रमस्य हि रेवाया उत्तरे तीरे संवत्नाम्नातिविश्रुतः। (ज्योतिपसार)

३. साधारणतया यह सर्व प्रसिद्ध है कि शक काल मे ७८ जोड़ने से ई० स० तथा ई० सन् में ५७ जोडने पर विक्रम संवत् बनता है ३९४ + ७८ + ५७ = ५२९

४. वत्सरशतेपु पंचसु विशत्यधिकेपु नवसु चाब्देपु यातेष्वभिरम्य तपस्यमासशुक्लद्वितीयायाम्। (गु० ले० नं० १८)।

इस आधार पर मालवा तथा विक्रम संवत् मे समानता स्थापित होती है। (ईसा पूर्व ५७)

५. मालवाना गणस्थित्या याते शतचतुष्टये।
त्रिनवत्यधिकेऽब्दाना रितौ सेव्य घनस्वने।
सहस्यमासशुक्लस्य प्रशस्तेह्नित्रयोदशे। — (गु० ले० न० १८)।

६. चतमुंखाह्वयः कल्कीराजोद्व जित भूतले।
उत्पत्स्येहं मवा सवत्सरयोगसमागमे। — (उत्तरपुराण ७६।३९६)।

७. फ्लीट—का० इ० इ० भा० ३ परिशिष्ट ३ पृ० १६१।

शक	३६४	व्यतीत	माघ	सवत्सर
,,	३६५	,,	फाल्गुन	,,
,,	३६६	,,	चैत्र	,,
,,	३६७	,,	वैशाख	,,

शक ३६७ के वैशाख सवत्सर का उल्लेख परिव्राजक महाराज हस्तिन् के खोह लेख गु० स० १५६ मे मिलता है[1]। इस आधार पर शक तथा गुप्तकाल में निम्नलिखित समता तैयार की जा सकती है :—

शक ३६४ = माघ	सवत्सर	=	गुप्त-सवत्		१५३	व्यतीत
,, ३६५ = फाल्गुन	,,	=	,,	,,	१५४	,,
,, ३६६ = चैत्र	,,	=	,,	,,	१५५	,,
,, ३६७ = वैशाख	,,	=	,,	,,	१५६	,,

इस समता से यह ज्ञात होता है कि गुप्त-संवत् की तिथि में २४१ जोड़ने से शक-काल मे परिवर्तन हो जाता है। इस विस्तृत विवेचन के कारण अलबेरूनी के कथन की सार्थकता ज्ञात हो जाती है। यह निश्चित हो गया कि शक-काल के २४१ वर्ष पश्चात् गुप्त सवत् का आरम्भ हुआ।

गुप्त-सवत् तथा शक काल मे २४१ वर्ष का अन्तर स्थिर हो जाने पर, यह प्रश्न उपस्थित होता है कि शक काल के २४१ वे वर्ष या २४१ वर्ष व्यतीत होने पर गुप्त काल (सवत्) प्रारम्भ होता है। फ्लीट महोदय का मत है कि गुप्त-सवत् शक काल के २४१ वें वर्ष मे आरम्भ हुआ। उनके कथनानुसार दोनो सवतो मे २४२ वर्ष का अन्तर पडता है[2]। उदाहरणार्थ उसने बुधगुप्त के एरण स्तम्भलेख[3] की तिथि गु० स० १६५ शक काल ४०७ (१६५+२४२) से समता बतलाई है। यदि वैज्ञानिक रूप से विचार किया जाय तो फ्लीट महोदय की धारणा सर्वथा निराधार प्रकट होती है।

फ्लीट का मत

जैन ग्रथकार नेमिचन्द्र के कथनानुसार यह ज्ञात होता है कि शक-काल के ३६४ वर्ष ७ माह व्यतीत होने पर कल्किराज का जन्म हुआ। इसलिए यह कहा जा सकता है कि ३९५ वे वर्ष में ७ माह बीतने पर कल्किराज का जन्म हुआ। ऊपर तुलनात्मक प्रसग मे यह दिखलाया गया है कि—

मत का खण्डन

शक ३६४ = माघ	सवत्सर	=	गु० स०		१५३	व्यतीत
,, ३६७ =			,,	,,	१५६	,,

अतएव शक काल तथा गु० स० मे २४१ वर्ष का अन्तर ज्ञात होता है, २४२ वर्ष का नही।

१. शतपञ्चशतोत्तरेऽब्दे शते गुप्तनृपराज्यभुक्तौ महावैशाखसंवत्सरे कार्तिकमासशुक्लपक्षतृतीयायाम्।—(गु० ले० नं० २१)।

२. फ्लीट—गु० ले० भूमिका ८४।

३ का० इ० इ० भा० ३ नं० १९।

० गु० स० = शक २४१

१ ,, ,, प्रचलित = ,, २४२ प्रचलित

इस उपर्युक्त कथन की पुष्टि लेखो से होती है। गुप्त लेखों मे भी इसके अनेक प्रमाण मिलते हैं। गुप्त राजा कुमारगुप्त द्वितीय के सारनाथ लेख की तिथि गु० स० १५४ मिलती है[1]; जो शक काल ३९५ व्यतीत (१५४+२४१) मे परिवर्तन हो सकता है। इसके अतिरिक्त बुधगुप्त के सारनाथ की प्रशस्ति मे स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि गु० स० १५७ वर्ष व्यतीत होने पर शासन करता था[2]। इस स्थान पर पूर्व समता को ध्यान मे रखते तथा ज्योतिषसार के आधार पर एक नवीन तुलनात्मक वृत्त तैयार हो सकता है। यह निम्न प्रकार है:—

लेखो का प्रमाण

मालव-संवत्	शक काल	गुप्तसंवत्
५२९ व्यतीत	३९४ व्यतीत	१५३
५३० ,,	३९५ ,,	१५४
५३१ ,,	३९६ ,,	१५५
५३२ ,,	३९७ ,,	१५६
५३३ ,,	३९८ ,,	१५७ व्यतीत[3]

इस तुलना से यही परिणाम निकलता है कि शक काल तथा गुप्त-सवत् मे २४१ का ही अन्तर है। इन प्रमाणों के आधार पर यह प्रकट होता है कि व्यतीत गुप्त-वर्ष संवत् मे २४१ जोड़ने से व्यतीत शक काल तथा प्रचलित गु० स० में २४१ जोड़ने से प्रचलित शक काल मे परिवर्तन होता है[4]। अलबेरूनी ने दोनों सवतो का अन्तर बतलाते हुए विक्रम, शक काल तथा वलभी (गुप्त) संवत् में तीन तिथियो

मालव स०	श० का०	वलभी (गु०) स०
१०८८	९५३	७१२

का उल्लेख किया है[5]। यदि उपर्युक्त तुलना पर ध्यान दिया जाय तो प्रकट होता है कि लेखो तथा अलबेरूनी कथित सख्या (२४१) का ही अन्तर गु० स० तथा श० का० मे पाया जाता है।

---

१. वर्ष शते गुप्तानां सचतुःपञ्चाशदुत्तरे भूमिम्। शासति कुमारगुप्ते मासे ज्येष्ठे द्वितीयायाम्।

२. गुप्ताना समतिक्रान्ते सप्त पंचाशदुत्तरे।
शते समाना पृथिवीं बुधगुप्ते प्रशासति।

३. बुधगुप्त के सारनाथ के लेख से स्पष्ट हो जाता है कि वह गुप्तों के १५७ वर्ष व्यतीत होने पर सप्तमी वैशाख मे शासन करता था, या उस समय को प्रचलित १५८ वर्ष कह सकते हैं। इसी नरेश का एक दूसरा लेख (एरण) आठ वर्ष के बाद गु० स० १६५ का है (गु० ले० न० १९)। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि वह राजा गु० स० १६५ आषाढ १२ में राज्य करता था। इसमे भी आषाढ मास मे व्यतीत गु० स० १६५ यानी प्रचलित १६६ ज्ञात होता है।

४. कलेक्टेड वर्क्स आफ सर भण्डारकर भा० ३ पृ० ३८७।

५. अलबेरूनी इंडिया भा० २ पृ० ७।

मालव-सवत्	शक काल	गुप्त-सवत्
५२६	३६४	१५३
१०८८	६५३	७१२

गुप्त लेख के अतिरिक्त वेरावल लेख के अध्ययन से भी गु० स० तथा श० का० के अन्तर (२४१ वर्ष) पर प्रकाश पडता है। कर्नल टाड ने गुजरात के चालुक्य नरेश अर्जुनदेव के समय के लेख का वेरावल नामक स्थान से पता लगाया था[1]। इस लेख की विशेषता यह है कि इसमें चार सवतो में तिथि लिखी मिलती है। प्रशस्तिकार ने विक्रम १३२०; वलभी ६४५, हिजरी ६६२ तथा सिंह सवत् १५१ तिथियो का उल्लेख किया है[2]। दीवान बहादुर पिलाई के गणनानुसार आषाढ वदी १२ रवि शक-काल ११८६ तथा विक्रम १३२१ वर्ष पड़ता मे है[3]। लेखों में वर्ष तथा इस गणना में भिन्नता इसलिए होती है कि वेरावल के लेख में दक्षिण भारत की प्रणाली के अनुसार विक्रम १३२० तथा वलभी ६४५ कार्तिकादि में उल्लिखित है। अतएव—

वेरावल का लेख तथा वलभी व गुप्त सवत् की एकता

विक्रम	शक	वलभी
१३२१ =	११८६ =	६४५

इसमे से ७६२ घटाने पर

वि०	शक	वलभी
५२६ =	३६४ =	१५३

तथा इसमे से ३६ घटाने पर

वि०	श०	वलभी
४८३	३५८	११७

आता है। इस गणना मे वलभी ११७ तथा गुप्त नरेश कुमारगुप्त प्रथम की करमदण्डा की प्रशस्ति की तिथि (गु० स० ११७) समता है[4]। अत: ज्ञात होता है कि वलभी तथा गुप्त-सवत् मे कोई विभिन्नता नहीं है। इस वेरावल लेख की समता

श०	वि०	वलभी
११८६	१३२१	६४५

तथा उपर्युक्त तुलना मे

श०	मा० स०	वलभी (गु० स०)
३६४	५२६	१५३

२४१ वर्ष का ही अन्तर है, जो ऊपर बतलाया गया है।

---

१ एनल्स आफ राजस्थान भा० १ पृ० ७०५।

२. श्रीनृपविक्रम १३२० तथा श्रीमद्वलभी सं० ६४५ तथा श्रीसिंह सं० १५१ वर्ष आषाढ वदी १२ रवि (इ० ए० भा० ११ पृ० २४२)।

३. इडियन क्रानालोजी टेबुल १० पृ० ६२।

४. ए० इ० भा० १० पृ० ७०।

खैरा ताम्रपत्र अंतिम लेख है जिससे शक काल तथा गुप्त सवत् के अन्तर (२४१) पर प्रकाश पड़ता है। इस लेख की तिथि वलभी सवत् ३३० मिलती है[1] जिसका उल्लेख निम्न प्रकार है—

खैरा का ताम्रपत्र

सं० ३०० ३० द्वि० मार्गशीर्ष शु० २

इस वलभी संवत् में २४१ जोड़ने मे शक काल मे परिवर्तन हो जाता है।

वलभी	शक
३३०	५७१

ज्योतिष गणना के आधार पर शक ५७१ अधिक मार्गशीर्ष मे पड़ेगा[2]। अतएव

वलभी	शक
३३० प्रचलित =	५७१ प्रचलित

के समान है। पूर्व तुलना इस तिथि का स्थान निश्चित हो जाता है।

श०	मा० स०	गु० (वलभी) स०
३६४[3]	५२६[3]	१५३[3]
५७१[4]	७०६	३३०[4]
११८६[5]	१३२१[5]	६४५[5]

अतएव इन समस्त लेखो तथा अलबेरूनी के कथन के आधार पर यही निश्चित होता है कि गु० स० मे २४१ जोड़ने पर श० का० बनता है। व्यतीत तथा प्रचलित में जोड़ने से क्रमशः व्यतीत तथा प्रचलित श० का० मे परिवर्तन होता है।

फ्लीट का मत था कि गु० स० श० का० के २४१ वर्ष बाद नही परन्तु २४२ वर्ष पश्चात् प्रारम्भ हुआ[6]। परतु ऊपर कथित विस्तृत विवेचन के सम्मुख फ्लीट महोदय का मत स्वीकार नही कियो जा सकता। फ्लीट ने डा० कीलहार्न के कथन का समर्थन करते हुए यह भूल की कि दक्षिण भारत की तरह उत्तरी भारत में भी मालव सवत् का प्रारम्भ कार्तिक से हुआ[7] चैत्र से नही, इसको मान लिया। परन्तु यदि गुप्त लेखो का अध्ययन किया जाय तो स्पष्ट प्रकट हो जाता है कि मालव संवत् चैत्र से प्रारम्भ होता है[8]। कुमारगुप्त द्वितीय के सारनाथ के लेख से पता चलता है कि गु० स० १५४ व्यतीत यानी गु० स० १५५ के ज्येष्ठ द्वितीया को वह मूर्ति

चैत्रादि वर्ष का प्रचार

---

१. गु० ले० भूमिका पृ० ६३।

२. भंडारकर कामेमोरेशन वालुम पृ० २०६।

३. देखिए ऊपर का तिथि।

४. खैरा ताम्रपत्र की तिथि।

५. वेरावल लेख की तिथि।

६. गु० ले० भूमिका पृ० ८४।

७ इ० ए० भा० २० पृ० ३२, गु० ले० भूमिका पृ० ६६।

८. भंडारकर कामेमोरेशन वालुम पृ० २०७-८।

स्थापित की गई थी[1]। इसी प्रकार बुधगुप्त के सारनाथ तथा एरण के लेखो से भी यही बाते प्रकट होती हैं। इन लेखों मे स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि राजा व्यतीत गु० स० १५७ तथा १६५ या प्रचलित १५८ वैशाख तथा प्रचलित १६६ आषाढ में शासन करता था। इतना ही नहीं, यशोधर्मन् के मदसोर के लेख (मा० स० ५८६) में यह वर्णन मिलता है कि सवत् वसत (चैत्र तथा वैशाख) से प्रारम्भ होता है[2]। इन प्रमाणो से यह सिद्ध होता है कि गुप्तो के शासनकाल मे मालव-सवत् चैत्र से प्रारम्भ होता था, कार्तिक से नही। वेरावल लेख के आधार पर पं० गौरीशकर ओझा ने दिखलाया है कि विक्रम सवत् चैत्रादि है। वेरावल लेख के अनुसार वि० स० तथा गु० स० का अन्तर ३७५ (१३२० ६४५) आता है; परन्तु यह लेख काठियावाड़ में स्थित होने के कारण वि० स० कार्त्तिकादि है जो चैत्रादि १३२१ होता है। इस कारण वि० स० तथा गु० स० का अन्तर ३७६ होगा[3]। गु० स० मे ३७६ जोडने से चैत्रादि वि० स०, २४१ मिलाने से श० का० तथा ३१६-२० मिलाने से ई० स० होता है।

अतिम परिणाम गुप्त-सवत् पर इस विस्तृत विवरण से निम्न परिणाम निकलते हैं—

(१) मालव तथा शक सवत् चैत्र से प्रारम्भ होता है।

(२) गुप्त तथा वलभी सवत् एक ही हैं। दोनो के भिन्न भिन्न नाम होने के कारण समय मे तनिक भी भिन्नता नहीं है।

(३) वलभी या गु० स० शक काल के २४१ वर्ष के पश्चात् आरम्भ होता है। शक काल के व्यतीत तथा प्रचलित होने का निर्णय गु० स० पर अवलम्बित है।

(४) गुप्त-सवत् भी चैत्र से प्रारम्भ होता है। चैत्रादि होने के कारण गुप्त सवत् का ई० स० ३१८-१६ से गणनारम्भ हुआ। इसका प्रारम्भिक वर्ष ई० सन् ३१६-२० (७८+२४१) से लिया जायगा।

गु० स० ० व्यतीत = शक २४१ व्यतीत

,, ,, १ प्रचलित = ,, २४२ प्रचलित

यदि समस्त सवतो के इतिहास पर ध्यान दिया जाय तो यह पता चलता है कि अमुक सवत् का प्रारम्भ किसी काल विशेष से होता था या उस वंश के किसी घटना के स्मारक मे सवत्सर चलाया गया। गुप्त-वंश मे भी ऐसी ही **गुप्त सवत् के सस्थापक** घटना उपस्थित हुई जिस कारण से वश नाम के साथ (गुप्त) सवत् का प्रयोग प्रारम्भ हुआ। गुप्त वश के आदि दो नरेश—गुप्त तथा घटोत्कच

---

१. आ० स० रि० १६१३—४।

२. पञ्चसु शतेषु शरदां यातेष्वेकान्ननवति सहितेषु। मालवगणस्थितिवशात् कालज्ञानाय लिखितेषु ॥
यस्मिन् काले कलमृदुगिरा कोकिलाना प्रलापा, भिन्दन्तीव स्मरशरनिभाः प्रोषिताना मनासि।
भृङ्गालीना ध्वनिरनुरतं भारमन्द्रश्च यस्मिन्, नाधूतज्य धनुरिव नदच्छ्रूयते पुष्पकेतोः ॥
प्रियतमकुपिताना रामयन्बद्धराग किसलयमिव मुग्ध मानस मानिनीना।
उपनयति नभस्वान्मानभङ्गाय यस्मिन्, कुसुमसमयमासे तत्र निर्मापितोऽयम् ॥
—(का०) इ० इ० भा० ३ न० ३५)।

३. प्राचीन लिपिमाला पृ० १७५।

का नाम इतिहास में प्रसिद्ध नही है। वे साधारण सामंत के रूप मे शासन करते थे। गुप्तो के तीसरे राजा चन्द्रगुप्त प्रथम ने अपने बाहुबल से राज्य का विस्तार किया तथा इसी ने सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की पदवी धारण की। बहुत सभव है कि सिंहासनारूढ़ होने पर इसने यह पदवी धारण की तथा उसी के उपलक्ष मे अपने वंश के नाम के साथ गुप्त-सवत् की स्थापना की। इसकी पुष्टि गुप्त लेखो मे उल्लिखित तिथियो से भी होती है। चन्द्रगुप्त प्रथम के पौत्र चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के लेखो मे ८२,६३ की तिथियाँ मिलती हैं। इस आधार पर विद्वानो का अनुमान ठीक ज्ञात होता है कि चन्द्रगुप्त प्रथम ही प्रतापी शासक था और उसी के राज्यारोहण पर सवत् चला। दादा तथा पौत्र के बीच तीन पीढ़ियो में ६३ वर्ष का अन्तर युक्ति-सगत मालूम पड़ता है। इस सवत् का प्रारम्भ ई० स० ३१६-२० से होता है। फ्लीट व एलन के मतानुसार गुप्त सवत् अन्य संवतो की भाँति राज्यवर्षों मे गणना की परिपाटी से बराबर उसका प्रयोग होते रहने पर क्रम से प्रचलित हो गया; इससे अनुमान होता है कि चन्द्रगुप्त प्रथम के प्रचलित किये हुए राज्य-सवत् का प्रयोग उसके उत्तराधिकारी वशधर करने लगे, जो आगे चलकर गुप्त सवत् के नाम से प्रथित हो गया। जो हो, परन्तु यह निःसदेह है कि गुप्त सवत् या गुप्त-काल नामक संवत्सर का प्रारम्भ ई० स० ३१६-२० से हुआ। इसी मे समस्त गुप्त लेखो तथा समकालीन प्रशस्तियो की तिथियाँ दी गई हैं। यह संवत् लगभग ६०० वर्ष तक प्रचलित रहा और गुप्तवंश के नष्ट हो जाने पर काठियावाड़ मे वलभी संवत् के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

———

परिशिष्ट २

समुद्रगुप्त का प्रयाग स्तम्भ-लेख

यः कुल्यैः स्वै· .... तस .. ..
.... ।
यस्य ? ....
.... । १ ।
पुव ....
स्फारद्व (?) न्तः स्फुटोद्ध्वंसित ... . ।
.... प्रवितत ....
.... । २ ।
यस्य प्रज्ञानुषङ्गोचितसुखमनस शास्त्रतत्वार्थभर्तु·
... स्तब्धो ...... नि ... . नोच्छृ.. ।
सत्काव्य श्रीविरोधान्बुधगुणितगुणाज्ञाहतानेव कृत्वा
विद्वल्लोके वि—स्फुटबहुकविताकीर्तिराज्य भुनक्ति । ३ ।
आर्यो हीत्युपगुह्य भावपिशुनै उत्कर्णितै रोमभि
सभ्येषूच्छ्वसितेषु तुल्यकुलजम्लानाननोद्वीक्षितः ।
स्नेहव्याकुलितेन वाष्पगुरुणा तत्त्वेक्षिणा चक्षुषा
यः पित्राभिहितो निरीक्ष्य निखिला पाह्येवमुर्वीमिति । ४ ।
दृष्ट्वा कर्माण्यनेकान्यमनुजसदृशान्यद्भुतोद्भिन्नहर्षा-
भावै रास्वादय ... . केचित् ।
वीर्योत्तप्ताश्च केचिच्छरणमुपगता यस्य वृत्ते प्रणामे
..... तें .. .. । ५ ।
सग्रामेषु स्वभुजविजिता नित्यमुच्छापकारा
श्वः श्वो मानप्र .... ।
तोपोत्तुङ्गै स्फुटबहुरसस्नेहफुल्लैर्मनोभिः
पश्चात्ताप व.. . ... स्याद्वसन्तम् । ६ ।
उद्वेलोदितबाहुवीर्यरभसादेकेन येन क्षणा-
दुन्मूल्याच्युत **नागसेन**.. ... . ।
दण्डग्राहयतैव कोटकुलज पुष्पाह्वये क्रीडिता
सूर्ये न .... तट ... . । ७ ।

चुका था तथा उस प्रांत मे शकों ने उनका स्थान ग्रहण किया। शकवंशी प्रथम राजा मोग (Maues) था जिसने ई० पू० पहली सदी में गांधार पर शासन किया। मुद्रा-शास्त्र के आधार पर यह ज्ञात होता है कि अयस (Azes) नामक राजा मोग का उत्तराधिकारी था। इसने अपने राज्य का विस्तार पंजाब तक किया जो उसके विस्तृत सिक्को से प्रकट होता है। इसके पश्चात् शक वंश मे अन्य दो राजा अजिलाइजिस (Azilises) तथा अयस द्वितीय (Azes II) हुए। इनके नाम चाँदी के सिक्को से ज्ञात होते हैं। शको (सिथियन) ने पश्चिमोत्तर प्रांत मे प्रतिनिधि तथा सैनिक गवर्नरो के द्वारा शासन-प्रणाली का नियम चलाया[1]। इन्ही शक राजाओ के अधीनस्थ होकर तक्षशिला और मथुरा मे शक क्षत्रप (गवर्नर) शासन करते थे। इनमे तक्षशिला के पटिक और मथुरा के रजुबुल तथा सोडास क्षत्रपो के नाम विशेष उल्लेखनीय है। इनके नाम मथुरा के लायन कैपिटल (Lion Capital) के खरोष्ट्री लेख मे उल्लिखित हैं[2]। ये क्षत्रप प्रथम शताब्दी के मध्यभाग तक शको के अधीन थे।

पार्थियन

शको के अंतिम समय मे पार्थियन नामक दूसरी जाति ने अपना अधिकार स्थापित कर लिया। इनका अधिकार सर्वप्रथम पश्चिमी गांधार पर हुआ। पार्थियन वंश में गोडाफरनेस नामक सबसे प्रतापी राजा हुआ, जिसने अपने बल से पूर्वी गांधार (तक्षशिला) को पार्थियन राज्य मे सम्मिलित कर लिया।

ऊपर कहा गया है कि अनेक क्षत्रप शको के अधीन थे। अपने शासक राजा (शको) के अधिकार में होते हुए क्षत्रपो ने अपना प्रभुत्व दक्षिण भारत मे भी फैलाया।

काल का सविस्तर वर्णन मिलता है। अतः हम पाठकों की जानकारी के लिए इस पुराण मे वर्णित इन विषयों को विस्तारपूर्वक यहाँ देते हैं—

	राजवंशो के नाम	राजाओ की संख्या	राज्यकाल
१.	आभीर	१०	६७ वर्ष
२.	गर्धभिल्ल	७	७२ ,,
३.	शक	१८	१८३ ,,
४.	यवन	८	८८ ,,
५	तुषार	१४	१०५ ,,
६.	मुरुण्ड	१३	२०० ,,
७.	हूण	११	१०३ ,,

१. राय चौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री आफ एन्सेन्ट इंडिया पृ० ३०१।

२ का० इ० इ० भा० ७।

धर्मप्राचीरबंधः शशिकरशुचयः कीर्तयः सप्रताना
वैदुर्यं तत्त्वभेदि प्रशम ...,............. तार्थम्।
अध्येयः सूक्तमार्गः कविमतिविभवोत्सारणं चापि काव्यं
को नु स्यायोऽस्य न स्याद्गुणमति विदुषां ध्यानपात्र य एकः। ८।

तस्य विविधसमरशतावतरणदक्षस्य स्वभुजबलपराक्रमैकबन्धोः। पराक्रमाङ्कस्य परशुशरशङ्कुशक्तिप्रासासितोमरभिन्दिपालनाराचवैतस्तिकाद्यनेकप्रहरणविरूढाकुलव्रणशताङ्क-शोभासमुदयोपचितकान्ततरवर्ष्मणः **कौसलकमहेन्द्र महाकान्तारकव्याघ्रराज कैरलकमण्टराजपैष्टपुरकमहेन्द्रगिरिकौट्टूरकस्वामिदत्तैरण्डपल्लकदमनकाञ्चेयक-विष्णुगोपावमुक्तकनीलराजवैङ्गेयकहस्तिवर्मपालक्ककोग्रसेनदेवराष्ट्रककुबेरकौ-स्थलपुरकधनञ्जयप्रभृति**सर्वदक्षिणापथराजग्रहणमोक्षानुग्रहजनितप्रतापोन्मिश्रमहाभाग्यस्य, **रुद्रदेवमतिलनागदत्तचन्द्रवर्म्मगणपतिनागनागसेनअच्युतनन्दिबलवर्मा** अनेक आर्यावर्तराजप्रसभोद्धरणोद्वृत्तप्रभावमहतः, परिचारकीकृतसर्वाटविकराजस्य, **समतटडवाककामरूपनेपालकर्तृपुरादिप्रत्यन्तनृपतिभिः मालवार्जुनायनयौधेयमाद्र-काभीरप्रार्जुनसनकानीककाकखरपरिकादिभिश्च** सर्वकरदानाज्ञाकरणप्रणामागम-नपरितोषितप्रचण्डशासनस्य, अनेकभ्रष्टराज्योत्सन्नराजवशप्रतिष्ठापनोद्भूतनिखिलभुवनविच-रणशान्तयशसः, **दैवपुत्रशाहिशाहानुशाहिशकमुरुण्डैः** सैंहलकादिभिश्च सर्वद्वीपवासि-भिरात्मनिवेदनकन्योपायनदानगरुत्मदङ्कस्वविषयभुक्तिशासनयाचनाद्युपायसेवाकृतबाहुवीर्यप्रस-रधरणिबन्धस्य, पृथिव्यामप्रतिरथस्य, सुचरितशतालङ्कृतानेकगुणगुणोत्सिक्तिभिः चरणत-लप्रमृष्टान्यनरपतिकीर्तेः, साध्वसाधूदयप्रलयहेतुपुरुषस्याचिन्त्यस्य, भक्त्यवनतिमात्रग्राह्यमृदु-हृदयस्यानुकम्पावतोऽनेकगोशतसहस्रप्रदायिनः कृपणदीनानाथआतुरजनोद्धरणमन्त्रदीक्षा-द्युपगतमनसः, समिद्धस्य विग्रहवतो लोकानुग्रहस्य धनदवरुणेन्द्रान्तकसमस्य स्वभुजब-लविजितानेकनरपतिविभवप्रत्यर्पणानित्यव्यापृतायुक्तपुरुषस्य, निशितविदग्धमतिगान्धर्वल-लितैः व्रीडितत्रिदशपतिगुरुतुम्बुरुनारदादेः विद्वज्जनोपजीव्यानेककाव्यक्रियाभिः प्रतिष्ठितकवि-राजशब्दस्य, सुचरिस्तोतव्यानेकाद्भुतोदारचरितस्य लोकसमयक्रियानुविधानमात्रमानुषस्य लोकधाम्नो देवस्य महाराजश्रीगुप्तप्रपौत्रस्य महाराज श्रीघटोत्कचपौत्रस्य महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्तस्य लिच्छविदौहित्रस्य महादेव्या कुमारदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराज श्री समुद्रगुप्तस्य सर्वपृथिवीविजयजनितोदयव्याप्तनिखिलावनितलां कीर्तिमितः त्रिदशपतिभवन-गमनावाप्तललितसुखविचरणामाचक्षाण इव भुवो बाहुरयमुच्छ्रितः स्तम्भः। यस्य—

प्रदानभुजविक्रमप्रशमशास्त्रवाक्योदयै-
रुपर्युपरिसञ्चयोच्छ्रितमनेकमार्गं यशः।
पुनाति भुवनत्रयं पशुपतेर्जटान्तर्गुहा-
निरोधपरिमोक्षशीघ्र मिव पाण्डु गाङ्गं पयः।

एतच्च काव्यमेषामेव भट्टारकपदानां दासस्य समीपपरिसर्पणानुग्रहोन्मीलितमतेः खाद्यटपाकिकस्य महादण्डनायकध्रुवभूतिपुत्रस्य सान्धिविग्रहिककुमारामात्यमहादण्ड-नायकहरिषेणस्य सर्वभूतहितसुखायास्तु। अनुष्ठितं च परमभट्टारकपादानुध्यातेन महादण्डनायक तिलभट्टकेन।

हिन्दी-अनुवाद

(१) जो .. अपने कुल वालो से ....जिसका।

(२) जिसका।

(३) जिसने.. ...अपने धनुष्टकार से... छिन्न भिन्न किया.. . . विध्वस किया.... फैलाया........।

(४, ५) जिसका मन विद्वानो के सत्सग-सुख का व्यसनी था, जो शास्त्र के तत्त्वार्थ का समर्थन करनेवाला था, सुदृढता से स्थित।

(६) जो सत्कविता और लक्ष्मी के विरोधो को विद्वानो के गुणित गुणो की आज्ञा से दबा कर (अब भी) बहुतेरी स्फुट-कविता से (मिले हुए) कीर्ति-राज्य को भोग रहा है।

(७, ८) जिसको उसके समान कुलवाले (ईर्ष्या से) म्लानमुखो से देखते थे, जिसके सभासद् हर्ष से उच्छ्वसित हो रहे थे, जिसके पिता ने उसको रोमाचित होकर यह कह कर गले लगाया कि तुम सचमुच आर्य हो, और अपने चित्त का भाव प्रकट करके स्नेह से चारो ओर घूमती हुई आँसुओ से भरी, तत्त्व के पहचाननेवाली दृष्टि से देखकर कहा कि इस अखिल पृथ्वी का इस प्रकार पालन करो।

(९) जिसके अनेक अमानुष कर्मों को देख कर—कुछ लोग अत्यत चाव से आस्वादन कर अत्यत सुख से प्रफुल्लित होते थे।

(१०) और कुछ लोग उसके प्रताप से सतप्त होकर उसकी शरण मे आकर उसको प्रणाम करते थे .... ।

(११) और अपकार करनेवाले जिससे सग्रामो मे सदा विजित होते थे .. कल और कल . मान।

(१२) आनद से फूले हुए और बहुत से रस और स्नेह के साथ उत्फुल्लमन से..... पश्चात्ताप करते हुए ...वसत मे।

(१३) जिसने सीमा से बढे हुए अपने अकेले ही बाहुबल से अच्युत और नागसेन को क्षण मे जड़ से उखाड़ दिया . ...

(१४) जिसने कोटकुल मे जो उत्पन्न हुआ था उसको अपनी सेना से पकडवा लिया और पुष्प नाम के नगर को खेल मे स्वाधीन कर लिया, जब कि सूर्य .... तट ...

(१५) (जिसके विषय मे यह कहा जाता है) धर्म के बाँधे हुए परकोटे के समान, जिसकी कीर्ति चन्द्रमा की किरणो की तरह निर्मल और चारो ओर छिटक रही थी, जिसकी विद्वत्ता शास्त्र तक को पहुँच जाती थी, और . ....,

(१६) जिसने सूक्तो (वेद मत्रो) का मार्ग अपना अध्येय बना लिया था और उसकी ऐसी कविता थी जो कवियो की मति के विभव का उत्सारण (प्रकाश) करती थी। . ...ऐसा कौन गुण था जो उसमे न था; गुण और प्रतिभा के समझनेवाले विद्वानो का वह अकेला ध्यानपात्र था।

(१७, १८) विविध सैकडो समरो मे उतरने मे दक्ष, अपने भुजबल का पराक्रम ही जिसका अकेला साथी था, जो पराक्रम के लिए विख्यात था, और जिसका फरसे,

बाण, शकु, शक्ति, प्रास, तलवार, तोमर, भिंदिपाल, नाराच, वैतस्तिक आदि शस्त्रों के सैकड़ो घावो से सुशोभित और अतिशय सुंदर शरीर था।

(१९,२०) और जिसका महाभाग्य, कोशल के राजा महेन्द्र, महाकान्तार के व्याघ्रराज, कैरल के मन्त्रराज, पिष्टपुरक महेन्द्र गिरि, के-कौट्टूर के स्वामिदत्त, एरडपल्ल के दमन, काची के विष्णुगोप, अवमुक्त के नीलराज, वेगी के हस्तिवर्म्मा, पाल्लक के उग्रसेन, देवराष्ट्र के केवुर और कुस्थलपुर के धनजय आदि सारे दक्षिणापथ के राजाओं के पकड़ने और फिर उन्हे मुक्त करने के अनुग्रह से उत्पन्न हुए प्रताप के साथ मिला हुआ था।

(२१) और जिसने रुद्रदेव, मतिल, नागदत्त, चन्द्रवर्मा, गणपतिनाग, नागसेन, अच्युत, नंदी, बलवर्मा आदि आर्यावर्त्त के अनेक राजाओ को बलपूर्वक नष्टकर अपना प्रभाव बढ़ाया और सारे जंगल के राजाओ को अपना चाकर बनाया।

(२२) जिसका प्रचड शासन, समतट, डवाक, कामरूप, नेपाल, कर्तृपुर आदि सीमांत प्रदेशो के राजा और मालव, अर्जुनायन, यौधेय, माद्रक।

(२३-२५) आभीर, प्रार्जुन, सनकानीक, काक, खर्परिक आदि सब जातियाँ, सब प्रकार के कर देकर, आज्ञा मानकर और प्रणाम करने के लिए आकर, पूरा करते थे, जिसका शात यश, युद्ध मे भ्रष्ट राज्य से निकाले हुए अनेक राजवशो को फिर प्रतिष्ठित करने से भुवन मे फैला हुआ था, और जिसको दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि शक मुरुड, सैहलक आदि सारे द्वीपो के निवासी आत्म निवेदन किये हुए थे, अपनी कन्याएँ भेट मे देते थे, अपने विषय भुक्ति के शासन के लिए गरुड़ की राजमुद्रा से अंकित फरमान माँगते थे। इस प्रकार की सेवाओ से जिसने अपने बाहुबल के प्रताप से समस्त पृथ्वी को बाँध दिया था, जिसका पृथ्वी मे कोई प्रतिद्वद्वी नही था। जिसने सैकड़ो सच्चरितो से अलकृत, अपने अनेक गुण-गणो के उद्रेक से अन्य राजाओ की कीर्तियो को अपने चरण तल से मिटा दिया था, जो अचिंत्य पुरुष की भाँति साधु के उदय और असाधु के प्रलय का कारण था, जिसका कोमल हृदय भक्ति और प्रणतिमात्र से वश हो जाता था, जिसने लाखो गौएँ दान की थी।

(२६) जिनका मन कृपण, दीन, अनाथ, आतुरजनो के उद्धार और दीक्षा आदि मे लगा रहता था, जो लोक के अनुग्रह का साक्षात् जाज्वल्यमान स्वरूप था, जो कुबेर, वरुण, इन्द्र और यम के समान था, जिसके सेवक अपने भुजबल से जीते हुए राजाओ के विभव को वापिस देने मे लगे हुए थे।

(२७) जिसने अपनी तीक्ष्ण और विदग्ध बुद्धि और संगीत-कला के ज्ञान और प्रयोग से इन्द्र के गुरु काश्यप, तुम्बुरु, नारद आदि को लज्जित किया था, जिसने विद्वानो को जीविका देने योग्य अनेक काव्य-कृतियो से अपना कविराज पद प्रतिष्ठित किया था, जिसके अनेक अद्‌भुत उदार चरित्र चिरकाल तक स्तुति करने के योग्य थे।

(२८) जो लोक नियमो के अनुष्ठान और पालन करने भर के लिए ही मनुष्य-रूप था, किन्तु लोक मे रहनेवाला देवता ही था। जो महाराज श्रीगुप्त का प्रपौत्र, महा-राज घटोत्कच का पौत्र और महाराजाधिराज श्री चन्द्रगुप्त का पुत्र था।

(२९) जो लिच्छिवि-कुल का दौहित्र था, महादेवी कुमारदेवी से उत्पन्न था उस महाराजाधिराज समुद्रगुप्त की सारी पृथ्वी के विजय-जनित अभ्युदय से ससार भर मे व्याप्त तथा यहाँ से इन्द्र के भवनो तक पहुँचने मे ललित और सुखमय गति रखनेवाली कीर्त्ति को बतलानेवाला ऊँचा स्तम्भ पृथ्वी की बाहु के समान स्थित है।

(३०) जिसका यश उसके दान, भुज-विक्रम, प्रशम और शास्त्र-वाक्य के उदय से ऊपर अनेक मार्ग से बढता हुआ,

(३१) तीनो भुवनो को पवित्र करता है। पशुपति (महादेव) की जटाजूट की अतर्गुहा मे रुककर वेग से निकलते और बहते हुए गगा जल की भाँति,

(३२-३४) यह काव्य उन्हीं स्वामी के चरणो के दास के, जिनके समीप रहने के अनुग्रह से, जिसकी मति उन्मीलित हो गई है, महादण्डनायक ध्रुवभूति के पुत्र (खाद्य-टपाकिक) साधिविग्रहिक, कुमारामात्य महादडनायक हरिषेण का रचा हुआ सब प्राणियो के हित और सुख के लिए हो।

(३५) परम भट्टारक के चरणो का ध्यान करनेवाले महादडनायक तिलभट्टक ने इसको अनुष्ठित किया।

[नोट — सख्या से पक्ति का बोध होता है।]

चन्द्रगुप्त द्वितीय का मेहरौली का लौहस्तम्भ

चन्द्रगुप्त का मेहरौली का लोहस्तम्भ लेख

यस्योद्वर्त्तयतः प्रतीपमुरसा शत्रून् समेत्यागतान्,
वङ्गेष्वाहववर्तिनोभिलिखिता खड्गेन कीर्तिर्भुजे ॥
तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिन्धोर्ज्जिता वाह्लिका,
यस्याद्याप्यधिवास्यते जलनिधिः वीर्यानिलैर्दक्षिणः ॥ १ ॥
खिन्नस्येव विसृज्य गा नरपतेर्गामाश्रितस्येतरा,
मूर्त्या कर्म्म जितावनी गतवतः कीर्त्या स्थितस्य क्षितौ ॥
शान्तस्येव महावने हुतभुजो यस्य प्रतापो महान्ना-
द्याप्युत्सृजति प्रणाशितरिपोः यत्नस्य शेष. क्षितिम् ॥ २ ॥
प्राप्तेन स्वभुजार्जितं च सुचिर चैकाध्यराज्यं क्षितौ,
चन्द्राह्वेन समग्रचन्द्रसदृशी वक्त्रश्रिय बिभ्रता ॥
तेना प्रणिधाय भूमिपतिना भावेन विष्णौ मतिम्,
प्राशुर्विष्णुपदे गिरौ भगवतो विष्णोर्ध्वजः स्थापितः ॥ ३ ॥

(हिन्दी अनुवाद)

(१) जिसने शत्रुओ को परास्त कर यश प्राप्त किया अथवा जिसके भुजाओ पर तलवार से यश लिखे गये हैं; वङ्ग के युद्ध मे जिसने अपने पराक्रम से शत्रुओ का पीछा किया, जो सङ्गठित रूप से उस पर आक्रमण करने के लिए उद्यत थे; जिसने सिन्धु के सात मुखो को पारकर युद्ध में वाह्लीको पर विजय प्राप्त किया तथा जिसकी शक्ति से दक्षिणी सागर सुगन्धित हो गये हैं।

(२) उसने अतुलनीय उत्साह तथा तेज से शत्रुओ को संपूर्णतः परास्त किया जैसे किसी वन मे अग्नि की ज्वाला प्रज्वलित होती हो, यद्यपि राजा ने संसार को त्याग दिया था और अपने सुन्दर तथा दिव्य कर्मो से स्वर्ग मे निवास करता था, तो भी यह प्रकट होता है कि वह राजा अभी जीवित है क्योकि पृथ्वी पर उसका यश अद्यावधि वर्तमान है।

(३) जिस राजा ने अपने बाहुबल से एक छत्र राज्य स्थापित किया, सर्वभौम नरेश बना तथा अधिक काल तक शासन किया; जिसका नाम चन्द्र है और उसके मुख की शोभा चन्द्रमा की छटा के समान है; जिसकी विष्णु भगवान् पर अटल भक्ति है, उस नरेश द्वारा विष्णुपद नामक पर्वत पर विष्णुध्वज स्थापित किया गया था।

साराश—इस छोटे लेख का मुख्य आशय यह है कि चन्द्र नाम के किसी राजा ने वङ्ग में शत्रुओ को परास्त किया तथा सिन्धु को पार कर वाह्लीक (वल्ख) तक आक्र-

मण किया था। वह विष्णु का भक्त था अतएव विष्णुपद नामक पर्वत पर एक विष्णु का ध्वज स्थापित किया।

इस लेख मे तिथि तथा चन्द्र राजा के वश का वर्णन न प्राप्त होने से यह स्थिर करना कठिन था कि वह कौन सा राजा था जिसने इतना पौरुष दिखलाया। ऐतिहासिक विद्वानो मे भारतीय प्राचीन राजवश के शासकों को चन्द्र से समता बतलाने मे गहरा भेद है। मुख्यत: इसमे तीन विभिन्न विचार हैं, जिसका वर्णन क्रम से किया जायगा।

(१) चन्द्र=गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त प्रथम

इस प्रथम सिद्धान्त के माननेवाले डा० कृष्णस्वामी ऐयगर[१] तथा डा० बसाक[२] महोदय हैं। उनका कथन है कि गुप्त-साम्राज्य का सर्वप्रथम महाराजाधिराज चन्द्रगुप्त प्रथम था। इस लेख मे वर्णित 'प्राप्तेन स्वभुजार्जित च सुचिर चैकाध्यराज्यं क्षितौ' के आधार पर वे अपने कथन की पुष्टि करते हैं। उनका मत है कि समुद्रगुप्त के पिता चन्द्रगुप्त प्रथम ने ही बगाल आदि देशों को जीता था और यही कारण है कि समुद्र की प्रयाग प्रशस्ति मे बगाल का नाम नही मिलता (पिता के विजय करने के कारण पुत्र उसका पहले से ही स्वामी था), इस समता के निर्माण मे तीसरा प्रमाण यह भी है कि फ्लीट महोदय को इस लेख की लिखावट प्रयाग के लेख से पूर्व की मालूम होती है। परन्तु यदि गुप्त लेख तथा सिक्को के आधार पर विचार किया जाय तो उपर्युक्त प्रमाण न्यायसगत नही प्रतीत होते। गुप्त लेख यह बतलाते हैं कि चन्द्रगुप्त प्रथम ने केवल थोड़े समय तक राज्य किया (सम्भवत: ई० स० ३२० ३३५), अतएव इस लोह-स्तम्भ लेख मे वर्णित 'एकाधिराज्य' (महान् राजा) चन्द्रगुप्त प्रथम के लिए कैसे प्रयोग किया जा सकता है। अभी तक कोई भी ऐतिहासिक प्रमाण नही मिलता कि समुद्रगुप्त के पिता ने वङ्ग, दक्षिण तथा उत्तर-पश्चिम भारत पर विजय प्राप्त किया था। सब से प्रथम विजय यात्रा तो उसके पुत्र ने प्रारम्भ की। पुराणों में वर्णित 'अनु गगा प्रयाग च' आदि से ज्ञात होता है कि उसका राज्य मगध मे ही सीमित था। इन सब कारणों से मेह-रोली लेख के चन्द्र की समता चन्द्रगुप्त प्रथम से करना असगत है।

(२) चन्द्र = चन्द्रवर्मन्

सुसानियाँ पर्वत पर एक लेख मिला है[३] जिसके वर्णन से ज्ञात होता है कि पुष्क-रण (जोधपुर राज्य) नामक स्थान से चन्द्रवर्मन् नाम का राजा पश्चिमी बगाल तक आया था। उसने सुसानियाँ पर्वत पर अपने आगमन का सूचक लेख लिखवाया। इसी के सदृश वर्णन मेहरौली लेख मे भी मिलता है। चन्द्र ने बगाल जीता था। इस आधार पर प्रसिद्ध विद्वान् बैनर्जी महोदय[४] तथा हरप्रसाद शास्त्री[५] ने चन्द्र की समता

१. स्टडीज इन गुप्त हिस्ट्री पृ० १४।

२. हिस्ट्री आफ नार्दर्न ईस्टर्न इण्डिया पृ० २१ ?

३ ए० इ० भा० १३ पृ० १३३।

४. ,, ,, ,, १४ ,, ३६।

५. ,, ,, ,, १३ ,, १२।

चन्द्रवर्मन् से की। इनका कथन है कि दोनो (चन्द्र तथा चन्द्रवर्मन्) ने बगाल मे पदार्पण किया था। बहुत सम्भव है कि सुसानियाँ पर्वत के समान चन्द्रवर्मन् ने अपने आगमन के उपलक्ष्य मे विष्णुपद पर्वत पर भी विष्णुध्वज स्थापित किया हो क्योकि दोनो वैष्णव लेख हैं। (सुसानियाँ पर्वत पर विष्णु चक्र है) इन सब कारणो से दोनो विद्वान् चन्द्र की समता एक छोटे राजा चन्द्रवर्मन् से करते है। परन्तु इनके विचार से सहमत होने में अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित होती है। पुष्करण राजाओ के लेख के आधार पर चन्द्रवर्मन् का निम्नलिखित वश वृक्ष तैयार किया गया है—

इस वश-वृक्ष मे वर्णित बन्धुवर्मा गुप्तसम्राट् कुमारगुप्त प्रथम का नायक था। अतएव चन्द्रवर्मन् समुद्रगुप्त का समकालीन प्रकट होता है। यदि मेहरौली लेख के चन्द्र की समता सुसानियाँ लेख के चन्द्रवर्मन् से की जायगी तो यह असम्भव ज्ञात होता है कि समुद्रगुप्त के सम्मुख एक पुष्करण का राजा बङ्गाल तथा उत्तर-पश्चिम तक आक्रमण करे। चन्द्रवर्मन् के भ्राता नरवर्मन् का पश्चिमी मालवा मे शासन केवल दो पीढ़ी तक रहा, वह भी गुप्तो के अधीनस्थ होकर। ऐसी दशा में चन्द्रवर्मन् कोई बड़ा स्वतन्त्र राजा ज्ञात नही होता। पुष्करण के शासको के लेखो मे सुसानियाँ या मेहरौली के विषय मे कही भी उल्लेख नही मिलता। सुसानियाँ की प्रशस्ति मे चन्द्रवर्मन् 'महाराजा' कहा गया है, परन्तु मेहरौली में चन्द्र के लिए 'अधिराज' शब्द प्रयुक्त है। इन सब प्रमाणो के सम्मुख चन्द्र की समता चन्द्रवर्मन् से नही की जा सकती।

(३) चन्द्र = चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

मेहरौली के लेख मे चन्द्र की उत्कट विष्णुभक्ति ज्ञात होती है। ऐसी ही भक्ति गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय मे भी थी। उसके समस्त लेखो तथा सिक्को में उसके लिए 'परम भागवत' की पदवी का उल्लेख मिलता है। इस राजा के लिए चन्द्र उपनाम रूप मे मिलता है क्योकि विक्रमादित्य के लिए विक्रम के सदृश इस उपनाम से चन्द्रगुप्त द्वितीय का बोध होता है।

---

१. ए० इ० भा० १३ पृ० १३३।

२. फ्लीट— गु० ले० न ० १७।

३. वही ,, १८।

ऐतिहासिकों को यह मालूम है कि समुद्र गुप्त शासन के पश्चात् रामगुप्त कुछ समय के लिए राजा था। इस निर्बल शासक के कारण बहुत सम्भव है कि बङ्गाल की प्रजा ने गुप्त-सत्ता को हटाने का प्रयत्न किया हो, अतएव चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य द्वारा उनको शान्त करना आवश्यक था, जिसका उल्लेख मेहरौली के लेख में मिलता है। इस गुप्त नरेश ने दक्षिण-पश्चिम में भी विजय-यात्रा की थी। चन्द्रगुप्त द्वितीय के उत्तर-पश्चिम के आक्रमण का वर्णन इस लेख के अतिरिक्त कालिदास के रघुवंश में भी मिलता है—

पारसीकांस्ततो जेतुं प्रतस्थे स्थलवर्त्मना। रघु० ४।६०

पुरातत्त्ववेत्ता जायसवाल महोदय ने वाह्लीक देश की समता बल्ख से बतलाई है। उनका कथन है कि सिन्धु के सप्तमुखानि से पञ्जाब तथा उत्तरी-पश्चिमी प्रान्त का तात्पर्य है[1]। अतएव चन्द्र का आक्रमण बल्ख तक प्रकट होता है। सबमे अन्त में लिपि के आधार पर भी मेहरौली की लिपि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के समय की मालूम पड़ती है। विवेचनों के आधार पर चन्द्र की समता चन्द्रगुप्त द्वितीय से करना सर्वथा न्याययुक्त है।

इस लेख में शासक के लिए 'परम भागवत' की उपाधि तथा वंश वर्णन के अभाव से तनिक सन्देह होता है परन्तु पर्याप्त उपर्युक्त सबल प्रमाणों की उपस्थिति में इस सन्देह में कुछ सार नहीं है।

इन तीनों सिद्धांतों के विवेचन के पश्चात् मेहरौली लोहस्तम्भ के लेख में उल्लिखित चन्द्र की समता गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य से ही करना सर्वथा उचित तथा प्रमाणयुक्त है।

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की राजकुमारी प्रभावती गुप्ता का दान-पत्र

वाकाटक ललामस्य
(क्र) म-प्राप्त नृपश्रिय.।
जनन्या युवराजस्य,
शासन रिपु शास (न) म्॥

सिद्धम्। जित भगवता स्वस्तिनान्दिवर्धनादासीद् गुप्तादिरा (जो) (म) हा (राज) श्रीघटोत्कचः तस्य सत्पुत्रो महाराज श्री चन्द्रगुप्तः तस्य सत्पुत्रोऽनेकाश्वमेधयाजी लिच्छिविदौहित्रो महादेव्यां कुमारदेव्यामुत्पन्नो महाराजाधिराज श्रीसमुद्रगुप्तः तत्सत्पुत्रः तत्पादपरिगृहीत. पृथिव्यामप्रतिरथ सर्वराजोच्छेत्ता चतुरुदधिसलिलस्वादितयशानेक-

---

१ जे० बी० ओ० आर० एस० मार्च १९३२।

पेरिप्लस ग्रन्थ का कर्ता (ई० स० ८०) ने भी उल्लेख किया कि सिन्धु के सात मुख थे (पेरिप्लस आफ् एरिथ्रियन सी, स्काफ अनुवादित सेक्शन ४२-६६)।

दक्षिण के शासक शातवाहनो से इन्होने कितने युद्ध किये तथा बहुत भागो पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया। शक क्षत्रपो मे तक्षशिला और मथुरा के क्षत्रपो का उल्लेख हो चुका है। ये दक्षिण-पश्चिम के क्षत्रप शासक सुचारु रूप से राज्य करते रहे। काठियावाड़ के शासक क्षत्रपो मे नहपान का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इसका प्रभाव सुदूर तक फैला हुआ था। इसके लेख पाडुलेना नासिक, जूनार तथा कार्ले की गुहाओ मे उत्कीर्ण मिलते हैं। नहपान का राज्य महाराष्ट्र, कोकण (सुरयार्क), मदसोर (मालवा) तथा पुष्कर (अजमेर) तक विस्तृत था। इसी पुष्कर तीर्थ मे नहपान के जामाता उषवदात ने बहुत सा धन दान मे दिया था[1]। ईसा की दूसरी शताब्दी के आरम्भ मे ही दक्षिण के आध्र राजा गौतमीपुत्र शातकर्णी ने नहपान को परास्त कर महाराष्ट्र को पुन: शातवाहन राज्य मे सम्मिलित कर लिया।

शक क्षत्रप

काठियावाड़ क्षत्रपो के समकालीन उज्जयिनी मे क्षत्रप चष्टन के वशज राज्य करते थे। चष्टन का पौत्र रुद्रदामन् एक प्रतापी तथा शक्तिशाली शासक था। उसने दक्षिणापति शातकर्णी (शातवाहन राजा) को परास्त किया और अपने राज्य को विस्तृत किया। इसका वर्णन जूनागढ के लेख मे मिलता है[2]। रुद्रदामन् ने क्षत्रपो का इतना सुदृढ राज्य स्थापित किया कि इसके वशज चौथी शताब्दी तक मालवा तथा काठियावाड मे शासन करते रहे[3]। ई० स० ४०० के पश्चात् गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने शको पर विजय प्राप्त किया और मालवा तथा काठियावाड़ को अपने साम्राज्य मे मिला लिया।

ईसा की प्रथम शताब्दी मे काबुल घाटी मे अतिम ग्रीक नरेश हरमेयस को हटाकर कुषाण वशी पहला राजा कैडफीसीस प्रथम ने अपना अधिकार कर लिया, समकालीन पार्थियन शासक को परास्त कर गाधार तक राज्य विस्तृत किया। इसका उत्तराधिकारी कैडफीसीस द्वितीय हिन्दू (शैव) धर्म का अनुयायी था। इसके सिक्को पर 'नन्दि के चिह्न' तथा 'धमरितस्य महोश्वरस्य' की पदवी से उपर्युक्त बात की पुष्टि होती है। इस शताब्दी के अतिम भाग मे कनिष्क नामक राजा बहुत प्रतापी था जिसने स० ७८ मे 'शक-संवत्' चलाया। कनिष्क का विस्तृत राज्य मध्य एशिया से लेकर पूरब मे सारनाथ (बनारस) तक फैला था। पूर्वी भाग महाक्षत्रप खर्पलाना और क्षत्रप वनस्पर के अधीन था[4]। इसके लेख पेशावर, स्यूबिहार (सिध) तथा सारनाथ मे मिले हैं[5]। यह राजा बौद्धधर्मावलम्बी था और इसी ने बौद्धो की चौथी सभा को अपनी राजधानी पुरुषपुर (पेशावर) मे बुलाया था। कनिष्क के पश्चात् कुषाणवशी वशिष्क तथा हुविष्क के नाम उल्लेख-

कुषाण

---

१ ए० इ० भा० ८ पृ० ७८

२—स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तसर्वप्रकृतीना पूर्वापराकरावन्तीअनूपनीवृदानर्तसुराष्ट्रश्वभ्रमरुकच्छसिन्धुसौवीरकुकुरापरातनिषादादीना समग्राणा (ए० इ० भा० ८ पृ० ४७)।

३—इन क्षत्रपो के चॉदी के सिक्के मिलते है जिनके सहारे इनका वशवृक्ष तैयार किया जाता है।

४—सारनाथ का लेख (ए० इ० भा० ८ पृ० १७३)।

५—वही।

नीय हैं। इस वश का अंतिम राजा वासुदेव प्रथम था जिसकी तिथि ई० १५२-७६ तक मानी जाती है। इन सब विवरणो से ज्ञात होता है कि कुषाण-वशी राजाओ ने लगभग सौ वर्षो तक शासन किया। इस मुख्य वश का ह्रास होने पर छोटे छोटे राजा यत्र तत्र राज्य करते रहे। इनको किदार कुषाण कहते हैं। सम्भवत: समुद्रगुप्त की प्रयाग की प्रशस्ति में इन्ही का उल्लेख मिलता है।

नाग वंश

कुषाणों के पतन के अनन्तर तथा गुप्तो के उत्थान के पहले तक का काल भारतीय इतिहास मे अब तक अंधकार युग (Dark Period) के नाम से प्रसिद्ध था;[1] क्योकि ईसा की दूसरी व तीसरी शताब्दियो के इतिहास से हम बिल्कुल अपरिचित थे। परन्तु पुराणो तथा सिक्को की छान-बीन से ऐतिहासिक खोज आजकल इस परिणाम पर पहुँची है कि ये शताब्दियाँ अंधकार से पूर्ण नही थी, प्रत्युत इनमे सुशासन तथा सभ्यता की प्रकाशमयी किरणे उत्तरी भारत को उज्ज्वल बनाये हुए थी। इन शताब्दियो मे दो भिन्न भिन्न राजवशो ने भारत पर शासन किया जिनमे पहले का नाम नाग या भारशिव वश है तथा दूसरे का नाम वाकाटक वंश है। शिलालेखो मे अनेक बार उल्लिखित होने के कारण वाकाटक प्रसिद्ध राजाओ के नाम व काम से हम किसी प्रकार परिचित भी थे[2], परन्तु कराल काल ने विदेशी कुषाणो के प्रभाव को उखाड़नेवाले, हिन्दू सस्कृति के पुन: जमानेवाले, पुण्यसलिला भागीरथी के तट पर एक नहीं दश अश्वमेध यज्ञो के करनेवाले 'मूर्द्धाभिषिक्त' नाग सम्राटो के इतिहास को विस्मृति के गर्त में अब तक डाल रक्खा था, जिसके कारण हम इन राजाओ के अस्तित्व को भूल गये थे। परन्तु सौभाग्य से प्रसिद्ध ऐतिहासिक काशीप्रसाद जी जायसवाल के अनुसधान से नाग वश का इतिहास फिर से हमारे सामने आया है। जायसवाल महोदय की नई पुस्तक—भारत का इतिहास १५०-३५० ई०—मे नागो का वर्णन किया गया है। उसी के आधार पर हम यहाँ सक्षिप्त वर्णन उपस्थित करते हैं।

इतिहास के साधन

नाग वंश के इतिहास के अध्ययन के लिए कोई सम्बद्ध साधन उपलब्ध नही हैं परन्तु (१) पुराणो, (२) सिक्को तथा (३) नाग, वाकाटक और गुप्त लेखो मे उल्लिखित बातो को एकत्र करके नाग वश का इतिहास तैयार किया जाता है। इन्ही साधनो के आधार पर नागो का इतिहास देने का प्रयत्न किया जायगा।

नाग = भारशिव

ऐतिहासिक साधनो मे इस वश के लिए दो नाम—नाग और भारशिव—का प्रयोग मिलता है। अतः इस वश के इतिहास से पूर्व यह समझ लेना परमावश्यक है कि नाग वंश के लिए भारशिव शब्द का प्रयोग क्यो किया गया। पुराणो में राजाओ के नाम के साथ नाग शब्द का प्रयोग मिलता है। इसलिए उन राजाओ के वंशज को नागवंशी के नाम से पुकारा

१—स्मिथ आदि ने ऐसा लिखा है। यद्यपि यह सिद्धान्त अब निराधार सिद्ध हो गया।

२—पूना प्लेट, बालाघाट प्रशस्ति आदि।

जाता है। कुछ नागवशी शासको के सिक्के भी मिले हैं जिनका समीकरण पुराणो मे उल्लिखित नामो से किया जाता है। इन नागवशी राजाओ को वाकाटक लेखो मे 'भारशिवाना महाराजा' कहा गया है। ऐसे नाम के प्रयोग के लिए कुछ विशिष्ट कारण हैं। नागवशी राजा शैव थे। वाकाटक लेखो के उल्लेख से ज्ञात होता है कि इस वश के किसी राजा ने यज्ञ के समय अपने मस्तक पर 'शिवलिङ्ग' रक्खा था।[1] उसी समय से इस वश का नाम 'भारशिव' पडा। इस प्रकार की एक मूर्ति भारत-कला-भवन (काशी) मे सुरक्षित है जिसमे मनुष्य के सिर पर शिवलिङ्ग है। यह मूर्ति नागवशी राजाओ के लिए उल्लिखित 'शिवलिङ्गोद्वहन' की पुष्टि करती है। इन सब बातो से स्पष्ट प्रकट होता है कि नागवश के लिए भारशिव का प्रयोग उपयुक्त है। अतएव नाग तथा भारशिव एक ही थे, इसमे किसी को सदेह नही हो सकता।

प्राचीन भारतीय इतिहास मे नाग राजाओ का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। ये राजा बहुत काल से शासन करते चले आ रहे थे। नाग शासन काल मुख्यत: तीन भागों मे विभक्त किया जा सकता है,—

शासन-काल
(१) शुङ्ग-पूर्व काल,
(२) कुषाण पूर्व काल,
(३) साम्राज्य पूर्वकाल।

पुराणो मे नाग वश का पर्याप्त वर्णन मिलता है। इसमे दो भिन्न भिन्न राजाओ के वशजों का वर्णन है जो अलग अलग शुग तथा कुषाणों से पूर्व शासन करते थे। शेष नामक नाग राजा के वशज विदिशा पर शासन करते थे[2]। इन राजाओ ने शुग काल से पूर्व राज्य किया परन्तु शुगो के उत्थान के कारण शेष के वश का ह्रास हो गया।

ईसा के पूर्व दूसरी शताब्दी मे शुगो का एक विस्तृत साम्राज्य स्थापित हो गया था। इनके अभ्युदय के सामने विदिशा पर शासन करनेवाले नागो को परास्त होना पडा। विदिशा से हटकर नागवशी नरेश ने पद्मावती मे अपना राज्य स्थापित किया। इस स्थान पर शिशु नन्दी के वशज कुषाण-काल से पूर्व शासन करते थे जिनका नाश

---

१ शिवलिङ्गोद्वहनशिवसुपरितुष्टसमुदयादित राजवशाना पराक्रमाधिगतभागीरथ्यामलजलमूर्द्धाभिषिक्ताना दशाश्वमेधावभृथस्नातकाना भारशिवाना महाराजा (बालाघाट तथा चमक प्रशस्ति)।

[ए० इ० भा० ९ पृ० २६९ व फ्लीट–गु० ले० न० ५८]।

२. वृषान्वै दिशकाश्चापि भविष्याश्च निबोधन।
शेषस्य नागराजस्य पुत्र स्वरपुरजर: ॥
भोगी भविष्यते राजा नृपो नागकुलोद्वह.।
सदा चन्द्रस्तु चन्द्राशो द्वितीयो नखवास्तथा ॥
धनधर्मा ततश्चापि चतुर्थो विशज स्मृत

वायु पुराण ९९।३६६-६७।

कुषाणों के हाथ हुआ। इन राजाओं का भी वर्णन पुराणों में मिलता है[१]। इस प्रकार विदिशा तथा 'पद्मावती' पर शासन करनेवाले नरेशों ने ई० पू० ११०—ई० स० ७८ तक यानी दो सौ वर्षों तक राज्य किया[२]।

इन नाग राजाओं के इतिहास पर सिक्कों से भी प्रकाश पड़ता है। मथुरा से दत्त नामधारी अनेक सिक्के मिले हैं जिनका समीकरण अभी तक संदेहपूर्ण था। जायसवाल महोदय का मत है कि ये दत्त-नामांत नरेश नागवंशी थे। इन्हीं सिक्कों में शिवदत्त नामक राजा का एक मुद्रा मिला है, जिसका नाम पद्मावती से प्राप्त एक लेख मे उल्लिखित है। यह लेख राजा के चौथे वर्ष मे यक्ष मणिभद्र की मूर्ति पर उत्कीर्ण है। यह शिवदत्त नामक राजा पुराणों में उल्लिखित पद्मावती का अंतिम शासक शिवनन्दी है, जो कुषाण राजा कनिष्क के द्वारा परास्त किया गया[३]।

नाग-वंशी राजाओं का प्रधान शासन-काल कुषाण राजाओं के ह्रास होने पर प्रारम्भ होता है। इस समय को साम्राज्य-काल के नाम से सम्बोधित कर सकते हैं।

साम्राज्य-काल

कुषाणों से पूर्व नाग शासकों का नाश कनिष्क के द्वारा होने पर, नागों ने पद्मावती को त्याग दिया तथा मध्यप्रांत मे शरण ली। वहाँ से बुंदेलखण्ड होते हुए मिर्ज़ापुर (संयुक्त प्रांत) के समीप कांतिपुर मे नाग लोगो ने अपना निवासस्थान बनाया। इसी स्थान पर स्थिर होकर नाग राजाओं ने पद्मावती तथा मथुरा को अपने राज्य मे सम्मिलित कर लिया। इस प्रकार नागों का साम्राज्य कांतिपुर से मथुरा तक विस्तृत हो गया। इसकी पुष्टि विष्णु पुराण के वर्णन—नवनागा[४] पद्मावत्या, कांतिपुर्या मथुरायां—से होती है। यह सब कार्य कुषाण राज्य के पतन होने पर सम्भव था। कुषाणों का अंतिम राजा वासुदेव प्रथम ई० स० १७६ तक राज्य करता था। अतएव दूसरी शताब्दी के मध्यभाग के पश्चात् ही नाग राजा साम्राज्य स्थापित करने में सफल हुए होंगे। इस साम्राज्य के प्रतापी शासक वीरसेन तथा भवनाग के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। वीरसेन नाग-साम्राज्य का प्रथम सम्राट् था जिसने कुषाणों को हटाकर नाग-साम्राज्य स्थापित किया। वीरसेन के सिक्के संयुक्त प्रांत व पंजाब मे पाये जाते हैं[५]। संयुक्त प्रांत के फर्रुखाबाद जिले मे जाखट नामक ग्राम मे एक लेख भी मिला है[६]। सिक्कों तथा लेखों मे ताली वृक्ष का

---

१. भूतिनन्दः ततश्चापि वैदेशे तु भविष्यति।
अङ्गाना नन्दनस्यान्ते मधुनन्दिर्भविष्यति॥
तस्य भ्राता यवीयास्तु नाम्ना नन्दियशाः किल। वायु पुराण ९९।३६८-६९

२. हिस्ट्री आफ इंडिया १५० ३५० ई० पृ० १४।

३ वही इंडिया १५०-३५० पृ० ११।

४ नव संख्यावाचक शब्द नहीं है परन्तु साम्राज्य काल के प्रथम राजा का नाम नव नाग था (हिस्ट्री आफ इंडिया १५० ३५० ई०)

५. जे० आर ए एस. १८९७ पृ० ८७६।

६. स्वामिस वीरसेनस सम्वतसरे १०३ (ए. इ. भा. ११ पृ० ८५)

चिह्न पाया जाता है जो राजकीय लक्षण है। वीरसेन के विस्तृत स्थानो मे प्राप्त सिक्को तथा लेख से उसके बल का अनुमान किया जा सकता है। वीरसेन के वशजो का नाम सिक्को की सहायता से प्राप्त होता है। पुराणो मे इस व श मे सात राजाओ के शासन का उल्लेख मिलता है[1]। परन्तु सब से अतिम प्रतापी नरेश भवनाग था। पुराण तथा वाकाटक लेख के आधार पर ज्ञात होता है कि भवनाग के पश्चात् नाग शाखा वाकाटक व श मे विलीन हो गई[2]। यही कारण है कि वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम वाकाटक शासक होते हुए भी भारशिव व श का महाराजा कहा गया है[3]। उपर्युक्त विवेचन से ज्ञात होता है कि कुषाण राज्य के पतन (ई० स० १७६) से लेकर तीसरी शताब्दी तक नाग सम्राट् सुचारु रूप से शासन करते रहे।

राज्य-विस्तार

ऊपर कहा गया है कि नाग राजा कातिपुर मे स्थिर होकर पश्चिम की ओर अपना राज्य विस्तार करने का प्रयत्न करने लगे। वीरसेन नामक राजा ने पद्मावती तथा मथुरा को जीतकर अपने साम्राज्य मे सम्मिलित कर लिया। पद्मावती मे वीरसेन तथा उसके वशजो के सिक्के मिलते हैं। इस शाखा के अतिम नरेश गणपति नाग का उल्लेख गुप्त सम्राट् की प्रयाग की प्रशस्ति मे मिलता है। अहिच्छतर मे अच्युत नामक नाग राजा के सिक्के मिले हैं जो समुद्रगुप्त के हाथो परास्त हुआ। इस प्रकार नाग सिक्के मथुरा, अहिच्छतर, पद्मावती तथा कौशाम्बी से प्राप्त हुए हैं। वायु पुराण के वर्णन से ज्ञात होता है कि कोई नाग शाखा चम्पावती (भागलपुर, विहार) मे भी शासन करती थी[4]। उत्तरी भारत के इन स्थानो के अतिरिक्त नाग राज्य दक्षिण भारत मे बु देलखण्ड, मध्यप्रात तथा पश्चिम ओर मालवा तक विस्तृत था।

नागो की शासन-प्रणाली

इस स्थान पर नागो की शासन-प्रणाली का सक्षेप मे वर्णन करना उचित प्रतीत होता है। नाग-साम्राज्य का कोई केन्द्रीभूत स्थान नही था जिस स्थान से सब राजकीय कार्यो का सम्पादन हो। नाग-साम्राज्य मे भिन्न भिन्न शाखाएँ भिन्न भिन्न स्थानो पर शासन करती थी परन्तु समस्त राजा अपने को नाग-साम्राज्य के अतर्गत शासक समझते थे। नागवश की शाखाएँ कातिपुर, मथुरा, पद्मावती, अहिच्छतर, चम्पावती आदि स्थानो को केन्द्र बनाकर शासन करती थीं। अतएव इस शासन-प्रणाली को 'नाग-सघ-शासन' के नाम से पुकारना युक्तिसगत होगा। यह शासनप्रणाली कुषाणो के पतन के

---

१ भारशिवाना महाराजा श्री रुद्रसेनस्य (ए इ भा. ९ पृ० २७०)

२ नव नागास्तु भोक्ष्यन्तो पुरी चम्पावर्ती नृपाः (वा पु ९९।३८२)।

३. नागा भोक्ष्यन्ति सप्त वै। वायु. पु ९९।३८२।

४. तस्यान्वये भविष्यन्ति राजानस्ते मयस्तु वे, दौहित्रः शिशुको नाम पुरिकाया नृपोऽभवत्।
वा पु. ९९।३७०।

भारशिवाना महाराजा श्री भवनागदोहित्रस्य गौतमीपुत्रस्य वाकाटकाना महाराजा रुद्रसेनस्य
(फ्लीट-गु० ले० पृ० २३७)

तथा गुप्तों के उत्थान के मध्यकाल में कार्यान्वित थी। बहुत सम्भव है कि गुप्तों ने इस शासन के अनुकरण पर नये सुधारों सहित अपनी शासनप्रणाली को तैयार किया हो। परन्तु गुप्तों का शासन संघ न होकर केन्द्रीभूत था।

भारशिव राजाओं की महत्ता

परिचय

जब आर्यावर्त की पवित्र भूमि मे विधर्मी कुशान राजाओ की तूती बोल रही थी, जब हिन्दू धर्म का ह्रास तथा बौद्ध धर्म का प्रसार हो रहा था और जब हिन्दू जनता की नस-नस मे परतहिम्मती का दौरदौरा था ऐसे ही समय मे इन हिन्दू-धर्म-रक्षक, परम शिवभक्त, आर्य सभ्यताभिमानी भारशिव राजाओ का प्रादुर्भाव हुआ। हिन्दू समाज पराधीनता के पजे मे पडा हुआ था। इनके धर्म के प्रति न विदेशियो का आदर था और न हिन्दू देवताओ मे श्रद्धा। गोकुशी एक साधारण घटना तथा इन विधर्मी निर्दयी शासको की उदर दरी की पूर्ति का स्वादिष्ठ सामग्री बन गई थी। इसी कठिन काल में इन हिन्दू-हित के संरक्षक राजाओ का उदय हुआ। इन्होने अपने प्रबल पराक्रम से पददलित हिन्दू जनता को स्वाभिमान तथा स्वतन्त्रता का पाठ पढाया तथा अपने हिन्दू देवताओ के प्रति सादर सेवा का सबक़ सिखाया। स्वतन्त्रता की क्रीड़ास्थली इस पवित्र आर्यावर्त की भूमि को परतन्त्रता के पजे से छुड़ाकर फिर से स्वतन्त्र बनाया। शिवोपासना के द्वारा राष्ट्रीय भावना को जगाकर फिर से प्राचीन हिन्दू धर्म का प्रचुर प्रचार किया। इन्होंने दस[1] अश्वमेध यज्ञो का सम्यक् अनुष्ठान कर फिर से वेद-वर्णित विधि का विधान किया। माता गौ की रक्षाकर इन्होने पुनरपि गौ के प्रति समस्त जनता के हृदय में पवित्र भावना जगाई। नागर तथा वेशर शैली के मन्दिरो का निर्माण कर इन्होने भारतीय ललित-कला को एक अमूल्य निधि प्रदान की। इन्ही प्रातःस्मरणीय, आर्यावर्त की स्वतन्त्रता के संस्थापक, हिन्दू धर्मोद्धारक, परम शैव तथा राष्ट्रीय-निर्माणकर्ता भारशिव राजाओ की कृति के विषय से यहाँ पर पाठको को परिचित कराया जायगा।

शिव-पूजा

यह कथन केवल पुनरुक्ति मात्र है कि भारशिव राजा परम शैव थे। इस काल मे शिव-पूजा को बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया। शिव-पूजा ही इस समय की राष्ट्रीय भावना थी। सर्वत्र शिव ही शिव दीख पड़ते थे। समस्त भारशिव-वायुमण्डल ही शिव की पवित्र आराधना से व्याप्त हो गया था। भारशिव राजा जिस वायु को श्वास मे लेते थे वह भी शिवोपासना से रिक्त नहीं थी। सचमुच ही यह युग शिवमय हो गया था तथा यदि हम इसे 'शिव-युग' कहे तो भी कुछ अत्युक्ति नही होगी। भगवान् शिव समस्त ससार के सहर्ता है अतः प्रबल शत्रु कुशानो के विनाश के लिए भारशिवो की शिवोपासना-परायणता समुचित ही थी। इस शिवपूजा के फल-स्वरूप भारशिवो ने कुशाणो को मार भगाया।

१—मूर्धाभिषिक्ताना दशाश्वमेधावभृथस्नातकाना भारशिवाना महाराजा।—बालाघाट तथा चमक प्रशस्ति। ए. इ. भा. ९ पृ० २६९ व गु ले न० ५५.

वीरसेन, स्कन्द नाग, भीमनाग तथा भवनाग इत्यादि नामों से भारशिवो की शिव-निष्ठा सूचित होती है। शिवपूजा का ही इस समय मे बोलबाला था। समस्त भारशिव राष्ट्र शिवोपासक हो गया था।

आर्यावर्त सदा ही से स्वतन्त्रता की भूमि रहा है। अतः इस पावन भूमि को परदेशियो के पंजे से छुडाना इन राजाओ का परम कर्तव्य था। भारशिव राजा वीरसेन के प्रबल पराक्रम से कुशानो को गङ्गा-घाटी छोडकर सरहिन्द तक भागना पडा। इस समय तक उत्तर-पूर्व भारत पंजाब तक स्वतन्त्र हो चुका था। इस बात का पता हमे पंजाब मे मिली मुद्राओं से चलता है। भारशिवो के पराक्रम से पराजित होकर कुशानो ने सेसेनियन बादशाह शापूर की शरण ली तथा अपनी मुद्राओ पर अपने सरक्षक की मूर्ति को सादर स्थान दिया।

कुशानो का पराजय

भारशिवो की महत्ता तथा वीरता को समझने के लिए कुशानो की महती शक्ति को भी समझना आवश्यक तथा उचित है। कुशानो के मध्यस्थान मध्यएशिया मे इनकी सरक्षिता सेनाएँ रहती थी जो सदा ही केन्द्र स्थान से सहायता प्राप्त करती थीं। कुशानो का साम्राज्य भी कुछ छोटा नही था। यह विस्तृत साम्राज्य आक्सस के किनारे से लेकर बङ्गाल की खाडी तक, यमुना से लेकर दक्षिण मे नर्मदा तक, और पश्चिम मे काश्मीर तथा पंजाब से लेकर सिन्ध तथा काठिया-वाड तक और गुजरात, सिन्ध तथा बलूचिस्तान के समुद्री किनारो को छूता हुआ फैला हुआ था। यह साम्राज्य सैा वर्षों तक "दैवपुत्र" का दावा करता हुआ हिन्दुओ पर राज्य करने का अपना दैवी अधिकार समझता था। इतने बडे विस्तृत, महत्त्वशाली तथा प्रभावशाली साम्राज्य का सामना करना कोई हँसी खेल का काम नही था। इनसे लोहा लेना विकराल काल के गाल मे जाना था। यदि मुट्ठी भर स्वतन्त्र ग्रीको ने असख्य, मदमाती, असगठित परशियन सेनाओ का सामना कर उन्हे परास्त कर दिया तो इसमे आश्चर्य ही क्या? वे स्वतन्त्र थे, अनेक राज्यो ने उनकी सहायता की थी। परन्तु पराधीनता के पाश मे ग्रस्त होने पर भी अपने इतने शक्तिशाली शत्रु कुशानो को मार भगाना वास्तव मे भारशिवो के लिए लोहे के चने चबाना था। किन्तु धर्मविजयी इन भारशिव राजाओ ने विधर्मी कुशानो पर पूर्ण विजय पाई। यह घटना उनकी वीरता तथा स्वातन्त्र्य प्रियता का ज्वलन्त उदाहरण है।

कुशानो की शक्ति तथा भारशिवो की वीरता

भारशिव राजाओ ने शिव की पूजा करते हुए प्रायः उनकी प्रत्येक बातो का अनु-करण किया। जिस प्रकार शिवजी दिगम्बरत्व को धारण कर अपनी सादगी के लिए प्रसिद्ध है उसी प्रकार ये राजा भी सदा सीधा सादा जीवन व्यतीत करते थे। गुप्तो की नाई न इनमे शान-शौकत थी और न राजसी ठाटबाट। ये राजा शिव की भाँति सदा आशुतोष थे। दान ही इनका धर्म था। प्रतिग्रह से ये अपरिचित थे। शिव की गृहनीति की भाँति ये भी सामन्त राजाओ का एक गण रखते थे जो इनको सहायता करते थे तथा ये इनके बीच

भारशिवो की सादगी

शिव-निर्मित नन्दी थे। इन्होंने अनेक (दस) अश्वमेध यज्ञ किये परन्तु कभी भी एक-राट् होने का दावा नहीं किया। शिव को अपना वाहन 'वृषभ' अत्यन्त प्रिय है अतः अपने उपास्यदेव की प्रिय वस्तु की रक्षा करना इन्होने अपना परम कर्तव्य समझा था। इन राजाओ ने गाय तथा बैलो की रक्षा का बीड़ा उठाया तथा जनता में इनके प्रति पवित्र भाव पैदा किया। ये बाते शिव के एक परम भक्त के लिए समुचित ही थी।

यह कला भारतीय कला मे अपना एक विशेष स्थान रखती है। कर्कोट नागर (जो मालवा प्रजातन्त्र की राजधानी थी) की भाँति यह 'नागर' शब्द 'नाग' शब्द से निकला हुआ है। जिस प्रकार गट्ठर शब्द सस्कृत ग्रथ से निकला हुआ है उसी प्रकार 'नागर' शब्द 'नाग' शब्द से निकला हुआ है और उसका विशेषण है। आज भी बुलन्दशहर मे कुछ ब्राह्मण नागर ब्राह्मण के नाम से प्रसिद्ध हैं। सम्भवत: ये ब्राह्मण 'नाग' वशी राजाओ के पुरोहित थे। अतः इनका नाम 'नाग' से 'नागर पड़ गया। भारशिवो के समय मे निर्मित मन्दिरो में 'नागर' तथा 'वेसर' शैली की प्रधानता पाई जाती है। 'वेसर' शब्द हिन्दी वेस तथा सस्कृत 'वेश'—जिसका अर्थ वस्त्र तथा आभूषण है—से निकला हुआ है। सम्भवतः नागरशैली के वे मन्दिर हैं जो गुप्त वर्गाकार मन्दिर के ढङ्ग के है। इनमे नचना के वाकाटको के पार्वती-मन्दिर, तथा भूमरा के भारशिवो के मन्दिर की गणना है। यह एक कमरावाला गृह होता था। सम्भवत: यह चतुष्कोण एक वर्गाकार कमरा होता था।

नागर कला

यद्यपि नागकालीन पुरातत्त्व का हमे सम्यक् ज्ञान नही है परन्तु इसमें सन्देह नही है कि मालवा-प्रजातन्त्र की राजधानी 'कर्कोट नागर' मे वेसर शैली के मन्दिर अवश्य थे। कारलायल (Carlleyle) ने अपने अनुसन्धान में एक मन्दिर का वर्णन 'विचित्र आकार' वाला ऐसा किया है। इस शैली के मन्दिरो मे भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रस्तर पर कटाव का होना अनुमानसिद्ध है। मालूम होता है कि प्रस्तर को काटकर तरह तरह के फूल, पत्ता, वृक्ष आदि निकालते थे और इस प्रकार से मन्दिर को अलकृत करते थे। इसी कारण इस अलकृत मन्दिर-निर्माण की शैली को 'वेसर' (अलकृत) नाम दिया गया है।

वेसर-शैली

इसी समय में शिखर-शैली का भी प्रचार था। इस शैली मे निर्मित मन्दिर नीचे के भाग मे वर्गाकार रूप मे तथा ऊपरी भाग मे चतुष्कोण शिखर के रूप मे होते थे। श्री जायसवाल ने सूरजमऊ के पास में जिन मन्दिरो का पता लगाया है वे इसी शैली के हैं। इस प्रकार के मन्दिर नीचे के हिस्से मे गुप्त शैली के है तथा ऊपर का हिस्सा धीरे धीरे पतला होता हुआ पर्वत के शिखर के रूप मे परिणत हो गया है। खजुराहो का चौसट्ठी योगिनी का मन्दिर इसी शैली का है। नागर शिखर शैली एक विशेष प्रकार की शैली है जो इसी समय में निकली थी। नचना का चतुर्मुख शिव मन्दिर इसी शैली का बना हुआ है। भूमरा मन्दिर एक भारशिव-भवन है। यह शैव मन्दिर है। इस मन्दिर मे निर्मित ताड़वृक्ष के चिह्नो से इसका नागकालीन होना अवश्यभावी है। यह ताड़ वृक्ष

शिखर-शैली

नागवशी राजाओ का एक विशेष चिह्न था। अत इस काल मे हम नागर तथा वेसर शैली के मन्दिर निर्मित पाते हैं। शिखर शैली के मन्दिर भी यत्र-तत्र उपलब्ध हैं।

उपर्युक्त विवरण से भारशिव राजाओ की कृतियो का अनुमान लगाया जा सकता है। इनकी इन सब कृतियो का गुप्त राजाओ पर बहुत ही गहरा प्रभाव पडा है। आगे इन सब प्रभावो का विवेचन गुप्त राजाओ के इतिहास के साथ साथ किया जायगा।

नाग लोगो के ह्रास के बाद उनका स्थान वाकाटको ने ग्रहण किया तथा बहुत समय तक वे ऐतिहासिक रगमच पर अपना अभिनय दिखलाते रहे। इसमे सदेह नही है कि वाकाटको के पश्चात् गुप्त सम्राटो ने एकाधिपराज्य स्थापित किया, परन्तु इनकी (वाकाटको की) अनुपस्थिति मे गुप्त-साम्राज्य की सास्कृतिक महत्ता इतनी विशाल न होती। प्राचीन भारतीय इतिहास के विकास मे वाकाटको का भी स्थान महत्त्वपूर्ण है।

वाकाटक

ईसा को तीसरी शताब्दी के अतिम भाग मे नागवशी राजाओं के पश्चात् ऐतिहासिक क्षितिज पर वाकाटको का उदय दिखलाई पडता है। पुराणो तथा लेखो के आधार पर प्रकट होता है कि वाकाटको से पूर्व शासन करनेवाले नाग राजाओ की वश शाखा इस वश मे विलीन हो गई[1]। प्रशस्तिकारो ने तो तीसरे वाकाटक नरेश रुद्रसेन प्रथम को लेखो मे भारशिव (नाग) महाराजा से सम्बोधित किया है[2]। इस प्रकार नागो का स्थान ग्रहण कर वाकाटको ने गुप्त साम्राज्य से पूर्वकाल मे समस्त मध्य भारत पर एकछत्र राज्य स्थापित किया। ऐतिहासिक दृष्टि से वाकाटक राजाओ के तीन भिन्न शासन-काल ज्ञात होते हैं। प्रथम काल मे अनेक वाकाटक नरेशो ने राज्य किया जो दक्षिण भारत मे गुप्तो के शासन-प्रभाव से पूर्व राज्य करते रहे। कुछ राजाओ ने गुप्तो की छत्रछाया मे शासन किया तथा अतिम काल मे वाकाटक राजा एक बडे साम्राज्य के स्वामी थे। उस काल मे उनका शासन निर्विघ्न रूप से समाप्त हुआ। इन सब विवेचनो पर ध्यान देने से प्रकट होता है कि वाकाटक लोगो ने तीसरी से पाँचवी शताब्दी यानी दो सौ वर्षो तक शासन किया।

उत्थान

वाकाटक वश के ऐतिहासिक वृत्त से पूर्व यह समझ लेना अत्यावश्यक है कि इस वश के राजा वाकाटक नाम से क्यो प्रसिद्ध हुए। पुराणो मे वाकाटको के आदिपुरुष विन्ध्यशक्ति के नाम का 'तत कोलकिलेभ्यश्च विन्ध्यशक्तिर्भविष्यति (वा. पु. ९९।३६५) उल्लेख है। हाँ, इसमे वाकाटक शब्द का प्रयोग नही मिलता है। वाकाटक लेखो मे, पुराणो मे वर्णित, आदिपुरुष विन्ध्यशक्ति का नाम मिलता है तथा उसके लिए 'वाकाटकाना वशकेतु' का प्रयोग मिलता है[3]। अतएव विन्ध्यशक्ति

वाकाटक नाम का रहस्य

---

१. वायु पुराण ९९।३७०–१

भारशिवाना महाराजा श्री भवनाग दौहित्रस्य गौतमीपुत्रस्य वाकाटकाना महाराजा रुद्रसेनस्य (गु. ले पृ. २३७)

२. भारशिवाना महाराजा श्री रुद्रसेनस्य (ए इ भा ९ पृ २७०)

३. अजन्ता गुहा न. १६ का लेख (ए एस. डब्ल्यु. आइ. भा. ४ पृ० १२४)

के वंशज वाकाटक कहे जाते थे। वाकाटक नामकरण का कोई विशेष हेतु होना चाहिए। जायसवाल महोदय का मत है कि वाकाटक नामक स्थान के शासक होने के कारण विन्ध्यशक्ति ने अपने वंश का नाम वाकाटक निर्धारित किया। पुराण में उल्लिखित 'कोलकिलेभ्यश्च' से भी कोलकिल स्थान (पूर्वी बघेलखण्ड मे स्थित) से सम्बन्ध है जहाँ पर विन्ध्यशक्ति पहले एक सामंत था और पीछे उसने स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी।

ऊपर बतलाया गया है कि पुराणो तथा लेखो में वाकाटक वंश के आदिपुरुष का नाम विन्ध्यशक्ति उल्लिखित है। इसका पुत्र प्रवीर (प्रवरसेन प्रथम) एक अत्यन्त

राज्य-काल

शक्तिशाली राजा था जिसने साठ वर्ष तक शासन किया[1]। नागवंशी लेखो से ज्ञात होता है कि इसके पुत्र गौतमीपुत्र का वैवाहिक सम्बन्ध नागकुल मे हुआ था[2]। इसे शासन करने का सौभाग्य न प्राप्त हुआ। परन्तु इसके पुत्र रुद्रसेन प्रथम ने प्रवीर के बाद शासन की बागडोर अपने हाथ मे ली। जायसवाल महोदय के कथनानुसार प्रयाग की प्रशस्ति मे वर्णित गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त से पराजित रुद्रदेव, वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम ही है। इस कथन मे कहाँ तक तथ्य है, इसका विवेचन आगे किया जायगा। रुद्रसेन प्रथम का पुत्र पृथ्वीषेण प्रथम भी एक प्रतापी नरेश था। इसका विस्तृत राज्य कई प्रतिनिधियो द्वारा शासित होता था। नाचन तथा गज लेखो में उल्लिखित शासक व्याघ्रदेव, इसका एक प्रतिनिधि था जो महाकान्तार पर राज्य करता था[3]।

पृथ्वीषेण प्रथम के शासन के पश्चात् वाकाटक वंश समकालीन शासक गुप्तो के सम्बन्ध से प्रभावान्वित हो गया। पृथ्वीषेण प्रथम के पुत्र रुद्रसेन द्वितीय के साथ गुप्त-सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य ने अपनी पुत्री प्रभावती गुप्ता का विवाह कर दिया। इस राजनैतिक चाल से वाकाटक वंश का सूर्य क्षीण हो गया। ये लोग गुप्तो की छत्र-छाया मे ही शासन करते रहे। रुद्रसेन द्वितीय की मृत्यु के पश्चात् प्रभावती गुप्ता ने अपने पुत्रो की बाल्यावस्था मे संरक्षक का स्थान ग्रहण किया था[4]। गुप्तो के प्रभाव का ही कारण है कि प्रभावती गुप्ता के लेख मे वाकाटक वंशावली न देकर गुप्त वंशावली दी गई है। इस प्रकार के अठारह वर्ष के शासन के बाद उसके पुत्र प्रवरसेन द्वितीय का शासन प्रारम्भ होता है। इसके राज्यकाल मे कोई उल्लेखनीय घटना नहीं हुई।

प्रवरसेन द्वितीय का पुत्र नरेन्द्रसेन बहुत ही प्रतापी राजा था। इसका विवाह कुंतल-नरेश की राजकुमारी अज्झिता से हुआ था। इसका प्रबल प्रताप कुंतल से लेकर आन्ध्र पर्यन्त विस्तृत था। पृथ्वीषेण द्वितीय के बालाघाट लेख मे उल्लिखित कोसल, मेकल

---

१. विन्ध्यशक्तिसुतश्चापि प्रवीरो नाम वीर्यवान्।
भोक्ष्यन्तो च समा षष्टिं पुरीं काञ्चनकां चवै॥

वा पु. ९९।३७१

२ फ्लीट—गु. ले. पृ. २३७।

३ प्रयाग की प्रशस्ति, (गु० ले० नं० १)।

४ पूना प्लेट।

तथा मालवा के राजाओ ने नरेन्द्रसेन की अधीनता स्वीकार कर ली थी[१]। समस्त राजा नरेन्द्रसेन के पुत्र पृथ्वीषेण द्वितीय के भी अधिकार मे रहे। इतना ही नहीं, इसके पौत्र हरिषेण ने कुतल, अवन्ति, कलिङ्ग, कोशल, त्रैकूट, लाट तथा आध्र राज्यो में विजय का डका बजाया था[२]। इन सब विवरणो तथा लेखो के आधार पर यह ज्ञात होता है कि नरेन्द्रसेन से हरिषेण पर्यन्त वाकाटक राज्य का विस्तार हुआ था। पुराणों तथा लेखों के आधार पर ज्ञात होता है कि वाकाटको ने ढाई सौ वर्ष (२५० —५०० ई.) तक शासन किया। प्राय: इतने काल तक इस वश का शासन अविकल रूप से चलता रहा, चाहे वे उन्नत अवस्था मे हो या उनका ह्रास दिखलाई पडता हो। सम्भवत वाकाटक वश का नाश दक्षिण के राजा चालुक्यो द्वारा हुआ। दक्षिण भारत मे छठी शताब्दी के आरम्भ मे पुलकेशी प्रथम ने अश्वमेध यज्ञ किया जो दक्षिण मे चालुक्य-प्रताप की सूचना देता है।

वाकाटक राजाओं की महत्ता

परिचय

भारशिव राजाओ की भाँति वाकाटक राजा भी परम शिवभक्त, राष्ट्रनिर्माता, हिन्दू-धर्मोद्धारक, सस्कृत भाषा के प्रचुर प्रचारक तथा आर्यसभ्यताभिमानी थे। यदि भारशिवो ने इस पवित्र आर्यावर्त की स्थली को कुटिल कुशानो से मुक्त किया तो वाकाटको ने इसे अपने विस्तृत साम्राज्य की केन्द्रस्थली बनाकर इसकी कीर्तिपताका समस्त भारत मे फहराई। यदि भारशिवो ने स्वतन्त्रता देवी की उपासना अपने शत्रुओ के रुधिर के अर्पण से की तथा स्वातन्त्र्य-भावना को जगाया तो इन्ही वाकाटको ने इस भावना को, साम्राज्य निर्माण कर, चिरस्थायी किया। प्रबल प्रतापी गुप्त सम्राटो के सामने भारत मे सार्वभौम साम्राज्य स्थापित करने का उदाहरण इन्होने ही उपस्थित किया तथा गुप्तो ने एकराट् राज्य की कल्पना इन्ही से ली थी। भारत से विधर्मी विदेशियो को उल्टे पॉव खदेडकर पुनरपि इस पावन भूमि मे हिन्दू-साम्राज्य स्थापन की कल्पना इन्ही वाकाटको के उर्वर मस्तिष्क की उपज है। विदेशियो के कुशासन मे निरादृत गीर्वाणवाणी को पुनरपि समादर के सिहासन पर बिठाना इन्ही वाकाटक नरेशो का स्तुत्य कार्य था। सस्कृत भाषा को राज-भाषा का सम्मान प्रदान करना तथा इसके प्रति आदरणीय आदर दिखलाना इन्ही राजाओ का काम था। सामाजिक समुन्नति के लिए इन्होने कुछ कम प्रयत्न नही किया। इन्ही के समय मे वर्णाश्रमधर्म ने अपनी बुराइयो का परित्याग कर अपना शुद्धरूप धारण किया। भारतीय ललित कला ने इनकी सुशीतल

---

१ वाकाटकाना महाराजा श्री प्रवरसेनसूनो.—अपहृत वशश्रिय कोसलमेकलमालवाधिपतिभ्य: त्ततशासनस्य वाकाटकाना महाराजा श्री नरेन्द्रसेनसूनो कुतलाधिपतिसुताया परमभागवत महाराजा श्री पृथ्वीषेणस्य (ए इ भा. ९ प २६९)।

२ स कुतलावन्ती कलिङ्ग-कोशल – त्रैकूट लाट आन्ध्र—पि स्वनिर्देश।

(ए. एम. डब्ल्यु आइ भा ४ पृ० १२५)।

छत्र-छाया में ताम्बूल की भाँति विकास को प्राप्त किया। मुरझाती हुई आर्य-सभ्यता तथा देवपूजा ने फिर से पनपना प्रारम्भ किया। भारत मे सार्वभौम साम्राज्य के सस्थापक, हिन्दू-हित के हिमायती, सस्कृति के सरक्षक इन्ही वाकाटक नरेशों की कृतियो का परिचय पाठको को कराया जायेगा।

वाकाटको की महत्ता मे (जो निम्नाकित है) किसी को तनिक भी सन्देह नही हो सकता है। इन्होने तीन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य किये,—(१) अखिल-भारतवर्षीय सार्वभौम साम्राज्य की कल्पना, (२) सस्कृत का पुनरुत्थान, (३) सामाजिक पुनरुज्जीवन।

महत्ता

(१) कुशानो को पराजित कर भारतवर्ष मे एकराट् हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की कल्पना वाकाटको की अपनी है। यह विचार केवल स्वप्न के रूप मे उनके मस्तिष्क मे ही नही पड़ा रहा प्रत्युत उन्होने इसे कार्यरूप मे परिणत भी किया तथा उन्हे समुचित सफलता भी मिली। ये केवल सतत स्वप्न-दर्शी 'आइडियलिस्ट' ही नही थे प्रत्युत व्यवहार-परायण भी थे। इनका यह विस्तृत साम्राज्य-स्थापन डके की चोट उनकी कार्यदक्षता को उद्घोषित कर रहा है।

(२) इसी काल मे संस्कृत भाषा का समुत्थान भी हुआ। इन वाकाटक राजाओ ने 'शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र-चिन्ता प्रवर्तते' इस लोकोक्ति को चरितार्थ कर दिखलाया। २५० ई० से सस्कृत-प्रचार की एक बलवती धारा बह निकली तथा पचास वर्षो के दीर्घकाल मे यह धारा क्रमशः स्थूलता को प्राप्त करती हुई अक्षुण्ण रीति से बहती रही। 'कौमुदीमहोत्सव' इसी उत्कर्ष-काल की रचना है। यह वाकाटक सम्राटो के एक सामन्त राजा के दरबार मे लिखा गया था। इसकी रचना एक विदुषी स्त्री ने की है। परन्तु अत्यन्त दुःख का विषय है कि हमे इस विदुषी महिला का नाम ज्ञात नही। यह नाटक एक ही बार की बैठक मे रचा गया है। इस विदुषी स्त्री को सस्कृत के काव्य उतने ही सरल ज्ञात होते थे जितने भास और कालिदास को। सस्कृत ही इसकी मातृभाषा थी। इस नाटक की रचना ३४० ई० मे हुई। इस काल मे संस्कृत ही राज-भाषा थी। सारा आफ़िस का कार्य इसी भाषा के द्वारा होता था। प्रतिदिन के व्यवहार मे भी सस्कृत ही व्यवहृत होती थी तथा प्राकृत जन भी इसी का प्रयोग करते थे। पहले के वाकाटक शिलालेख भी संस्कृत मे ही प्राप्त हुए हैं। शिलालेख में वर्णित वशावलियो का क्रम देखने से पता चलता है कि सस्कृत में भी इस प्रकार के लेखो (Drafting) का व्यवहार होने लगा था। गणपति नाग नामक एक सामन्त राजा के दरबार मे 'भाव-शतक' की रचना हुई। इससे स्पष्ट है कि इस काल मे संस्कृत भाषा का बोलबाला था, इसे समादर प्रदान किया जाता था तथा यही राजभाषा थी।

(३) सामाजिक पुनरुन्नति का पता भी हमे इस काल मे मिलता है। 'कौमुदी-महोत्सव' मे हमे सामाजिक पुनरुज्जीवन की एक निर्मल तथा स्पष्ट झाँकी मिलती है। इस काल में वर्णाश्रम धर्म का पुनरुद्धार तथा हिन्दू-प्राचीन सनातनधर्म को विशेष महत्त्व दिया गया। यही इस समय की पुकार थी। वाकाटको के सुशासन मे पालित समाज कुशानो के कुशासन से आये अपने अन्तर्गत दोषो को दूर करना चाहता था। वास्तव मे यह हिन्दू 'प्यूरिटन मूवमेन्ट' था।

वास्तुकला मे हम गङ्गा और यमुना के चिह्नो को राजकीय तथा राष्ट्रीय रूप मे पाते हैं। मत्स्यपुराण मे शातवाहनो के काल तक की कला का वर्णन मिलता है। परन्तु उसमे गङ्गा और यमुना के चिह्नो का पता तक नही है। भारशिव तथा वाकाटक इन दोनो राजवशो ने इन चिह्नो को धारण किया। भारशिवो ने गङ्गा का चिह्न धारण कर अपनी प्रबलता दिखलाई। उन्होने गङ्गा को शत्रुओ से मुक्त किया था। अत: यह चिह्न धारण करना उनके लिए समुचित ही था। उन्होने सिक्को पर इसे चिह्नित करने के अलावा ललित कलाओ मे भी इस पवित्र चिह्न को स्थान दिया। परन्तु वाकाटक राजाओ ने इन चिह्नो को 'राजकीय चिह्न' (Imperial Symbols) का रूप प्रदान किया। इन्ही चिह्नो का चालुक्य तथा पल्लव राजाओ ने क्रमश: अनुसरण किया। इन पवित्र चिह्नो ने जनता के हृदय मे सतत साम्राज्य की भावना जगाई, क्योकि इन्ही (गङ्गा तथा यमुना के प्रदेशो) को प्रथम जीतकर वाकाटको ने अपने साम्राज्य की स्थापना की थी। नचना और भूमरा के सुन्दर मन्दिरो पर पतितपावनी भागीरथी तथा पुण्यतोया यमुना की ललित और विषम (टेढी टेढी) रचना आज भी नाग वाकाटको की उच्च सभ्यता तथा सस्कृति का एक ज्वलन्त उदाहरण है। वाकाटको के शासन काल मे प्रस्तरकला तथा अजन्ता की चित्र-कला (जो उनके शासन मे पड़ता था) पुनरुज्जीवित की गई। इन ललित कलाओ के पुनरुज्जीवन का समस्त श्रेय—जिसे आजकल के कुछ विद्वान् गुप्तो को देते हैं—वाकाटको को ही है। एरन, उदयगिरि, देवगढ तथा अजन्ता आदि स्थानो मे जो वास्तुकला दीख पडती है, उन सबका समस्त बीज वाकाटको के नचना के मन्दिरो मे—उनके छिद्रयुक्त गवाक्ष, शिखर, टेढी सर्प-रचना, तथा अलकृत फाटक आदि मे—मिलता है।

ललित-कला का पुनरुज्जीवन

यही वाकाटको की महत्त्वपूर्ण कृतियाँ हैं। इनको गुप्तो राजाओ पर प्रचुर प्रभाव पड़ा है। इन प्रभावो को हम अगले अध्यायो मे गुप्तो के इतिहास के साथ दर्शायेगे।

उपसहार

गत पृष्ठों मे गुप्त पूर्व-भारत का लगभग एक हजार (६०० ई. पू. से ३०० ई तक) वर्षो का इतिहास दिया गया है। इस दीर्घकाल मे भारतवर्ष ने अनेक राजनैतिक उथल-पुथलो तथा हलचलो का सामना किया और अनेक सुशान्त शासन देखे। इसी काल मे शैशुनाग राजाओ का अभ्युदय हुआ जिन्होने पाटलिपुत्र की प्रतिष्ठा की। भारतवर्ष के प्रथम सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य्य ने इसी समय मे अपनी विजय-वैजयन्ती समस्त भारत मे फहराई तथा मौर्य्य साम्राज्य को सुदृढ बनाया। मौर्य्यो के बाद ब्राह्मण शुङ्गो का राज्य हुआ। इन्होने बुद्धधर्म के प्रभाव से निरादृत वेद-वर्णित यज्ञ का अनुष्ठान किया। पुन कण्वों तथा आन्ध्रो ने शासन किया। इसके पश्चात् कुशानो ने आर्यावर्त को अपने अधीन कर लिया। परन्तु हिन्दूधर्मोद्धारक नाग तथा वाकाटको के प्रादुर्भाव से कुशानो को भागना पड़ा और आर्यावर्त्त की पवित्र भूमि मे पुन: स्वतन्त्रता की दुन्दुभि बजने लगी। हिन्दूधर्म का पुनरुत्थान हुआ। इन्ही सम्राटो ने एक समस्त सार्वभौम साम्राज्य की स्थापना की। इन वाकाटको के पश्चात् शासक गुप्तो ने इन्ही के कार्यो का विस्तार किया। इन गुप्तो का इतिहास अगले अध्यायो मे दिया जायगा।

गुप्तों का परिचय

ईसा की तीसरी शताब्दी के अन्तिम काल मे हम मगध के सिंहासन पर एक दूसरे राजवश को आरूढ़ पाते हैं। यह राजवश गुप्तो का है। जब कि ब्राह्मण वाकाटक नरेश बुंदेलखण्ड तथा मध्यप्रात मे राज्य कर रहे थे, जब उत्तरी भारत मे कोई ऐसी प्रभावशालिनी राजकीय शक्ति न थी जो मगध के सिंहासन को सुशोभित करे, जब उत्तरीय भारत मे एक महत्त्वशाली तथा प्रबल पराक्रमी राजा का नितात अभाव था ऐसे ही सुसमय मे राज्यलक्ष्मी के वृत पति इन गुप्तो ने काल की गति-विधि का निरीक्षण कर मगध के सिंहासन पर अपना अधिकार जमा लिया। पहले इन नरेशो का साम्राज्य पाटलिपुत्र के आसपास के नगरो पर ही था; परन्तु कालातर मे राज्यलक्ष्मी ने अपनी चचलता छोड़कर इन्हीं नरेशो को अपना स्थिर पति निश्चय किया। भगवती सरस्वती ने भी, अपना लक्ष्मी के साथ शाश्वतिक विरोध त्यागकर, इन नरेशो के कण्ठ मे स्थान कर लिया। कालातर मे इन नरेशो की शक्ति दिनदूनी तथा रात-चौगुनी बढ़ने लगी। फिर क्या था, इनकी शक्तिशाली भुजाओ ने शत्रुओ के सिर कर्तन मे स्थायी शान्ति को प्राप्त किया। समुद्रगुप्त के समय मे इनका उत्कर्ष पराकाष्ठा तक पहुँच गया। इस प्रतापी सम्राट् ने अपनी फड़कती हुई भुजाओ के द्वारा उत्तरीय भारत के नरेश को कौन कहे, दक्षिणापथ के राजाओ को भी 'करदीकृत' बना दिया। अपनी विजय-वैजयती को समस्त भारत मे फहराकर इसकी यशोराशि मानो इन्ही पताकाओ के मार्ग से देवलोक मे भी जाने की कामना करने लगी। वेद-वर्णित यज्ञ का विधान कर इसने पुन: वैदिक विधानो को प्रोत्साहन दिया। इसने अश्वमेध यज्ञ का सम्यक् अनुष्ठान कर पुन: एकराट् साम्राज्य स्थापित किया। सस्कृत भाषा तथा भारतीय ललित कलाओ का पुनरुद्धार कर इन नरेशो ने पुनः भारतीय सस्कृति को पुनरुज्जीवित किया। दुष्ट शको को इस पवित्र आर्यावर्त की भूमि से खदेड़कर पुनः इसे स्वतन्त्रता की क्रीड़ास्थली बनाया। भारतीय जनता जो स्वाभिमान को खोये बैठी थी, फिर से उसकी नस-नस में राष्ट्रीयता का भाव भरा। इन्होंने अनेक घनघोर लड़ाइयो मे अपने कठोर शत्रुओ के छक्के छुड़ाये। इस प्रकार से इन्होने शस्त्र के द्वारा रक्षित राष्ट्र मे शास्त्र की चिन्ता प्रवर्तित की। मानो इन सम्राटों के इन्ही अलौकिक गुणो पर मुग्ध होकर धान की रक्षिकाएँ ईख की छाया में बैठकर इनकी गुणगरिमा का गान किया करती थीं[1]। 'स्वर्ण युग' का निर्माण इन्ही

---

१. इक्षुच्छायनिषादिन्यस्तस्य गोप्तुर्गुणोदयम्।
आकुमारकथोद्घातं शालिगोप्यो जगुर्यशः॥ रघुवंश ४।२०

सम्राटो ने किया। इनके शासन-काल मे सरस साहित्य तथा ललित कला के पुनरुद्धार की वह प्रबल धारा बह निकली जिसका स्रोत अनेक शताब्दियो के बाद तक नहीं सूख सका। इस स्वर्ण-युग का निर्माण कर इन्होने वह अलौकिक कार्य कर दिखाया जो दूसरे भारतीय नरेशो के लिए असभव था। यदि हम इस सुवर्णयुग की उपमा ग्रीस-इतिहास के 'प्लेरेक्लियन एज' से दे तो इसमे कुछ भी अत्युक्ति न होगी। इन्होने भारतीय इतिहास के रगमच पर वह अलौकिक अभिनय किया जिसका वर्णन करना मेरी इस जड लेखनी की शक्ति के बाहर है। इन्हीं प्रातःस्मरणीय, आर्य सभ्यता तथा सस्कृति के सस्थापक, 'स्वर्णयुग' के निर्माणकर्ता, एकछत्र सम्राट्, भारतीय इतिहास-नाटक के सूत्रधार, राष्ट्रनिर्माता गुप्त सम्राटो का पवित्र इतिहास आगे के अध्यायों मे लिखा जायगा।

गुप्त सम्राटो के तिथिक्रम से क्रमबद्ध इतिहास देने के पूर्व यह समुचित प्रतीत होता है कि इनका वर्ण निर्णय कर लिया जाय। ऐसे प्रतापी, आर्यसभ्यता के सस्थापक गुप्त नरेश कौन थे, उनका वर्ण क्या था, इसे जानने की किसे समुत्कण्ठा न होगी? अतः इसी विषय पर यहाँ सम्यक् विचार किया जायगा।

गुप्तो के वर्ण-निर्णय के सबध मे विद्वानो मे गहरा मतभेद है। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री जायसवाल इन गुप्तो को शूद्र जाति का बतलाते हैं तथा प्रसिद्ध इतिहास-वेत्ता म० म० गौरीशङ्कर ओझा इन्हे क्षत्रिय मानते हैं। जायसवाल महोदय ने इन गुप्तो का, निम्नाकित तर्कों के द्वारा, शूद्र जाति का होना सिद्ध किया है।

सर्वप्रथम श्री जायसवाल ने 'कौमुदी-महोत्सव[1]' नामक नाटक के आधार पर गुप्तो को शूद्र सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। इस ऐतिहासिक नाटक की विद्वान् लेखिका ने एक पात्र (आर्य) के मुख से चद्रसेन (चण्डसेन) को कारस्कर कहलाया है तथा ऐसे नीच जाति के पुरुष को राजा होने के अयोग्य बतलाया है[2]। श्रीजायसवाल चद्र-

---

१—यह नाटक दक्षिण भारत मे मिला है तथा यह दक्षिण भारतीय ग्रन्थमाला स० ४ मद्रास से प्रकाशित हुआ है। इसका सक्षिप्त कथानक निम्न प्रकार का है,—नाटक के चतुर्थांक मे मगध के क्षत्रिय राजा सुदरवर्मन् का वर्णन है। इस राजा को कोई पुत्र नही था अतः इसने चण्डसेन नामक व्यक्ति को गोद लिया। परन्तु गोद लेने के पश्चात् राजा को कल्याणवर्मन् नामक पुत्र पैदा हुआ। चण्डसेन ने राज्यलोभ के कारण लिच्छवियो से वैवाहिक सबध स्थापित कर उनकी सहायता से सुन्दरवर्मन् पर चढाई कर दी, उसे मार डाला तथा स्वय राजा बन बैठा। राजा का मन्त्री मन्त्रगुप्त राजकुमार को लेकर भाग निकला तथा उसने विन्ध्यपर्वत की शरण ली। उसने कालातर मे दुष्ट चद्रसेन को मार कर कल्याणवर्मन् को राजा बनाया। चण्डसेन के प्रजापीडक होने के कारण जनता ने इस राजा का साथ दिया। इसी कल्याणवर्मन् के सिहासनारुढ होने के समय यह नाटक अभिनीत हुआ था। इसकी लेखिका एक विदुषी स्त्री है।

२ कहि एरिस वर्णस्स से राअसिरि। कौ० म पृ ३०।

सेन का चंद्रगुप्त से एकीकरण करते हैं। बौधायन[1] ने 'कारस्कर' को नीच जाति बतलाया है। इस आधार पर श्री जायसवाल के मत से चद्रसेन = चद्रगुप्त प्रथम शूद्र जाति का ठहरता है। अतएव गुप्तो का शूद्र जाति का होना सिद्ध है।

'कौमुदी-महोत्सव' मे चन्द्रसेन का वैवाहिक सबध मगध राज्य के शत्रु लिच्छवियो से वर्णित है। इस नाटक मे लिच्छवियो को म्लेच्छ[2] कहा गया है।

चूंकि चण्डसेन स्वय शूद्रजाति का था अतः म्लेच्छ (नीच जाति वाले) लिच्छवियो से उसका वैवाहिक सबध स्वभाव-सिद्ध है। अत इस प्रमाण से भी गुप्त शूद्र ही सिद्ध होते हैं। जायसवाल महोदय के कथनानुसार गुप्तसम्राट् जाट (नीच जाति) थे जिनके आधुनिक प्रतिनिधि (कक्कर जाट) आज भी पजाब मे पाये जाते हैं[3]।

वाकाटक महारानी प्रभावती गुप्ता के एक लेख मे 'धारण' गोत्र का उल्लेख मिलता है[4]। जायसवाल महोदय इस 'धारण' गोत्र की आधुनिक समय मे अमृतसर (पजाब) के निवासी जाट लोगो के 'धरणी'[5] गोत्र से समता बतलाते है[6]। इनके कथनानुसार गुप्त लोग पंजाब छोड़कर भारशिवो की अधीनता मे कौशाम्बी के समीप चले आये[7]। इन्ही सब प्रमाणो के आधार पर जायसवाल महोदय ने गुप्तो को शूद्र सिद्ध करने का प्रयत्न किया है।

यदि उपर्युक्त तर्को पर विचार किया जाय तो जायसवाल महोदय की धारणा समुचित तथा युक्तिसगत नही प्रतीत होती है। यह स्पष्टतया विदित ही है कि चद्रसेन ने मगध के राजा के प्रति खुला विद्रोह कर उसे मार डाला था।

खण्डन

इस दुरात्मा ने अपने धर्म-पिता का नाश किया तथा राज्य-लोभ के कारण वस्तुतः राज्याधिकारी कल्याणवर्मन् को उससे वञ्चित कर दिया। इस नाटक का अभिनय उस समय हुआ था जब कि राजकुमार कल्याणवर्मन् ने अपनी खोई हुई गद्दी पाई थी तथा अपने पूजनीय पिता के हत्यारे को यमलोक का टिकट दिलाया था। इस समय मे चारो तरफ नवीन महाराज की यशो-दुदुभि बज रही थी तथा समस्त जनता महाराज के परम शत्रु, देशद्रोही चंडसेन को कोसते नही अघाती

---

१ बौ. ध सू. १।१।३२।

२ आर्य : तत. स्वय मगधकुल व्यपदिशन्नपि मगधकुलवैरिभिः म्लेच्छै लिच्छविभि सह सबध कृत्वा लब्धासारः कुसुमपुर उपरुद्धवान्। कौ महो पृ० ३०।

३. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इंण्डिया (१५०-३५० ई० तक)।

४ प्रभावती गुप्ता के उस लेख मे गुप्तो की वशावली दी गई है। ए. इ भा १५ (४१)।

५. ग्लासरी आव ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स इन पजाब एण्ड एन डब्लू एफ पी भाग २ पृ. स २३५।

६ जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५० ३५० ई० तक)। पृ० ११६।

७. वही पृ० ११७।

थी। ऐसी अवस्था में, ऐसे महोत्सवपूर्ण समय में अभिनीत नाटक में महाराज की गुणगरिमा का गान तथा उनके परमद्रोही चण्डसेन को दुष्ट, नीच जाति का तथा अत्यन्त निम्न बताना वस्तुतः स्वाभाविक ही है। ऐसा न होना ही आश्चर्य की बात होती। अत ऐसी अवस्था मे 'कारस्कर' शब्द को विशेष महत्त्व देना अनुचित जान पड़ता है। वास्तव मे यह शब्द चण्डसेन की जाति का सूचक नहीं परन्तु उसके किये हुए पापकर्मों के (स्वामि तथा देशद्रोह के) लिए प्राप्त 'उपाधि' ही समझनी चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि केवल इसी शब्द के सहारे गुप्तो को शूद्र बतलाना उचित नहीं प्रतीत होता।

पूना मे मिले, प्रभावती गुप्ता के लेख मे उल्लिखित 'धारण' गोत्र से भी गुप्तो को जाट मानना समुचित तथा युक्ति-युक्त नही जान पड़ता। प्राचीन तथा अर्वाचीन समय मे भी ब्राह्मणेतर (क्षत्रिय आदि) जातियाँ अपने पुरोहित के गोत्र को ही अपना लेती थीं तथा अपने गोत्र का नामकरण भी अपने पुरोहित के गोत्र के नाम पर ही कर लेती थीं[1]। इसके उदाहरण इतिहास मे भरे पड़े हैं। यह सम्भव है कि गुप्तो ने भी यह 'धारण' गोत्र अपने पुरोहित के गोत्र से लिया हो। अतः जाटो के 'धरणी' गोत्र तथा गुप्तो के 'धारण' गोत्र मे शब्द-साम्य देखकर झटपट किसी महत्त्वपूर्ण परिणाम पर पहुँच जाना समुचित नही है। गुप्तो तथा जाटो की गोत्र समता मे कोई विशेष महत्त्व नही है।

क्षत्रिय होने के प्रमाण

(१) ऊपर लिखा जा चुका है कि सुन्दरवर्मन् क्षत्रिय था। उसने कोई पुत्र न होने के कारण चण्डसेन को अपना 'कृतक' पुत्र बनाया तथा उसे गोद लिया। हिन्दू धर्मशास्त्रो के अनुसार 'दत्तक' पुत्र उसी जाति का होना चाहिए जिस जाति का गोद लेनेवाला व्यक्ति हो। मनु ने भी इस बात का समर्थन किया है तथा इस विषय पर प्रचुर प्रकाश डाला है।[2] राजपूताना के इतिहास मे ऐसे उदाहरण भरे पडे हैं। अतएव जब सुन्दर-वर्मन् क्षत्रिय था तब उसका कृतक' पुत्र चण्डसेन भी अवश्य क्षत्रिय होगा। चूँकि चण्डसेन की समानता चन्द्रगुप्त प्रथम से की जा चुकी है, अतः यह स्पष्ट है कि गुप्त नरेश क्षत्रिय जाति के थे।

(२) गुप्तवंशी सम्राटो ने अपनी जाति का कहीं भी उल्लेख नहीं किया है। न तो गुप्त लेखो से ही इस विषय पर कुछ प्रकाश पड़ता है और न साहित्यिक ग्रन्थो से ही। परन्तु सौभाग्य से पिछले गुप्त नरेशो (Later Gupta Kings) की जाति के सबंध मे कुछ ज्ञातव्य बाते मिली हैं। मध्यप्रदेश मे शासन करनेवाले गुप्त वंशज महाशिवगुप्त को सिरपुर (रायपुर, मध्यप्रांत) की प्रशस्ति मे गुप्तो को चंद्रवंशी क्षत्रिय कहा गया है[3]।

---

१ ऐतरेय ब्रा० ३४ ७।२५।

२ औरसः क्षेत्रजश्चैव दत्तः कृत्रिम एव च।
गूढोत्पन्नोऽपविद्धश्च दायदा बान्धवाश्च षट्॥

मनुस्मृति ९।१५

३ ए० इ० भा. ११ पृ १९०।

(आसीच्छशी) व भुवनात् भुत भूतभति-
रुद्भूतभूतपति(भक्तिसम)प्रभावः ।
चद्रान्वयैकतिलकः खलु चद्रगुप्तः,
राजाख्यया पृथुगुणः प्रथितः पृथिव्याम् ॥

इस उल्लेख से यह स्पष्ट प्रकट होता है कि गुप्तवशी नरेश चद्रव शी क्षत्रिय थे।

(३) बम्बई प्रान्त मे स्थित धारवाड़ के शासनकर्त्ता गुत्तल नरेश अपने को उज्जैन के शासक चद्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) का वशज मानते थे। चद्रगुप्त विक्रमादित्य को सोमव शी क्षत्रिय कहा गया है[1]। इस बात की पुष्टि पुनः 'मञ्जुश्रीमूलकल्प' नामक ग्रथ से भी होती है[2]। अतः यह सब प्रमाण गुप्तो को क्षत्रिय सिद्ध कर रहे हैं।

(४) यदि गुप्तव शी सम्राटो के अन्य नरेशो से वैवाहिक सबध पर विचार किया जाय तो स्पष्ट ही ज्ञात हो जायगा कि गुप्त नरेश अवश्य ही क्षत्रिय थे। गुप्त राजा प्रथम चन्द्रगुप्त का विवाह लिच्छवियो की एक सुप्रसिद्ध राजकुमारी श्रीकुमारदेवी से हुआ था। इसी कारण गुप्त शिलालेखो मे समुद्रगुप्त के लिए 'लिच्छवी-दौहित्र' का प्रयोग पाया जाता है[3]। अब हमें यह देखना है कि ये प्रबल पराक्रमी लिच्छवि किस जाति के थे। ये क्षत्रिय थे या किसी अन्य जाति के? लिच्छवियो को क्षत्रिय प्रमाणित करने के लिए हमारे पास अनेक महत्त्वपूर्ण प्रमाण हैं। इन प्रमाणों को यहाँ क्रमशः दिया जाता है।—

(क) भगवान् बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात् उनके शेष फूल को प्राप्त करने के लिए आठ क्षत्रिय जातियो ने दावा पेश किया था। इनमें लिच्छवियो का स्थान प्रधान था। उन्होंने उच्च स्वर से इस बात की घोषणा की—भगवान् भी क्षत्रिय थे तथा हम लोग भी क्षत्रिय हैं। अतः भगवान् के शरीर का शेषाश हमे भी मिलना चाहिए[4]। अपने को क्षत्रिय जाति का तथा भगवान् के फूल का उचित अधिकारी लिच्छवियो ने अपने मुख से कहा है। ऐसी दशा मे उनके क्षत्रियत्व मे भला अब किसको सदेह हो सकता है?

(ख) भगवान् महावीर के पिता ने त्रिशला नाम की एक सुप्रसिद्ध लिच्छवी राजकुमारी से विवाह किया था। भगवान् महावीर के पिता का क्षत्रिय होना सिद्ध है अतः समान जाति मे विवाह होने के कारण लिच्छवियो का क्षत्रिय होना सहज ही मे सिद्ध हो जाता है[5]।

---

१. बम्बई गजेटियर, १ भाग २ पृ ५७८ —नोट ३।

२. जायसवाल, इम्पीरियल हिस्ट्री (देखिए परिशिष्ट)

३. प्रयाग की प्रशस्ति (गु. ले. नं. १)।

४. भगवा पि खत्तियो मयं पि खत्तियो मय पि अरहा भगवतो शरीराना भागम्।
दीघनिकाय। २ पृ. १८४।

५. कम्ब्रिज हिस्ट्री आव इण्डिया—भा० १ पृ. १५७ तथा कल्पसूत्र—प्राच्यधर्मग्रंथमाला (से. बु इ.) २२ पृ० २२६।

(ग) क्षत्रिय महाराज बिम्बसार का विवाह चेलाना नाम की लिच्छवी राजकन्या से हुआ। इस विवाह से लिच्छवियो का क्षत्रिय होना अनुमान सिद्ध है[1]।

(घ) सिगाल जातक से हमे पता चलता है कि उसमे एक लिच्छवी कन्या क्षत्रिय की पुत्री कही गई है[2]।

(च) कल्पसूत्र से ज्ञात होता है कि भगवान् महावीर के मामा, जो लिच्छवी जाति के थे, क्षत्रिय थे[3]।

(छ) भगवान् महावीर की माता, जो लिच्छवी राजकुमारी थीं, सदा क्षत्राणी कही गई हैं[4]

(ज) भगवान् बुद्ध लिच्छवियो को सदा वशिष्ठगोत्रीय क्षत्रिय कहते थे। मौद्गलायन भी उन्हे इसी गोत्र से सबोधित करते थे[5]।

(झ) नैपाल की वशावली मे लिच्छवियो को सूर्यवशी क्षत्रिय कहा गया है[6]।

(त) रामायण से हमे पता चलता है कि वैशाली की स्थापना इक्ष्वाकुवशी क्षत्रियो ने की। अत लिच्छवि क्षत्रिय हुए।[7]

(थ) सूत्रकृताङ्ग मे लिखा है कि वैशाली का कोई क्षत्रिय भी सघ मे प्रवेश करे तो उसे उच्च जाति होने के कारण अधिक आदर नही मिल सकता।[8]

(द) सातवी शताब्दी मे भारत मे भ्रमण करनेवाले बौद्ध चीनी यात्री ह्वेनसाङ्ग ने नेपाल के शासक लिच्छवियो को क्षत्रिय लिखा है।[9]

(ध) तिब्बती भाषा के प्राचीन ग्रन्थ 'दुल्व' मे लिच्छवियो को वशिष्ठगोत्री क्षत्रिय कहा गया है[10]।

(न) मनु ने भी लिच्छवियो को क्षत्रिय माना है परन्तु बौद्धधर्म स्वीकार कर लेने से इन्हे 'व्रात्य क्षत्रिय' कहा है[11]।

इन ऊपर लिखे प्रमाणो से स्पष्ट सिद्ध है कि लिच्छवि लोग क्षत्रिय थे। उनके क्षत्रियत्व पर अब किसी को सन्देह हो ही नहीं सकता। अत लिच्छवि अपने समय के प्रबल पराक्रमी क्षत्रिय शासक सिद्ध होते हैं। इन्ही प्रतापी लिच्छवियो की एक राजकुमारी से चद्रगुप्त प्रथम का विवाह हुआ था। यदि हम गुप्तो को शूद्र तथा जाट (जैसा कि जायसवाल मानते हैं) मानें तो क्या यह संभव है कि

---

१ जैकोबी–जैनसूत्र १ पृ० १२।

२ लिच्छवी कुमारिका खत्तियफीना जातिसम्पन्ना। भाग २ पृ० ५।

३. जैकोबी कल्पसूत्र–से बु इ २२ पृ० २२६।

४ बी सी ला–क्षत्रिय ट्राइब्स आव इन्सेन्ट इन्डिया अ ५ पृ० १२।

५ राकहिल — लाइफ आव बुद्ध पृ० ९७।

६. इ ए. भा ३७ पृ० ७९।

७ रामायण बालकाण्ड ४७।७।

८ जैकोबी–जैनसूत्र–२ से बु. इ भा. ४५ पृ० ३२।

९ वाटर–ह्वेनसाङ्ग की यात्रा–भाग २, पृ० ८४।

१० राकहिल-लाइफ आव बुद्ध-पृ० ९०।

११ झल्लो मल्लश्च राजन्याद्व्रात्यान्निच्छवि(लिच्छिवि)रेव च। मनु १०।२२।

इन वीर, क्षत्रिय जाति के अभिमानी तथा भगवान् बुद्ध के सामने क्षत्रियत्व का दम भरनेवाले लिच्छवियो ने अपनी राजकुमारी का विवाह किसी नीच जाति के जाट से किया होगा? यह बात कल्पना के परे है। उस प्राचीन काल मे जब जाति का अभिमान प्रत्येक क्षत्रिय की नस-नस में भरा रहता था, जिस समय अपनी पुत्री का विवाह अपने से उच्च वश मे करने की प्रथा थी, उसी काल मे क्षत्रियधर्माभिमानी लिच्छवि अपने से नीच कुल मे राजकुमारी कुमारदेवी का ब्याह कैसे कर सकते थे? धर्म-शास्त्रो मे प्रतिलोम विवाह सर्वदा हीन दृष्टि से देखा जाता है। प्रतिलोम प्रथा से उत्पन्न बालक वर्णसङ्कर माना जाता है। क्षत्रिय ही क्यो ब्राह्मण, वैश्य तथा शूद्र भी अनुलोम प्रथा के अनुसार अपने से उच्च वश मे ही वैवाहिक सम्बन्ध करते हैं। प्रतिलोम की प्रथा निन्दनीय होने पर यह कदापि सम्भव नही है कि प्राचीन क्षत्रिय लिच्छवी अपने से नीच वश मे विवाह करते। इस विवाह से उत्पन्न वर्णसकरो की ख्याति तथा यश का विस्तार होना असम्भव है, जैसा कि गुप्तकाल मे राजा प्रजा की उन्नति तथा कीर्त्ति वर्तमान थी। अतएव क्षत्रिय लिच्छवियो के वश मे विवाह के कारण यह अनुमान सर्वथा सत्य ज्ञात होता है कि गुप्त नरेश भी क्षत्रिय थे।

चद्रगुप्त द्वितीय ने अपना विवाह एक क्षत्रिय नागराज की कन्या कुबेरनागा से किया था। इसने अपनी पुत्री प्रभावती गुप्ता का विवाह ब्राह्मण राजा वाकाटक रुद्रसेन द्वितीय से किया था[1]। यह विवाह अनुलोम प्रथा के अनुसार शास्त्र-सम्मत था अतएव वैदिक धर्मानुयायी वाकाटको को इस प्रकार का सम्बन्ध उचित ज्ञात हुआ। ब्राह्मण वाकाटक नीच वश मे विवाह नही कर सकते थे।

इन समस्त प्रमाणो के आधार पर यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि गुप्त सम्राट् अवश्य ही क्षत्रिय थे। किसी को इन राजाओ के नाम के आगे 'गुप्त' शब्द देखकर घबराना नही चाहिए तथा इन्हें वैश्य' नही समझना चाहिए। इन सम्राटो के आदिपुरुष का नाम 'गुप्त' था। अत उनके वंशज होने के कारण इन नरेशो ने अपने नाम के आगे अपने पूर्वज के सम्मानार्थ आदरसूचक 'गुप्त' नाम का प्रयोग करना प्रारम्भ किया[3]। गुप्त-नामान्त होने से इनके वैश्य होने की धारणा निराधार तथा भ्रममूलक है। अतएव गुप्त नरेश न तो जाट थे, न शूद्र और न वैश्य। इनका क्षत्रिय होना निर्विवाद सिद्ध होता है।

काल-विभाग

अगले अध्यायो मे गुप्तो के क्रमबद्ध इतिहास को प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जायगा। परन्तु इस प्रयत्न के पूर्व गुप्त-इतिहास मे कितने विभाग (Period) हैं, इन

---

१ जायसवाल–हिस्ट्री आव इन्डिया (१५०-३५० ई०)।

२. पुराणो मे निम्नलिखित पद्य पाया जाता है—

शर्मान्त ब्राह्मणस्येदं वर्मान्तं क्षत्रियस्तु वै।

गुप्तदासात्मक नाम, प्रशस्त वैश्यशूद्रयोः॥ —विष्णु पुराण।

३. जायसवाल–हिस्ट्री आव इन्डिया (१५०-३५० ई)।

विभागो का काल कब से कब तक है; किस राजा ने किस विभाग मे शासन किया, उनकी संख्या क्या थी; इत्यादि बातो का बतलाना आवश्यक प्रतीत होता है। इस पुस्तक का क्षेत्र कितना है तथा इसमे किन-किन बातो का वर्णन रहेगा, इसका उल्लेख समुचित प्रतीत होता है। अब हम इन्हीं बातो को स्पष्टतया बतलाना चाहते हैं।

यह पुस्तक दो भागो मे विभक्त की गई है। इसके प्रथम भाग मे गुप्तो का राजनैतिक इतिहास है तथा दूसरे भाग मे सास्कृतिक इतिहास। सास्कृतिक इतिहास में गुप्तकालीन धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक तथा नैतिक अवस्था का वर्णन, गुप्तकालीन सिक्के, सभ्यता तथा साहित्य आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसकी विस्तृत सूची दूसरे भाग के प्रारम्भ मे दी जायगी अतः यहाँ इसका अधिक वर्णन अनावश्यक है। गुप्तो ने सन् २७५ ई० से लेकर ६५० ई० तक अर्थात् लगभग ४०० वर्षों तक शासन किया। उनके इस राजनैतिक इतिहास को हमने दो भागो मे विभक्त किया है—१—सम्राट् गुप्तकाल (२७५ ई० से लेकर ५४४ ई० तक) २—मागध गुप्तकाल (५४४ ई० से ६५० ई० तक)। पुनः सम्राट गुप्तकाल को तीन भागो मे बॉट दिया है—१—आदिकाल (२७५ ई० से ३२४ ई० तक) २—उत्कर्षकाल (३२४ ई० से ४६७ ई० तक) ३—अवनतिकाल (४६७ ई० से ५४४ ई० तक)।

आदिकाल (२७५ ई०-३२४ ई०) मे तीन राजा हुए जिनका वर्णन इस पुस्तक मे किया गया है। उन राजाओ का नाम निम्नाकित है—

१—श्री गुप्त ;
२—घटोत्कच।
३—चन्द्रगुप्त प्रथम।

उत्कर्षकाल (३२४ ई०—४६७ ई०) मे कुल चार राजा हुए। ये सब सम्राट् थे। इनका नाम है—

१—सम्राट् समुद्रगुप्त।
२—सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)।
३—सम्राट् कुमारगुप्त प्रथम।
४—सम्राट् स्कन्दगुप्त।

अवनति-काल मे (४६७ ई०—५४४ ई०) जो राजा हुए उनका नाम है—

१—पुरुगुप्त।
२—नरसिंहगुप्त।
३—कुमारगुप्त द्वितीय।
४—बुधगुप्त।
५—तथागत गुप्त।
६—भानु गुप्त।

मागध गुप्तकाल मे निम्नाकित राजा हुए—

१—कृष्णगुप्त, हर्ष तथा जीवितगुप्त प्रथम।
२—कुमारगुप्त तृतीय।

३—दामोदर गुप्त ।
४—महासेन गुप्त ।
५—देवगुप्त ।
६—माधव गुप्त ।
७—आदित्यसेन गुप्त ।
८—देवगुप्त, विष्णुगुप्त तथा जीवितगुप्त द्वितीय ।

राजनैतिक इतिहास मे हमने जितने विभाग (Periods) किये हैं उनका सविस्तर वर्णन, तिथि-काल तथा उस काल में जितने राजा हुए हैं उनके नाम के साथ, दिया गया है। प्रत्येक काल-विभाग कब से कब तक रहा तथा इस विभाग में कितने राजाओं ने राज्य किया, इसका भी वर्णन स्पष्ट रीति से कर दिया गया है। अपने इसी उपर्युक्त काल-विभाग को पाठकों को और अधिक स्पष्ट रीति से समझाने के लिए हम उनके सामने निम्नांकित वृत्त तैयार कर प्रस्तुत करते हैं,—

आदि-काल

(१) गुप्त

गुप्त-वंशीय शिलालेखो मे इनके आदिपुरुष का नाम महाराजा श्रीगुप्त आया है। समुद्रगुप्त ने अपने को प्रयाग की प्रशस्ति मे महाराजा श्रीगुप्त का प्रपौत्र लिखा है[1]।

नाम-निर्णय

ऐतिहासिक पण्डितो मे इस बात का मतभेद है कि गुप्तवंश के आदि पुरुष का नाम 'श्रीगुप्त' था या केवल 'गुप्त'। अधिकतर विद्वानो (एलन, जायसवाल आदि) की यही धारणा है कि गुप्तो के आदिपुरुष का नाम केवल 'गुप्त' था[2]। शिलालेखो में 'गुप्त' नाम के साथ 'श्री' शब्द सम्मानसूचक है। जिस स्थान पर श्री शब्द व्यक्तिगत नाम से सम्बन्ध रखता है उस स्थान पर दो श्री शब्दो का उल्लेख मिलता है। देववर्णाक के लेख तथा बयाना की प्रशस्ति मे 'श्रीमती' और 'श्रीरथापुरी' के साथ श्री शब्द भी सम्मान के लिए उल्लिखित है[3]। इसी से अनुमान किया जा सकता है कि आदि गुप्त-नरेश का नाम 'गुप्त' था, तथा श्री सम्मानार्थ प्रयुक्त किया गया है।

कई विद्वान् अनुमान करते हैं कि गुप्तवंश के आदिपुरुष का नाम अन्य था; गुप्त शब्द केवल उसके नाम का अंतिम भाग था। प्रायः जो नाम दो शब्दो के संयोग से बने रहते हैं उनमे कभी पहले अंश या कभी दूसरे अंश से ही उस व्यक्ति का बोध हो जाता है तथा पूरे नाम का तात्पर्य भी निकल आता है। ऐसी अवस्था मे यह सम्भव है कि उसके नाम के प्रथम अंश को छोड़कर केवल दूसरे अंश (गुप्त) का ही प्रयोग होने लगा और वह उसी नाम से प्रसिद्ध हो गया।

यदि गुप्त वंश के आदिपुरुष 'गुप्त' नाम की प्रामाणिकता पर विचार किया जाय तो उपर्युक्त निराधार अनुमानो पर सिद्धान्त स्थिर करना न्याय-संगत नहीं होगा। शिलालेखो के अतिरिक्त पुराण से भी 'गुप्त' नाम की पुष्टि होती है। वायुपुराण मे गुप्त वंश की राज्यसीमा बतलाते हुए 'भोक्ष्यन्ते गुप्तवंशजाः' (गुप्त के वंशज इस पर शासन

---

१. महाराजा श्रीगुप्तप्रपौत्रस्य महाराजश्रीघटोत्कचपौत्रस्य महाराजधिराजश्रीचन्द्रगुप्तपुत्रस्य लिच्छविदौहित्रस्य महादेव्या कुमारदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराज श्री समुद्रगुप्तस्य (गु० ले० न० १)।

२. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इंडिया (१५०-३५०) पृ० ११३। एलन—कै० आफ इ० क्वा० गु० डा० भूमिका पृ० १६।

३. परमभट्टारिकाया राज्यां महादेव्या श्री श्रीमती देव्यामुत्पन्ना, का० इ० इ० भा० ३ न० ४६।

करेंगे) का उल्लेख मिलता है[१]। इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि गुप्त वंश के आदि-राजा का नाम 'गुप्त' था। इसके वंशजों ने अपने राजवंश का नाम इसी के नाम पर 'गुप्त वंश' ही निर्धारित किया।

महाराजा गुप्त के विषय में लेखों के अतिरिक्त इत्सिंग के कथन द्वारा प्रकाश पड़ता है। इत्सिंग नामक बौद्ध चीनी सातवीं शताब्दी में भारतवर्ष में भ्रमण करने

चेलिकेतो = श्रीगुप्त

आया था। उसने वर्णन किया है[२] कि पाँच सौ वर्ष पहले चेलिकेतो नामक एक महाराजा ने मृगशिखावन के समीप एक मंदिर का निर्माण किया था। वह मंदिर विशेषतया चीनी यात्रियों के निवास करने के निमित्त था तथा उसके प्रबंध के लिए महाराजा ने चौबीस ग्राम दान में दिये थे। इतिहासज्ञ इत्सिंग के महाराजा चेलिकेतो को श्रीगुप्त का चीनी अनुवाद मानते हैं। जान एलन इत्सिंग-कथित महाराजा श्रीगुप्त की समता गुप्तों के प्रथम राजा गुप्त से बतलाते हैं[३]। यदि यह समीकरण सत्य है तो गुप्त का समय ई० स० की दूसरी शताब्दी मानना पड़ेगा (७००–५००)। ऐतिहासिक विद्वानों ने गुप्त वंश का उत्थान तीसरी शताब्दी में निश्चित किया है। ऐसी अवस्था में इत्सिंग-वर्णित राजा श्रीगुप्त तथा गुप्तों के प्रथम राजा गुप्त में एक शताब्दी का अंतर दिखलाई पड़ता है। इस उपर्युक्त—नाम तथा समय के—अंतर के कारण फ्लीट इन दोनों राजाओं को भिन्न व्यक्ति मानते हैं। फ्लीट महोदय के इस वाद-विवाद में कुछ सार नहीं ज्ञात होता। प्रथम तो इत्सिंग के वर्णित श्रीगुप्त नाम पर कोई विशेष विचार नहीं किया जा सकता; क्योंकि वह एक चीनी यात्री था, उसके हृदय में भारत के प्रति प्रेम तथा आदर था। उस राजा के प्रति उसके कितने उज्ज्वल भाव होंगे जिसने चीनी यात्रियों के लिए धर्मशाला बनवाई थी। ऐसी दशा में उसने राजा गुप्त को श्रीगुप्त लिख दिया तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। दूसरा विचार इत्सिंग-कथित समय पर है। समय-निरूपण करते हुए इत्सिंग वर्णित 'पाँच सौ वर्ष' पर अक्षरशः विचार नहीं किया जा सकता। इसका प्रयोग यहाँ निश्चित काल-निरूपण के लिए नहीं किया गया है, बल्कि केवल अनिश्चित भूत काल के प्रकट करने के लिए किया गया प्रतीत होता है। इन सब कारणों से इत्सिंग वर्णित 'श्री गुप्त' तथा गुप्तवंशी आदि-राजा 'गुप्त' में कोई भी भेद नहीं है। यदि दोनों व्यक्ति भिन्न भिन्न थे और गुप्त वंश का आदिपुरुष इत्सिंग-कथित श्रीगुप्त नहीं था तो इत्सिंग के श्रीगुप्त का स्थान गुप्त-वंशावली में ढूँढना होगा। परन्तु श्रीगुप्त नामधारी दूसरा कोई भी गुप्त नरेश गुप्त वंश में विद्यमान नहीं था। यदि दोनों व्यक्ति समकालीन थे तो एक ही नाम के और एक ही समय तथा स्थान में इनका राज्य करना असंभव है। इन सब कारणों से गुप्तों के आदिपुरुष तथा इत्सिंग-कथित श्रीगुप्त एक ही व्यक्ति थे, यह निर्विवाद है।

---

१ वा० पु० ९९।३८३।

२ इ० ए० भा० १० पृ० ११०।

३. गुप्त क्वायन इन ब्रिटिश म्यूजियम, भूमिका पृ० १५।

एलन आदि विद्वानो का कथन है कि महाराजा गुप्त पाटलिपुत्र तथा उसके समीपस्थ प्रदेशों पर शासन करता था। सभवतः इसका शासन ई० स० २७५ के लगभग प्रारम्भ होता है जो कुषाणों के नाश होने पर स्वतत्र हो गया[1]। जायसवाल महोदय का अनुमान है कि गुप्त एक सामत राजा था जो भारशिव राजाओ के अधीन होकर प्रयाग के समीप राज्य करता था[2]।

इस गुप्त राजा की एक मिट्टी की मुहर मिली है जिसपर 'श्रीगुप्तस्य' लिखा है। डा० हार्नले का अनुमान है कि यह मुहर गुप्तों के आदिपुरुष 'गुप्त' की है[3]।

(२) घटोत्कच

परिचय

महाराज घटोत्कच गुप्तवंश के द्वितीय राजा थे। ये महाराज 'गुप्त' के पुत्र थे। गुप्त शिलालेखो में इनके नाम के आगे गुप्त शब्द नही मिलता है।

बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर ज़िले मे, वैशाली मे, बहुत सी प्राचीन मुहरे मिली हैं जिनमे से एक मुहर पर 'श्रीघटोत्कचगुप्तस्य' ऐसा खुदा हुआ है। डा० ब्लाख (Bloch) का अनुमान कि है ये मुहरें इसी घटोत्कच की हैं तथा इस गुप्तवंश के द्वितीय महाराजा श्री घटोत्कच तथा वैशाली मुहर के श्री घटोत्कच गुप्त को वे एक ही व्यक्ति मानते हैं[4]।

परन्तु डा० ब्लाख के विचार, इन दोनो मुहरो पर के नाम, समय आदि का विशेष रीति से अनुसन्धान करने पर कसौटी पर ठीक ठीक नही उतरते हैं। सबसे प्रथम

महाराज घटोत्कच तथा घटोत्कच गुप्त — दोनों की भिन्नता

चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय मे वैशाली मे गुप्तों के प्रतिनिधि नियुक्त किये गये। वहाँ बहुत सी मुहरें प्राप्त हुई हैं जिनपर महादेवी ध्रुवदेवी का नाम खुदा हुआ है[5]। ध्रुवस्वामिनी चन्द्रगुप्त द्वितीय की धर्मपत्नी थी। अतः उन मुहरो पर उनका नाम (ध्रुवस्वामिनी) उनके पति ने खुदवाया होगा या उनके पुत्र गोविन्दगुप्त के द्वारा उत्कीर्ण किया गया होगा। चन्द्रगुप्त द्वितीय का समय पाँचवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध मे माना जाता है। अतएव वैशाली की वे मुहरे भी इसी समय मे खुदवाई गई होंगी। घटोत्कच गुप्त की मुहर तथा ध्रुवस्वामिनी की मुहरे समकालीन हैं। अतएव गुप्तवश के द्वितीय राजा घटोत्कच तथा वैशाली मे प्राप्त मुहर के श्री

---

१. गुप्त क्वायन इन ब्रिटिश म्यूजियम, भूमिका पृ० १६।

२. हिस्ट्री आफ़ इण्डिया (१५०-३५० ई०) पृ० ११३ व ११५।

३. जे० आर० ए० एस० १६०५, पृ० ८१४।

४. आ० स० रि० १६०३-४ पृ० १०२, जे० आर० ए० एस० १६०५, पृ० १५३।

५. महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्तपत्नी महाराजाश्रीगोविन्दगुप्तमाता महादेवी श्री ध्रुवस्वामिनी।

घटोत्कचगुप्त के काल मे बहुत अन्तर पड़ता है। अतः इन दोनो का एक होना असम्भव है।

गुप्तवश के द्वितीय राजा ने 'महाराज' की पदवी धारण की थी। परन्तु वैशाली की मुहरो पर 'श्रीघटोत्कचगुप्तस्य' के साथ 'महाराज' शब्द नही मिलता। नाम के पूर्व विद्यमान 'श्री' शब्द केवल सम्मानसूचक है। इससे प्रकट होता है कि मुहरवाला 'घटोत्कचगुप्त' चन्द्रगुप्त का समकालीन, वैशाली का कोई नायक (Governor) था जिसका सम्बन्ध सम्भवतः गुप्त-परिवार से था। यह भी सम्भव है कि वह कोई गुप्तवशीय राजकुमार हो, क्योकि उस समय मे राजकुमार भी यदा-कदा प्रदेशों के नायक रहा करते थे। इस विषय की पुष्टि ग्वालियर राज्य मे स्थित तुमैन मे प्राप्त एक गुप्त-शिलालेख से होती है[१]। इस लेख की तिथि गुप्त सवत् ११६ है। इस लेख मे द्वितीय चन्द्रगुप्त, कुमारगुप्त तथा घटोत्कचगुप्त का उल्लेख पाया जाता है। अत इस घटोत्कचगुप्त का निर्दिष्ट समय गु० स० ११६ (सन् ४३६ ई०) है। अतः इस लेख में उल्लिखित घटोत्कचगुप्त गुप्तवशीय द्वितीय महाराज घटोत्कच से सर्वथा भिन्न है। यह घटोत्कचगुप्त कुमारगुप्त का छोटा भाई था तथा इसके राज्यकाल मे मालवा का शासक था।

गुप्तवशीय शिलालेखो मे महाराज घटोत्कच के नाम के साथ 'गुप्त' शब्द का प्रयोग नही मिलता है। यदि ये दोनो नाम (महाराज घटोत्कच तथा घटोत्कचगुप्त) एक ही व्यक्ति के होते तथा एक ही व्यक्ति के लिए इनका प्रयोग किया जाता तो मुहर तथा शिलालेखो मे इतनी विभिन्नता न मिलती। दोनों स्थानो मे एक प्रकार का ही नाम मिलना चाहिए था। इस नाम-प्राप्ति की विषमता का अवश्य ही कोई विशेष कारण होगा। अतः इन सबल प्रमाणो से प्रत्यक्ष ही सिद्ध होता है कि गुप्तवशीय द्वितीय राजा महाराज घटोत्कच तथा वैशाली की मुहर से प्राप्त घटोत्कचगुप्त मे कोई समता नही है। ये दोनो भिन्न भिन्न व्यक्ति हैं तथा इनकी सत्ता भिन्न भिन्न शताब्दियो मे विद्यमान थी।

महाराज घटोत्कच की मुद्रा

रूस की राजधानी लेनिनग्रेड (सेटपीटर्सबर्ग) मे एक मुद्रा की उपलब्धि हुई है जिस पर गुप्त-अक्षरो मे कुछ खुदा हुआ है। उस पर एक राजा की मूर्ति भी अकित है तथा उसकी भुजा के नीचे 'घट' शब्द खुदा हुआ है। कुछ विद्वानों को सन्देह है कि सम्भवतः यह मुद्रा महाराज घटोत्कच की है।

इस राजा के विषय मे हमारी जानकारी कुछ विशेष नही है। हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि गुप्तवशीय सर्वप्रथम राजा 'गुप्त' के अनन्तर यह गुप्त-राज्य के शासक हुए तथा इन्होने अपनी स्वतन्त्रता को अक्षुण्ण बनाये रक्खा। इसका राज्यकाल ईसा की तृतीय शताब्दी का अन्त तथा चतुर्थ शताब्दी का प्रारम्भ समझना चाहिए। इससे अधिक और कुछ ज्ञात नही है।

---

१. इ० ए० १९२०, पृ० ११४

(३) चन्द्रगुप्त प्रथम

यह प्रतापी राजा महाराज घटोत्कच का पुत्र था। इसने अपने प्रबल पराक्रम तथा अनुपमेय शौर्य्य से 'महाराजाधिराज' पदवी धारण की थी। सच पूछा जाय तो यही गुप्तवंशीय प्रथम राजा है जहाँ से इस वश का इतिहास विस्तृत रूप से प्राप्त होता है। यह महायशस्वी राजा था। इसकी 'महाराजाधिराज' पदवी से ही सूचित होता है कि इसने अपनी प्रबल शूरता से अपने पूर्वजो की कीर्ति का विस्तार करते हुए राज्य का भी प्रचुर प्रसार किया।

वैशाली मे लिच्छवियो का एक अति प्राचीन प्रजातन्त्र राज्य था। चंद्रगुप्त प्रथम ने इन्ही सुप्रसिद्ध लिच्छवियो की वशजा कुमारदेवी नामक राजकुमारी का पाणि-ग्रहण किया। यह घटना गुप्त-साम्राज्य के इतिहास मे एक विशेष महत्त्व रखती है क्योकि यही से गुप्तो का उत्कर्ष प्रारंभ होता है। इसी सुप्रसिद्ध घटना के अनन्तर इनके भाग्य का सितारा चमका तथा राज्यलक्ष्मी स्थायी रूप मे इनके यहाॅ सहचरी बनकर निवास करने लगी। समुद्रगुप्त (जो चंद्रगुप्त प्रथम का पुत्र था) की प्रयागवाली प्रशस्ति में उनकी माता का नाम कुमारदेवी मिलता है तथा उन्हे 'लिच्छिवी-दैाहित्र' कहा गया है[1]। चद्रगुप्त प्रथम का एक सोने का सिक्का भी मिला है जिस पर चद्रगुप्त तथा कुमारदेवी का चित्र भी अंकित है। उस सिक्के पर 'चद्रगुप्त तथा श्रीकुमारदेवी' लिखा भी है। उसी सिक्के की पीठ पर 'लिच्छवय:' शब्द भी उत्कीर्ण प्राप्त हुआ है। भारत-कला-भवन (काशी) में एक प्रस्तर की मूर्ति सुरक्षित है जिसमें एक पुरुष तथा स्त्री की आकृति अकित है। कुछ लोग इसे चंद्रगुप्त प्रथम तथा कुमारदेवी की मूर्ति बतलाते हैं। इन कारणो से ऐतिहासिको ने चद्रगुप्त प्रथम का विवाह संबध लिच्छवी-राजकुमारी कुमार-देवी से माना है। इस विवाह के कारण के संबध में विद्वानो मे गहरा मतभेद है। लिच्छवी लोगों ने महाराजाधिराज चंद्रगुप्त प्रथम को योग्य तथा यशस्वी राजा समझकर अपनी वंशजा से इसकी शादी की या किसी युद्ध मे हुई सन्धि के फलस्वरूप ऐसा किया हो। कीलहार्न महोदय का मत है कि लिच्छवी लोगो का संबंध पाटलिपुत्र से भी था[2]। कुमारदेवी के विवाह के पश्चात् चद्रगुप्त प्रथम ने अपने सबधी लिच्छवियो से मगध का राज्य पाया। जान एलन इस विचार से सहमत नही प्रतीत होते हैं। उनका कथन यह है कि पाटलिपुत्र तो पहले ही से गुप्तो के शासन मे था। वहाॅ पर सर्व-प्रथम गुप्त राजा 'गुप्त' ने भी राज्य किया था। चद्रगुप्त प्रथम ने वैशाली पर आक्रमण करके लिच्छवियो को पराजित किया। इसके पश्चात् लिच्छवी लोगों ने सधि के परिणाम-स्वरूप कुमारदेवी का विवाह चद्रगुप्त से कर दिया[3]। 'कौमुदी-महोत्सव'

लिच्छवियो से वैवाहिक सबध

---

१. लिच्छवीदौहित्रस्य महादेव्या कुमारदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराजश्रीसमुद्रगुप्तस्य।

२. ना० इ० इ० न० ५४१।

३. एलेन—गुप्त कायन्स इन ब्रिटिश म्यूजियम।

नामक नाटक के आधार पर जायसवाल महोदय ने चंद्रगुप्त प्रथम का विवाह मगधकुल के वैरी लिच्छवियो से सुन्दरवर्मन् के विरोध स्वरूप माना है[१]।

चंद्रगुप्त के पिता तथा पितामह साधारण राजा थे जो पाटलिपुत्र तथा इसके समीपवर्ती प्रदेशो पर शासन करते थे। चन्द्रगुप्त प्रथम ने पराक्रम से अन्य राज्यो को जीतकर पाटलिपुत्र मे फिर से एक साम्राज्य की नीव डाली तथा उस शुभ अवसर पर 'महाराजाधिराज' पदवी धारण की। उसने अपने राज्य की सीमा का विस्तार गङ्गा तथा यमुना के सगम तक किया। तिरहुत, दक्षिण विहार, अवध तथा इसके समीपवर्ती प्रदेश इसके राज्य के अन्तर्गत थे[२]। पुराणो मे इसके राज्य का विस्तार इस प्रकार वर्णित है।—

राज्य-विस्तार

अनुगङ्गा प्रयाग च, साकेत मागधास्तथा।
एतान् ज़नपदान् सर्वान्, भोक्षन्ते गुप्तवशजा:[३] ॥

श्री कृष्णस्वामी ऐयङ्गर का कथन है कि लिच्छवी राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह के पश्चात् वैशाली भी गुप्तो के राज्य के अन्तर्गत हो गया[४]। परन्तु पौराणिक वर्णनो से प्रतीत होता है कि वैशाली चन्द्रगुप्त प्रथम के राज्य के अन्तर्गत नही था। चन्द्रगुप्त प्रथम से पहले के गुप्त नरेशो ने पाटलिपुत्र तथा इसके समीप के प्रदेशो पर ही राज्य किया था तथा चन्द्रगुप्त प्रथम ने भी इन्ही प्रदेशो पर शासन किया। क्योकि चन्द्रगुप्त प्रथम की मृत्यु के पश्चात् लिखी गई सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयागवाली प्रशस्ति मे भी वैशाली नाम नही मिलता। अत: वैशाली को चन्द्रगुप्त प्रथम के राज्य के अन्तर्गत मानना न्यायसगत नही है। सबसे पहले गुप्तवशीय राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) के शासन काल मे वैशाली गुप्त राज्य के अन्तर्गत हुआ। यहाँ पर इस राजा ने अपना नायक (Governor) नियुक्त किया था[५]।

सम्भवत: चन्द्रगुप्त प्रथम ने अपने राज्याभिषेक के अवसर पर 'महाराजाधिराज' पदवी धारण की। इससे पहले गुप्त राजाओं की पदवी केवल महाराज थी। शिलालेखों मे पूर्व के दोनो राजाओ की यही उपाधि उपलब्ध होती है[६]। चन्द्रगुप्त प्रथम के राजा होने के समय से ही गुप्त-काल-गणना प्रारम्भ होती है तथा यही गुप्त संवत् के नाम से पुकारा जाता है। गुप्त-सवत् ३१९-२० ई० से प्रारम्भ होता है। गुप्त-संवत् की स्थापना चन्द्रगुप्त के जीवन की अवश्य ही महत्त्वपूर्ण घटना होगी। गुप्तवशीय जितने शिलालेख मिले हैं उनमे जो काल-गणना दी गई है वह सब गुप्त-सवत् से की गई है।

गुप्त-सवत्

१ जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५०-३५० ई०) पृ० सं० ११४।

२ स्मिथ—अरली हिस्ट्री आफ इडिया पृ० २८०।

३. वायुपुराण—अ० ९९ श्लोक ३८३। ब्रह्माड पुराण—३।७४।१९५।

४. कृष्णस्वामी ऐयङ्गर—स्टडीज़ इन गुप्त हिस्ट्री पृ० ४७।

५. वैशाली की मुहरे—आ० स० रि० १९०४-५।

६. फ्लीट—का० इ. इ भा० ३ (न० १, ४, १० तथा १३), महाराजश्रीगुप्त प्रपौत्रस्य महाराजश्रीघटोत्कच पौत्रस्य महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तपुत्रस्य।

इसी संवत् का प्रयोग इसके वंशजों ने भी किया तथा इस प्रकार इस संवत् को चिरस्थायी बनाया।

दक्षिण-भारत में प्राप्त 'कौमुदी-महोत्सव' नामक नाटक में चण्डसेन नामक एक व्यक्ति का उल्लेख मिलता है जिसने मगध के राजा सुन्दरवर्मन् से विद्रोह कर, उन्हें युद्ध में मारकर, स्वयं राजसिंहासन पर आसन जमा लिया।

चन्द्रगुप्त-चण्डसेन

कुछ समय के पश्चात् सुन्दरवर्मन् के पुत्र कल्याणवर्मन् को लोगों ने सिंहासन पर बैठाया[1] तथा चण्डसेन के विरुद्ध लड़ाई छेड़ दी। इस युद्ध के फल-स्वरूप चण्डसेन को मगध छोड़कर भाग जाना पड़ा तथा इसने भागकर अयोध्या में शरण ली[2]। जायसवाल इसी चण्डसेन की चन्द्रगुप्त प्रथम से समता करते हैं। कौमुदी-महोत्सव के इस साहित्यिक प्रमाण के अतिरिक्त ऐसा कोई भी अन्य प्रमाण नहीं मिला है जिससे इस बात की पुष्टि होती हो। ऐसी अवस्था में जायसवाल के सिद्धान्त में कितना ऐतिहासिक सत्य मिला है इसे वस्तुतः कहना कठिन कार्य है।

---

१. प्रकटितवर्णाश्रमपथमुन्मूलितचण्डसेनराजकुलम्। कौ० महो० अ० ५।

२. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इंडिया पृ. ११६।

उत्कर्ष-काल

गुप्तो के आदि-काल के पश्चात् उत्कर्ष-काल का प्रारंभ होता है। यह काल सन् ३५० ई० से लेकर ४६७ ई० तक रहा। इस विस्तृत तथा महत्त्वपूर्ण काल मे पॉच राजा हुए जिनके नाम निम्नलिखित हैं—१ समुद्रगुप्त, २ रामगुप्त, ३ चद्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य), ४ कुमारगुप्त, ५ स्कंदगुप्त। इन राजाओ ने क्रमशः इस काल में राज्य किया। यह काल (उत्कर्ष-काल) गुप्त-साम्राज्य के इतिहास में विशेष महत्त्व रखता है। इस काल के इतिहास के बिना गुप्तो के इतिहास को अधूरा ही समझना चाहिए। यदि गुप्त-कालीन इतिहास को शरीर की उपमा दें तो इसे उसका प्राण ही कहना पड़ेगा। उपर्युक्त कथन के लिए अनेक कारण भी हैं। आदि-काल मे गुप्त-नरेश केवल पाटलिपुत्र के आसपास ही राज्य करते थे। परन्तु इस उत्कर्ष-काल में इनका राज्य-विस्तार बहुत हुआ तथा क्रमशः गुप्त नरेशो ने एकराट् साम्राज्य स्थापित कर लिया। जो गुप्त-साम्राज्य-रूपी पौदा अभी आदि-काल मे केवल अकुरित हुआ था उसने शीघ्र ही लहलहाना प्रारंभ कर दिया। आदि-काल में अखिल-भारतीय साम्राज्य की स्थापना केवल स्वप्न मात्र थी परंतु वह इस काल मे एक निश्चित सत्य हो गई। इस काल मे प्रादुर्भूत समुद्रगुप्त आदि प्रबल प्रतापी राजाओं ने अपनी विजयपताका सुदूर दक्षिण मे भी फहराई तथा प्रायः समस्त भारत को अपने अधीन कर लिया। जिन गुप्त-नरेशो को पहले विशेष महत्त्व नही मिला था, उनकी अब सारे देश मे धाक सी जम गई। इस काल मे चारो ओर गुप्त नरेशो का ही बोलबाला था। समस्त वस्तुओ पर इनकी छाप सी पड़ गई। इन्ही नरेशो ने समस्त राजाओ को परास्त कर भारत में पुनः एकछत्र राज्य की स्थापना की। दड्य को अपने दंड का पात्र बनाकर इन्होने चारों ओर शाति-स्थापना की। इतना ही नही, शस्त्र से रक्षित राष्ट्र मे इन्होने शास्त्र की चिन्ता भी प्रवर्तित की। इसी काल मे कालिदास आदि महाकवि भी उत्पन्न हुए जिनकी कीर्त्तिलता आज भी हज़ारो वर्षों के बाद लहलहा रही है। इस महाकवि ने संस्कृत-साहित्य को वह दिव्य दान दिया है जिसका वर्णन करना असभव है। इस काल में इस महाकवि के द्वारा काव्य की वह महती सरिता बहाई गई जिसका स्रोत आज भी नही सूख सका है। महाराजाधिराज चद्रगुप्त द्वितीय के दरबार में कवियो का सदा जमघट सा लगा रहता था तथा तत्कालीन वायुमडल भी काव्यमय हो गया था। जहाँ देखिए वही कविता की धूम थी। क्यो न हो, जब स्वयं प्रभु ही इतना गुणग्राही तथा कविराज हो तब प्रजा मे संसर्ग-दोष क्यो न लगे? सस्कृत का समादर जैसा इन राजाओ

ने किया वैसा किसी ने नहीं किया। कुटिल कुशानो के कुशासन मे सस्कृत का सूखता स्रोत जलद रूप इन राजाओं को प्राप्त कर वेग से बह निकला। सस्कृत का समुचित प्रचार हुआ तथा इसे सम्मान के सिहासन पर सादर बैठाया गया। इन राजाओं ने सर्वप्रथम सस्कृत मे ही शिला तथा ताम्रलेख उत्कीर्ण करने की प्रथा प्रवर्तित की। लेखों की कौन कहे, सिक्को पर भी इन्होंने सस्कृत श्लोको को उत्कीर्ण कराया। भारतीय इतिहास मे ऐसा उदाहरण अन्यत्र उपलब्ध नही है। गुप्त नरेशो के समस्त लेख सस्कृत ही मे मिलते हैं। इसी एक उदाहरण के द्वारा इनकी सस्कृत-भक्ति परायणता का पता लगाया जा सकता है।

इन गुप्त-नरेशों मे आर्य सभ्यता का अभिमान कूट कूटकर भरा हुआ था। अश्वमेध यज्ञ का सम्यक् अनुष्ठान कर समुद्रगुप्त ने वेद-वर्णित विधि का प्रचार किया तथा जनता मे इन कार्यों के प्रति सम्मान उत्पन्न किया। समस्त भारत में दिग्विजय कर इसने भारतीय पुरातन प्रथा को क़ायम किया। इस प्रकार इन्होंने आर्य सभ्यता तथा सस्कृति का प्रचुर प्रचार किया।

साहित्य के सिवा इन नरेशो ने ललित कला को प्रोत्साहन दिया। गुप्तकालीन शिला-तक्षण कला के नमूने आज भी सारनाथ म्यूज़ियम की शोभा बढा रहे हैं तथा तत्कालीन कुशल कलाकारो के हाथ की सफाई को डके की चोट आज भी बतला रहे हैं। गुप्त-कालीन चित्रकारो की तूलिका किस कुशल कलाविद को आश्चर्य के चक्कर मे नही डाल देती? कहने का तात्पर्य यह है कि इस काल में राज्य-विस्तार तथा ललित कला का प्रचार अलौकिक रीति से हुआ।

चन्द्रगुप्त प्रथम की मृत्यु के पश्चात् उसका सुयोग्य पुत्र समुद्रगुप्त राज्यसिंहासन पर बैठा। ससार के दिग्विजयी राजाओं की नामावली में इसका स्थान एक विशेष महत्त्व रखता है। यह बड़ा ही पराक्रमी, शूर तथा रणकुशल राजा था। शत्रु रूप सर्पों के लिए इसका नाम गारुडिक मन्त्र था। अपने प्रबल पराक्रम तथा विजयिनी बाहुओ के द्वारा इसने न केवल उत्तर भारत के बल्कि दक्षिणापथ के राजाओ को भी परास्त कर उन्हे 'करदीकृत' बनाया था। मगध राज्य की टिमटिमाती दीपशिखा को प्रचण्ड ज्वाला के रूप मे परिणत करने का श्रेय इसी को है। इसी ने मगध का यशःस्तम्भ सुदूर दक्षिण मे गाड़ा। इसने समस्त भारत पर दिग्वजय कर किस नरेश को वैतसी वृत्ति नही सिखलाई? किस राजा ने इसकी निशित तलवार की धार के आगे अपना सिर स्वेच्छा से समर्पित नही किया? इस विश्व-विजयिनी वीरता से विभूषित होने के सिवा इसे सरस्वती ने भी अपना वरद पुत्र बनाया था। जिस प्रकार इसकी रण चातुरी शत्रुओं के हृदय मे भय का सचार कर देती थी उसी प्रकार इसकी काव्य-मर्मज्ञता सहृदय रसिको को आनन्द मे मग्न कर देती थी। यह स्वय एक महान् कवि तथा कवियो का गुणग्राही था। सगीत-शास्त्र से इसे विशेष अनुराग था तथा वीणा बजाने मे यह कुशल समझा जाता था। अपनी दान वृत्ति के द्वारा इसने अनेक दरिद्रो की दरिद्रता को दरिद्र कर दिया। यज्ञ-यागादि का अनुष्ठान कर इसने अपनी धार्मिक मनोवृत्ति का परिचय दिया। इस प्रकार

समुद्रगुप्त का चरित्र

समुद्रगुप्त केवल एक विजयी वीर ही नही था प्रत्युत वह प्रतिभा-सम्पन्न कवि, वीणावादन-कुशल तथा दानी भी था।

विद्या-प्रेम

समुद्रगुप्त बहुत योग्य पुरुष था। इसकी योग्यता का पता इसी से चल सकता है कि अनेक पुत्रों के तथा इससे ज्येष्ठ पुत्र के होते हुए भी इसके पिता चन्द्रगुप्त प्रथम ने इसकी अलौकिक योग्यता पर मुग्ध होकर, अपने दरबारियो के बीच मे, स्नेह से व्याकुलित और आनन्दाश्रु से भरे चक्षुओ से इसे देखकर तथा पुलकित-गात्र होकर 'पुत्र! उर्व्वीमेवं पाहि' ऐसा कहा था[1]। समुद्रगुप्त को विद्या से बड़ा अनुराग था। यह एक साधारण पढ़ा-लिखा पुरुष ही नही था परन्तु प्रगाढ़ विद्वान् था। सरस्वती इसकी जिह्वा पर निवास करती थी। यह काव्यकला मे अत्यन्त प्रवीण था तथा अन्य शास्त्रों मे भी पारगत पण्डित था। कवि हरिषेण ने इसकी प्रयागवाली प्रशस्ति मे इसके लिए 'कविराज' शब्द का प्रयोग किया है[2]। महाकवि राजशेखर ने अपनी काव्य-मीमासा में लिखा कि अनेक प्रकार के कवि होते हैं, इनमे 'कविराज' का स्थान सबसे श्रेष्ठ है। 'कविराज' ससार मे कोई विरला पुरुष ही होता है[3]। इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि समुद्रगुप्त एक श्रेष्ठ कवि था। 'कविराज' की उपाधि प्राचीन काल में बड़े बड़े कवियो को दी जाती थी। साधारण कोटि के कवि इस उपाधि के पात्र नहीं थे। राजशेखर ने इन कवियो के लिए 'जगति कतिपये' लिखा है। अतः समुद्रगुप्त के महान् कवि होने मे कुछ भी सन्देह नहीं रह जाता। अनेक काव्यो के निर्माण अथवा कविता करने से यह विद्वान् पुरुषो का उपजीव्य भी बन गया था[4]। अवश्य ही इसकी सरस कविता रसिको के हृदय का हार बनती होगी। अवश्य ही इसकी सूक्ति सहृदयो के हृदय मे गुदगुदी पैदा कर देती होगी। इसी लिए हरिषेण ने सत्य ही लिखा है कि इसका 'अध्येयः सूक्तिमार्गः कविमतिविभवोत्सारणं चापि काव्यम्'[5]। अवश्य ही महाराज समुद्रगुप्त एक प्रतिभा-सम्पन्न कवि था। तभी तो इसकी सूक्तियो के अध्ययन का उपदेश दिया गया है। वस्तुतः इसकी कविता आदर्श स्वरूप थी तथा कविमन्य तथा पण्डितम्मन्य पुरुषों को रिझाती थी। इस नरेश का जीवन ही काव्यमय हो गया था। इसने अपने समस्त शिलालेख सस्कृत

---

१. आर्यो हीत्युपगृह्य भावपिशुनैरुत्कर्णितै रोमभिः,
सभ्येषूच्छ्वसितेषु तुल्यकुलजम्लानाननोद्वीक्षितः।
स्नेहव्यालुलितेन बाष्पगुरुणा तत्त्वेक्षिणा चक्षुषा,
यः पित्राभिहितो निरीक्ष्य निखिलां पाह्येवमुर्वीमिति ॥—समुद्रगुप्त की, प्रयाग की प्रशस्ति।

२. विद्वज्जनोपजीव्यानेककाव्यक्रियाभिः प्रतिष्ठितकविराजशब्दस्य।—वही।

३. नेदिष्टा कविराजता ॥—राजशेखर, काव्यमीमासा।

४. विद्वज्जनोपजीव्यानेककाव्यक्रियाभिः।—प्रयाग की प्रशस्ति।

५. वही।

(गद्य तथा पद्य दोनो) मे लिखवाये। इसके अलावा इसने अपने सिक्को पर भी संस्कृत मे श्लोकबद्ध लेख खुदवाये हैं[१]। यह घटना समुद्रगुप्त की सतत-काव्य-भक्ति का ज्वलन्त उदाहरण है। ससार के इतिहास में आज तक सिक्के पर किसी भी राजा का लेख छन्दोबद्ध रूप में नही मिलता। इसी लिए हरिषेण ने इसे कवितारूपी राज्य का भोग करनेवाला लिखा है[२]।

काव्य की कोमल-कान्त-पदावली से पूरित मानस मे कर्कश तथा कठोर अन्य शास्त्रों का प्रवेश निषिद्ध था, ऐसी बात नहीं थी। काव्यकला का पारगत पण्डित होने के सिवा उसकी तीक्ष्ण बुद्धि कठिन शास्त्रो के मर्मस्थल को वेध देती थी। वह शास्त्रो की गहराई तक पहुँचता था। वह शास्त्रो के अर्थ तथा उनके तत्त्व को भली भाँति जानता था इसी लिए हरिषेण ने उसे शास्त्र-तत्त्वार्थ का भर्ता लिखा है[३]। वास्तव मे इसका प्रगाढ पाण्डित्य शास्त्रो के तत्त्वों को भेदन करनेवाला था[४] तथा इसकी पैनी बुद्धि शास्त्रीय ग्रन्थियो को कुतरनेवाली थी। इसी अपनी विश्लेषात्मिका बुद्धि के कारण इसका चित्त सर्वदा प्रसन्न रहता था[५]। इससे स्पष्ट है कि समुद्रगुप्त की काव्यकला-चातुरी जिस प्रकार सहृदय के हृदय को चुरानेवाली तथा उन्हें काव्य-सागर मे ग़ोता खिलानेवाली थी उसी प्रकार उसकी पैनी और तीक्ष्ण बुद्धि कठिन शास्त्रो की तह तक पहुँचनेवाली थी तथा उनके गूढ तत्त्वो को भेदन करनेवाली थी। जिस प्रकार उसके मानस मे काव्य-समुद्र उमड़ा पड़ता था उसी प्रकार उसके मस्तिष्क मे शास्त्र तत्त्वभेदि बुद्धि की कमी नही थी, इस प्रकार समुद्रगुप्त के हृदय तथा मस्तिष्क—दोनो—का प्रचुर विकास हुआ था।

शास्त्र-तत्त्व-भेदन

परम काव्य-प्रेमी समुद्रगुप्त को सगीत से भी प्रेम था, यह कथन व्यर्थ ही है। ऐसे काव्य-प्रेमी का सगीत प्रेमी होना उचित तथा स्वाभाविक ही है। यदि सगीत विद्या काव्य की सहचरी कही जाय तो कुछ भी अत्युक्ति नही होगी। काव्य तथा सगीत का अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। अतः काव्यभक्त समुद्रगुप्त का सगीत-प्रेमाभाव ही आश्चर्य का विषय होता। हरिषेण ने इसका वर्णन करते हुए लिखा है कि इसने अपनी गन्धर्व-कला से देवताओं के गुरु तुम्बुरु तथा नारद को लज्जित कर दिया[६]। स्वर्गलोक मे तुम्बुरु तथा नारद बहुत बड़े सगीतज्ञ

संगीत-प्रेम

---

१. एलन–गुप्त क्वायन्स। पृ० २५। बनर्जी—प्राचीन मुद्रा।

२ सत्काव्यश्रीविरोधान बुधगुणितगुणाज्ञाहतानेव कृत्वा,
विद्वल्लोके वि (.) स्फुटबहुकविताकीर्त्तिराज्य भुनक्ति ॥—प्रयाग की प्रशस्ति।

३. शास्त्रतत्त्वार्थभर्तुः।—वही।

४. वैदुष्यं तत्त्वभेदि।—वही।

५. प्रज्ञानुषङ्गोचितसुखमनसः।—वही।

६. निशितविदग्धमतिगान्धर्वललितैर्व्रीडितत्रिदशपतिगुरुतुम्बुरुनारदादेः।—वही।

समझे जाते हैं। ये दोनो 'वीणा' के बड़े भारी बजवैया माने जाते हैं। परन्तु हरिषेण के कथनानुसार समुद्रगुप्त ने वीणा-वादन में इन दोनो को लज्जित कर दिया था। नारद जैसे वीणा-वाद्य कुशल को लज्जित करना कोई साधारण खेल नहीं। अवश्य ही समुद्रगुप्त वीणा बजाने में बड़ा ही कुशल था, अन्यथा हरिषेण उसके लिए ऐसी शब्दावली का प्रयोग न करता। समुद्रगुप्त के कुछ सोने के सिक्के मिले हैं जिनमें एक मंच के ऊपर बैठे हुए राजा की मूर्ति अंकित है। राजा का बदन नङ्गा है तथा वह हाथ में वीणा लिये हुए है। इसके एक ओर 'महाराजाधिराज समुद्रगुप्त' लिखा है[1]। इससे इसके सगीत-प्रेम का पूर्ण परिचय मिलता है। इस प्रकार समुद्रगुप्त जैसा काव्य का पुजारी था वैसा ही वह संगीत का परम प्रेमी था।

जिस प्रकार इसकी कीर्ति के लिए कोई स्थान अगम्य नही था उसी प्रकार इसके रथ के लिए कोई स्थान दुर्गम्य नही था। काव्यार्थशीलन मे ही इसकी चातुरी सीमित नही थी बल्कि वह रणाङ्गण में भी अपना अजीब जौहर दिखाती थी। यह नरेश इतना प्रतापी था कि जिस दिशा मे जाने पर सूर्य का तेज कम हो जाता है, उसकी प्रभा क्षीण हो जाती है, उसी दिशा मे जाने पर इसका तेज और भी चमक उठा, मानो महाकवि कालिदास ने रघुवंश में रघु के व्याज से इसी सम्राट् के विषय में निम्नांकित विजय-वर्णन लिखा था—

> दिशि मन्दायते तेजो दक्षिणस्या रवेरपि।
> तस्यामेव रघोः पाण्ड्याः, प्रतापं न विषेहिरे॥'

यदि गुप्तो के छोटे राज्य को साम्राज्य के रूप मे परिणत करने का किसी को श्रेय था तो वह समुद्रगुप्त की फड़कती हुई भुजाओ को। समुद्रगुप्त का हज़ारो कोसो तक इतना विस्तृत दिग्विजय ही उसकी अद्‌भुत वीरता तथा अतुल पराक्रम का ज्वलन्त उदाहरण है। उसने सैकड़ो लड़ाइयाँ लड़ी, हज़ारो को यमलोक का टिकट दिलाया तथा लाखो को अपनी तलवार का शिकार बनाया। इसकी देह पर अनेक-व्रण बने हुए थे जो इसकी रण-प्रियता के नमूने थे। हरिषेण ने प्रयागवाली प्रशस्ति में समुद्रगुप्त की वीरता का वर्णन इस प्रकार किया है—"तस्य विविधसमरशतावतार-दक्षस्य स्वभुजबलपराक्रमैकबन्धोः पराक्रमाङ्कस्य परशुशरशंकुशक्ति ....अनेक प्रहरणविरूढाकुलव्रणशताङ्कशोभासमुदयोपचितकान्ततरवर्ष्मणः" इत्यादि। इससे समुद्र-गुप्त की युद्धप्रियता तथा वीरता स्पष्ट सिद्ध होती है। समुद्रगुप्त के सिक्को पर खुदी हुई पदवियाँ तथा उन पर अंकित इसकी मूर्ति भी इसकी अद्‌भुत वीरता का जीता जागता उदाहरण है। उन सिक्को पर समुद्रगुप्त के लिए 'पराक्रमः, व्याघ्रपराक्रमः, कृतान्तपरशु' आदि पदवियाँ दी गई है। सिक्को पर अंकित उसकी मूर्ति देखने से ज्ञात होता है मानो वीर-रस साक्षात् शरीर धारण किये हो। वास्तव मे समुद्रगुप्त का पराक्रम अद्वितीय था। हरिषेण ने समुद्रगुप्त की प्रयाग वाली प्रशस्ति मे उसके सम्पूर्ण चरित्र का बड़ा ही अच्छा

---

१. देखिए—प्लेट न० १ (वीणा सिक्का)

ख़ाका खीचा है। अत: मै, हरिषेण ही के शब्दो मे, समुद्रगुप्त का चरित्र नीचे देता हूँ। जिससे उसका सम्पूर्ण व्यक्तित्व आँखों के सामने नाचने लगे—

"तस्य विविधसमरशतावतरणदक्षस्य स्वभुजबलपराक्रमैकबन्धोः पराक्रमाङ्कस्य परशुशरशङ्कुशक्तिप्रासासितोमरभिंदिपालनाराचवैतस्तिकाद्यनेकप्रहरणविरूढाकुलव्रणशताङ्कशोभासमुदयोपचितकान्ततरवर्ष्मणः... ... ... आर्यावर्तराजप्रसभोद्धारणोद्वृत्तप्रभावमहतः परिचारकीकृतसर्वाटविकराजस्य . . सर्वकरदानाज्ञाकरणप्रणामागमनपरितोषितप्रचण्डशासनस्य . .. निखिलभुवनविचरणशान्तयशसः . बाहुवीर्यप्रसरधरणिबन्धस्य पृथिव्याम-प्रतिरथस्य सुचरितशतालङ्कृतानेकगुणगणोत्सिक्तिभिश्चरणतलप्रमृष्टान्यनरपतिकीर्तेः, साध्वसाधूदयप्रलयहेतुपुरुषस्याचिन्त्यस्य, भक्त्यवनतिमात्रग्राह्यमृदुहृदयस्य, अनुकम्पावतोऽनेकगोशतसहस्रप्रदायिनः, कृपणदीनानाथातुरजनोद्धरणमन्त्रदीक्षाभ्युपगतमनसः, समिद्धस्य, विग्रहवतो, लोकानुग्रहवतो, .. सुचिरस्तोतव्यानेकाद्भुतोदारचरितस्य, लोकसमय-क्रियानुविधानमात्रमानुषस्य, लोकधाम्नो, देवस्य... . ।

दृष्ट्वा कर्म्माण्यनेकान्यमनुजसदृशान्यद्भुतोभिन्नहर्षा ।
वीर्य्योत्तप्ताश्च केचित् शरणमुपगता यस्य वृत्ते प्रणामे ॥
सग्रामेषु स्वभुजविजितानित्यमुच्छ्रापकारा. ।
धर्मप्राचीरबन्धः शशिकरशुचयः कीर्तयः सप्रताना,
वैदुष्य तत्त्वभेदि ... . ।
यस्योर्जित समरकर्म पराक्रमेद्धम् ,
..... यशः सुविपुलं परिबभ्रमीति ।
......णि यस्य रिपवश्चरणोर्जितानि,
स्वप्नान्तरेष्वपि विचिन्त्य परित्रसन्ति ।

दान-शीलता तथा उदार चरित्र

बहुधा ऐसा देखने मे आता है कि रण-विजयी राजाओ का स्वभाव क्रूर होता है तथा उनके हृदय को करुणा और दया स्पर्श ही नही करती। वे इस अलौकिक गुण से सर्वथा वञ्चित रहते हैं। परन्तु समुद्रगुप्त के विषय मे यह बात नही थी। उसके वीररस से परिपूरित हृदय मे भी करुणा को स्थान था तथा क्षात्रधर्म मे दीक्षित होने पर भी वह दान दया की दिव्य विभूति से वञ्चित नही था।

उपरिलिखित उद्धरण मे आये हुए 'साध्वसाधूदयप्रलयहेतुपुरुषस्य, मृदुहृदयस्य, अनुकम्पावतो, अनेकगोशतसहस्रप्रदायिनः, कृपणदीनानाथातुरजनोद्धरणमन्त्रदीक्षाभ्युपगतमनसः' आदि विशेषण इसी कथन के पोषक हैं। समुद्रगुप्त ने अपने हाथ से अनेक लक्ष गौओं का दान किया था। उसने अश्वमेध यज्ञ के अन्त मे दानार्थ सोने के सिक्के भी ढलवाये थे। ग़रीबों की आवाज़ तथा दुःखियो के आर्तनाद ने सदा ही उसका ध्यान आकर्षित किया था। वह बड़ा ही दयालु था। उसके हृदय मे करुणा की नदी बहती थी। साधु के उदय तथा असाधु के प्रलय का वह कारण था। कृपण, दीन, अनाथ तथा आतुर लोगो के उद्धार के लिए उसने मानो मन्त्रदीक्षा ली थी तथा इसके लिए वह सर्वदा कटिबद्ध रहता था। किसी अबला की आह से उसका हृदय फट जाता

था तथा निर्बल की गरम साँस से उसका हृदय मोम सा गल जाता था। बड़े होते हुए भी ग़रीबो पर कृपादृष्टि रखने मे ही बड़ो की महत्ता है। स्वय अपराजेय शत्रु को भी धूल में मिला देने की सामर्थ्य रखते हुए भी निर्बल पर दया करना महत्ता का सूचक है। ये गुण, जो वास्तव मे मनुष्य को महान् बनानेवाले हैं, सम्पूर्णतया समुद्रगुप्त मे वर्त्तमान थे।

समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व

समुद्र का व्यक्तित्व महान् था। वह पराक्रमी राजा, सूरमा योद्धा, कुशल राजनीतिज्ञ प्रसिद्ध सगीतज्ञ और मर्मज्ञ सहृदय कविराज था तथा उसपर भी था कृपणदीनानाथातुरजनोद्धरण-मत्र मे दीक्षित। अब क्या चाहिए? उसकी कीर्त्ति-पताका समस्त भारत पर फहरा रही थी। उसके यशःस्तम्भ उसकी वीरता के सूचक थे। प्रबल से प्रबल शत्रु को भी उसने परास्त किया। उसने अनेक—एक-दो नहीं सैकड़ो—लड़ाइयाँ लड़ी, शत्रुओ को पछाड़ा, स्वयं रण में घायल भी हुआ परन्तु उसने कभी शत्रु को पीठ नही दिखलाई। अपने इतने विस्तृत दिग्विजय में समुद्रगुप्त को कभी हार नही खानी पड़ी। वह शत्रुओ को शिकस्त देना जानता था, खाना नही जानता था। वीरता उसके स्वभाव का प्रधान गुण था। वह ऐसा प्रचण्ड राजा था जिसकी प्रसन्नता मे लक्ष्मी का, पराक्रम मे विजय का तथा क्रोध में मृत्यु का निवास था[1]। राजनीति के शुष्क वातावरण मे रहते हुए भी उसका हृदय काव्यरस से सर्वदा आप्लावित रहता था। इस प्रकार से उसमे लक्ष्मी (राज्यलक्ष्मी) तथा सरस्वती का अद्भुत निवास था। कालिदास ने मानो राजा के मिस से इसी का वर्णन निम्नप्रकार से किया था—

नितान्तभिन्नास्पदमेकसस्थ, अस्मिन् द्वयं श्रीश्च सरस्वती च।

संगीतकला की निपुणता तथा करुणा, दया, दान आदि गुणो ने 'हेम्नः परमामोदः' का काम किया था। यद्यपि इसका पिता प्रतापशाली राजा था परन्तु इसने अपने अलौकिक गुणो से अपने पिता के विषय मे प्रजाजन की उत्कण्ठा को सदा के लिए शान्त कर दिया[2]। इस प्रकार से जितने मनुष्य-सुलभ गुण हैं वे सब हमे राशिभूत होकर समुद्रगुप्त मे मिलते हैं।

प्रसिद्ध ऐतिहासिक डा० स्मिथ ने समुद्रगुप्त की तुलना प्रसिद्ध फ्रेञ्च विजेता नेपोलियन से की है[3] परन्तु यह तुलना समुचित नही प्रतीत होती। इसमे सन्देह नही कि नेपो-

नेपोलियन से तुलना

लियन एक प्रबल विजेता था, यह भी सत्य है कि इसने समस्त यूरोप मे कुछ दिन के लिए हड़कम्प सा मचा दिया था और इसमे भी कुछ सन्देह नही कि उसके प्रताप से समस्त यूरोपीय राष्ट्र काँप उठे थे परन्तु इन सब गुणों के होते हुए भी कुछ ऐसी बाते थी जो समुद्रगुप्त को नेपोलियन से पृथक् करती हैं।

---

१. यस्य प्रसादे पद्मास्ते, विजयश्च पराक्रमे।
मृत्युश्च वसति क्रोधे, सर्वतेजोमयो नृपः॥ —मनुस्मृति।

२. मन्दोत्कण्ठाः कृतास्तेन, गुणाधिकतया गुरौ।
फलेन सहकारस्य, पुष्पोद्गम इव प्रजाः॥ कालिदास—रघुवंश, सर्ग ४।

३. स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री आफ़ इंडिया, पृ० १७३

नेपोलियन मे घमण्ड भरा हुआ था। उसे विश्वास था कि उसे हराने की शक्ति किसी मे है ही नही। अत: उसने जिस देश पर विजय प्राप्त की वहाँ बड़ा ही अत्याचार किया। इसके ठीक विपरीत, समुद्रगुप्त ने अपने विजित राजाओं को उनका राज्य लौटा दिया तथा उनपर किसी प्रकार का अत्याचार नहीं किया। नेपोलियन का सारा गर्व वाटरलू की लड़ाई मे चूर्ण हो गया तथा वाटरलू की जो हूक उसके हिये मे समाई वह फिर कभी नही निकली। सेण्ट हेलेना की बुरी हवा का उसे मृत्यु-पर्यन्त विस्मरण नही हुआ तथा वहाँ वह जीता हुआ भी नरक का दु:ख भोग रहा था। उसकी मृत्यु, बन्दी की हालत मे, अपने देश से दूर हुई। परन्तु समुद्रगुप्त के जीवन मे कभी दु:खद घटना नही हुई। अपने इतने विस्तृत दिग्विजय मे भी उसने परास्त होने का नाम नहीं जाना। वह छोटे राज्य का राजकुमार होकर पैदा हुआ तथा एकछत्र सम्राट् होकर मरा। उसकी मृत्यु सुख तथा सम्मान से हुई। अत. नेपोलियन से समुद्रगुप्त की तुलना करना नितान्त अनुचित है। सच तो यह है कि समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व नेपोलियन से बहुत ही बडा था। ससार के इतिहास मे बहुत कम सम्राट् ऐसे मिलेंगे जिनसे इसके व्यक्तित्व की तुलना की जा सके।

समुद्रगुप्त के जीवन की सबसे बडी घटना उसका दिग्विजय है। प्रयाग की प्रशस्ति मे इस समस्त भारत पर विजय का वर्णन सुन्दर शब्दों मे दिया गया है। इस विजय-

समुद्रगुप्त का दिग्विजय काल-क्रम

यात्रा मे समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त के नव राजाओं तथा दक्षिणापथ के बारह नरेशों को परास्त किया। मध्य भारत के समस्त जङ्गल के राजाओ को अपना सेवक बनाया और सीमा प्रदेश के शासनकर्ताओं तथा गण राज्यो को उसने (समुद्र ने) कर देने के लिए बाध्रित किया। इस विजय के कारण समुद्रगुप्त का प्रताप ऐसा फैला कि सुदूर देशो के नरेशो (सिहल तथा कुषाण राजा) ने उससे मैत्री स्थापित की। इस प्रकार चारो दिशाओ मे विजय पताका फहराकर समुद्रगुप्त ने एकछत्र साम्राज्य स्थापित किया।

प्रयाग का प्रशस्ति-लेखक हरिषेण समुद्रगुप्त का सेनानायक तथा सान्धिविग्रहिक मत्री था। अतएव वह समुद्र के दिग्विजय से पूर्णतया परिचित होगा, इसमे किसी को भी सन्देह नही हो सकता। सेनापति द्वारा दिग्विजय का वर्णन अक्षरश: सत्य होगा। यद्यपि प्रयाग के लेख मे विजित राजाओ की नामावली दक्षिणापथ के राजाओ से प्रारम्भ होती है परन्तु इससे यह न समझना चाहिए कि समुद्रगुप्त ने दक्षिण के नरेशो पर सर्व-प्रथम आक्रमण किया। डुब्यूरिल साहब का मत है कि हरिषेण ने समुद्रगुप्त की विजय-यात्रा का वर्णन काल-क्रम के अनुसार किया है[1]।

'कौमुदी-महोत्सव' के आधार पर जायसवाल यह सिद्धान्त स्थिर करते हैं कि चन्द्र-गुप्त प्रथम ने (चण्डसेन) पाटलिपुत्र से हारकर अयोध्या मे शरण ली। वहीं से उसके पुत्र समुद्रगुप्त ने पुन: अपने राज्य की स्थापना की[2]। समुद्रगुप्त को अपने

---

१. एशेंट हिस्ट्री आफ डेकेन पृ० ३२

२. जायसवाल हिस्ट्री आफ इंडिया (१५०–३५०) पृ० १३२–४०।

समुद्रगुप्त का दिग्विजयमार्ग

दिग्विजय मे तीन युद्ध करने पड़े। सर्वप्रथम ई० स० ३४४ के लगभग उत्तरी भारत में उसे एक सामान्य लड़ाई लड़नी पड़ी, तत्पश्चात् उसने दक्षिण भारत पर आक्रमण किया। यह युद्ध दूसरे ही वर्ष (ई० स० ३४५-४६) समाप्त हुआ जिसमे बारह शत्रुओ ने भाग लिया था। समुद्रगुप्त ने इन समस्त राजाओ पर विजय प्राप्त किया। दक्षिण को विजय कर समुद्र को उत्तरी भारत मे पुनः एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़नी पड़ी। यह युद्ध एरण के समीप हुआ जिसमे मालवा से लेकर पूर्वी पजाब तक के समस्त राजा लड़े तथा परास्त हुए। जायसवाल का मत है कि इसी युद्ध मे समुद्रगुप्त ने वाकाटक-सीमा मे प्रवेश कर उनके शासनकर्त्ता रुद्रसेन प्रथम को मार डाला।

उत्तरी भारत का प्रथम युद्ध बहुत सामान्य था अतएव उत्तर मे अनेक बलवान् शत्रुओ के रहते हुए समुद्रगुप्त का दक्षिण पर आक्रमण करना राजनीति के विरुद्ध ज्ञात होता है। अतएव यह मानना युक्तिसङ्गत होगा कि प्रथम समुद्रगुप्त ने उत्तरी भारत पर विजयध्वजा फहराई तदनन्तर दक्षिणापथ की ओर अपनी दृष्टि फेरी। यहाँ पर काल-क्रम के अनुसार समुद्र के विजय का वर्णन किया जायगा।

आर्यावर्त्त का विजय

प्राचीन समय में विन्ध्य तथा हिमालय के बीच की पुण्यभूमि का नाम आर्यावर्त था। समुद्रगुप्त ने समस्त उत्तरी भारत के राजाओ को परास्त कर उनके राज्य को अपने राज्य मे सम्मिलित कर लिया। इस प्रकार वह गुप्त नरेश एकछत्र राज्य स्थापित करने मे सफल हुआ[1]। राजनीति मे ऐसे विजेता को 'असुरविजयी' के नाम से पुकारते हैं। प्रयाग की प्रशस्ति मे आर्यावर्त्त के राजाओ की निम्नलिखित नामावली दी है :—

(१) रुद्रदेव (५) गणपति नाग
(२) मतिल (६) नागसेन
(३) नागदत्त (७) अच्युत
(४) चन्द्रवर्म (८) नन्दि
(९) बलवर्मा

इन्ही नव राजाओ को समुद्रगुप्त ने परास्त किया। प्रशस्ति में 'आदि अनेक आर्यावर्त-राज' के प्रयोग से ज्ञात होता है कि समुद्र के द्वारा कुछ और भी राजा पराजित किये गये जिनके नाम का हरिषेण ने उल्लेख नही किया है। ये नरेश कौन थे, इस विषय मे कुछ मतभेद है। रैपसन का अनुमान है कि ये नव राजा विष्णुपुराण में उल्लिखित नव नाग नरेश है। इन नागवशी नरेशों ने एक सम्मिलित राज्य स्थापित किया था जिसे समुद्रगुप्त ने हरा कर अपने राज्य मे मिला लिया[2]। परन्तु इस मत के पोषक प्रमाण नहीं मिलते। सच तो यह है कि ये नव राजा भिन्न भिन्न स्थानो के शासक थे। इन राजाओ के व्यक्तित्व के विषय मे जितने ऐतिहासिक तथ्यो का पता लगा है, उनका यहाँ पर सप्रमाण क्रमशः विवेचन किया जायगा।

---

१. अनेकआर्यावर्त्तराजप्रसभोद्धरणोद्वृत्तप्रभावमहतः। —फ्लीट—गु० ले० न० १

२. जे० आर० ए० एस० १८९७ पृ० ४२१।

(१) रुद्रदेव :—आर्यावर्त के पराजित नरेशो मे रुद्रदेव का नाम सर्वप्रथम उल्लिखित है। इसके समीकरण मे बहुत मतभेद है। जायसवाल तथा दीक्षित इसका सम्बन्ध वाकाटक वंश से बतलाते हैं। उनके कथनानुसार रुद्रदेव तथा वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम एक ही व्यक्ति थे[1]। इनके मत को स्वीकार करने मे बड़ी कठिनाई उपस्थित होती है। प्रशस्ति के राजा रुद्रदेव की गणना आयावर्त के राजाओं मे की गई है परन्तु वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम दक्षिणापथ का शासक था[2]। समुद्रगुप्त ने समस्त उत्तरी भारत के राजाओं को परास्त कर उनके राज्य को अपने साम्राज्य मे सम्मिलित कर लिया। यदि वाकाटक वंश का पराजित होना सत्य होता तो वाकाटक राज्य को गुप्त-साम्राज्य के अतर्गत होना चाहिए, परन्तु समुद्रगुप्त के समय मे गुप्त राज्य एरण (मालवा) के दक्षिण मे विस्तृत नही था। ऐसी अवस्था मे तथा अन्य ऐतिहासिक प्रमाणो के अभाव मे रुद्रदेव का समीकरण वाकाटक राजा रुद्रसेन प्रथम से नहीं किया जा सकता। रुद्रदेव के विषय मे अधिक बाते ज्ञात नही हैं। आर्यावर्त के एक शासक होने की बात स्वय सिद्ध है[3]।

(२) मतिल :—इस राजा के विषय में अभी तक कोई निश्चित मत स्थिर नही है। विद्वान् इसे सयुक्त प्रात मे बुलदशहर के समीप का शासनकर्त्ता मानते हैं जहाँ पर इसकी नामाकित एक मुहर मिली है[4]। जान एलन इस विचार से सहमत नहीं हैं। इस मुहर पर नाम के साथ राजा की उपाधि नही मिलती है, अतएव उनका (एलन का) अनुमान है कि प्रशस्ति मे उल्लिखित मतिल तथा मुहर के मटिल दो भिन्न भिन्न व्यक्ति थे[5]। जायसवाल महोदय का कथन है कि मतिल अतरवेदी मे शासन करनेवाला नागवशी नरेश था[6]।

(३) नागदत्त :—प्रयाग की प्रशस्ति मे तीसरा नाम इसी का मिलता है। मथुरा के समीप बहुत से सिक्के मिले हैं जिनके नाम के अत मे 'दत्त' आता है। नागदत्त के नामात मे दत्त होने के कारण बहुत सभव है कि यह राजा भी मथुरा के आसपास राज्य करता हो, परन्तु अभी तक दत्त कुल के साथ इसका निश्चित सम्बन्ध ज्ञात नही है। जायसवाल इसे ई० स० ३२८-३४८ के लगभग नागवश का शासक मानते हैं[7]।

(४) चन्द्रवर्म —हरिषेण ने समुद्रगुप्त से पराजित नरेशो मे चन्द्रवर्म को चौथा स्थान दिया है। इसके समीकरण मे बहुत मतभेद है। पूर्वी बगाल के बाँकुडा ज़िले मे सुसुनियाँ पर्वत पर एक शिलालेख मिला है जिसमे चन्द्रवर्म का नाम उल्लिखित है।

---

१ जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५०-३५० ई०) पृ० ७७।

२ इ० हि० क्वा० भाग १ पृ० २५४।

३. प्रयाग की प्रशस्ति—गु० ले० न० १।

४ इ० ए० भाग १८ पृ० ६८६।

५. एलन—गुप्त क्वायन भूमिका पृ० ३३।

६. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५०-३५०) पृ० ३६।

७. वही पृ० ३६।

उससे ज्ञात होता है कि वह पुष्करण नामक स्थान का शासक था[1]। डा० हरप्रसाद शास्त्री पुष्करण की समता मारवाड़ में स्थित पोकरण स्थान से बतलाते हैं। इसी आधार पर उनका अनुमान है कि चन्द्रवर्म मारवाड़ का शासक था[2]। डा० भण्डारकर इस अनुमान से सहमत नही हैं। डा० चैटर्जी के कथनानुसार पुष्करण नामक स्थान बाँकुड़ा ज़िले मे स्थित है[3]। अतएव भण्डारकर प्रयाग की प्रशस्ति मे उल्लिखित चन्द्रवर्म तथा सुसुनियाँ में उल्लिखित बाँकुड़ा के शासक को एक ही व्यक्ति मानते हैं[4]। परन्तु जायसवाल इसे पूर्वी पजाब का शासक मानते हैं[5]। इस प्रकार इस राजा के विषय में कुछ निश्चयपूर्वक नही कहा जा सकता।

(५) गणपति नाग :— इसके विषय मे निश्चित बातें ज्ञात हैं। यह नागवंशी राजा था। यह नागो की राजधानी पद्मावती मे ई० स० ३१०—३४४ तक शासन करता था[6]। इस राजा के सिक्के भी नारवार तथा बेसनगर के समीप मिले है[7]। डा० भण्डारकर का मत है कि सम्भवतः यह राजा नागो की विदिशा शाखा पर शासन करता था जिसका वर्णन विष्णु पुराण में मिलता है[8]।

(६) नागसेन :—यह भी नागवशी राजा था जिसके विषय में निश्चित बातें ज्ञात हैं। नागसेन का नाम प्रयाग की प्रशस्ति में आर्यावर्त के राजाओ की नामावली से पूर्व भी उल्लिखित है। यह राजा गणपति नाग के समकालीन नागो की दूसरी शाखा पर शासन करता था। रैपसन का कथन है कि यह राजा तथा हर्षचरित में वर्णित नागसेन एक ही व्यक्ति थे[9]। बाण के वर्णन से ज्ञात होता है कि हर्षचरित में उल्लिखित नागसेन पद्मावती का शासक था जो सम्भवत. गुप्तो के अधीन था। परन्तु यह नागसेन मथुरा का शासक प्रतीत होता है[10]। अतएव हर्षचरित में वर्णित नागसेन को समुद्रगुप्त का समकालीन मानना युक्ति-सङ्गत नही है।

(७) अच्युत :—समुद्रगुप्त द्वारा पराजित राजाओ में अच्युत का सातवाँ नाम है। इसके समीकरण मे बहुत मतभेद है। जायसवाल अच्युत तथा नन्दि को एक ही शब्द मानते हैं[11]। संयुक्त प्रात के बरेली ज़िले के अतर्गत अहिच्छतर (आधुनिक रामनगर)

---

१. ए० इ० भा० १२ न० ९।

२. इ० ए० १९१३।

३. ओरिजिन एड डेवलपमेंट आफ बगाली लैंगुएज पृ० १०६१।

४. इ० हि० क्वा० भाग १ पृ० २५५।

५. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५०-३५०) पृ० १४२।

६. वही पृ० ३५ तथा ३८।

७. क्वायन आफ ए शेंट इडिया पृ० १८

८. इ० हि० क्वा० भाग १ पृ० २५५।

९. नागकुलजन्मनः सारिकाश्रावितमन्त्रस्य आसीत् नाशो नागसेनस्य पद्मावत्याम्। —हर्षचरित

१०. जायसवाल—हिस्ट्री आफ इडिया (१५०–३५०) पृ० ३५।

११. वही (१५०–३५०) पृ० १३३।

मे कुछ सिक्के मिले हैं जिन पर एलन ने 'अच्यु' शब्द पढ़ा है[1]। परन्तु काशी के श्रीनाथ साह के सग्रह मे लेखक ने 'अच्युत' शब्द पढ़ा है। अनुमान किया जाता है कि सम्भवतः ये सिक्के इसी राजा (अच्युत) के चलाये हो। डा० भण्डारकर पद्मावती के नाग-सिक्को से इसकी बनावट की समता बतलाते हैं। अतएव बहुत सम्भव है कि अच्युत नागवशी राजा हो जो मथुरा के समीप शासन करता होगा[2]। जायसवाल अच्युत को अहिच्छत्र का राजा मानते हैं[3]।

(८) नन्दिः— इस राजा के विषय मे बहुत मतभेद है। पुराणों मे नागवंशी राजाओं की नामावली मे शिशुनन्दि या शिवनन्दि का सम्बन्ध मध्य भारत से बतलाया गया है। डुब्रूइल साहब नन्दि तथा शिवनन्दि की एकता सिद्ध करते हैं[4]। अनुमान किया जाता है कि नन्दि भी नागवशी राजा था।

(९) बलवर्मा :—प्रयाग की प्रशस्ति मे उल्लिखित राजाओ की नामावली मे बलवर्मा का अतिम नाम है। इसके विषय मे अभी तक कोई निश्चित मन्तव्य नहीं है। कुछ ऐतिहासिक अनुमान करते हैं कि यह राजा हर्ष के समकालीन आसाम के राजा भास्करवर्मन् का पूर्वज हो[5]। इसमे सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि आसाम आर्यावर्त मे सम्मिलित नही था। अतएव आर्यावर्त के राजा बलवर्मा को आसाम का राजा नही माना जा सकता।

आटविक-नरेश

इन आर्यावर्त के शासको को जीतकर तथा उत्तरीय भारत मे अपने राज्य का विस्तार कर समुद्रगुप्त ने दक्षिण भारत के विजय की ओर अपनी दृष्टि दौड़ाई। दक्षिण भारत के विजय करने के लिए मध्य भारत के विस्तीर्ण जगलो से होकर किसी उत्तरी भारत के विजेता को जाना पड़ेगा। समुद्रगुप्त के विषय मे भी ऐसी ही बाते हुईं। आर्यावर्त के नरेशो पर अपने प्रताप का सिक्का जमाकर जब समुद्र ने दक्षिण भारत के राजाओं के जीतने का मनसूबा बाँधा तब आटविक भूपालों का जीतना उसके लिए नितात आवश्यक हो गया। अतएव उसने इन सब राजाओ को जीता तथा अपना सेवक बनाया[6]। एरण की प्रशस्ति से भी यही सूचित होता है कि समुद्र ने मध्य भारत के जगल के राजाओ को जीतकर अपने वश मे किया। डा० फ्लीट के कथनानुसार आटविक नरेश सयुक्त प्रात के ग़ाजीपुर से लेकर मध्य प्रात के जबलपुर तक फैले हुए थे[7]।

---

१ एलन—गुप्त कायन पृ० २२, इ० म्यू० कै० प्लेट २२ न० ६।

२. इ० हि० क्वा० भाग १ पृ० २५६।

३ हिस्ट्री आफ इडिया (१५०—३५०) पृ० १३३।

४ एशेंट हिस्ट्री आफ डेकेन पृ० ३१।

५ ए इ भाग १२ पृ० ६६।

६ परिचारकीकृतसर्वाटविकराजस्य (प्रयाग की प्रशस्ति गु० ले० नं० १)।

७ फ्लीट गु० ले० पृ० १४४, ए० इ० भाग ८ पृ० २८४-८७।

दक्षिण भारत का विजय

मध्य भारत के जंगलों को पार कर समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ पर आक्रमण किया तथा वहाँ के शासको को जीतकर अपने अधीन कर लिया। प्रयाग की प्रशस्ति में दक्षिण के राजाओ का नाम दिया गया है। बहुत से ऐतिहासिक इन सब राजाओ को स्वतंत्र शासक मानते हैं। दक्षिणापथ के विजय मे इन राजाओ से समुद्रगुप्त की मुठभेड़ हुई। अधिक सम्भव है कि भिन्न भिन्न स्थानो पर इनसे लड़ाइयाँ हुई हो; परन्तु जायसवाल का कहना है कि दक्षिण के इन नरेशो ने आपस मे मिलकर कोलेरू तालाब के किनारे उत्तर के इस प्रतापी विजेता को आगे बढ़ने से रोकने के लिए तुमुल युद्ध किया। इस युद्ध में कैरल के मण्टराज तथा काची के राजा विष्णुगोप इन राजाओं के मुखिया थे, जिनके सेनापतित्व में सब ने लड़ाई में भाग लिया। उनमे कोसल तथा महाकान्तार के राजा को छोड़कर अन्य राजा सेनानायक तथा ज़िले के पदाधिकारी थे। यह युद्ध आर्यावर्त्त की पहली लड़ाई (कौशाम्बी का युद्ध) के पश्चात् ई० स० ३४५-४६ के लगभग हुआ[1]।

जो हो, यह तो निश्चित है कि समुद्रगुप्त ने समस्त दक्षिण के राजाओ को परास्त किया और उसका प्रबल प्रताप सर्वत्र छा गया। इस पराक्रमी विजेता ने समस्त पराजित नरेशो को सिंहासन से च्युत किया, परन्तु उसने उनके राज्य को गुप्त साम्राज्य में सम्मिलित नही किया। समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के विजित प्रदेश उसी स्थान के शासकों को लौटा दिये तथा अपनी छत्रच्छाया के अंतर्गत होकर राज्य करने की आज्ञा दी[2]। ऐसे यशस्वी राजा को 'धर्मविजयी' के नाम से पुकारते हैं। कालिदास ने अपने दिग्विजयी नरेश रघु के भी 'धर्मविजयी' राजा होने का वर्णन किया है[3]।

दक्षिणापथ के पराजित राजाओ की नामावली हरिषेण ने प्रयाग के लेख में निम्नलिखित प्रकार से दी है—

(१) कौसलक महेन्द्र।
(२) महाकान्तारक व्याघ्रराज।
(३) कैरलक मण्टराज।
(४) पैष्ठपुरक-महेन्द्रगिरि-कौट्टूरक स्वामिदत्त[4]।

---

१. जायसवाल – हिस्ट्री आफ् इंडिया (१५०—३५०) पृ० १३८-३९।

२. सर्वदक्षिणापथराजग्रहणमोक्षानुग्रह जनितप्रतापोन्मिश्रितमहाभाग्यस्य – प्रयाग का लेख —गु० ले० नं० १

३. ग्रहीतप्रतिमुक्तस्य स धर्मविजयी नृपः।
श्रियं महेन्द्रनाथस्य जहार, न तु मेदिनीम्॥ —रघुवंश सर्ग ४।

४. प्रशस्ति मे उल्लिखित इस नाम के पद-विच्छेद मे विद्वानो मे गहरा मतभेद है। डा० स्मिथ तथा डी० आर० भण्डारकर इसमे पदविच्छेद करके दो राजाओं के उल्लिखित होने के सिद्धान्त को मानते हैं। उनके सिद्धान्त के अनुसार पैष्ठपुर का राजा महेन्द्र गिरि तथा कौट्टूर का राजा स्वामिदत्त था। गिरि शब्द गोसाइयों के नाम के अन्त मे आया करता है, अतएव वह महेन्द्र गिरि को महेन्द्रनामक गोसाईं राजा मानते हैं। (इं० हिं० क्वा० भाग १ पृ० २५२) परन्तु इस मत के मानने मे सबसे बड़ी आपत्ति यही मालूम पड़ती है

(५) ऐरण्ड पल्लक दमन।
(६) काञ्चेयक विष्णुगोप।
(७) अवमुक्तक नीलराज।
(८) वैङ्गेयक हस्तिवर्म।
(९) पालक्ककोग्रसेन।
(१०) देवराष्ट्रक कुबेर।
(११) कौस्थलपुरक धनञ्जय।

अब यहाँ पर प्रत्येक स्थान तथा राजा के विषय मे ऐतिहासिक विवेचन क्रमशः किया जायगा।

(१) कोसल महेन्द्र

दक्षिणापथ का यह पहला नरेश महेन्द्र कोसल का राजा था। यहाँ पर कोसल से अभिप्राय दक्षिण कोसल का समझना चाहिए। यह तो सुप्रसिद्ध बात है कि भारत में दो कोसल थे—उत्तर कोसल तथा दक्षिण कोसल। उत्तर कोसल की राजधानी अयोध्या थी, अतः यह प्रदेश आर्यावर्त के ही अतर्गत था। दक्षिणापथ मे उल्लिखित होने के कारण यहाँ कोसल शब्द दक्षिण-कोसल के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। इसमे आज कल के मध्यप्रदेश के बिलासपुर, रायपुर तथा सम्भलपुर के ज़िले सम्मिलित थे। इसकी राजधानी श्रीपुर थी जो आजकल रायपुर जिले का सिरपुर नामक नगर है[१]। राजा महेन्द्र के विषय मे अन्य कोई बात ज्ञात नही है।

(२) महाकान्तारक व्याघ्रराज

राजा व्याघ्रराज महाकान्तार का शासक था। महाकान्तार मध्यप्रदेश के विस्तीर्ण जगलो के लिए प्रयुक्त होता है। अतः इस राजा की स्थिति गोडवाना के पूर्व वनमय प्रदेश मे थी। कुछ लोग इसे गजाम तथा विज़गापट्टम जिले के झारखण्ड बतलाते हैं[२]। यह व्याघ्रराज कौन था? इसके विषय मे अभी तक कोई निश्चित मत स्थिर नही हुआ है। यह व्याघ्रराज गज शिलालेख के वाकाटक पृथ्वीषेण प्रथम का पादानुध्यात

कि गिरि शब्द का प्रयोग दशनामी सम्प्रदाय के अन्तर्भुक्त गोसाइयो के लिए उत्तरी भारत में ही हुआ करता है। गोसाई शासक मध्यप्रदेश मे किसी समय मे बडे प्रभावशाली थे, परन्तु चौथी शताब्दी में गोसाई के लिए गिरि शब्द का प्रयोग तथा सुदूर दक्षिण मे गोसाई शासक का अस्तित्व दोनो ही सन्देहजनक हैं। अतएव महेन्द्रगिरि को शासक का नाम न मानकर स्थान-विशेष का ही नाम मानना उचित है। इसलिए इस शब्द के द्वारा स्वामिदत्त नामक शासक का ही उल्लेख लेखक को युक्तियुक्त प्रतीत होता है। बहुमत भी इसी पक्ष मे है (जायसवाल—हिस्ट्री आफ इंडिया पृ० १३७, फ्लीट—गुप्त लेख पृ० ७, रायचौधरी—हिस्ट्री पृ० ३६६, रामदास—इ० हि० क्वा०, भा० १ पृ० ६८१, मडुआ—प्राचीन ब्राह्मी प्रशस्ति पृ० २२४)।

१ इ० हि० क्वा० भा० १० (१९३४) पृ० ६५

२ वही पृ० ६८४।

व्याघ्रदेव प्रतीत हो रहा है[१]। डा० भण्डारकर व्याघ्रराज की समानता दूसरे ही व्याघ्रराज से बतलाते हैं जो उच्चकल्प के राजा जयन्त (ई० स० ४२३) का पिता था और वाकाटको की अधीनता मे मध्यप्रदेश मे शासन करता था[२]।

(३) कैरलक मण्टराज

इस राजा का नाम मण्टराज था। यह कैरल देश का राजा था। कैरल केरल का दूसरा रूप है। इससे दक्षिण का मालाबार नही समझना चाहिए। इसे दक्षिण कोसल तथा मद्रास के बीच मे कही होना चाहिए। डा० कीलहार्न इसकी समता गोदावरी तथा कृष्णा के बीच कोलेरु कासार से बतलाते हैं[३]। डा० रायचौधरी इसे मध्यप्रदेश मे स्थित बतलाते हैं। महाकवि धोयी ने पवनदूत में केरल लोगो का सम्बन्ध ययाती नगरी से बतलाया है[४]। यह नगरी सोनपुर के समीप महानदी के किनारे केरल देश की राजधानी थी। कैरल का नाम महाकान्तार के बाद उल्लिखित है, अतएव यह स्थान उड़ीसा तथा मद्रास प्रात के मध्य मे होना चाहिए।

(४) पैष्ठपुरक-महेन्द्रगिरि-कौट्टूरक-स्वामिदत्त

स्वामिदत्त इन तीन स्थानों--पैष्ठपुर, महेन्द्रगिरि तथा कौट्टूर--का शासक था। मद्रास प्रात के गोदावरी ज़िले का पीट्टापुर पैष्ठपुर ज्ञात होता है। सम्भवतः यही स्थान कलिङ्ग देश का प्रधान नगर था। महेन्द्रगिरि तथा कौट्टूर आजकल गजाम ज़िले मे हैं। महेन्द्रगिरि पूर्वी घाट की पहाड़ियो का मूलस्थान है। कौट्टूर महेन्द्रगिरि से बारह मील दक्षिण-पूर्व मे आज भी कोट्टूर के नाम से विख्यात है। अतः यह स्वामिदत्त कलिङ्ग देश का राजा प्रतीत होता है।

(५) एरण्डपल्लक दमन

राजा दमन एरण्डपल्ल नामक स्थान का शासक था जो समुद्रगुप्त के द्वारा पराजित किया गया। इस शासक के विषय मे कुछ निश्चित रूप से ज्ञात नही है परन्तु एरण्डपल्ल को फ्लीट साहब खानदेश मानते हैं। प्रयाग की प्रशस्ति में यह स्थान गिरि कौट्टूर के पश्चात् उल्लिखित है अतएव इसे खानदेश में स्थित नही मान सकते। कलिङ्ग के राजा देवेन्द्र वर्मा के सिद्धान्त ताम्रपत्र में एरण्डपल्ल का नाम आया है, इस लिए कलिङ्ग के समीप गञ्जाम ज़िले मे स्थित चिकाकोल के समीप एरण्डपल्ली से इसकी समता की जा सकती है। नामों के क्रमशः उल्लेख से एरण्डपल्ली से समीकरण युक्तियुक्त प्रतीत होता है।

---

१. वाकाटकानां महाराज श्री पृथ्वीषेणपादानुध्यातो व्याघ्रदेव मातापित्रोः पुण्यार्थम्--गु० ले० न० ५४।

२. इं०, हि० क्वा० भा० १ पृ० २५१।

३ ए० इ० भा० ११ पृ० १८९।

४. लाला नेतुं नयनपदवीं केरलीना रतेश्चेत्, गच्छेः ख्याता जगति नगरीं अख्ययातां ययातेः।

(६) काञ्चेयक विष्णुगोप

विष्णुगोप नामक राजा काञ्ची का शासक था जो प्राचीन काल में पल्लवो की राजधानी थी। समुद्रगुप्त से मुठभेड़ करनेवाले राजा विष्णुगोप के व्यक्तित्व के विषय में मतभेद है। डा० कृष्णस्वामी का कथन है कि इस विष्णुगोप का समीकरण पल्लवों के प्राकृत तथा सस्कृत लेख वाले विष्णुगोप से नहीं कर सकते[१]। जो हो, यह तो निर्विवाद है कि पल्लवो का सम्बन्ध सर्वदा काञ्ची से था, अतएव वहाँ का शासक विष्णुगोप अवश्य ही पल्लव राजा होगा।

(७) अवमुक्तक नीलराज

नीलराज अवमुक्त नामक स्थान का राजा था। अभी तक किसी के विषय मे कोई निश्चित बातें ज्ञात नही हैं। कुछ लोगों का कथन है कि नीलराज गोदावरी के समीप अव देश का शासक था[२]।

(८) वैङ्गेयक हस्तिवर्म

यह स्थान मद्रास प्रात के कृष्णा जिले मे स्थित है। इस स्थान का आधुनिक नाम वेङ्गी या पेडवेङ्गी है जिसका शासक हस्तिवर्म था। कुछ विद्वानों का मत है कि हस्तिवर्मन् वेंगी का एक शालकायनवशीय राजा था जिसका नाम नन्दिवर्मन् द्वितीय के पेडवेंगी ताम्रपत्र मे उल्लिखित है। यह ताम्रपत्र भी शालकायन वश का ही है[३]। इस राजा को हुल्स पल्लववशी नरेश मानते हैं[४]। बहुत सम्भव है कि पल्लवो का अधिकार वेङ्गी पर भी हो तथा उसी के वशज वहाँ का शासन करते हों।

(९) पालक्ककोग्रसेन

राजा उग्रसेन पालक्क का शासक था। इस दक्षिणापथ के नरेश के विषय में कुछ भी निश्चित बातें मालूम नही हैं। कुछ विद्वान् सुदूर दक्षिण मे मालाबार के पालघाट से पालक्क की समता मानने है[५]। परन्तु यह मत मान्य नही हैं। पल्लवों के ताम्रपत्र मे पालक्क का नाम आता है[६] अतएव सम्भवत यह स्थान पल्लवो के अधिकार में होगा जहाँ उनके प्रतिनिधि शासक थे। इससे प्रकट होता है कि पालक्क कृष्णा जिले मे कोई स्थान होगा।

---

१ कनट्रीब्यूशन आफ साउथ इडिया पृ० १६५।

२ हिस्ट्री आफ इडिया (१५०–३५०) पृ० १३८।

३ जरनल आफ आन्ध्र हि० रि० सोसाइटी १ पृ० ९२।

४ इ० एन० भा० ९ पृ० १४२।

५ जे० आर० ए० एस० १८१७ पृ० ८७३।

६. वेकय्या की वार्षिक रिपोर्ट १९०४-५।

(१०) देवराष्ट्रक कुबेर

देवराष्ट्र स्थान का राजा कुबेर था। इस स्थान को कतिपय विद्वान् महाराष्ट्र देश मानते हैं[१]। परन्तु यह मत सर्वथा अमान्य है। देवराष्ट्र एलमचि कलिङ्ग (जिसका आधुनिक नाम येलमचिली है) देश का एक ज़िला (विषय) था जिसका नाम पूर्वी चालुक्य राजा भीम के दानपत्र में उल्लिखित है[२]। देवराष्ट्र कृष्णा ज़िले के समीप आन्ध्र-देश का कोई स्थान था। इसके शासक कुबेर के विषय में कुछ ज्ञात नही है।

(११) कौस्थलपुरक धनञ्जय

राजा धनञ्जय कौस्थलपुर का शासक था। अभी तक इस स्थान तथा इसके शासक धनञ्जय के विषय मे कोई निश्चित मन्तव्य स्थिर नहीं हुआ है। डा० बारनेट का मत उचित ज्ञात होता है कि कौस्थलपुर आरकाट में स्थित कुट्टलुर नामक स्थान है[३]।

यह विचारणीय प्रश्न है कि समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के विजय में किस मार्ग का अवलम्बन किया तथा वह पुनः उत्तरीय भारत मे किस रास्ते से लौटा। प्रशस्ति मे उल्लिखित राजाओं की नामावली से प्रकट होता है कि समुद्र जगल के राजाओं को जीतकर मध्यप्रदेश मे पहुँचा। वहाँ से महाकोसल तथा महाकान्तार के मार्ग से होता हुआ कलिङ्ग के समीप उसने समस्त नरेशो को परास्त किया। दक्षिण-पूरब के प्रदेशो को अपने अधीन करते हुए समुद्रगुप्त ने काञ्ची पर आक्रमण किया। परन्तु इसमें सन्देह है कि इस प्रतापी गुप्तनरेश ने पल्लवों की राजधानी काञ्ची नगरी पर धावा किया हो, क्योकि पल्लव राज्य कृष्णा तक विस्तृत था और प्रायः युद्ध में सीमा पर ही राजाओं में मुठभेड़ होती है। इस कारण विष्णुगोप ने कृष्णा के समीप अपने राज्य की सीमा पर समुद्र को आगे बढ़ने से अवश्य ही रोका होगा। बैनर्जी महोदय का मत है कि सम्भवतः स्वामिदत्त, दमन तथा कुबेर ने विष्णुगोप के साथ संघ बनाकर समुद्रगुप्त का सामना किया था[४]। उपर्युक्त विवेचन से ज्ञात होता है कि समुद्रगुप्त का आक्रमण-मार्ग महाकोसल से दक्षिण-पूरब भाग से होते हुए कृष्णा तक पहुँचा था।

समुद्रगुप्त का आक्रमण-मार्ग

समुद्रगुप्त ने इस मार्ग से दक्षिण में आक्रमण किया; परन्तु उसके प्रत्यागमन-मार्ग के विषय में गहरा मतभेद है। यदि एरण्डपल्ल की समता ख़ानदेश में स्थित एरण्डोल, पालक्क की पालघाट तथा देवराष्ट्र की महाराष्ट्र से मानी जाय तो यह सम्भव है कि समुद्र कोसल से पूर्वी भाग मे होता हुआ पच्छिम से लौटा। परन्तु विद्वानो का यह मत युक्ति-सङ्गत नहीं है। प्रथम तो इन स्थानो का समीकरण सन्दिग्ध है और हमारे मत मे ये स्थान (एरण्डपल्ल, पालक्क व देवराष्ट्र) इन स्थानो से सर्वथा भिन्न हैं। अतः समुद्र-

१. इं० हि० का० भा० १ पृ० ६८४।

२. मद्रास रिपोर्ट आन इपिग्राफी १९०९ पृ० १०८-९।

३. कलकत्ता रिव्यू १९२४ पृ० २५३ नोट।

४. राखालदास बैनर्जी कृत हिस्ट्री आफ़ ओरिसा भाग १ पृ० ११६-१७

गुप्त का पच्छिम के मार्ग से लौटना ठीक नही। इससे भी प्रबल हमारे मत का पोषक प्रमाण यह है कि वाकाटको के पराजय का वर्णन कही वर्णित नही है। गुप्तो का समकालीन वाकाटक वश एक प्रतापी राज-वश था। इसका मूलस्थान, जैसा कि पहले बतलाया गया है, मध्यभारत मे था। परन्तु इस समय इसका प्रताप बुन्देलखण्ड से लेकर कुन्तल (करनाटक) तक फैला था। इस वश का पृथ्वीषेण प्रथम समुद्र का समकालीन प्रतीत होता है, क्योकि इसी के लडके रुद्रसेन द्वितीय के साथ समुद्र के पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपनी कन्या का विवाह किया था। यदि समुद्रगुप्त पच्छिम के मार्ग से लौटता तो पृथ्वीषेण प्रथम के साथ कही न कही उसकी मुठभेड अवश्य होती और इस प्रतापी नरेश की विजय वार्ता को समुचित शब्दो मे वर्णन करने से हरिषेण बाज़ न आता। परन्तु प्रयाग की प्रशस्ति मे ऐसी महत्त्वपूर्ण घटना का उल्लेख न होने से यही प्रतीत होता है कि समुद्रगुप्त पच्छिम के मार्ग से लौटा ही नहीं। बल्कि वह जिस पूर्वी भाग से गया था उसी मार्ग से लौटा।

सीमात राज्यो का विजय

समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के राजाओं को परास्त कर सीमात नरेशो (प्रत्यत नृपतियो) को विजय करने की ठानी। इस विजय-यात्रा मे दो प्रकार के शासको को उस गुप्त नरेश ने परास्त किया जिनका नामोल्लेख हरिषेण ने किया है। इन पराजित नरेशो मे पॉच भिन्न भिन्न प्रदेशो के शासक थे जो नृपति शब्द से सम्बोधित किये गये हैं। इन राजाओं के अतिरिक्त नव राज्यो का नाम मिलता है जो गण राज्य के नाम से पुकारे जाते हैं। इन गण-राज्यो की शासन-प्रणाली उन पॉच राज्यो से भिन्न थी, इसी लिए इनके नाम के साथ नृपति शब्द का उल्लेख नही मिलता। अतएव इस यात्रा में समुद्र ने उत्तर तथा पूरब के राजाओं तथा पच्छिम के नव गण-राज्यो को अपने अधीन किया।

समुद्रगुप्त की नीति इन राजाओं के प्रति भिन्न थी। उसने अपने प्रबल शासन से उनको सब प्रकार का कर देने, आज्ञा मानने तथा प्रणाम करने के लिए बाधित किया[1]। समुद्र से पराजित समस्त सीमात राजाओ के नाम नहीं मिलते, परन्तु इनके राज्यो की निम्न नामावली का उल्लेख प्रयाग की प्रशस्ति मे मिलता है—

(१) समतट

सर्वप्रथम समुद्र ने पूरब के राज्यो पर आक्रमण किया जिसमे समतट का पहला नाम है। यह पूर्वी बगाल के समुद्रतट का प्रदेश है। यह गगा तथा ब्रह्मपुत्र की धाराओ के मध्यभाग मे स्थित है। कोमिल्ला के समीप कर्मान्त इसकी राजधानी थी[2]।

(२) डवाक

समतट के पश्चात् डवाक का नाम आता है जिस पर समुद्र ने आक्रमण किया। इस राज्य की सीमा मे उत्तरी बगाल के बोगरा, दीनाजपुर तथा राजशाही के ज़िले सम्मि-

---

१. सर्वकरदानआज्ञाकरणप्रणामागमनपरितोषितप्रचण्डशासनस्य (प्रयाग की प्रशस्ति, गु० ले० न० १)।

२. भट्टसाली—आइकानोग्राफी पृ० ४।

लित थे। इसका नाम समतट तथा कामरूप के बीच होने के कारण प्रतीत होता है कि ढाका और चटगाँव के ज़िले से सीमित राज्य का नाम डवाक हो।

(३) कामरूप

इसका आधुनिक नाम आसाम है। परन्तु प्राचीन काल में प्राग्ज्योतिष राज्य का कामरूप एक भाग हो।

(४) नेपाल

यह राज्य आज भी इसी नाम से सयुक्त प्रात तथा बिहार के उत्तर में स्थित है। सम्भवतः प्राचीन नेपाल इतना विस्तृत नही था। समुद्रगुप्त का समकालीन जयदेव प्रथम नेपाल का शासक था; परन्तु इसका नाम प्रशस्ति में उल्लिखित नही है। इसी राजा के समय से नेपाल मे गुप्त सवत् का प्रयोग प्रारम्भ हुआ।

(५) कर्तृपुर

समुद्रगुप्त से पराजित सबसे अतिम उत्तर का राज्य कर्तृपुर है जिसके आक्रमण के पश्चात् समुद्र पच्छिम की ओर बढ़ा। इस राज्य का आधुनिक नाम कर्तारपुर है जो पजाब के जालधर ज़िले मे स्थित है। नेपाल के पश्चात् समुद्र ने कर्तृपुर पर धावा किया अतएव सम्भवतः यह राज्य कमायूँ, गढ़वाल तथा रुहेलखण्ड मे सीमित हो।

गुप्तवशी इस पराक्रमी विजेता ने पूरब और उत्तर के राजाओ को परास्त कर अपनी दृष्टि पश्चिम की ओर फेरी। ये गण-राज्य बहुत प्राचीन काल से भारत के पश्चिमीय प्रातो में शासन करते थे। उन समस्त सघो का समुद्रगुप्त ने समूल नाश कर दिया और उसी समय से भारत मे सघ शासन का अभाव हो गया। समुद्र की नीति सब पर एक ही थी। उनसे कर लिया और वे उसकी अधीनता स्वीकार कर सीमा पर शासन करते रहे। प्रयाग की प्रशस्ति मे इन नव सघो का नाम मिलता है—

गण-राज्य

(१.) मालव

नव गण-राज्यो में मालव का नाम सर्वप्रथम मिलता है। मालव नाम की एक बहुत प्राचीन जाति थी जो उत्तर-पश्चिम मे निवास करती थी। ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी मे ग्रीक लोगो ने मल्लोई (Malloi) के नाम से इसका उल्लेख किया है। सिकन्दर से भी मालव लोगो की मुठभेड़ हुई थी। कालान्तर मे इन लोगो ने अपना निवास राजपूताने मे स्थापित किया जहाँ पर शक राजा नहपान के जामाता उषवदात से मालवो का युद्ध हुआ था। इस जाति के निवास के कारण उस स्थान का नाम 'मालवा' हो गया। विक्रम सवत् से भी इनका सम्बन्ध बतलाया जाता है और इसी कारण विक्रम सवत् को मालव सवत् भी कहते हैं[1]। समुद्रगुप्त के समय मे यह जाति मध्यभारत में निवास करती थी। ई० तीसरी सदी के बहुत से सिक्के जयपुर

१. मन्दसोर प्रशस्ति मे इसी सवत् मे काल-गणना दी गई है—

मालवाना गणस्थित्या याते शतचतुष्टये। गु० ले० नं० १८।

राज्य के नागर स्थान मे मिले हैं जिन पर—मालवाना जयः मालवगणस्य जय लिखा मिलता है[1]।

(२) अर्जुनायन

यह गण-नामावली की दूसरी जाति है जो समुद्र के हाथों परास्त हुए। बृहत् सहिता मे इसका नाम यौधेय के साथ आता है तथा लेख॰ मे मालव और यौधेय के बीच मे उल्लिखित है। इस आधार पर यह प्रकट होता है कि यह जाति मध्यभारत में मालवो तथा यौधेयो के निवासस्थान (पूर्वी पञ्जाब) के बीचोबीच निवास करती थी। इस जाति के बहुत से सिक्के भरतपुर व अलवर राज्य में मिले हैं जिन पर 'अर्जुनाय-नाना जयः' लिखा है[2]।

(३) यौधेय

यह जाति भारत के पश्चिमोत्तर प्रात मे बहुत प्राचीन काल से निवास करती थी। पाणिनि ने (ईसा पूर्व ५००) इस जाति को आयुधजीविन सघ मे उल्लिखित किया है[3]। ई० स० १५० मे महाक्षत्रप रुद्रदामन् ने क्षत्रियो मे वीर की उपाधि धारण करनेवाले यौधेयो को परास्त किया था[4]। भरतपुर राज्य मे प्राप्त विजयगढ लेख में यौधेयो के 'महाराज महासेनापति' उपाधि धारण करनेवाले अधिपति का उल्लेख मिलता है। इन सब विवेचनो से ज्ञात होता है कि यौधेय एक बलशाली जाति समझी जाती थी जिसे समुद्रगुप्त द्वारा पराजित होना पडा। अनुमान किया जाता है कि पंजाब की बहावलपुर रियासत मे रहनेवाली योहिया नामक जाति यौधेयो की आधुनिक वशधर है तथा उस प्रदेश का योहियावार नाम इन्ही यौधेयो से निकला है। यौधेयो के छोटे-छोटे तॉबे के सिक्के मिलते हैं जिन पर 'यौधेयाना गणस्य जयः' या 'भगवतो स्वामिन ब्रह्मण यौधेयदेवस्य' लिखा रहता है[5]।

(४) मद्रक

प्राचीन काल मे मद्रको का निवासस्थान उत्तर-पश्चिम मे था। पाणिनि इसे आयुधजीविन सघ के नाम से पुकारते हैं[6]। झेलम तथा रावी के बीच का भाग मद्र-देश के नाम से प्रसिद्ध था[7]। इससे प्रकट होता है कि समुद्रगुप्त ने पश्चिमोत्तर की ओर जाकर इस गण जाति को परास्त किया। इसके पश्चात् समुद्र ने पश्चिम की ओर बसनेवाली जातियो पर आक्रमण किया।

---

१ जे० आर० ए० एस० १८९७ पृ० ८८३।

२ इ० म्यू० कै० पृ० १६१।

३ अष्टाध्यायी ५।३।११४

४. सर्वक्षत्राविष्कृतवीरशब्दजातोत्सेकाविधेयाना यौधेयाना (ए० इ० भा० ८ ' ० ४७)।

५ क्वायन आफ ऐशेंट इडिया प्लेट ६।

६ मद्रवृज्ययो कन्।

७. आर्क० सर्वे रिपोर्ट भा० २ पृ० १४।

(५) आभीर

आभीर जाति की सम्भवतः दो शाखाएँ थीं जो पंजाब तथा मध्यभारत मे निवास करती थीं। सिकन्दर से इनका युद्ध हुआ था जिनको ग्रीक ऐतिहासिको ने सोड्राई (Sodrai) लिखा है। संस्कृत साहित्य मे इनको शूद्र कहते हैं और पतञ्जलि ने भी महाभाष्य[1] में इनका वर्णन किया है। पञ्जाब की शाखा के अतिरिक्त आभीर लोग पश्चिमी राजपुताना और मध्यभारत में निवास करते थे। दूसरी शताब्दी मे आभीर लोगों का प्रताप विशेष रूप से फैला था। इसी समय इन्होंने पश्चिमी भारत के शासक शक महाक्षत्रप को परास्त किया और आभीर ईश्वरसेन ने शासक का स्थान ग्रहण कर लिया था[2]। आभीरो के निवासस्थान होने के कारण झाँसी तथा भिलसा के मध्यभाग को आहिरवाड़ा कहते हैं[3]। समुद्रगुप्त ने इस बढ़ते हुए आभीरो के प्रवाह को रोका जिसके कारण ये उसके अधीन हो गये।

(६) प्रार्जुन

इस गण-राज्य के स्थान के विषय में अभी तक कुछ बातें ज्ञात नही हैं। इसका नाम मध्य भारत के सघ-राज्यो के साथ उल्लिखित है अतएव ये भी मध्य भारत मे कहीं स्थित होंगे।

(७) सनकानीक

यह भी मध्यभारत का गण-राज्य था। समुद्रगुप्त के पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय के उदयगिरि के लेख मे सनकानीक महाराजा का वर्णन मिलता है कि सनकानीक शासक गुप्तों के अधीन थे[4]। इससे प्रकट होता है कि समुद्रगुप्त के समय में ही सनकानीक शासक परास्त हुए जो सम्भवतः उदयगिरि प्रदेश (आधुनिक भिलसा) के समीप निवास करते थे।

(८) काक

काक नामक गण-राज्य के विषय में अभी तक कोई निश्चित मत स्थिर नही है। पराजित गण-राज्यों की नामावली से यही ज्ञात होता है कि गुप्त नरेश ने इसके शासक को भी परास्त किया। महाभारत (६, ६. ६४) मे भी काक लोगो का वर्णन मिलता है। (ऋपिका विदर्भाः काका तुंगना परितुंगना) समुद्र के पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय का एक लेख काकनाड (साँची) नामक स्थान से मिला है जिससे प्रकट होता है कि यह स्थान समुद्र

---

१. महाभाष्य १ । २ । ३

२. गुण्डा की प्रशस्ति से ज्ञान होता है कि ईश्वरसेन अभीरों का सेनापति था। परन्तु नासिक गुहा नं० १० के लेख मे आभीर ईश्वरसेन दो वर्ष का शासनकर्ता प्रकट होता है—आभीरस्य ईश्वरसेनस्य द्वितीयसंवत्सरे।

३. जे० आर० ए० एस० १८९७ पृ० ८९१।

४. गु० ले० नं० ३।

के समय मे गुप्तो के अधीन हो गया था[१]। इस लेख के आधार पर ज्ञात होता है कि सॉची के समीपवर्ती प्रदेश का नाम काक या काकनाड था। जायसवाल भिलसा से बीस मील उत्तर काकपुर नामक स्थान मे काको का निवासस्थान बतलाते हैं[२] जिसका नाम सम्भवतः काक जाति के रहने के कारण पडा हो।

(६) खर्परिक

इस गण-राज्य का नाम मध्यभारतीय संघो मे उल्लिखित होने के कारण यह ज्ञात होता है कि इनका निवासस्थान मध्य प्रात हो[३]।

समुद्रगुप्त की विजय-यात्रा की दुदुभि समाप्त होने पर उसके दिग्विजय का प्रताप सुदूर-देशों मे फैल गया। उस विजेता की अतुल कीर्ति इस चरम सीमा को पहुँची कि विदेशी राज्यो को बाधित होकर उससे मित्रता की भीख मॉगनी

विदेश मे प्रभाव

पडी। इसी मैत्री के कारण उन पर गुप्त नरेश ने आक्रमण नही किया तथा उनका राज्य शातिमय रहा। विदेशी राजाओ ने केवल मित्रता का दिखलावा नही किया प्रत्युत उसे कितनी ही चीज़ें भेट मे दी। इन नरेशो ने आत्मनिवेदन, अपनी कन्याओ की भेट तथा अपने राज्य (विषय-भुक्ति) मे शासन करने के लिए गरुड़ की मुहर से मुद्रित अधिकार (Charter, फरमान) मॉगे[४]। इन विदेशी राजाओं का नाम प्रयाग की प्रशस्ति मे निम्न प्रकार से उल्लिखित है—'दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि शकमुरुण्डैः सैंहलकादिभिश्च'।

इसमे किन किन राजाओं का उल्लेख है, इस विषय में गहरा मतभेद है। कतिपय विद्वान् अनुमान करते हैं कि इस उल्लेख से पॉच राजाओ—(१) दैवपुत्र शाहि, (२) शाहानुशाहि, (३) शक, (४) मुरुण्ड तथा (५) सैंहल का बोध होता है[५]। दूसरे लोग चार राजाओ का उल्लेख मानते हैं। इन भिन्न-भिन्न मतो का कोई विशेष पार्थक्य न होने से यह मानना युक्तिसंगत है कि दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि की पदवी से एक ही नरेश का बोध होता है। इसी प्रकार शक, मुरुण्ड तथा सैंहल का भी नाम उसी के साथ उल्लिखित है।

(१) दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि

यह एक पदवी है जो विदेशी राजा के लिए प्रयोग की गई है। पश्चिमोत्तर प्रात में एक कुषाण नामक विदेशी जाति गुप्तो से पहले ही शासन करती थी। इन

---

१ गु० ले० न० ५।

२ जे० बी० ओ० आर० एस० २८।

३ इ० हि० क्वा० १९२५ पृ० २५८।

४. आत्मनिवेदनकन्योपायनदानगरुत्मदङ्कस्वविषयभुक्तिशासनयाचना— फ्लीट—गु० ले०न० १।

५. एलन—गुप्त कायन पृ० ७९।

राजाओं के लेख तथा सिक्के पर इस पदवी का उल्लेख मिलता है[1]। कुषाणों के राज्य नष्ट होने के पश्चात् बहुत सी जातियाँ गन्धार के समीप शासन करती थीं। इनका नाम किदार कुषाण है जो बड़े कुषाणों के स्थान पर पश्चिमोत्तर प्रांत में शासन करने लगी। उस समय कोई भी उस प्रदेश में प्रभावशाली राजा नहीं था अतएव बहुत सम्भव है, इन छोटे (किदार) कुषाणों ने पहले के कुषाणों को इस लम्बी पदवी को धारण किया हो। इन्हीं समस्त नरेशों ने समुद्रगुप्त के प्रबल प्रताप के सम्मुख शिर झुकाया तथा उससे मित्रता स्थापित की।

(२) शक

विदेशी राजाओं की नामावली में शक जाति को दूसरा स्थान मिला है। इन्होंने भी पश्चिमोत्तर किदार कुषाणों के सदृश समुद्रगुप्त के प्रताप के सामने सिर झुकाया। गुप्तों से पहले शक जाति पश्चिम तथा मध्य भारत में शासन करती थी। इस शक से सौराष्ट्र के शक क्षत्रप तथा मध्य भारतीय शक नरेशों का तात्पर्य है। इन्हीं शक नरेशों का एक लेख साँची के समीप मिला है जिससे ज्ञात होता है कि महादण्डनायक श्रीधरवर्मन् ई० स० ३१६ के लगभग राज्य करता था[2]। इस लेख के द्वारा मध्यभारत में शकों का अस्तित्व ज्ञात होता है तथा उपर्युक्त बात को पुष्टि होती है। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है कि समुद्र के सम्मुख सभी विदेशियों के समान शकों का भी स्थान रहा परन्तु इसके पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शकों को परास्त कर उनके राज्य को गुप्त-साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया।

(३) मुरुण्ड

शकों के पश्चात् मुरुण्ड जाति के शासकों ने भी समुद्रगुप्त की शरण ली तथा उसकी छत्रछाया में रहकर वे शासन करते रहे। मुरुण्ड जाति के विषय में विद्वान् भिन्न-भिन्न अनुमान करते हैं। स्टेनकेनो का कथन है कि मुरुण्ड पृथक् कोई जाति नहीं थी। शक भाषा में मुरुण्ड का अर्थ है स्वामिन्[3]। अतएव शक मुरुण्ड से शक जाति के स्वामी या राजा का बोध होगा। पुराणों में यवन तथा तुषार के साथ मुरुण्ड शब्द मिलता है[4] अतएव यह प्रतीत होता है कि मुरुण्ड जाति यवनों के साथ

---

१. शाहानुशाहि ईरान की प्रभुत्व-सूचक राजाओं की पदवी है। इनका ही कुषाणों ने अनुकरण किया तथा अपने लेखों व सिक्कों पर इसे स्थान दिया। संस्कृत में इस पदवी को महाराजा राजति राजा के रूप में पाते हैं जिसे हिन्दू राजा भी धारण करते थे। आरा की प्रशस्ति (का० इन० इन्डी० भा० २ पृ० ८६) तथा मथुरा के समीप प्राप्त एक लेख में (आर० सर्वे रिपोर्ट १६११-१२ पृ० १२४) महाराजा राजति राजा व देवपुत्र की उपाधि कुषाण राजाओं के लिए प्रयुक्त हैं। कुषाण-सिक्कों पर इस पदवी का ग्रीक रूपान्तर शावो-नैनो-शावो (Shao Nano Shao) उत्कीर्ण रहता है।

२. ए० इ० भा० १६ पृ० २३२। जे० आर० ए० एस० १६२३ पृ० ३३७।

३. राय-चौधरी पोलिटिकल हिस्ट्री आफ ऐंशेंट इंडिया पृ० ३७३।

४. मत्स्य पुराण।

पश्चिमोत्तर प्रान्त मे निवास करती हो जहाँ से समुद्रगुप्त से उन लोगो ने मित्रता स्थापित की हो।

(४) सैंहल

समुद्रगुप्त का प्रभाव सुदूर पश्चिमोत्तर प्रदेशो मे तो फैला था ही, परन्तु इससे भी दूर दक्षिण भारत के समीपस्थ द्वीपो मे भी उसकी कीर्ति ने अपना स्थान बनाया। प्रशस्ति मे 'सर्वद्वीपवासिभिः' का उल्लेख है परन्तु उनमे केवल सैंहल का नाम ही मिलता है। इस सैंहल द्वीप से लङ्का का तात्पर्य है। इसका राजा मेघवर्ण गुप्त विजेता समुद्र का समकालीन था जिसका शासनकाल ई० स० ३५१—७९ तक माना गया है। इसी राजा मेघवर्ण ने समुद्र से मित्रता स्थापित की तथा उसके उपलक्ष मे अपने दूत के साथ-साथ अमूल्य रत्न भी भेंट मे भेजा। मेघवर्ण का विचार था कि बुद्धगया मे बौद्ध यात्रियो के विश्राम के लिए एक मठ बनवाया जाय जिसकी आज्ञा उसने गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त से माँगी। समुद्र ने अपने सम्मान के बदले मे उसे मठ निर्माण की आज्ञा दे दी, तदनुसार मेघवर्ण ने कला-कौशल से युक्त उस मठ मे रत्नजटित बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करवाई। सातवी शताब्दी के चीनी बौद्ध यात्री ह्वेनसाग ने उस मठ का सुन्दर शब्दो मे वर्णन किया है[1]। इस वर्णन से प्रकट होता है कि समुद्रगुप्त ने अन्य विदेशियो से अपनी मित्रता का निर्वाह किस सीमा तक किया। इस प्रकार गुप्त नरेश का प्रताप हिमालय से लेकर लङ्का आदि द्वीपो तक तथा पूरब से पश्चिम पर्यन्त विस्तृत था। क्यो न हो, उस समय इसकी समता करनेवाला कौन पुरुष था या इसके सम्मुख भुजा उठानेवाला कोई भी वीर न था जिसके विषय मे कुछ उल्लेख भी किया जा सके।

सम्राट् समुद्रगुप्त की इतनी विशाल कीर्ति का विस्तार समझते हुए यह सन्देह होता है कि क्या सचमुच उसका साम्राज्य इतनी दूर तक विस्तृत था? परन्तु ऐसी बात नही थी। समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त, दक्षिणापथ, आटविक राज्य, प्रत्यन्त नृपति तथा और द्वीपो के नरेशो पर विजय प्राप्त किया, लेकिन समस्त विजित देशो को अपने अधिकार मे नही किया। अतएव समस्त प्रदेश गुप्त साम्राज्य के अन्तर्गत नही थे। भिन्न भिन्न देशो में इसकी पृथक् पृथक् नीति थी। सुदूर देशो से समुद्र ने मैत्री स्थापित की। दक्षिण के सब शासक इसकी छत्रछाया मे रहकर अपने-अपने राज्य पर शासन करते रहे। समुद्रगुप्त ने केवल आर्यावर्त तथा जङ्गलो के समस्त देशो को गुप्त-साम्राज्य मे मिला लिया। इस प्रकार समुद्र का साम्राज्य उत्तरी भारत से मध्य प्रदेश तक विस्तृत था। समुद्रगुप्त ने देशवर्द्धन की नीति को ग्रहण नही किया। उसका दिग्विजय का मुख्य ध्येय अपनी विजयपताका फहराना था। इसी कारण समुद्र ने अधिक देशो को साम्राज्य मे नही मिलाया।

राज्य-विस्तार

उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट सिद्ध है कि समुद्रगुप्त ने हज़ारो कोसो की यात्रा की तथा भारत के कोने-कोने मे अपनी विजय-दुन्दुभि बजाई। समस्त उत्तरापथ के राजाओ को

---

१. वाटर्स पृ० १७३।

जीतकर समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के राजाओं को परास्त किया। यह बिहार तथा उड़ीसा के वनमय प्रदेशों से होता हुआ मद्रास के काञ्जीवरम् नगर तक पहुँचा। भारत के पूर्वी तट पर महानदी तथा कृष्णा के बीच के देशों को पराजित कर वह स्वदेश को लौट गया। अपनी इस महान् दिग्विजय से ही वह वीर योद्धा संतुष्ट न हो सका। सीमान्त के राजाओं को भी उसने अपने वश में कर लिया। स्वतन्त्रता के परम पुजारी गणराज्यों ने भी इसके प्रबल प्रताप के आगे अपना मस्तक अवनत कर दिया। इसके अतिरिक्त इसने विदेशी राजाओं के भी दाँत खट्टे किये। पश्चिमोत्तर प्रदेश से आक्सस तक के प्रदेशों के शासक शाहानुशाहि उपाधिधारी राजाओं ने भी तथा सुदूर दक्षिण में स्थित लङ्का के राजा मेघवर्ण ने भी इसकी मैत्री की याचना की। इन राजाओं को राजाज्ञा के पालन के साथ ही साथ अपनी कन्याओं को भी विवाह में देना पड़ा। इस महान् विजय से समुद्रगुप्त का प्रभाव समस्त भारत में छा गया। चतुर्दिक् में इसकी तूती बोलने लगी। समस्त राजागण नत-मस्तक हो उसका नाम स्मरण करने लगे। भिन्न-भिन्न दिशाओं में आरोपित विजय-वैजयन्तियों के द्वारा मानो इसका यश स्वर्गलोक में भी जाने का तथा उसे भी व्याप्त करने का प्रयत्न करने लगा। कहने का तात्पर्य यह है कि उस समय उसका यश अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच गया था तथा उसके समान प्रतापी एवं पराक्रमी नरेश उस समय कोई दूसरा न था।

अश्वमेध यज्ञ

अपने महान् विजयरूपी यज्ञ के पूर्णाहुति-स्वरूप अब समुद्रगुप्त ने अश्वमेध यज्ञ करने का निश्चय किया। प्राचीन काल में अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान सार्वभौम प्रभुता का सूचक था। इस यज्ञ को वही नरेश कर सकता था जो सर्वश्रेष्ठ राजा समझा जाता था। अतः समुद्रगुप्त का इस काल में अश्वमेध यज्ञ करना सर्वथा उचित ही था। इस यज्ञ में दान देने के लिए समुद्रगुप्त ने सोने के सिक्के भी ढलवाये थे। उन सिक्कों पर एक ओर यज्ञस्तम्भ (यूप) में बँधे हुए घोड़े की मूर्ति है तथा दूसरी ओर हाथ में चँवर लिये समुद्रगुप्त की महारानी का चित्र अंकित है। इन सिक्कों पर 'अश्वमेधपराक्रमः' लिखा हुआ है। समुद्रगुप्त के वंशजों ने उसके लिए 'चिरोत्सन्नाश्वमेधाहर्त्तुः' शब्द का प्रयोग किया है। इससे ज्ञात होता है कि चिरकाल से न होनेवाले अश्वमेध यज्ञ का उसने फिर से अनुष्ठान प्रारम्भ किया। उसने उस वैदिक प्रथा का पुनः प्रचलन किया जो काल की कुटिलता से चिरकाल से प्रायः बन्द सी हो गई थी। इस प्रकार से अश्वमेध यज्ञ का विधिवत् अनुष्ठान कर अपने प्रबल बाहुओं से उपार्जित एकाधिपत्य का उसने यज्ञ विधान के द्वारा भी समर्थन कराया।

समुद्रगुप्त के समय के केवल तीन शिलालेख प्रयाग[1], एरण[2] (सागर ज़िला, मध्य-प्रदेश) तथा गया[3] इन तीन स्थानों में मिले हैं जिनमें केवल गया की प्रशस्ति में ही तिथि

१. का० इ० इ० न० १।
२. वही नं० २।
३. ए० इ० भा० १३।

का उल्लेख मिलता है। इस लेख की तिथि गुप्त संवत् के नवें वर्ष की है जो ईसवी सन् (३१९+९) ३२८ वर्ष मे पड़ती है। डा० रायचौधरी को इस लेख के तिथि पाठ पर विश्वास नही है[1]। डा० फ्लीट तो गया की प्रशस्ति को कल्पित बतलाते हैं[2]। परन्तु भारत के सुप्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बैनर्जी का कथन है कि यह प्रशस्ति जाली (कल्पित) नहीं है; तथा वे इस नवें वर्ष की तिथि को सत्य मानते हैं[3]। समुद्रगुप्त के काल निर्णय मे गया की प्रशस्ति तथा चन्द्रगुप्त द्वितीय की मथुरा की प्रशस्ति से बड़ी सहायता मिलती है। मथुरा का शिलालेख चन्द्रगुप्त द्वितीय की सर्वप्रथम प्रशस्ति है, तथा इसकी तिथि गुप्त संवत् के ६१वें वर्ष की है। इसी आधार पर यह अनुमान किया गया है कि समुद्रगुप्त ईसा के ३८० वर्ष के (३१९+६१) पहले ही अपने राज्य शासन की समाप्ति कर चुका होगा। जब यह (समुद्रगुप्त) ३२८ ई० मे राज्य करता था तब ज्ञात होता है कि यह कुछ वर्ष पहले ही सिंहासनारूढ हुआ होगा। अतः समुद्रगुप्त का शासनकाल ३२५ ई० से लेकर ३७५ ई० तक माना जाता है।

काल-निर्णय

समुद्रगुप्त केवल युद्ध-कला मे ही निपुण नही था परन्तु राजनीति मे भी बड़ा ही दक्ष था। उसके साम्राज्य की शासन-व्यवस्था तथा अन्तरराष्ट्रीय संबंध पर विचार करने पर उसकी नीति का परिचय पर्याप्त मात्रा मे मिलता है। गुप्त साम्राज्य को सुदृढ़ तथा सुसंगठित करना उसका ध्येय था। वह सर्वत्र एक ही नीति पर अवलम्बित नही रहा परन्तु प्रत्येक प्रदेश के राजाओं के साथ उसने भिन्न भिन्न नीति का बर्ताव किया। समस्त राज्यो को जीतकर अपनी छत्रछाया मे रखकर उनके ऊपर शासन करना उसकी नीति के विरुद्ध था। उसके पूर्वजो का राज्य-विस्तार बहुत ही कम था अतः उसने उत्तरापथ के राज्यो को जीतकर अपने साम्राज्य मे मिला लिया। इन आर्यावर्त्त के नरेशो के प्रति उसका व्यवहार अत्यन्त कठोर था। उनकी स्वतन्त्रता को छीन करके उसने विस्तृत साम्राज्य की स्थापना की थी। समुद्रगुप्त ने अपना साम्राज्य सुरक्षित करने के लिए सीमान्त के मगध तथा उड़ीसा के मध्य जङ्गलो के राजाओं को अपना सेवक बनाया। इसी कारण वे नरेश गुप्त-राजाओं के सदा सहायक बने रहे। यही नीति आधुनिक काल मे भी दृष्टिगोचर होती है। भारतीय सरकार ने भारत के सीमान्त प्रदेश नेपाल, अफग़ानिस्तान आदि से सन्धि स्थापित की है तथा शेष राजाओं को कर देने, प्रणाम करने तथा अपनी आज्ञा मानने पर विवश किया है। ठीक यही नीति समुद्रगुप्त की भी थी। आज इस बीसवी शताब्दी मे जिस कूट-नीति के बर्तने के कारण ॲगरेज़ जाति प्रवीण राजनीतिज्ञ समझी जाती है ठीक उसी कूटनीति का व्यवहार आज से १६०० वर्ष पहले इस वीर भारतीय सम्राट् ने किया था। समुद्रगुप्त अपने प्रभुत्व स्थापन के लिए कठोरता का व्यवहार नही करता था बल्कि उसने निर्बल तथा पराजित राष्ट्रो के प्रति उदारता का बर्ताव भी किया। कितने ही

नीति-निपुणता

---

१ राय-चौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री आफ एंशेंट इंडिया पृ० सं० ३७५।

२. फ्लीट—गुप्त लेख भूमिका

३. बैनर्जी—महेन्द्रचन्द्र नन्दी लेक्चर्स पृ० ८।

नष्ट राजवशों को इसने फिर से प्रतिष्ठापित किया। दक्षिणा पथ के राजाओं के प्रति उसने अनुग्रह दिखलाया तथा उनको अपने वश में करके पुनः मुक्त कर दिया। इन राजाओं को सदा ही इसने वैतसी वृत्ति का पाठ सिखलाया। प्रायः इसने दक्षिणापथ के राजाओ को परास्त करके उनकी लक्ष्मी को ही चुराया, उनकी पृथ्वी (राज्य) को नही लिया। मानो महाकवि कालिदास ने रघु के दिग्विजय के व्याज से इसी धर्म-विजयी नरेश के दिग्विजय का वर्णन किया है—

ग्रहीतप्रतिमुक्तस्य स धर्मविजयी नृपः।
श्रियं महेन्द्रनाथस्य, जहार न तु मेदिनीम् ॥ रघुवंश—सर्ग ४

इस प्रकार समुद्रगुप्त एक धर्मविजयी नरेश था। महमूद ग़ज़नवी आदि पुरुषों की नाईं इसका कार्य प्रजा को लूटना खसोटना नही था बल्कि यह उनके विजित राष्ट्र को भी लौटा देता था। यह विजित राष्ट्रों से कर लेकर ही संतुष्ट हो जाता था— राजाओं को 'करदीकृत' करना ही इसका परम ध्येय था।

सुदूरवर्ती विदेशियो के साथ इसने मित्रता का व्यवहार स्थापित किया। विदेशियो ने भी इसकी विविध प्रकार की सेवा की तथा इसकी राजाज्ञा की भिक्षा माँगी। उपर्युक्त नीति के ही आधार पर इसने अपने साम्राज्य का सङ्गठन किया। इसने साम, दाम, दण्ड, भेद इन चारो नीतियो को व्यवहृत किया। उसकी नीति न तो अत्यन्त कठोर थी और न अत्यन्त मृदुल। उसकी बुद्धि अत्यन्त तीक्ष्ण थी परन्तु अरुन्तुदा न थी। प्रतापी होने पर भी उसका कर्म शान्त था। उसका उष्ण मन दूसरे को व्याकुल करनेवाला नही था[1]।

देश-काल के अनुसार उसने अपनी नीति का प्रयोग किया। स्मिथ महोदय ने समुद्रगुप्त पर 'राज्यो के अपहरण करने का' अभियोग लगाया है। परन्तु उनकी धारणा नितात निराधार है। हिन्दू नीतिशास्त्र के अनुसार समस्त राजाओं मे वह सर्वोपरि बनना चाहता था परन्तु अन्य राज्यो का अपहरण कर उन्हे अपनी छत्रछाया में रखना ही उसका प्रयोजन नही था। उसे राज्य की तृष्णा नही थी परन्तु भारत मे साम्राज्य के प्रभुत्व को प्राप्त करने के यश का तथा अतुलनीय पराक्रम से उत्पन्न कीर्ति का वह लोभी था। प्रयागवाली प्रशस्ति में निम्नलिखित प्रकार की नीतियो का वर्णन मिलता है—

(१) राजग्रहण मोक्षानुग्रह = राजाओं को जीतकर, अनुग्रह से उनको पुनः राज्याधिकार देना। यह नीति दक्षिणापथ के राज्यो के प्रति व्यवहृत की गई थी।

(२) राजप्रसभोद्धारण = बलपूर्वक राज्यो को साम्राज्य मे मिलाना। इसका प्रयोग आर्यावर्त के राजाओं प्रति हुआ था।

---

१. महाकवि माघ ने इसी बात को निम्नलिखित श्लोक में कितनी सुन्दर रीति मे अभिव्यक्त किया है—

तीक्ष्णा नारुन्तुदा बुद्धिः, शान्त कर्म स्वभावजम्।
नोपतापि मनः सोष्म, वागेका वाग्मिनः सतः ॥

(३) परिचारकीकृत = सेवक बनाना। वन के नरेशों के साथ इसका व्यवहार हुआ।

(४) करदानाज्ञाकरण प्रणामागमन = कर देना, आज्ञा मानना तथा प्रणाम करना। प्रत्यन्त नृपति तथा गण-राज्यो के साथ समुद्रगुप्त ने इस नीति के द्वारा बर्ताव किया था।

(५) भ्रष्टराज्योत्सन्नराजवंशप्रतिष्ठा—नष्ट राज्यो की पुनः स्थापना करना। दक्षिणापथ के राजाओ के साथ यह नीति व्यवहृत हुई थी। इससे समुद्रगुप्त के विशाल-हृदय का परिचय मिलता है।

(६) आत्मनिवेदन, कन्योपायन-दान, गरुत्मदङ्क-स्वविषयभुक्ति-शासन-याचना—आत्मसमर्पण, कन्या का विवाह, गरुड़ की मुद्रा से अंकित अपने विषय तथा भुक्ति में राजाज्ञा की भिक्षा मॉगना[1]। समुद्रगुप्त ने इस नीति का व्यवहार विदेशी राजाओ के साथ भी किया था।

(७) प्रत्यर्पणा[2]—विजित राजाओं के छीने हुए धन को पुनः लौटा देना।

हरिषेण ने वर्णन किया है कि समुद्रगुप्त कुबेर, वरुण तथा इन्द्र के समान था तथा उसके सेवक विजित राजाओ के धन को लौटाने मे तल्लीन थे[3]।

उपर्युक्त विभिन्न व्यवहृत नीतियो के वर्णन से समुद्रगुप्त की नीति-निपुणता तथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति-कुशलता का पूर्ण परिचय मिलता है। अतः यदि समुद्रगुप्त को कुटिल राजनीतिज्ञ कहा जाय तो इसमे कुछ भी अत्युक्ति नहीं होगी। सम्राट् अशोक के पश्चात् समुद्रगुप्त ने पुनः एकराट् साम्राज्य की स्थापना की। इसने ही सर्वप्रथम स्वतन्त्रता का पुनः शखनाद किया था। अपनी अद्‌भुत नीति-निपुणता के कारण इसने गुप्त-साम्राज्य की नीव इतनी सुदृढ बनाई कि कई शताब्दियो तक प्रबल पराक्रमी शत्रु इसे हिलाने मे समर्थ नही हो सके। इसने चञ्चला राजलक्ष्मी को भी अपनी परिचारिका बनाया था इसी कारण यह राज्यलक्ष्मी इसके वशजो को सैकडो वर्षों तक नही छोड़ सकी। इसने अपने राज्य मे इतना सुदृढ शासन स्थापित किया कि खुले राजद्रोह की तो कथा ही क्या, कोई भी इसके विरुद्ध अपना सिर तक नही उठा सका। दुष्टो को दण्ड देकर तथा सज्जनो की रक्षा कर इसने अपने राज्य मे शान्ति-स्थापना की। यदि गुप्त-साम्राज्य को चिर स्थायिता प्रदान करने का किसी को श्रेय है तो सब से प्रधान श्रेय सम्राट् समुद्रगुप्त को ही है।

---

१ कुछ विद्वानो मे 'गरुत्मदङ्क-स्वविषयभुक्ति-शासनयाचना' के अर्थ मे गहरा मतभेद है। जायसवाल महोदय का मत है कि विदेशियो ने उसकी अधीनता स्वीकार कर गरुडध्वज से अङ्कित समुद्रगुप्त के सिक्को को अपने राज्य (विषय-भुक्ति) मे प्रचलित करने की आज्ञा मॉगी थी।

२. स्वभुजबलविजितानेकनरपतिविभवप्रत्यर्पणानित्यनित्यव्यापृतायुक्तपुरुषस्य। —प्रयाग की प्रशस्ति।

३ धनदवरुणेन्द्रान्तकसमस्य। —वही।

ऊँपर लिखा जा चुका है कि सम्राट् समुद्रगुप्त कितना शक्तिशाली तथा प्रभावशाली राजा था। बहुधा देखा जाता है कि अनेक महाराजा सर्व-सम्पत्ति-सम्पन्न होने पर भी अपने पारिवारिक जीवन से सुखी नहीं रहते हैं। उनका पारिवारिक जीवन कष्टमय रहता है तथा उनको कभी शान्ति नहीं मिलती। कभी सन्तानहीन होने का कष्ट उन्हें सताता है तो कभी स्त्री का तथा दुष्टा होने का दुःख उन्हे पीड़ित करता है। कभी भाई के द्वारा राज्य-षड्यन्त्र की चिन्ता उन्हे लगी रहती है तो कभी भोजन में विष का सन्देह उनके हृदय को सदा सशंकित बनाये रहता है। कौन नही जानता कि पुत्रहीन दिलीप को दुःख से दग्ध गर्म आँसू पीने पड़े थे तथा अपनी सन्तान के कुपुत्र होने के कारण शाहजहाँ को कारागार के भीतर नरक की यातना सहनी पड़ी थी। परन्तु ऐसी दुर्घटनाएँ सम्राट् समुद्रगुप्त के जीवन मे कभी नही हुई। न तो उसे पुत्रो की कमी थी और न सत्पुत्रो का अभाव। उसके राज्य-वैभव से सम्पन्न गृह मे अनेक पुत्र, पौत्र नित्य क्रीड़ा किया करते थे तथा उसकी व्रतिनी कुलवधू उसे नित्य आनन्द देती थी। एरण की प्रशस्ति मे समुद्रगुप्त के पारिवारिक जीवन के विषय में क्या ही अच्छा लिखा है—

पारिवारिक जीवन

> ...स्य पौरुषपराक्रमदत्तशुल्का,
> हस्त्यश्वरत्नधनधान्यसमृद्धियुक्ता।
> ...गृहेषु मुदिता बहुपुत्र-पौत्र-
> सङ्क्रामणी कुलवधूः व्रतिनी निविष्टा॥

जब समुद्रगुप्त के सुख का अनुमान किया जाता है तो ईर्ष्या सी उत्पन्न होने लगती है। एकछत्र साम्राज्य, समस्त सामन्त राजाओं का स्वामित्व-स्वीकार, समस्त भारत मे यशःस्थापना, अश्वमेध-पराक्रम मे प्रसिद्धि, दीनानाथो का शरणत्व, चारो ओर प्रभाव, तिस पर भी घर में अनेक सुयोग्य पुत्र, पौत्र तथा व्रतिनी कुलवधू, इन सबका सुन्दर सयोग। अब इससे अधिक क्या चाहिए था। अवश्य ही बुढ़ापे में प्रबल प्रतापी सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) जैसे सुयोग्य, सुशासक पुत्र को पाकर समुद्रगुप्त अपने को कृतकृत्य समझता होगा। अपनी व्रतिनी कुलवधू का स्मरण तथा दर्शन अवश्य ही उसे आनन्द-सागर मे डुबो देता होगा।

राजनैतिक जीवन मे प्रसिद्धि तथा पारिवारिक जीवन के आनन्द की कल्पना से अवश्य समुद्रगुप्त का हृदय स्वर्गीय आनन्द से फूला न समाता होगा। चन्द्रगुप्त द्वितीय जैसा जिसे पुत्ररत्न हो उसके भाग्य से देवता भी ईर्ष्या करते होगे। समुद्रगुप्त के परिवार मे कोई भी व्यक्ति (भाई आदि) ऐसा न था जिसके कारण उसको कुछ भी कष्ट हुआ हो। यदि उसके जीवन पर हम दृष्टिपात करते हैं तो हमें उसका जीवन आदि से अन्त तक सुखमय ही मिलता है। वस्तुतः संसार के इतिहास मे समुद्रगुप्त के समान भाग्यशाली विरले ही पुरुष मिलेंगे। अब अन्त मे हम भी हरिषेणका निम्नाङ्कित श्लोक देकर इस पुनीत चरित्र को समाप्त करते हैं।

यस्य—

प्रदानभुजविक्रमप्रशमशास्त्रवाक्योदयै-
रुपर्युपरि सञ्चयोच्छ्रितमनेकमार्गं यश. ।
पुनाति भुवनत्रय पशुपतेर्जटान्तर्गुहा-
निरोधपरिमोक्षशीघ्रमिव पाण्डु गाङ्ग पय: ।।

रामगुप्त

गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के पश्चात् इस विशाल गुप्त-साम्राज्य का कौन उत्तराधिकारी हुआ, इस विषय मे विद्वानो मे गहरा मतभेद है । गुप्त लेखो से ज्ञात होता है कि समुद्रगुप्त का पुत्र चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य अपने पिता के बाद राजसिंहासन पर बैठा । परन्तु आधुनिक काल मे ऐतिहासिक पण्डितो ने गुप्तो के एक नये राजा की खोज निकाला है जिसे वे रामगुप्त के नाम से सम्बोधित करते हैं । उन विद्वानो का कथन है कि समुद्रगुप्त तथा द्वितीय चन्द्रगुप्त के मध्यकाल मे रामगुप्त नामक एक गुप्त-नरेश ने अल्प समय तक शासन किया । रामगुप्त की ऐतिहासिक स्थिति के न माननेवाले विद्वानो का कथन है कि गुप्त-लेखो मे इस राजा का उल्लेख नही मिलता और न इसी का कोई लेख मिला है । जितने साहित्यिक प्रमाण हैं वे छठी शताब्दी के पूर्व के नही हैं । परन्तु ऐसे विवाद मे कोई सार नही है । अनेक गम्भीर तथा प्रामाणिक साहित्यिक प्रमाणो के आधार पर इस नये राजा रामगुप्त की स्थिति मानने मे तनिक बाधा नही प्रकट होती । इन साहित्यिक प्रमाणो की पुष्टि एक काच नामक सिक्के से होती है जो रामगुप्त का (काच का नही) सिक्का है । इस सङ्क्षिप्त उपक्रम के बाद रामगुप्त की ऐतिहासिकता पर विचार किया जायगा ।

रामगुप्त की ऐतिहासिक वार्त्ता

रामगुप्त के आधारभूत प्रमाणो पर विचार करने से पूर्व इसके सङ्क्षिप्त ऐतिहासिक विवरण से परिचित होना अधिक उचित है । उन प्रमाणो के अध्ययन से पता लगता है कि गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के बाद उसका पुत्र रामगुप्त (शर्मगुप्त) राजसिहासन पर बैठा । यह अत्यन्त बुजदिल तथा कमज़ोर हृदय का मनुष्य था । उसके समकालीन शक राजा ने रामगुप्त पर आक्रमण किया । सन्धि के फल-स्वरूप इस गुप्त नरेश ने अपनी साध्वी पत्नी ध्रुवदेवी को शको को समर्पित करने का वचन दिया था । इस सन्धि के बाद रामगुप्त के छोटे भाई चन्द्रगुप्त द्वितीय ने ध्रुवदेवी का वेष बनाकर शको के समीप जाने का निश्चय किया । ऐसा करने मे वह सफल हुआ तथा उसने शकपति को मार डाला । इस घटना के पश्चात् रामगुप्त —चन्द्रगुप्त या उसके प्रोत्साहक द्वारा—मार डाला गया । पति (रामगुप्त) की मृत्यु के उपरान्त महारानी ध्रुवदेवी ने अपने देवर (चन्द्रगुप्त द्वितीय) से विवाह कर लिया । रामगुप्त के बाद यही चन्द्रगुप्त राजसिंहासन पर बैठा । गुप्तो के इस नये राजा रामगुप्त की जीवन-सम्बन्धी इतनी ही घटनाओ का वर्णन मिलता है जिसका अनेक साहित्यिक ग्रथकारो ने अपनी पुस्तको मे उल्लेख या उद्धरण किया है ।

रामगुप्त के उपर्युक्त संक्षिप्त चरित्र-चित्रण के आधारभूत प्रमाणों का यदि सूक्ष्म रीति से अध्ययन किया जाय तो समस्त वार्ता स्वतः मालूम हो जायगी। इनका विचार तिथिक्रम के अनुसार किया जायगा।

साहित्यिक प्रमाण

सबसे पहला संस्कृत ग्रंथ 'देवीचन्द्रगुप्तम्' नामक नाटक है जिसमें रामगुप्त की जीवन-सम्बन्धी घटनाओं का वर्णन मिलता है। यह नाटक अभी तक अप्राप्य है। परन्तु इसके थोड़े से उद्धरण रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र कृत 'नाट्यदर्पण' नामक ग्रंथ में मिलते हैं। प्रश्न यह प्रस्तुत होता है कि 'देवीचन्द्रगुप्तम्' नाटक का रचयिता कौन है तथा वह किस शताब्दी में वर्त्तमान था। विद्वानों का अनुमान है कि मुद्राराक्षस के कर्त्ता विशाखदत्त ही इस अप्राप्य नाटक के रचयिता हैं। विशाखदत्त अधीन राजवंश में उत्पन्न हुए थे तथा छठी शताब्दी में वर्तमान थे। यह नाटककार राजनीति, और श्रृङ्गारशास्त्र का ज्ञाता तथा अनेक नाटकों का रचयिता था[1]। ऐसे राजवंश में उत्पन्न तथा विद्वान् की लेखनी को अप्रामाणिक मानना न्याय-रहित है। अतएव 'देवीचन्द्रगुप्तम्' के उन ऐतिहासिक उद्धरणों को यहाँ उद्धृत किया जाता है[2]।

देवीचन्द्रगुप्तम्

(१) यथा देवीचन्द्रगुप्ते द्वितीयेऽङ्के प्रकृतीनामाश्वासनाय शकस्य ध्रुवदेवी-सम्प्रदाने अभ्युपगते राज्ञा रामगुप्तेनारिवधनार्थं यियासुः प्रतिपन्नध्रुवदेवीनेपथ्यः कुमारचन्द्र-गुप्तो विज्ञपयन्नुच्यते—

एतत्स्त्रीवेषधारि चन्द्रगुप्तबोधनार्थमभिहितमपि विशेषणसाम्येन ध्रुवदेव्या स्त्रीविषयं प्रतिपन्नम्, इति।

(२) आर्तिः खेदो व्यसनमिष्टाद्विरोधः यथा देवीचन्द्रगुप्ते राजा चन्द्रगुप्तमाह—

अत्र स्त्रीवेषनिह्नुते चन्द्रगुप्ते प्रियवचनैः स्त्रीप्रत्ययाद्ध्रुवदेव्या गुरुमनुसंतापरूपस्य व्यसनस्य संप्राप्तिः।

(३) इयमुन्मत्तस्य चन्द्रगुप्तस्य मदनविकारगोपनपरस्य मनोजशत्रुभीतस्य राजकुलगमनार्थं निष्क्रमसूचिकेति।

(४) यथा देवीचन्द्रगुप्ते चन्द्रगुप्तो ध्रुवदेवीं दृष्ट्वा स्वगतमाह—इयमपि सा देवी तिष्ठति। यैषा

रम्या चारतिकारिणी च करुणाशोकेन नीता दशाम्
तत्कालोपगतेन राहुशिरसा गुप्तेव चान्द्रीकला।
पत्युः क्लीबजनोचितेन चरितेनानेन पुंसः सतः
लज्जाकोपविषादभीत्यरतिभिः क्षेत्रीकृता ताम्यते।
अत्र ध्रुवदेव्यभिप्रायस्य चन्द्रगुप्तेन निश्चयः।

---

१. कुर्वन् बुद्ध्या विमर्शं प्रसृतमपि पुनः संहरन्कार्यजातम्
कर्त्ता वा नाटकानामिममनुभवति क्लेशमस्मद्विधो वा। —मुद्राराक्षस ४।३

२ जरनल एशिएटिक १९२३ पृ० २०१—०६।

देवीचन्द्रगुप्तम् के उद्धरणों के पश्चात् दूसरा शक रामगुप्त की लड़ाई का प्रमाण बाणकृत हर्षचरित (उ० ६) मे पाया जाता है। इसके वर्णन से पता चलता है कि चन्द्रगुप्त ने ध्रुवदेवी का स्वाँग बनाकर शक राजा को मार डाला।

हर्षचरित

बाण सातवी सदी के सम्राट् हर्षवर्धन के राजकवि थे। जो कुछ इन्होंने वर्णन किया है वह सब स्वय दरबार मे रहने के कारण ये जानते होंगे। हर्षचरित में निम्नलिखित वर्णन मिलता है :—

अरिपुरे च परकलत्र कामुक कामिनीवेषगुप्तः चन्द्रगुप्तः शकपतिमशातयत्।

बाणकृत हर्षचरित पर टीका करते हुए शकरार्य ने उपरिलिखित बाण के उद्धरण पर भी ठीक उसी प्रकार की ऐतिहासिक बातो से पूर्ण टीका लिखी जो वार्ता बाण ने लिखी है। शकरार्य नवी शताब्दी का टीकाकार है जिसने कामदक नीतिसार पर भी टीका लिखी। इस पुस्तक की रचना गुप्त काल मे हुई थी। अतएव राजनीतिज्ञ टीकाकार उस समय की घटनाओ से सम्भवतः परिचित अवश्य होगा। बाण के बाद चौथा प्रमाणयुक्त विवरण शकरार्य से ही मिलता है। इन्होंने टीका यो की है—

टीकाकार शकरार्य

शकानामाचार्यः शकाधिपतिः चन्द्रगुप्तभ्रातृजाया ध्रुवदेवीं प्रार्थयमानः चन्द्रगुप्तेन ध्रुवदेवीवेषधारिणा स्त्रीवेषजनपरिवृतेन व्यापादितः।

इन तीनों प्रमाणो के अतिरिक्त चौथा वर्णन राजशेखर-कृत काव्यमीमासा में मिलता है। दसवी शताब्दी के कन्नौज के शासक यशोवर्मा के राजकवि राजशेखर ने वस्तुस्वरूप का उदाहरण देते हुए अपनी पुस्तक मे एक श्लोक लिखा है जिससे रामगुप्त की जीवन-सम्बन्धी घटनाओ का पता लगता है। इसके वर्णन से ज्ञात होता है कि हिमालय पर्वत-माला मे रामगुप्त तथा शको (खसाधिपति) मे युद्ध हुआ। शर्मगुप्त ने ध्रुव-स्वामिनी खस राजा को दे दी। वहाँ एक राजा का यश स्त्रियाँ गीतो द्वारा वर्णन करती हैं—

काव्यमीमासा

दत्त्वा रुद्धगतिः खसाधिपतये देवीं ध्रुवस्वामिनीम्
यस्मात् खण्डितसाहसो निववृते श्रीशर्मगुप्तो नृपः।
तस्मिन्नेव हिमालये गुरुगुहाकोणत्क्वणत्किन्नरे
गीयन्ते तव कार्तिकेयनगर स्त्रीणा गणैः कीर्तय.॥

इन सब साहित्यिक प्रमाणों के साथ-साथ राजा भोज के शृगारप्रकाश मे कुछ उद्धरण मिलते हैं जो इन सब प्रमाणो को सबल बनाते हैं। शृगारप्रकाश मे देवी-चन्द्रगुप्तम् से ही उद्धृत वाक्य मिलते हैं। भोज ११वी सदी के धार के राजा थे। राजा होते हुए भोज बहुत बड़े विद्वान् तथा अनेक ग्रथो के रचयिता थे। इनके उद्धृत वाक्य से स्पष्ट ज्ञात होता है कि स्त्रीवेषधारी चन्द्रगुप्त ने शक राजा को मार डाला।

शृगार-प्रकाश

स्त्रीवेषनिह्नुत· चन्द्रगुप्तः शत्रोः स्कन्धावारमलिपुर शकपतिवधायागमत्।

यथा देवीचन्द्रगुप्ते शकपतिना पर कृच्छ्रमापादितं रामगुप्तस्कन्धावाराम् अनुजिघृक्षुरुपायान्तराऽगोचरे प्रतिकारे निशि वेतालसाधनम्। अध्यवस्यन् कुमार चन्द्रगुप्त आत्रेयेण विदूषकेन उक्तः।

इन साहित्यिक प्रमाणो के अतिरिक्त कुछ ऐतिहासिक उल्लेख भी मिलते हैं जिनके वर्णन से इस घटना की पुष्टि होती है। दक्षिण के राजा राष्ट्रकूटवशज अमोघवर्ष प्रथम का एक लेख मिला है[1]। इस सजन ताम्रपत्र (शक० ७९५) के वर्णन से ज्ञात होता है कि किसी दानी गुप्त-नरेश ने अपने भाई का राजसिंहासन ले लिया तथा उसकी दीन स्त्री को भी ग्रहण किया। इस गुप्त राजा का नामोल्लेख नहीं मिलता परन्तु ताम्रपत्र मे अमोघवर्ष प्रथम उस गुप्त-नरेश से भी अधिक दानशील होने का दावा रखता है। इस लेख मे सम्भवत: द्वितीय चन्द्रगुप्त का निर्देश किया गया है जिसने रामगुप्त को स्त्री से विवाह किया तथा जो उसके बाद राज्य का उत्तराधिकारी हुआ।

ऐतिहासिक प्रमाण

सजन प्लेट

सजन प्लेट के अतिरिक्त एक अन्य कथानक का पता चलता है जिससे उपर्युक्त घटनाओं की पुष्टि होती है। यह ऐतिहासिक कथानक १२वी सदी के मुजमलुत्तवारीख़ मे वर्णित है[2]। इसके वर्णन के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस इतिहासज्ञ ने इस वार्ता को उसी प्राचीन संस्कृत नाटक से लिया है और कथानक का मूल आधार देवीचन्द्रगुप्तम् ही है। वह वृत्तान्त इस प्रकार दिया गया है,—

मुजमलुत् तवारीख

राजा रव्वाल तथा वरकमारीस दो भाई थे। रव्वाल के शासन-काल में स्वयंवर मे वरकमारीस को एक राजकुमारी मिली। राजकुमारी के साथ घर लौटने पर रव्वाल उस पर मोहित हो गया तथा राजकुमारी से स्वयं विवाह कर लिया। वरकमारीस तदनन्तर विद्याभ्यास में लग गया और एक सुप्रसिद्ध विद्वान् हुआ। रव्वाल के पिता के शत्रु ने उस पर आक्रमण किया। पराजित होने पर राजा अपने भ्राता तथा समस्त सरदारो को लेकर पर्वत की चोटी पर गया जहाँ एक दुर्ग था। उस स्थान पर रव्वाल ने सन्धि के लिए प्रार्थना की। सन्धि स्वरूप रव्वाल ने अपनी स्त्री तथा सरदारो की पुत्रियो को शत्रुओ को समर्पण करने का वचन दिया। इस वृत्तात को सुनकर वरकमारीस ने राजा से आज्ञा माँगी कि मुझे तथा समस्त सरदार-पुत्रो को कुमारियो का स्वाँग बनाकर तथा एक अस्त्र के साथ शत्रु राजा के पास भेजा जाय। ऐसा वेष बनाने पर राजा वरकमारीस को अपने पास रख लेगा तथा दूसरो को अपने सरदारो मे बाँट देगा। उसने सोचा कि जब राजा मुझे एकान्त मे ले जायँगे तो मै (वरकमारीस) अस्त्र से शत्रु को मार डालूँगा। शत्रु की मृत्यु के साथ बिगुल बजेगा और उसे सुनकर समस्त नवयुवक शत्रुओ पर टूट पड़ेगे। वरकमारीस की आवाज़ को सुनते ही सैनिक शत्रु-सेना पर धावा करेंगे जिससे रव्वाल की विजय होगी।

---

१. ए० इ० भा० १८ पृ० २४८।

२. इलियट—हिस्ट्री आफ इंडिया भा० १ पृ० ११०-१२।

इस युक्ति के सफल होने पर रव्वाल विजयी हुआ। इस प्रकार उपाय करने पर भी वज़ीर ने वरकमारीस के प्रति रव्वाल के दिल मे सन्देह पैदा कर दिया। इस कारण वह पागल हो गया और शहर मे उन्मत्त की तरह घूमने लगा। संयोगवश इसी वेष मे वरकमारीस एक दिन राजमहल मे प्रवेश कर गया। वहाँ कुछ साधारण कार्य के पश्चात् उसने धोखे से राजा को मार डाला। वरकमारीस ने रव्वाल के मृत शरीर को सिंहासन से नीचे गिरा दिया। तदनन्तर वह वज़ीर तथा जनता के सम्मुख राजसिंहासन पर बैठा और रानी से विवाह कर लिया। वरकमारीस का प्रताप दूर तक फैला और समस्त भारत उसके अधिकार मे हो गया।

यह वृत्तान्त रामगुप्त तथा शको की लड़ाई और विक्रमादित्य तथा ध्रुवदेवी की ऐतिहासिक वार्ता को लक्ष्य करता है। मुजमलुत्तवारीख के रचयिता ने उसी घटना का वर्णन कुछ भिन्नता के साथ दिया है। इस कथानक मे रव्वाल के नाम की समता रामगुप्त से करना कठिन है परन्तु वरकमारीस की समता विक्रमादित्य से ठीक ठीक होती है। देवीचन्द्रगुप्तम् के उद्धृत अशो को पढने से सब बाते स्पष्ट हो जाती हैं तथा दोनो वर्णनों मे बहुत अधिक समता है।

इन समस्त ऐतिहासिक प्रमाणो पर ध्यान देने से रामगुप्त की जीवन-सम्बन्धी सच्ची घटनाओ का ज्ञान होता है। इन सब विद्वानो तथा राजनीति के पण्डितो के कथित या उद्धृत अशो की प्रामाणिकता में सन्देह नहीं होता। यद्यपि साहित्यिक प्रमाण ईसा की छठी सदी से पूर्व के नहीं हैं परन्तु उस समय जो जनश्रुति वर्तमान थी उसको भी सर्वथा निराधार नही माना जा सकता। विशाखदत्त चन्द्रगुप्त की जीवन घटनाओं से अनभिज्ञ न होगा। देवीचन्द्र-गुप्तम् के कथानक को सभी ने – बाण, शङ्करार्य, भोज तथा सजन प्लेट आदि ने–सत्य माना तथा उसका परिपोषण किया है। इन समस्त प्रमाणो के अध्ययन से यह प्रकट होता है कि रामगुप्त अत्यन्त शक्तिहीन और असमर्थ राजा था[१]। उसके राज्य पर शकों ने आक्रमण किया[२], परन्तु राज्य को सुरक्षित रखने के लिए उसने शत्रुओं से सन्धि कर ली। सन्धि के परिणाम स्वरूप उसने अपनी पत्नी ध्रुवदेवी को उन शको को समर्पण करना स्वीकार कर लिया। उसका कनिष्ठ भ्राता चन्द्रगुप्त अपने कुल की मर्यादा का ऐसा पतन न देख सका। उस वीर तथा साहसी योद्धा[३] ने ध्रुवदेवी का वेष बनाकर शत्रुओ के शिविर मे जाने का निश्चय किया ताकि उन दुष्ट नीचो (शको) के राजा को मार डाले[४]। वह (चन्द्रगुप्त) स्त्री-वेषधारी सैनिको के साथ[५] वहाँ पहुँचा जहाँ पर शक

प्रमाणों की प्रामाणिकता

---

१ पत्युः क्लीवजनोचितेन चरितेनानेन पुसः सतः। उद्धरण नं० ४।—देवीचन्द्रगुप्तम्।

२ प्रकृतीनामाश्वसनाय शकस्य ध्रुवदेवीं सम्प्रदानेऽभ्युपगते—उ० न० १।

३. एकस्यापि विधूतकेसरसटा भारस्य भीता मृगा.।
गन्धादेव हरेर्द्रवन्ति बहवो वीरस्य किं सख्यया। - शृङ्गार-प्रकाश।

४. अरिवधनार्थं—उ० न० १।

५. स्त्रीवेषपरिवृतेन (शङ्करार्य टीका)।

राजा ध्रुवदेवी (ध्रुवस्वामिनी) के आगमन का रास्ता देख रहा था। इस दल के पहुँचने पर ज्योंही शक राजा समीप आया, चन्द्रगुप्त ने उसे मार डाला।

उपर्युक्त रामगुप्त और शको के युद्ध का वर्णन सर्वत्र मिलता है। परन्तु इन उद्धृत अशों में दो नाम विलक्षण मिलते हैं जिनका निराकरण करना आवश्यक है। राजशेखर ने अपनी काव्यमीमासा मे रामगुप्त के लिए शर्मगुप्त तथा शक के लिए खस का प्रयोग किया है। बहुत सम्भव है कि रामगुप्त का दूसरा नाम शर्मगुप्त हो[1]। डा० भण्डारकर का मत है कि शक शब्द का परिवर्तित रूप खस है[2]। परन्तु प्रश्न यह होता है कि शक कौन थे। शक शब्द का प्रयोग साधारणतया भारत के बाहर से आनेवाली जातियो के लिए होता है। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त के समय में पश्चिमी भारत मे शक क्षत्रप शासन करते थे। इसके अतिरिक्त पंजाब की शक-जातियो (शक मुरुण्डैः) से इसकी मित्रता हो गई थी। प्रसिद्ध विद्वान् बैनर्जी महोदय का मत था कि समुद्रगुप्त की प्रयागवाली प्रशस्ति मे उल्लिखित कुषाण जाति ही रामगुप्त के शत्रु शक थे[3]। पश्चिमी शक क्षत्रप का शासन केवल सौराष्ट्र मे था। सम्भव है कि इसी जाति से रामगुप्त को युद्ध करना पड़ा हो। डा० अलटेकर इसी शक-क्षत्रप जाति की समता साहित्य मे उल्लिखित शको (रामगुप्त के शत्रु) से करते हैं[4]। उनका कथन है कि राजसिंहासन पर बैठने पर द्वितीय चन्द्रगुप्त ने पृथ्वी जीतने की अभिलाषा[5] से या पूर्व-शत्रुता के कारण इन शको को भारतवर्ष से निकाल बाहर करने की ठानी। उसने गुजरात तथा मालवा विजय कर और बल्ख तक आक्रमण करके इस शक जाति का सदा के लिए नाश कर डाला[6]। जो हो, परन्तु इस सिद्धान्त के मानने मे एक कठिनाई पड़ती है। पश्चिमी शक-क्षत्रपो का बल कितना भी बढ़ गया हो, लेकिन यह सम्भव नहीं कि क्षत्रपो ने सौराष्ट्र से आकर हिमालय मे (रामगुप्त व शकों का युद्धस्थान) रामगुप्त का सामना किया हो। उस समय पजाब मे छोटे कुषाणो का राज्य था। यह अधिक सम्भव प्रतीत होता है कि पंजाब मे शासन करनेवाली किसी बाहरी जाति ने हिमालय के पर्वतीय प्रदेश मे रामगुप्त से युद्ध किया हो। असावधानी के कारण व्यापक शक शब्द से उसका उल्लेख किया गया है।

रामगुप्त की ऐतिहासिक वार्ता के मूलाधार साहित्यिक प्रमाणो मे सर्वत्र उस स्थान का वर्णन नहीं मिलता है जहाँ पर रामगुप्त तथा शको मे युद्ध हुआ था। राजशेखर-कृत काव्य-

---

१ जे० बी० ओ० आर० एस० भा० १४ पृ० २८२।

२ मालवीय कामेमोरेशन वाल्यूम पृ. १८८।

३. दैवपुत्र शाहि शाहानुशाहि शकमुरुण्डैः (फ्लीट—गु० ले० नं० १।

४. जे० बी० ओ० आर० एम० भा० १८ पृ० २५१।

५. 'कृत्स्नपृथ्वीजयार्थेन'। —उदयगिरि का लेख (गु० ले० नं. ६)

६. उदयगिरि का लेख व मेहरौली का लौहस्तम्भ-लेख।

—(का०. इ० इ० भा० ३ नं० ६, ३२)

मीमासा मे केवल इसका उल्लेख मिलता है[१]। इस अश के वर्णन से ज्ञात होता है कि हिमालय के पर्वतीय प्रदेश मे कार्तिकेयनगर के समीप यह युद्ध हुआ था जिस स्थान की स्त्रियाँ एक राजा के यश को गाती हैं। गजेटियर (भा० ११ पृ० ४६३) से ज्ञात होता है कि कार्तिकेयनगर गोमती नदी की घाटी के उत्तर मे स्थित था। इसका आधुनिक नाम कार्तिकेयपुर है। यह स्थान हिमालय पर्वत मे स्थित सयुक्त-प्रात के अलमोडा जिले के अन्तर्गत बैजनाथ ग्राम के समीप था। इस स्थान का नाम कुछ राजाओ के लेखो मे उल्लिखित है[२]। इस बात की पुष्टि मुजमलुत्तवारीख के वर्णित वृत्तात से होती है। उसमे वर्णन मिलता है कि राजा रव्वाल शत्रुओ से पराजित होने पर अपने भ्राता (वरकमारीस) तथा सरदारो को लेकर पर्वत की चोटी पर गया। उस चोटी पर एक दुर्ग था जहाँ जाकर रव्वाल ने सन्धि के लिए प्रार्थना की। इन दोनो प्रमाणो के आधार पर यह ज्ञात होता है कि रामगुप्त तथा शको का युद्धस्थान हिमालय पर्वत पर कार्त्तिकेय नामक स्थान था। डा० भण्डारकर का कथन है कि कार्तिकेयनगर कर्तृपुर नामक प्रदेश मे स्थित था जो समुद्रगुप्त के समय एक प्रत्यन्त राज्य था[३]। इसका नाम प्रयाग की प्रशस्ति मे मिलता है[४]।

युद्ध-स्थान

समस्त साहित्यिक प्रमाणो मे चन्द्रगुप्त का नाम आता है जिसने शक राजा को मार डाला। परन्तु अमोघवर्ष प्रथम के सजन प्लेट मे चन्द्रगुप्त का नाम नही मिलता। उस प्लेट के आधार पर इतना ही कहा जा सकता है कि वह गुप्त नरेश बहुत दानी था जिसने अपने भ्राता के राजसिंहासन तथा स्त्री को ग्रहण कर लिया था। डा० भण्डारकर का मत है कि सजन प्लेट मे उल्लिखित गुप्त नरेश स्कन्दगुप्त है[५] परन्तु यह सिद्धान्त माननीय नही है। सजन प्लेट के वर्णन से पता चलता है कि गुप्त नरेश ने लाखो रुपए दान किये थे[६]। गुप्त नरेश स्कन्दगुप्त के शासनकाल मे हूणो से युद्ध हुआ था जिसका उसकी मुद्रानीति पर प्रभाव पडा। स्कन्दगुप्त के शासन मे विशुद्ध सुवर्ण मुद्राओ के साथ-साथ मिश्रित धातु के सिक्के तैयार होने लगे। ऐसी परिस्थिति मे सजन प्लेट के दान का वर्णन स्कन्दगुप्त के लिए प्रयुक्त नही हो सकता। इसके विपरीत गुप्त राजा विक्रमादित्य के दान तथा गुणग्राहकता का वर्णन अनेक स्थानो मे मिलता है। ह्वेनसाग ने गुप्त राजा विक्रमादित्य द्वारा कितने लाखो रुपयो को दरिद्रो मे बँटवाने का

चन्द्रगुप्त = द्वितीय चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

---

१. तस्मिन्नेव हिमालये गिरिगुहाकोणतक्वणत्किन्नरे
गीयन्ते तव कार्तिकेयनगर-स्त्रीणा गणैः कीर्तयः ॥

२ इ० ए० भा० २५ पृ० १७८। ए० इ० भा० १३ पृ० ११५।

३, मालवीय कामोमेरेशन वाल्यूम पृ० १८६।

४ का० इ० इ० भा० ३ न० १।

५, ए० इ० भा० १७ पृ० २४८।

६. लक्ष कोटिमलेखयन्किल कलौ दाता स गुप्तान्वयः।

वर्णन किया है[1]। इससे ज्ञात होता है कि ह्वेनसाग के समय (सातवीं सदी) में विक्रमादित्य नामक गुप्त-नरेश अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध था। गुप्त राजाओ की वंशावली मे स्कन्दगुप्त तथा चन्द्रगुप्त द्वितीय ने विक्रमादित्य की पदवी धारण की थी। परन्तु उपर्युक्त कथन के अनुसार स्कन्दगुप्त के लिए संजन प्लेट का वर्णन अप्रयुक्त है। अतएव यह प्रकट होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ही का निर्देश सजन प्लेट मे किया गया है। फाहियान के वर्णन से अमोघवर्ष प्रथम के कथन की पुष्टि होती है। चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के शासन-काल मे चीनी यात्री फ़ाहियान का कथन है कि प्रजा वैभव-सम्पन्न तथा सुखी थी। इस गुप्त सम्राट् की विद्वत्ता, वीरता तथा गुणग्राहकता का वर्णन भी पर्याप्त रूप से प्राप्त है[2]। इस राजा के मंत्री बड़े बड़े विद्वान् थे[3] तथा इसके दरबार मे अनेक महान् कवियो (कालिदास आदि) को आश्रय मिला था। इन सब वृत्तातो से प्रकट होता है कि साहित्य मे उल्लिखित तथा सजन प्लेट मे निर्दिष्ट राजा चन्द्रगुप्त गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त का पुत्र द्वितीय चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ही था। इसी राजा की कीर्त्ति कार्त्तिकेयनगर की स्त्रियाँ गाती थी[4]।

चन्द्रगुप्त तथा ध्रुवदेवी का विवाह

ऊपर बतलाया जा चुका है कि समस्त उद्धरणों मे उल्लिखित चन्द्रगुप्त गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त द्वितीय ही है। इसी का निर्देश सजन प्लेट मे आया है। सजन प्लेट से उद्धृत अश की प्रथम पक्ति के वर्णन से ज्ञात होता है उस गुप्त नरेश ने अपने भाई का राज्य तथा पत्नी का हरण कर लिया था। शकरार्य ने भी ध्रुवदेवी को चन्द्रगुप्त की भ्रातृजाया (रामगुप्त की स्त्री) बतलाया है परन्तु इन दो प्रमाणो के अतिरिक्त समस्त साहित्यिक उद्धरणो मे यही वर्णन मिलता है कि चन्द्रगुप्त ध्रुवदेवी के वेष मे शकराजा के समीप गया था। अतएव सजन प्लेट के आधार पर यह प्रकट होता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपने भाई रामगुप्त को मारकर ध्रुवदेवी को ग्रहण किया था। इसकी पुष्टि कुछ अशो मे देवी-चन्द्रगुप्तम् से भी होती है। पाँचवें अंक मे चन्द्रगुप्त उन्मत्त होकर रामगुप्त के महल की ओर गया था[5]। यदि मुजमलुत्तवारीख़ मे वर्णित कथानक पर ध्यान दिया जाय तो स्पष्ट मालूम होता है कि बरकमारीस (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) ने महल मे प्रवेश कर रव्वाल (रामगुप्त) को मार डाला तथा उसकी स्त्री से विवाह कर लिया। सम्भव है कि

---

१. वाटर - ह्वेनसाग जि० १ पृ० २११।

२. एकस्यापि विधूतकेसरसटाभारस्य भीता मृगाः।
गंधादेव हरेर्द्रवन्ति बहवो वीरस्य किं संख्यया।—शृंगारप्रकाश।

३. अन्वयप्राप्तसचिवो व्यापृतसन्धिविग्रहः। ३
शब्दार्थन्याय शब्दलोकज्ञ कविः पाटलिपुत्रकः॥ ४—उदयगिरि का गुहालेख।

४. गीयन्ते तव कार्त्तिकेयनगरस्त्रीणा गणैः कीर्तयः।—काव्यमीमासा।

५. इयमुन्मत्तचन्द्रगुप्तस्य मदनविकारगोपनपरस्य मना शत्रुभीतस्य (उ० न० २) इयं स्वापायशंकिनः कृतकोन्मत्तस्य कुमारचन्द्रगुप्तस्य (देवीचन्द्रगुप्ते)।

चन्द्रगुप्त ने स्वय अपने भाई की हत्या न की हो (क्योकि रामगुप्त के हृदय मे छोटे भ्राता चन्द्रगुप्त के लिए स्नेह का भाव था[1]) परन्तु गुप्त रूप से उसके प्रेरको के द्वारा यह कार्य हुआ हो।

कतिपय विद्वानों को यह सदेह होता है कि चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने रामगुप्त की विधवा स्त्री से विवाह नही किया था। परन्तु यह शका निराधार है। विशाखदत्त तथा शकरार्य के कथन (ध्रुवदेवी चन्द्रगुप्त के भ्राता रामगुप्त की स्त्री थी[2]) की प्रामाणिकता सजन प्लेट से होती है। अतएव ध्रुवदेवी रामगुप्त की स्त्री है इसमें तनिक भी सन्देह नही है। गुप्त लेखो तथा वैशाली की मुद्राओ से यह स्पष्ट प्रकट होता है कि ध्रुवदेवी चन्द्रगुप्त द्वितीय की पत्नी तथा उसके पुत्र कुमारगुप्त प्रथम व गोविन्दगुप्त की माता थी[3]। अतएव इन सबल प्रमाणो के सम्मुख तनिक भी सदेह नही रह जाता कि ध्रुवदेवी गुप्त राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय की स्त्री थी जिसे उसने रामगुप्त की मृत्यु के उपरान्त ही ग्रहण किया होगा। इस आधार पर यही कहा जायगा कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने विधवा स्त्री ध्रुवदेवी से विवाह किया।

ध्रुवदेवी के विधवा-विवाह को कोई व्यक्ति धर्मशास्त्र से असगत नही कह सकता, परन्तु धर्मशास्त्रकारों ने ध्रुवदेवी के समान विधवा के विवाह का समर्थन किया है।

नियोग प्रथा

धर्मशास्त्रो में एक विवाह की प्रथा का वर्णन है जिसे 'नियोग' कहते हैं। नियोग-प्रथा के अनुसार यदि स्त्री को कोई पुत्र न हो और उसका पति मर जाय तो वह स्त्री पति के छोटे भ्राता (देवर) से विवाह कर सकती है। गुप्तकालीन नारदस्मृति से इस सिद्धान्त के परिपोषक श्लोको को उद्धृत करना परमावश्यक है—

अपत्यार्थं स्त्रियः सृष्टा स्त्री क्षेत्र बीजिनो नराः।
क्षेत्र बीजवते देय नाबीजो क्षेत्रमर्हति ॥ १२ । १९ ॥
मृते भर्तरि सप्राप्तान्देवरादीनपास्य या।
उपगच्छेत्पर कामात्सा द्वितीया प्रकीर्तिता। १२ । ५० ॥
नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणा पतिरन्यो विधीयते। १२ । ९७ ॥

इस स्मृति के सिद्धान्त (नियोग) के अनुसार ध्रुवदेवी के साथ चन्द्रगुप्त के विवाह का समर्थन पूर्ण रीति से होता है। देवीचन्द्रगुप्तम् के वर्णन से स्पष्ट प्रकट होता

---

१. त्यजामि देवी तृणवत्त्वदन्तरे त्वया विना राजमिद हि निष्फलम्।
ऊढेति देवी प्रति मे दयालुता त्वयि स्थित स्नेहनिबन्धन मनः। (देवीचन्द्रगुप्ते)

२ चन्द्रगुप्तभ्रातृजाया ध्रुवदेवीम्।

३. परमभागवतस्य महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तस्य महादेव्या ध्रुवदेव्यमुत्पन्नस्य महाराजाधिराज-श्रीकुमारगुप्तस्य।—का० इ० इ० भा० ३ न० १०, १२, १३।

महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तपत्नी महाराजाश्रीगोविन्दगुप्तमाता महादेवी ध्रुवस्वामिनी।
—वैशाली की मुद्रा (आर्क्या० सर्वे रि० १९०३–०४)

है कि रामगुप्त नपुंसक पुरुष था। उसी प्रसग मे ध्रुवदेवी क्षेत्रीकृता भी कही गई है[1]। अतएव उस समय मे प्रचलित नियोग-प्रथा तथा देवीचन्द्रगुप्तम् के वर्णन के आधार पर चन्द्रगुप्त द्वितीय तथा ध्रुवदेवी का विवाह शास्त्र-सम्मत था।

परन्तु इस विवाह को शास्त्रानुसार सिद्ध करने के लिए यह जानना आवश्यक है कि रामगुप्त चन्द्रगुप्त द्वितीय का जेठा भाई था या नही। राजनीति के अनुसार राजा का ज्येष्ठ पुत्र ही राज्य का उत्तराधिकारी होता है। रामगुप्त के शासक होने से यह प्रकट होता है कि रामगुप्त गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त का ज्येष्ठ पुत्र था। इस कथन का समर्थन समुद्रगुप्त के एरणवाले लेख से होता है। उसके वर्णन से ज्ञात होता है कि समुद्रगुप्त के कई लड़के थे[2]। गुप्त लेखो मे चन्द्रगुप्त द्वितीय गुप्त नरेश समुद्रगुप्त का पुत्र कहा गया है[3] तथा शंकरार्य-कृत टीका और अमोघवर्ष प्रथम के सजन प्लेट से पता चलता है कि रामगुप्त चन्द्रगुप्त का भ्राता था[4]। परन्तु रामगुप्त, शासक होने के कारण, चन्द्रगुप्त का ज्येष्ठ भ्राता प्रकट होता है। इसी के आधार पर यह कहना सर्वथा सत्य है कि ध्रुवदेवी ने अपने पति (रामगुप्त) के कनिष्ठ भ्राता (अपने देवर) चन्द्रगुप्त से विवाह किया था जो धर्मशास्त्र से सम्मत है। इन सब विवेचनो से यही साराश निकलता है कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपने भाई की मृत्यु के उपरान्त धर्मशास्त्र के आज्ञानुसार ध्रुवदेवी (रामगुप्त की स्त्री) के साथ विवाह किया था।

उपर्युक्त विस्तृत विवेचनो के अनन्तर किसी ऐतिहासिक पण्डित को रामगुप्त की स्थिति मानने मे सन्देह न होना चाहिए। यद्यपि यह बात सत्य है कि गुप्त लेखो मे

रामगुप्त की मुद्रा

इस राजा का एक लेख भी नही मिलता और न इसके नाम का किसी मे उल्लेख है; परन्तु इस कारण यह नही कहा जा सकता कि गुप्त वशवृक्ष मे रामगुप्त के लिए कोई स्थान नही है। प्राय: शिलालेखो मे मुख्य वंशवृक्ष का ही उल्लेख मिलता है। शासन करनेवाले राजा के लेख मे उसके पिता तथा पुत्र का ही उल्लेख किया जाता है। उसमे भाई के नाम का समावेश नहीं होता। गुप्त नरेश कुमारगुप्त प्रथम का भाई गोविन्दगुप्त भी था जिसका नाम वैशाली की मुहरों में लिखा मिलता है; परन्तु कुमारगुप्त के लेख मे अपने पिता चन्द्रगुप्त द्वितीय तथा उनके पूर्वपुरुषों का नाम मिलता है। इसी तरह चन्द्रगुप्त के लेख मे उसके भ्राता रामगुप्त का नाम नहीं मिलता। उसने अपने पिता समुद्रगुप्त का नाम दिया है। यदि रामगुप्त का कोई पुत्र शासक होता तो उसके लेख मे रामगुप्त का नाम

---

१ पत्युः क्लीवजनोचितेन चरितेनानेन पुंसः सतः
लज्जाकोपविषादभीत्यरतिभिः क्षेत्रीकृता ताम्यते।
अत्र ध्रुवदेव्यभिप्रायस्य चन्द्रगुप्तेन निश्चयः देवीचन्द्रगुप्ते।

२. गृहेषु मुदिता बहुपुत्रपौत्रसंक्रामिणी कुलवधूः व्रतिनी निविष्टा।—का० इ० इ० भा० ३० नं० २।

३. महाराजाधिराजश्रीसमुद्रगुप्तस्य पुत्रेण तत्परिगृहीतेन महादेव्या दत्तदेव्यामुत्पन्नेन परमभागवतेन महाराजाधिराजश्रीचन्द्रगुप्तेन।—का० इ० इ० भा० ३ नं० ४, १०, १३ आदि।

४. चन्द्रगुप्तभ्रातृजाया ध्रुवदेवी—टीका शकरार्यकृत। हत्वा भ्रातरमेव राज्यमहरद्देवीं च दीनस्तथा।
—सजन प्लेट।

अवश्य मिलता, परन्तु उसके पश्चात् चन्द्रगुप्त द्वितीय ने राज्य किया। अतः उसके लेख मे रामगुप्त को कोई स्थान नही मिल सकता।

परन्तु शिलालेखो मे रामगुप्त का नाम न मिलने से यह नही माना जा सकता कि उसने शासन किया ही नही। रामगुप्त के लेख के अभाव मे इसका एक ही प्रकार का सिक्का मिलता है जिससे ज्ञात होता है कि थोड़े समय के शासन मे रामगुप्त एक ही प्रकार की मुद्रा का निर्माण करा सका। मुद्राशास्त्रवेत्ता इसको 'काच का सिक्का' कहते थे। उन विद्वानो का यह अनुमान था कि इन सिक्को को समुद्रगुप्त ने अपने भाई के नाम पर निकाला, या समुद्र की ही उपाधि का नाम काच था[1]। अतएव ये सिक्के समुद्रगुप्त के है। परन्तु अब यह मत मान्य नही है। गुप्तकालीन लिपि की ऐसी लिखावट है कि क के बदले र तथा च के स्थान पर म पढा जा सकता है[2]। एलन के गुप्त सिक्को के सूचीपत्र मे एक काच का सिक्का है जिससे स्पष्टतः राम पढ सकते हैं[3]। ऐसी अवस्था मे यही सत्य प्रतीत होता है कि काच नामधारी सिक्के रामगुप्त के है। उसके थोड़े समय के शासन-काल मे एक बनावट के ही सिक्के तैयार हो सके। उसकी बनावट तथा तौल आदि सभी तत्कालीन गुप्त मुद्रानीति के अनुसार है[4]।

राज्य-काल

ऊपर बतलाया गया है कि रामगुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त का ज्येष्ठ पुत्र था अतः उसके पश्चात् राज्य का उत्तराधिकारी हुआ। समुद्रगुप्त के शासन का अन्त ई० स० ३७५ के लगभग हुआ। चन्द्रगुप्त द्वितीय के मथुरा के लेख से ज्ञात होता है कि ई० स० ३८० (गु० स० ६१) मे वह गुप्तसाम्राज्य का शासक था। अत. वह इससे पहले राजसिंहासन पर बैठा होगा। रामगुप्त ने समुद्रगुप्त तथा चन्द्रगुप्त द्वितीय के मध्यकाल मे राज्य किया था। अतएव यह प्रकट होता है कि रामगुप्त ने ई० स० ३७५ से ३८० के बीच शासन किया। बहुत सम्भव है, वह दो वर्ष (ई० स० ३७६—३७८) तक शासन करता रहा हो।

रामगुप्त का चरित्र

रामगुप्त की जीवन-सम्बन्धी ऐतिहासिक वार्ता के अध्ययन से उस राजा के चरित्र का स्वतः ज्ञान हो जाता है। इस स्थान पर रामगुप्त के चरित्र के विषय मे कुछ कहना पुनरुक्ति होगी; तो भी कुछ कहे बिना संतोष नही होता। रामगुप्त अत्यन्त ही कायर, निर्बल तथा कमज़ोर हृदय का राजा था। जिस गुप्तवंश के सम्राट् समुद्रगुप्त ने समस्त भारत में दिग्विजय किया और जिसके प्रबल प्रताप से भयभीत होकर शको ने जिसकी मैत्री की भिक्षा माँगी थी, उसी प्रतापी वंश मे पैदा होकर रामगुप्त ने उन्ही शको से डरकर अपनी साध्वी पत्नी ध्रुवदेवी को समर्पण करने का वचन दे दिया था। जिस वंश की कीर्ति समस्त भारतवर्ष तथा बृहत्तर भारत (सिंहलद्वीप आदि) मे विस्तृत थी उसी कुल

---

१. इ० ए० १९०२ पृ० २५६। एलन—गुप्त कायन भूमिका पृ० ३२।

२. मालवीय कामेमेरेशन वाल्यूम पृ० २०५।

३ एलन—गुप्त कायन प्लेट २ मुद्रा न० ६।

४. इसका विस्तृत विवरण 'गुप्तो के सिक्के' मे देखिए।

स्कन्दगुप्त का भितरी स्तम्भ-लेख

सिद्धम् । सर्वराजोच्छेत्तुः पृथिव्यामप्रतिरथस्य चतुरुदधिसलिलास्वादितयशसो धनदवरुणेन्द्रान्तकसमस्य कृतान्तपरशो. न्यायागतानेकगोहिरण्यकोटिप्रदस्य चिरोत्सन्नाश्वमेधाहर्तुः महाराज श्रीगुप्तप्रपौत्रस्य महाराज श्रीघटोत्कचपौत्रस्य महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्त-पुत्रस्य लिच्छिवीदौहित्रस्य महादेव्या कुमारदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराज श्री समुद्रगुप्तस्य-पुत्रः तत्परिगृहीतो महादेव्या दत्तदेव्यामुत्पन्नः स्वयमप्रतिरथःपरम भागवतो महाराजा-धिराज श्रीचन्द्रगुप्तः तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो महादेव्याम् ध्रुवदेव्यामुत्पन्नः परम भागवतो महाराजाधिराज श्रीकुमारगुप्तः तस्य ।

प्रथितपृथुमतिस्वभावशक्तेः,
पृथुयशसः पृथिवीपतेः पृथुश्रीः ।
पितृपरिगतपादपद्मवर्ती,
प्रथितयशा पृथिवीपतिः सुतोऽयम् ॥ १ ॥

जगति भुजबलाड्यो (ढ्यो) गुप्तवंशैकवीरः,
प्रथितविपुलधामा नामत. स्कन्दगुप्तः ।
सुचरितचरिताना येन वृत्तेन वृत्तम्
न विहितममलात्मा तानधीदा विनीत. ॥ २ ॥

विनयबल सुनीतैः विक्रमेण क्रमेण
प्रतिदिनमभियोगादीप्सित येन लब्ध्वा ।
स्वभिमतविजिगीषाप्रोद्यताना परेषाम्
प्रणिहित इव लेभे सविधानोपदेशः ॥ ३ ॥

विचलितकुललक्ष्मीस्तम्भनायोद्यतेन
क्षितितलशयनीये येन नीता त्रियामा ।
समुदितबलकोशान् पुष्यमित्रांश्च जित्वा
क्षितिपचरणपीठे स्थापितो वामपादः ॥ ४ ॥

प्रसभमनुपमैः विध्वस्तशास्त्रैः प्रतापै-
र्विन (...) मु (...) क्षातिशौर्यैर्निरूढम् ।
चरितममलकीर्तेः गीयते यस्य शुभ्रम्
दिशि दिशि परितुष्टैराकुमार मनुष्यैः ॥ ५ ॥

पितरि दिवमुपेते विप्लुतां वंशलक्ष्मीम्
भुजबलविजितारिर्यः प्रतिष्ठाप्य भूयः ।
जितमिव परितोषान्मातरं सास्रनेत्राम्
हतरिपुरिव कृष्णो देवकीमभ्युपेतः ॥ ६ ॥

स्वैर्दण्डै (.) (रत्यु...) त्प्रचलित वशम्प्रतिष्ठाप्य यो
बाहुभ्यामवनी विजित्य हि जितेष्वार्त्तेषु कृत्वा दयाम् ।
नोत्सिक्तो न च विस्मितः प्रतिदिन सवर्द्ध मानद्युतिः
गीतैश्च स्तुतिभिश्च वन्दकजनो य प्रापयत्यार्यताम् ॥ ७ ॥

हूणैर्यस्य समागतस्य समरे दोर्भ्यां धरा कम्पिता
भीमावर्त्तकरस्य शत्रुषु शरा (..... ....) ।
(...............) विरचितम्प्रख्यापितो (...) ई (..) ।
(...) न द्योति (...) नमीषु लक्ष्यत इव श्रोत्रेषु गगाध्वनिः ॥ ८ ॥
स्वपितुः कीर्ति (.........) (...............)
(......................) (..... ....) ॥ ६ ॥
कर्तव्या प्रतिमा काचित्प्रतिमां तस्य शार्ङ्गिणः ।
सुप्रतीतश्चकारेमाम् यावदाचन्द्रतारकम् ॥१०॥
इह चैन प्रतिष्ठाप्य सुप्रतिष्ठितशासनः ।
ग्राममेनं स विदधे पितुः पुण्याभिवृद्धये ॥११॥
अतो भगवतो मूर्त्तिरियं यश्चात्र संस्थितः ।
उभयं निर्दिदेशासौ पितुः पुण्याय पुण्यधीः ॥१२॥ इति ॥

आदित्यसेन का अफसाद शिलालेख

आसीद्दन्तिसहस्रगाढकटको विद्याधराध्यासितः ।
सद्वंशः स्थिर उन्नतो गिरिरिव **श्रीकृष्णगुप्तो** नृपः ॥
दृप्तारातिमदान्धवारणघटाकुम्भस्थलीः क्षुन्दता ।
यस्यासंख्यरिपुप्रतापजयिना दोष्णा मृगेन्द्रायितम् ॥ १ ॥
सकलः कलङ्करहितः क्षततिमिरस्तोयधेः शशाङ्क इव
तस्मादुदपादि सुतो देवः श्री **हर्षगुप्त** इति ॥ २ ॥
यो योग्याकालहेलावनतदृढधनुर्भीमबाणौघपाती ।
मूर्तैः स्वस्वामिलक्ष्मीवसतिविमुखितैरी क्षितः सास्रुपातम् ॥
घोराणामाहवाना लिखितमिव जय श्लाघ्यमाविर्दधानो ।
वक्षस्युद्दामशस्त्रव्रणकठिनकिणग्रन्थिलेखाच्छलेन ॥ ३ ॥
श्री **जीवितगुप्तो**ऽभूत्क्षितीशचूडामणिः सुतस्य ।
यो हतवैरिनारीमुखनलिनवनैकशिशिरकरः ॥ ४ ॥
मुक्तामुक्तपयःप्रवाहशिशिरात्सूत्तुङ्गतालीवन-
भ्राम्यद्दन्तिकरावलूनकदलीकाण्डासु वेलास्वपि ॥
श्च्योतत्स्फारतुषारनिर्झरपयःशीतेऽपि शैले स्थिता-
न्यस्योच्चैर्द्विषतो मुमोच न महाघोरः प्रतापज्वरः ॥ ५ ॥
यस्यातिमानुषं कर्म दृश्यते विस्मयाज्जनौघेन ।
अद्यापि कोशवर्धनतटात्प्लुतं पवनजस्येव ॥ ६ ॥
प्रख्यातशक्तिमाजिषु पुरःसरं **श्रीकुमारगुप्त**मिति ।
अजनयदनेकं स नृपो हर इव शिखिवाहन तनयम् ॥ ७ ॥

उत्सर्पद्वातहेलाचलितकदलिकावीचिमालावितानः ।
प्रोद्यद्धूलीजलौघभ्रमितगुरुमहामत्तमातङ्गशैलः ॥
भीमः श्रीशानवर्मक्षितिपतिशशिनः सैन्यदुग्धोदसिन्धु-
र्लक्ष्मीसंप्राप्तिहेतुः सपदि विमथितो मन्दरीभूय येन ॥ ८ ॥
शौर्यसत्यव्रतधरो **य प्रयागगतो घने** ।
अम्भसीव करीषाग्नौ मग्न स पुष्पपूजितः ॥ ९ ॥
श्री **दामोदरगुप्तो**ऽभूत्तनयः तस्य भूपतेः ।
येन दामोदरेणैव दैत्या इव हता द्विषः ॥ १० ॥
यो मौखरेः समितिपूद्धतहूणसैन्य-
वल्गत्घटाविघटयन्नुरुवारणानाम् ॥
सम्मूर्च्छितः सुरवधूर्वरयन्ममेति ।
तत्पाणि पङ्कजसुखस्पर्शाद्विबुद्धः ॥ ११ ॥
गुणवद्द्विजकन्याना नानालङ्कारयौवनवतीनाम् ।
परिणायितवान्स नृप. शत निसृष्टाग्रहाराणाम् ॥ १२ ॥
श्री **महासेनगुप्तो**ऽभूत्तस्मा द्वीराग्रणीः सुतः ।
सर्ववीरसमाजेषु लेभे यो धुरि वीरताम् ॥ १३ ॥
श्रीमत्सुस्थितवर्मयुद्धविजयश्लाघापदाङ्कं मुहु ।
यस्याद्यापि विबुद्धकुन्दकुमुदत्तुणाच्छहार तम् ॥
लौहित्यस्य तटेषु शीतलतलेषूत्फुल्लनागद्रुम-
च्छायासुप्तविबुद्धसिद्धमिथुनैः स्फीत यशो गीयते ॥ १४ ॥
वसुदेवादिव तस्माच्छ्रीसेवनशोभितचरणयुगः ।
श्रीमाधवगुप्तोऽभून्माधव इव विक्रमैकरस ॥ १५ ॥
. नुस्मृतो धुरि रणे श्लाघावतामग्रणीः ।
सौजन्यस्य निधानमर्थनिचयत्यागोद्धुराणा वरः ॥
लक्ष्मीसत्यसरस्वतीकुलगृह धर्मस्य सेतुदृढ णः ।
पूज्यो ? नास्ति स भूतले..... .. सद्गुणै. ॥ १६ ॥
चक्रं पाणितलेन सोऽप्युदवहत्तस्यापि शार्ङ्ग धनु ।
नाशायासुहृदा सुखाय सुहृदा तस्याग्यसिर्नन्दकः ॥
प्राप्ते विद्विषता वधे प्रतिहत् . तेनाप... ... ।
.. . ., ... न्या प्रणेमुर्जनाः ॥ १७ ॥
आजौ मया विनिहिता बलिनो द्विषन्तः ।
कृत्य न मेऽस्त्यपरमित्यवधार्य वीरः ॥
श्रीहर्षदेवनिजसङ्गमवाञ्छया च ।
. . .. ॥ १८ ॥
श्रीमान्बभूव दलितारिकरीन्द्रकुम्भ-
मुक्तारजः पटलपासु , मण्डलाग्रः ॥

आदित्यसेन इति तत्तनयः क्षितीशः।
चूड़ामणिर्द..॥ १९ ॥
...................मागत मरिध्वंसोत्थमाप्त यशः।
श्लाघ्यं सर्वधनुष्मता पुर इति श्लाघ्यां परां बिभ्रति॥
आशीर्वादपरम्पराचिरसकृद्...................।
....यामास ॥ २० ॥
आजौ स्वेदच्छलेन ध्वजपटशिखया मार्जतो दानपङ्कं।
खड्गं क्षुण्णेन मुक्ता शकल सिकति......॥
...........मत्तमातङ्गघातं।
तद्गन्धाकृष्टसर्पद्बहलपरिमलभ्रातमत्तालिजालम् ॥ २१ ॥
आबद्धभीमविकटभ्रुकुटीकठोर—
सङ्ग्राम...
...............................वल्लभभृत्यवर्ग-
गोष्ठीषु पेशलतया परिहासशीलः ॥ २२ ॥
सत्यभर्तृव्रता यस्य मुखोपधानतापसी
परिहास_......................................॥ २३ ॥
...........................ज्ञः सकलरिपुबलध्वंसहेतुर्गरीया
न्निस्त्रिंशोत्खातघातश्रमजनितजडोऽप्यूर्जितस्वप्रतापः।
युद्धे मत्तेभकुम्भस्थल..................................
.....श्वेतातपत्रस्थगितवसुमतीमण्डलो लोकपालः॥ २४ ॥
आजौ मत्तगजेन्द्रकुम्भदलनस्फीतस्फुरद्दोर्युगो
ध्वस्तानेकरिपुप्रभाव.....................यशोमण्डलः।
न्यस्ताशेषनरेन्द्रमौलिचरणस्फारप्रतापानलो
लक्ष्मीवान्क्षमराभिमानविमलप्रख्यातकीर्तिर्नृपः॥ २५ ॥
येनेय शरदिन्दुबिम्बधवला प्रख्यातभूमण्डला
लक्ष्मी सङ्गमकाङ्क्षया सुमहती कीर्तिश्चिर कोपिता।
याता सागरपारमद्भुततमा सापत्न्यवैरादहो
तेनेद भवनोत्तम क्षितिभुजा विष्णोः कृते कारितम् ॥ २६ ॥
तज्जनन्या महादेव्या श्रीमत्या **कारितो मठः**।
धार्मिकेभ्यः स्वयं दत्तः सुरलोकगृहोपम ॥ २७ ॥
शङ्खेन्दुस्फटिकप्रभाप्रतिसमस्फारस्फुरच्छीकरं
नक्रक्रान्तिचलत्तरङ्गविलसत्पक्षिप्र नृत्यत्तिमि।
राज्ञा खानितमद्भुत सुपयसा पेपीयमान जनै
स्तस्यैव प्रियभार्यया नरपतेः **श्रीकोणदेव्या सरः** ॥ २८ ॥
यावच्चन्द्रकला हरस्य शिरसि श्रीः शार्ङ्गिणो वक्षसि
ब्रह्मास्ये च सरस्वती कृत.........................।

भोगे भूभुजगाधिपस्य च तडिद्यावद् घनस्योदरे
तावत्कीर्तिमिहातनोति धवलामादित्यसेनो नृप· ॥ २६ ॥
सूक्ष्म शिवेन गौडेन प्रशस्तिर्विकटाक्षरा।
.... मिता सम्यग् धार्मिकेण सुधीमता ॥ ३० ॥

जीवितगुप्त द्वितीय का देव बरनार्क स्तम्भलेख

नमः स्वस्ति शक्तित्रयोपात्तजयशब्देन महानौहास्त्यश्वपत्तिसम्भारदुर्निवाराज्जय-स्कन्धावारात गोमतिकोट्टकसमीपवासक। .... **.श्रीमाधवगुप्तः** तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो परमभट्टारिकाया राज्ञा महादेव्या श्रीमत्यामुत्पन्न. परम भावगत श्रीआदित्यसेनदेव तस्य पुत्र. तत्पादानुध्यातो परमभट्टारिकाया राज्ञा महादेव्या **श्रीकोणदेव्यामुत्पन्नः** परम माहेश्वर परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर **श्रीदेवगुप्तदेवः** तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो परम भट्टारिकाया राज्ञा महादेव्या श्रीकमलादेव्या उत्पन्न. परम माहेश्वर परम भट्टारक महा-राजाधिराज परमेश्वर **श्रीविष्णुगुप्तदेव.** तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातो परम भट्टारिकाया राज्ञा महादेव्या श्री इज्जादेव्यामुत्पन्नः परम .....परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री **जीवितगुप्तदेव** कुशलीनगरभुक्तौ वालवी विषयैक श्रीवा ? वो पद्रलिक (त्रा) नूत शयाति वारुणिका ग्राम गोष्ठ नकुल तलवाटक दूत सीमाकर्मकमद्या .. .. . टक राजपुत्र राजा· मात्य महात्तटिक महादण्डनायक महाप्रतिहार महा सा .. ... प्रभातस... ... ... कुमारामात्य राजस्थानीयोपरिक . ... धिक चौराधरणिक दाण्डिक दण्डपाशिक... .... क.. . शणिवलव्यायतकिशोरवाटक ग्राम ... · मणिकग ... पटिकर्म . . .. रसक तास्मत्पादप्रसादोपजीविनः च प्रतिवासिनस च ब्राह्मणोत्तर महत्तरक कुन्तीपुर .. . विज्ञापित श्रीवरुणवासि भट्टारक प्रतिबद्ध भोजक सूर्य-मित्रेण उपरिलिखित .. ..ग्रामाधि सयुक्त . परमेश्वर श्री बालादित्यदेवेन स्वशासनेन भागव श्रीवरुणवासि भट्टारक ... . क ....व परिवाटक .. भोजक हसमित्रस्य समापतया यथा कलाध्यासिभिश्च एव परमेश्वर **श्रीसर्ववर्मन** . , . . भोजक ऋषिमित्र . यतक एवं परमेश्वर श्रीअवन्तिवर्मन पूर्वदत्तक अवलम्ब्य . ... एव महाराजाधिराज परमेश्वर ... .शासनदानेन भोजक दूर्धमित्रस्यानुमोदित .... तेन .. . .. भुज्यते तदह किमपि...... एव... . ...मतिमान् .... अनुयामो-दितमिति सर्व समज्ञापना... .. . इता . ...पभु . ...वरुणवास्यायतन तदनुदत्तम् .. .. त्यक्त... . . .**सोद्रगं सोपरिकरं सदा सापराधपञ्च** .. . .

कुमारगुप्त का करमदण्डा का लेख

कुमारगुप्त का करमदण्डा का लेख

१—नमो महादेवाय महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्तपादा।

२—नुध्या तस्य चतुन्धु (जरु) दीध सलिला स्वादित यशस्ते महाराज्ञा।

३—धिराज श्रीकुमारगुप्तस्य विजयराज्यं संवत्सरे शेतशप्तदेशान्तरे।

४—कार्तिकमास दशमदिवसे स्यान्दिवसपूर्व्वायां (च्छन्दोग्या चार्य्याश्च)

वाजि।

५—सगोस कुरमख्य भद्रस्य पुत्रो विष्णु पालित भदतस्य पुत्रो महाराज।

६—धिराजा श्रीचन्द्रगुप्तस्य मन्त्री कुमारामात्यशिखर।स्वाम्यभूतस्य पुत्रः।

७—पृथिवीषेयो महाराजधिराज श्रीकुमारगुप्तस्य मन्त्री कुमारामात्योन।

८—न्तर च महावलाधिकृतः भगवतो महादेवस्य पृथ्वीश्वर।

९—इत्येवं समाख्या तस्या स्यैव भगवतो यथा कर्त्तव्य धार्मिक कर्मणा पाद

शुश्रूप साम्य भगवच्छै।

१०—लेश्वरस्वामि महादेव आयोध्यक नाना गोत्र चरण तपः।

११—स्वाध्याय मन्त्रसूत्रभाष्य प्रवचन पारग आरड्ड-द-स-भ्-द् देवद्रोणां।

१. सिद्धम्। सर्वराजोच्छेत्तुः पृथिव्यामप्रतिरथस्य चतुरुदधिसलिलास्वादितयशसो धनदवरुणेन्द्रांतकसमस्य कृतांतपरशोः न्यायागतानेकगोहिरण्यकोटिप्रदस्य चिरोत्सन्नाश्वमेधाहर्तुः महाराज श्रीगुप्तप्रपौत्रस्य महाराज श्रीघटोत्कचपौत्रस्य महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्तपुत्रस्य लिच्छविदौहित्रस्य महादेव्यां कुमारदेव्यामुत्पन्नस्य महाराजाधिराज श्रीसमुद्रगुप्तस्य पुत्रः तत्परिगृहीतो महादेव्या दत्तदेव्यामुत्पन्नः स्वयमप्रतिरथः परमभागवतो महाराजाधिराज श्रीचन्द्रगुप्तस्तस्य पुत्रः तत्पादानुध्यातोमहादेव्या ध्रुवदेव्यामुत्पन्नः परमभागवतो महाराजाधिराज-श्रीकुमारगुप्तः तस्य—सुतोऽयम्—गुप्तवंशैकवीर, प्रथितविपुलधामा नामतः स्कन्दगुप्तः।—फ्लीट—गु० ले० नं० १२ तथा १३।

२. भितरी की राजमुद्रा।

नोट—इन दो लेखो मे गुप्त-वंश-वृक्ष का पूरा विवरण मिलता है।

नोट—चिह्न (=) से विवाह का सकेत किया गया है।

मागध-गुप्त-वंश-वृक्ष
१ कृष्णगुप्त
२ हर्षगुप्त
हर्षागुप्ता = आदित्यवर्मन् मौखरि
३ जीवितगुप्त प्रथम
४ कुमारगुप्त
५ दामोदरगुप्त
६ महासेनगुप्त
महासेनगुप्ता = आदित्यवर्धन
७ माधवगुप्त
कुमारगुप्त[1]
८ आदित्यसेन[2]
९ देवगुप्त
पुत्री = भोगवर्मन् मौखरि
१० विष्णुगुप्त
११ जीवितगुप्त द्वितीय[3]

उत्तरी भारत के राजाओं की समकालीनता

कामरूप	वर्धन	मागध गुप्त	मौखरि	गौड़
			हरिवर्मन्	
		कृष्णगुप्त	आदित्यवर्मन्	
		हर्षगुप्त	ईश्वरवर्मन्	
		जीवितगुप्त प्रथम	ईशानवर्मन्	
		कुमारगुप्त	सर्ववर्मन्	
		दामोदरगुप्त		
	आदित्यवर्धन + प्रभाकरवर्धन	महासेनगुप्त	ग्रहवर्मन्	शशांक
	हर्षवर्धन	माधवगुप्त		
भास्करवर्मन्				

गुप्त-युग का तिथि-क्रम

गुप्त-सवत्	ई० सन्	ऐतिहासिक घटना	टिप्पणी
	२७१ के आस पास	महाराज गुप्त का राज्य-काल	
	२९०केनिकट	महाराज घटोत्कच का समय	
	३०८ के लगभग	प्रथम चन्द्रगुप्त का लिच्छिवि-कुल मे कुमार देवी से विवाह	
गु० स० का प्रथम वर्ष	३२०	प्रथम चन्द्रगुप्त का राज्यारोहण	
	३२८–२९	समुद्रगुप्त का राज्याभिषेक	
९	३३०–३९ के निकट	आर्यावर्त की विजय यात्रा	
	३४७–५० के लगभग	दक्षिणापथ की विजय-यात्रा	
	३५०के समीप	अश्वमेध यज्ञ	
	३६० के आसपास	सिहल के राजा मेघवर्ण के राज-दूत का समुद्रगुप्त की राजसभा में उपस्थित होना	
		रामगुप्त का शासन	समुद्र तथा द्वितीय चन्द्र के बीच में रामगुप्त शासन करता था।
	३८० के लगभग	द्वितीय चन्द्रगुप्त का राज्यारभ	
	३९५के समीप	पश्चिम भारत पर विजय	
८२	४०१	उदयगिरि का शिलालेख	
	४०५–४११	गुप्त-साम्राज्य मे फाहियान की यात्रा	फाहियान बौद्ध यात्री था जो चीन से भारत मे भ्रमण करने आया था।
	४०५ के समीप	चन्द्रगुप्त द्वितीय की पश्चिमोत्तर प्रातो पर विजय	
८८	४०७	गढ़वा का शिलालेख	
९०	४०९	पश्चिम भारत में प्रचलित शैली के चॉदी के सिक्कों का प्रचार	काठियावाड़ तथा मालवा विजय करने पर चॉदी के सिक्को को गुप्तो ने चलाया।
९३	४१२	सॉची का शिलालेख	
९४	४१५के समीप	कुमारगुप्त प्रथम का राज्यारभ	
९६	४१५	बिलसद का लेख	
९८	४१७	गढ़वा का लेख	
११३	४३२	मथुरा का लेख	
११७	४३६	करमदण्डा का लेख	यह लेख शिव लिङ्ग के अधो-भाग मे खुदा है।
११७	४३६	मदसोर का लेख	मालव सवत् ४९३ सूय-मदिर का निर्माण

गुप्त संवत्	ई० सन्	ऐतिहासिक घटना	टिप्पणी
१२१,१२४, १२८	४४०, ४४३,४४७	चाँदी के सिक्कों पर उत्कीर्ण तिथियाँ	
१२९	४४८	चाँदी के सिक्के	
,,	,,	मनकुमार का लेख	बुधमित्र द्वारा बुद्ध-प्रतिमा की स्थापना
,,	,,	दामोदरपुर का ताम्रपत्र	
,,	,,	हूण जाति का आक्सस नदी के तटस्थ प्रान्तो पर अधिकार	
१३०	४४९	चाँदी के सिक्के	
	४५० के आस पास	कुमार के शासन में पुष्यमित्रो से युद्ध	
१३५	४५४,४५५	चाँदी के सिक्के	
	४५५	स्कन्दगुप्त का हूणो से युद्ध	
,,	,,	स्कन्दगुप्त का शासन आरंभ	'लक्ष्मीः स्वयं वरयाचकार' (जूनागढ़)
१३७	४५६	जूनागढ़ का लेख गिरनार मे सुदर्शन झील के बाँध का जीर्णोद्धार	
१३८	४५७	वहाँ विष्णु-मन्दिर की स्थापना	
१४१	४६०	कहौम का लेख	
१४४,१४५	४६३, ४६४	चाँदी के सिक्के	
१४६	४६५	इन्दौर का शिलालेख [जि० बुलंदशहर]	
१४८	४६७	चाँदी के सिक्के पुरगुप्त | नरसिंहगुप्त |	स्कन्दगुप्त के शासन की अंतिम तिथि पुरगुप्त तथा नरसिंहगुप्त का शासन ४६७ तथा ४७३ के बीच रहा।
१५४	४७३	कुमारगुप्त द्वितीय	वर्षशते गुप्तानां स चतुः-पचाशदुत्तरे भूमिं शासति कुमारगुप्ते (सारनाथ)
,,	,,	दशपुर (मालवा) मे सूर्य-मदिर का सस्कार	मालव सवत् ५२९
१५७	४७६	बुधगुप्त का शासन आरम्भ	गुप्ताना समतिक्राते सप्त-पंचाशदुत्तरे शते समाना पृथिवी बुधगुप्ते प्रशासति (सारनाथ)
१६५	४८४	एरण का शिलालेख परमदैवत परमभट्टारक महा-राजाधिराज श्री बुधगुप्त का पुण्ड्रवर्धन भुक्ति (उत्तरी बङ्गाल) पर अधिकार	दामोदरपुर ताम्रपत्र

गुप्त-सवत्	ई० सन्	ऐतिहासिक घटना	टिप्पणी
१७५	४६५	बुधगुप्त के मयूरांकित चाँदी के सिक्के (सवत् समेत) बुधगुप्त के शासन का अंत वैन्यगुप्त का शासन गुणैधर लेख की तिथि	'विजितावनिरवनिपतिः श्री बुधगुप्तो दिव जयति' (एलन-गु०मुद्रा पृ० १५३) ये सिक्के मध्यभारत के शैली के थे जिसको गुप्त-नरेशों ने पीछे प्रचलित किया।
	५००,५०२	हूण तोरमाण का मालवा तथा मध्यभारत पर अधिकार	मयूरांकित गुप्त चाँदी के सिक्कों के समान तोरमाण ने भी मुद्रा चलाया था।
१९१	५१०	भानुगुप्त का एरण मे युद्ध	
१५६,१६३	४७५,४८२	गुप्तों के अधीनस्थ	
१९१,२०९	५१०,५२८	राजाओं के खोह लेख	
२१४	५३३	दामोदरपुर का पाँचवाँ ताम्र-पत्र	
	५०२,५४२	मिहिरकुल	
	५२८ के समीप	यशोधर्मा ने मिहिरकुल को परास्त किया	
	५३२	यशोधर्मा का मन्दसोर स्तम्भ-लेख	मालव सवत् ५८९

मागध गुप्त युग का तिथि-क्रम

गुप्त सवत्	ई० सन्	ऐतिहासिक घटना	टिप्पणी
	५३५-५४५	कृष्णगुप्त | हर्षगुप्त | जीवितगुप्त प्रथम	सम्भवतः इन्ही दस वर्षों के भीतर इन तीनों राजाओं का शासन समाप्त हो गया।
	५४५ के समीप	कुमारगुप्त का शासन आरम्भ	
	५५० के लगभग	मौखरि राजा ईशानवर्मा का कुमारगुप्त के हाथों परास्त होना	५५५ ई० सन् (हरहा लेख) से पूर्व ही यह युद्ध हुआ होगा।
	५६० के आसपास	सववर्मन के द्वारा दामोदर-गुप्त का परास्त होना	
	५७० के लगभग	महासेन गुप्त	हर्षवर्धन के पिता प्रभाकर-वर्धन के समकालीन
		माधवगुप्त	हर्षवर्धन का मित्र
	६२० के समीप	हर्ष द्वारा मगध का सिहासन प्राप्त	
	६७२	आदित्यसेन का शाहपुर का लेख	हर्ष संवत् ६६
	६७५ के समीप	अफसाद का लेख	प्रारम्भ से आदित्यसेन तक का वश-वृक्ष
	६८०	देवगुप्त उत्तरी भारत का शासक	'सकलोत्तरापथनाथ'

अनुक्रमणी

अ

अच्युत (नागराजा) १६, ५५, ५७-५८
अच्युत और नन्दी की एकता ५७
अजन्ता की चित्रकला २४
अजातशत्रु ८
अजिलाइजिस ११
अज्झिता २१
अथर्ववेद १
अनन्तदेवी ११३
अनन्तवर्मन् १५५
अन्तरवेदि ११७
अफग़ानिस्तान ७२
अफसाद का शिलालेख १८०, २१३–१६
अमृतदेव १३९
अमृतसर २७
अमोघवर्ष ७९, ८२
अयस द्वितीय ११
अयोध्या ६, ४३, ५४
अरवली १०
अर्जुनायन ६६
अर्थशास्त्र १
अलटेकर ८१
अलबेरुनी ७
,, का कथन १९२–९४
अलमोड़ा ८२
अलवर ६६
अवध ४२
अवन्तिवर्मन् १५७
अवन्ती ८, २२
अवमुक्त ६८
अवमुक्तक नीलराज ६०
अशोक-सम्राट् ९, ७४
अंशुवर्मन् १६१
अश्वमेध-यज्ञ ३, ९, १७, १६, २५, ४८, ५२, ७१, १०८, १८२
'अश्वमेध यज्ञ' का सिक्का ३
'असुर-विजयी' ५५
अहिछत्र १६, ५७, ५८

आ

आक्सस नदी ४, १८, ७१
आटविक राज्य ६०
आदित्यवर्धन् १५७
आदित्यवर्मन् १५५
आदित्य सेन गुप्त ३३, १८०
आन्ध्र १०, २१, २२, २४
आन्ध्र-राज्य १०
,, शासन १०
आभीर १०, ६७
आयुध-जीवी-संघ ६६
आर्य-मञ्जु-श्रीमूलकल्प ५, २९
आर्यावर्त १७, २४, ५४, ५८, ७०, ७२
,, परिभाषा ५५
आर्यावर्त-राजा ५५
आसाम ५८, ६५
आहिरवाड़ा ६७

इ

इण्डिका ९
इण्डो बैक्ट्रियन राजा २
इत्सिङ्ग ७, ३८
इन्द्र ७४
इन्द्रपुर १२१
इन्दौर का ताम्रपत्र ११२

इक्ष्वाकुवंशी ३०

ई

ईशानवर्मन् १५५, १५६
ईश्वरवर्मन् १५५
ईश्वरसेन (आभीर) ६७
ईसा ५

उ

उग्रसेन ६२
उच्चकल्प (स्थान) ६१
उज्जयिनी ४, १२, ९४
उड़ीसा ६१, ७१, ७२
उत्तरकोशल ६०
उत्तरापथ ७०
उदयगिरि २४
उदयगिरि (आधुनिक भिलसा) ६७
उदयगिरि का गुहालेख ८९
उवाक ६४, ६५
उपवदात १२, ६५

ए

एरण्डपल्ल ६१
एरण्डपल्ली ६१
एरण्डपाल ६३
एरण (मध्यप्रदेश) २४, ५५, ५६, ७१
,, प्रशस्ति ५८
,, स्तम्भलेख १३५
एवेस्ता ९६
एलन-जान, डा० ३७, ३८, ३९, ४१, ५६, ५८, ८६, ९६, १०६, १३१
एलमंचि ६३
एलेक्जेण्डर ९

ऐ

ऐयङ्गर-कृष्णस्वामी ४२
ऐरण्डपल्लक दमन ६०

ओ

ओझा—गौरीशंकर ही० (डा०) २६

औ

औचित्य-विचार-चर्चा ९८

क

कक्कर जाट २७
ककुस्थवर्मन् ९९
कण्व राजा १०, २४
,, शासन ९
कथासरित्सागर ९५, ११६
कदम्ब वंश ९८
कनिष्क १२, १५
कन्नौज ६, ७८, १५५-५६
करमदण्डा का लेख १०४
कर्कोट नागर १९
कर्तृपुर ६५
कर्तृपुर = कार्तिकेय नगर ८२
कर्तारपूर ६५
कर्मान्त (स्थान-विशेष) ६४
कलिङ्ग देश ९, २२, ६१, ६३
कल्किराज १९५
कल्पसूत्र ३०
कल्याणवर्मन् २७, ४३
कहौम का स्तम्भलेख ११२
काक ६७, ६८
काकजाति ६८
काकनाड़ ६७
काकपुर ६८
काच का सिक्का ७६, ८६
काञ्ची ५९, ६२, ६३
काञ्चेयक विष्णुगोप ६०
काञ्जीवरम् ७१
काठियावाड़ १०, १२, १८
कान्तिपुर १५, १६
काबुल घाटी १०, १२
कामन्दक नीतिसार ७२
कामरूप ६५, १५९-६०, १७६
कामसूत्र ५
कारलायल १९

कारस्कर २६, २७, २८
कार्तिकेय १२२
कार्तिकेय नगर ८२
कार्ले १२
कालिदास ४, २३, ४७, ५१, ५९, ७३, ९८, १०२, १५९
काव्यमीमांसा ४९, ७८, ८१
काव्यालंकार-सूत्र-वृत्ति १०९
काशी ५८
काश्मीर १८
कीर्तिवर्मन् ५
कीलहार्न डा० ४१, ६१
कुट्टलुर (आरकाट) ६३
कुणिक ८
कुतुबमीनार ९५
कुन्तल २१, २२, ६४, ९७-९८
कुबेर ६३, ७४
कुबेरनागा ३१, ८७, ९७
कुमायूँ ६५
कुमारगुप्त प्रथम ३, १०, ३२, ४०, ४७, ८८, १०३-१११, १५५, १७३-७४
,, जैनलेख १०५
,, द्वितीय ३२, १२९, १३२-३४
,, राज्यकाल १३३-४
,, तृतीय ३२
कुमारदेवी २९, ३१, ४१, ४२
कुषाण १०, १२, १३, १४, १५, १७, २३, २४, ३९, ४८, ५४, ६८
,, किदार १३, ६९
,, जाति ८१
,, राज्य १८
,, पतन १६
,, शक्ति १८
कृष्ण ११३
कृष्णगुप्त ३२, १५५, १७२
कृष्ण स्वामी ६२
कृष्णा ज़िला ६२
कृष्णा नदी ६१, ६३, ७१
केड फीसिस द्वितीय १२
,, प्रथम १२
केरलदेश ५९, ६१
कैरलक मण्टराज ५९
कोंकण १०, १२
कोट्टूर ६१
कोमिल्ला (बंगाल) ६४
कोलकिल (बघेलखण्ड) २१
कोलेरू कासार ५९, ६१
कोशल ८, २१, २२, ५९, ६३
कोशल (दक्षिण) ६०
कौट्टर ६१
कौमुदी-महोत्सव ५,२३,२६,२७,४१,४३५४
कौशलक महेन्द्र ५९
कौशांबी १६, २७
,, युद्ध ५९
कौस्थलपुर ६०, ६३
क्षेमेन्द्र ९८

ख

खजुराहो १९
खरोष्ट्री ११
खर्परिक ६८
खर्पलाना १२
खस (शक ?) ८१
खान देश ६१
खोह का ताम्रपत्र १४६

ग

ग़ज़नवी-महमूद ७३
गज़ेटियर ८३
गढ़वा का शिलालेख ८९, १०४, ११३
गढ़वाल ६५
गणपति नाग १६, २३, ५५, ५७
गण राज्य ६४, ६५, ७१
गणित-शास्त्र ७
गया ७१
गरुड़ की मुद्रा ७४

गाजीपुर ५८

गान्धार ११, ६९

गुजरात ३, १८, ८१

गुणचन्द्र ७७, १९५

गुन्तल नरेश २९, १८७

गुनधर का शिलालेख १२७

गुप्त ५, ६७, २२, ३७, ३९,

गुप्त-काल-गणना ४२

गुप्त-कालीन तक्षण-कला ४८

„ „ इतिहास सामग्री १

„ „ उत्कीर्ण लेख २

„ „ व्यवहार ४

„ „ सामाजिक अवस्था ४, ५

गुप्त राजा—उपाधि धारण ३१

„ „ क्षत्रिय होने के प्रमाण २८-३१

„ „ जाति २६, २७

„ „ तिथिक्रम २२०-२२

„ „ परिचय २५-२७

„ „ मुद्रा २-३

„ „ यात्रा-विवरण ३

„ „ शिल्पशास्त्र ३

„ „ शूद्र होने का खण्डन २७-२८

„ „ साहित्य ३-६

गुप्त-राज्य-काल-वृत्त ३१

„ „ काल-विभाग ३१-३३

गुप्त-वंश-वृत्त २१७

गुप्त-संवत् ७, ४२, ६५, १९१-२०१

„ संस्थापक २००

गुप्त-साम्राज्य की अवनति के कारण १४८, १५२

गोदावरी ६१, ६२

गोडवाना ६०

गोन्डाफरनेस ११

गोपचन्द्र १६२

गोपराज १३७

गोमती नदी ८२

गोरखपूर ११२

गोविन्दगुप्त ३९, ८५, ८८

गौड़ १५८-५९, १७१

गौड़वहो १८६

गौतमीपुत्र शातकर्णी १२

„ विवाह सबंध २१

गंगा ८, २४, ४२, ६४

„ घाटी १८

गंज का ताम्रलेख १५९

„ शिलालेख २१, ६०

गंजाम जिला ६०, ६१

ग्रहवर्मन् १५६, १५९

ग्रीक १८, ६५

„ इतिहास २६

„ राजा १०

ग्वालियर का शिलालेख १४४

घ

घटोत्कच ३२, ३९-४१

„ गुप्त से असमानता ३९

„ परिचय ३९

„ मुद्रा ४०

च

चक्रपालित १२१

चटगाँव ६५

चण्डसेन ५, २६, २८, ४३

„ की उपाधि २८

चन्द्र—विजय-यात्रा ९५

चन्द्रगुप्त प्रथम ५, ३२, ४१-४२ ४८, ४९ ५४, २०१

„ राज्य-विस्तार ४२

„ द्वितीय १२, २१, २९, ३०, ३२, ३९, ४०, ४२, ४७, ६७, ६९, ७२, ७५, ७६, ७८-७९, ८१-८२, ८७, १०३, १५०

„ का उपनाम ८७

„ कौटुम्बिक वृत्त ८७, ८८

अनुक्रमणी

चन्द्रगुप्त द्वितीय दिग्विजय ९०
,, ध्रुवदेवी से विवाह ८३-८४,
,, राज्यकाल ९०
,, शकों को जीतना ९३-९४
,, तृतीय १३८
चन्द्रगुप्त मौर्य्य ९, २४
'चन्द्रप्रकाश' १०९
चन्द्रवर्म ५५-५७, १२१
चम्पावती १६
चष्टन १२
चाणक्य १, ९
चामुक का शिलालेख ८७
चालुक्य राजा २२, २४, ६३
चिकाकोल ६१
चेलाना ३०
चेलिकेता ७, ३८
चैटर्जी-डा० ५७
चौसट्ठी योगिनी का मन्दिर १९

छ

छान्दोग्य उपनिषद् १

ज

जबलपुर ५८
जयदेव प्रथम ६५
जयन्त ६१
जयन्त महाराजा १४६
जयपूर ६५
जायसवाल ५, १३, १५, १९, २१, २६, २७, ३०, ३७, ३९, ४२-४३, ५४-५९, ६८, ९६
जालन्धर (पंजाब) ६५
जांखट (फर्रुखाबाद) १५
जीवितगुप्त प्रथम ३२, १५५, १७३
,, द्वितीय ३३, १८५-८६
जूनागढ़ का शिलालेख १२, ११२, ११३, ११५, ११९-२०, १५१
जूनार १२
जैनधर्म ८
,, तीर्थंकर १२१
ज्योतिष ७

झ

झाँसी ६७
झेलम ६६

ठ

ठाकुरी वंश १६१

ड

डुब्यूरिल साहब ५४, ५८

ढ

ढाका ६५

त

तक्षशिला १०-१२
तथागतगुप्त ३२
ताम्रपर्णी ४
तालीवृक्ष १५
तिरहुत ४२
तुमैन का शिलालेख ४०
तुम्बुरु ५०
तुषार १०, ६९
तुषास्फ १२०
तोरमाण १४३
,, लेख और सिक्के १४३

थ

थानेश्वर १५७-५८

द

दक्षिण-कोशल ६१
,, बिहार ४२
,, भारत ५
दक्षिणापथ ४८, ५४, ५६, ५९, ७०, ७१, ७३
दत्त देवी ८७
'दत्त' सिक्का १५
दमन ६१, ६३
दशपुर १०९
दामोदरगुप्त ३३, १५५, १७४-७५
दामोदरपुर का ताम्रपत्र २, १०४, १३५

दिद्दा द्वितीय-१५४
दिलीप ७५
दीक्षित ५६
दीनाज़पूर ६४
दुल्व (तिब्बती ग्रन्थ) ३०
देवकी ११३
देवगढ़ २४
देवगुप्त प्रथम ३३, १७७-७९
देवगुप्त द्वितीय १८४-८५
देवराष्ट्र ६०, ६३
देववरनार्क का लेख ३७, १४५, २१६
देवीचन्द्रगुप्तम् ७७, ७८, ८०
देवेन्द्रवर्मा ६१
दैवपुत्र १८
दैवपुत्र शाहि ६८

ध

धनञ्जय ६३
धनैदह का ताम्रपत्र १०४
धन्यविष्णु १३५
'धर्म-विजयी' राजा ५९
धर्मादित्य १६२
धारणगोत्र २७, २८
धारवाड़ २९
धोयी-कविराज ६१
ध्रुवदेवी ३९, ७६, ७८, ८०, ८१, ८८
ध्रुवसेन प्रथम १५३
,, द्वितीय १५३
ध्रुवस्वामिनी (ध्रुवदेवी) ७८

न

नचना का पार्वती मन्दिर १९
,, शिव-मन्दिर १९
नन्दि ५५, ५८,
,, का चिह्न १२
,, तथा शिवनन्दि ५८
नन्दिवर्मन् ६२
नन्दी-शिव का गण १९
नरवर्धन १५७
नरसिंहगुप्त ३२, १३०-३२
,, की उपाधि १३१-३२
नरेन्द्रसेन २१, २२, १५०
नर्मदा १८
'नवरत्न' १०२
नहपान १२, ६५
नागदत्त ५५, ५६
नाग (राजा) ४, १५, २४, ५५, ९७
नाग तथा भारशिव की समानता १३
,, इतिहास-सामग्री १३
,, धर्म १४
,, राजाओं का चिह्न २०
,, राज्य-विस्तार १६
,, वंश १३
,, शाखाएँ १३
,, शासन-काल विभाग १४
,, शासन-प्रणाली १६
,, सभ्यता २४
,, संघ-शासन १६
नागर ६६
,, कला १९
,, ब्राह्मण १९
,, शब्द की उत्पत्ति १९
,, शिखर-शैली १९
नाग-सेन ५५, ५७
नागार्जुनी के लेख १५५
नाचन का लेख २१
नाट्य-दर्पण ७७
नारद ५०-५१
,, स्मृति ८४
नारवार ५७
नालन्दा विश्वविद्यालय ६, १३६
नासिक १२
निधानपुर का ताम्रपत्र १६०
नियोग-प्रथा ८४८-५
नीलराज ६२
नेपोलियन ५३

नैपाल ६५, ७२, १६१
,, वंशावली ३०

प

पटिक ११
पतञ्जलि ६७
पद्मावती १४-१६, ५७-५८
'परमभागवत' १३०
परमार्थ ६, १३०
परशियन सेना १८
पर्णदत्त ११७, १२०, १५१
पल्लव राजा २४, ६२
पवन-दूत ६१
पश्चिमोत्तर प्रान्त ६९-७०
पहाड़पुर का ताम्र-पत्र १३५
पाटलिपुत्र ८-१०, २४, २५, ३९, ४१, ४२, ४७, ५४, १५५
पाणिनि ६६
पाण्डुलेना १२
पार्थियन ११
पार्श्वनाथ १०५
पालकूक ६०, ६२-६३
पालघाट ६२
पालराजा ५
पुण्ड्रवर्धन (बंगाल) १६१
पुण्यवर्मन् १५९
पुरगुप्त ३२, १११, १२९-३०
,, लेख १२९-३०
पुराण १४
,, ब्रह्माण्ड ४
,, मत्स्य २४
,, लक्षण ४
,, वायु ४, १६, ३७
,, विष्णु ४, १५, ५५, ५७
पुरुषपुर १२
पुलकेशी २२, १३०
पुष्कर १२
पुष्करण ५७
पुष्यगुप्त १२०
पुष्यभूति १५७
पुष्यमित्र ९, १०, १०६
पूना २८
पूर्वीघाट ६१
पूर्वी बंगाल ५५, ६४
पृथ्वीषेण प्रथम २१, ६०, ६४, १०७
,, द्वितीय २१, २२
'पेरिक्लियन एज' २६
पेशावर १२
पैठपुर ५९, ६१
पोकरण (मारवाड़) ५७
पंजाब ९, ११, १५, १८, २७, ६६, ८१
प्रभाकर वर्धन १५७
प्रभावतीगुप्ता २१, २७, २८, ३१, ८७
,, ,, दानपत्र २१०-२११
प्रयाग-प्रशस्ति २, १३, ३७, ४१ ४२, ४९, ५१, ५४ ५९, ६१, ६४, ६५ ६८, ७१, ७३, ८१-८२, २०२-२०६
प्रवरसेन प्रथम २१
प्रार्जुन ६७

फ

फाहियान ६, ८३
फ्लीट-डा० ३८, ५८, ६१, ७२, १०६, १४५, १८१

ब

बन्धुवर्मा १०९, १५४
बरार १०
बराबर गुहा-लेख १५५
बरेली (संयुक्त प्रान्त) ५७
बलवर्मा ५५, ५८, १५९
बलूचिस्तान १८
बल्ख १०, ८१
बसाक, आर० जी० डा० १३३, १३८
बहावलपुर रियासत ६६
बाँकुड़ा ज़िला (पूर्वी बंगाल) ५६
बाण-महाकवि ५७, ७८, ८०

बारनेट, डाक्टर ६३
बालाघाट के लेख २१
,, ताम्रपत्र ९७
बालादित्य ६, १४१
बिम्बसार ५, ८, ३०
बिहार ६५, ७१
,, स्तम्भलेख ११२
बुद्ध-गया ७०
बुद्ध-जन्म ८
,, प्रतिमा ७०
,, महापरिनिर्वाण २९
बुधगुप्त ३२, १२७, १३४-३७
,, धर्म १३६
,, राज्य-काल १३५-३६
,, राज्य-विस्तार १३६
बुन्देलखण्ड १५, १६, २५, ६४
बुलन्दशहर १९, ५६
बृहत्संहिता ६६
बृहद्रथ ९
बेतूल (मध्यप्रान्त) १२८
,, ताम्रपत्र १४६
बैजनाथ ग्राम (अलमोड़ा) ८२
बैनर्जी—आर० डी० ६३, ७२, ८१, १६८, १५८
बोगरा ज़िला ६४
बौद्ध-चीनी-यात्री ६
बौद्धो की चौथी सभा १२
बौद्ध-धर्म ६, ७, १७, २४
बौद्ध-मञ्जुश्री ५
बौधायन २७
बंगाल की खाड़ी १८
बम्बई प्रान्त २९
ब्रह्मपुत्र ६४
ब्राह्मण धम ३
ब्लाख़-डाक्टर ३९

भ

भगवान्लाल इन्द्रजी १२१, १६१
भट्टशाली १३१, १३३, १८२
भड़ौंच का ताम्रपत्र १५४
भण्डारकर-डाक्टर ५७, ५८, ६१, ८१,८२
भरतपुर ६६
भवनाग १५, १६
भागीरथी २४
भानुगुप्त (बालादित्य) ३२, १२७, १३७, १३९-४१
भानुगुप्त-उदारता १४५
,, राज्यकाल १४०
,, राज्य-विस्तार १४०
,, लेख १३९
भारत-कला-भवन (काशी) १४, ४१
भारतीय ललित-कला १७, २२, २५
भारतीय सरकार ७२
भारशिव नाम का कारण १४
,, राजवंश १३, १६, २४, २७
,, राजा धर्म १७
,, ,, परिचय १७
,, ,, महत्ता १७
,, ,, वीरता १८
,, ,, सादगी १८
भावशतक' २३
'भास-महाकवि २३
भास्करवर्मन् ५८, १६०
भिटौरा (फैजाबाद) १५७
भितरी-स्तम्भलेख २, १०६, ११२, ११५, २१२-१३
,, राज-मुद्रा लेख १२९, १३०, १३२, २११
भिलसद ११०
,, स्तम्भलेख १०३-०४
भिलसा ६७, ६८
भीमनाग १८
भमरा के मन्दिर १९,२४
भैकूट २२
भोगवर्मन् १८३

भोज ७८, ८०, ९८
भ्रकुटीसिंह १२१

म

मगध ५, ८, ९, ४१-४३, ४८, ७२, १६०
मजुमदार—डा० ११३, ११५
मझगाँवाँ १२८, १४६
मण्टराज ५९, ६१
मणिभद्र १५
मतिल ५५, ५६
मथुरा १०-१२, १५, १६, ५६, ५८
,, लायन कैपिटल ११
,, लेख ७२, ८८, ८९
मदन पाल १३०
मद्रक ६६
मद्रदेश ६६
मद्रास ६१
मध्य-एशिया १२, १८
मध्यप्रदेश १५, १६, २५, २८, ५४, ६१, ६५, ६९
मनकुवार का लेख १०५
मनहली का लेख १३०
मनु २८, ३०
मनुस्मृति ५
मन्दसोर का लेख २, १२, १०४, १४२, १४५
मन्त्रगुप्त ५
मलवल्ली ९८
मल्लोई ६५
महाकान्तार २१, ५९, ६१, ६३,
महाकोशल ६३
महानदी ६१, ७१
महापद्मनन्द ९
महाभारत १, ६७
महाभाष्य ६७
महाराष्ट्र देश १२, ६३,
महावीर-भगवान् ८, २९-३०
महाशिवगुप्त २८, १८७,
महासेनगुप्त ३३, १५६, १७५-७७
महाक्षत्रप ६७
महेन्द्र ६०
महेन्द्रगिरि ६१
मागध गुप्त ६, १६५-१७२
,, युग का तिथिक्रम २२३
,, वंश-वृक्ष २१८
माव-संवत्सर १९५
मातृविष्णु १६५
माधव-गुप्त ३३, १५६, १७७-८०,
मालव-संवत् १९५,
मालवा ३, १०, १६, २२, ४०, ५५, ६५, ६६, ८१, १५४-१५५
मालावार ६१
मिर्ज़ापुर १५
मिलिन्द (मिनेण्डर) ९
मिहिरकुल १४२-४३
,, के सिक्के तथा लेख १४४
मुजमलुत्तवारीख़ ७९, ८०, ८२, ८३,
मुद्राराक्षस ७७
मुद्राशास्त्र ६
मुरुण्ड १०, ६८, ६९
मेकल २१
मृग शिखावन ७, ३८
मृच्छकटिक ४
मेगस्थनीज़ ९
मेघवर्ण ७०, ७१
मेहरौली का स्तम्भलेख ८९, ९५, १०१, २०७-१०,
मौखरी १५५, १७०
मौद्गलायन ३०
मौर्य्य-राज्य ५, ७, २४
मंदर का शिलालेख १८१
मंदरपर्वत १८३,

य

यतिल ५६
यमुना १८, २४, ४२,

यर्याति नगरी ६१
यवन १०, ६९,
यशोधर्मा १४१-४२
,, विजय १४२
यशोमती ११४
यशोवर्मा ७८, ११६, १८६,
याहिया जाति ६६
यूरोपीय राष्ट्र ५३
योहियावार ६६,
यौधेय ६६,

र

रघु महाराजा ४, ५१, ५९, ७३
रघुवंश ४, ५१, ७३,
रव्वाल ७९, ८०, ८२
राजपूताना १०, २८, ६५, ६७
राज-शाही ६४
राजशेखर ४९, ७८, ८१
राजा अयस ११
राजा मोग ११
राज्यवर्धन १५७
राज्य श्री १५७
रामगुप्त ४७, ७६, ८०-८२
,, ऐतिहासिक वार्ता ७६-८०
,, चरित्र ८६-८७
,, मुद्रा ८५-८६
,, राज्यकाल ८६
,, साहित्यिक प्रमाण ७७
रामचन्द्र ७७
रामपुर ६०
रामायण ३०
रायचौधरी डाक्टर ६१, ७२
रानी ६६
रुद्रदत्त १३७
रुद्रदामन् १२, ६६, १२०
द्रदेव ५५, ५६
ह ९४
न प्रथम १६, २०, २१, ५५, ५६
रुद्रसेन द्वितीय २१, ३१, ६४
रुहेलखण्ड ६५
रैपसन-डाक्टर ५५, ५७
रोहतासगढ़ का लेख १५९
रंजुवुल ११

ल

लक्ष्मी २५
लाट (देश) २२
लिच्छवि ५, २७, ४२
,, का गोत्र ३०
,, की जाति २९
,, राजकुमारी (त्रिशला) २९
'लिच्छवि-दौहित्र' ४१
लेनिन ग्रेड की मुद्रा ४०
लौहित्य (लौहित्र) १४२
लंका ७०, ७१

व

वज्र १४७
वत्स ८
वत्सभट्टि २
वनस्पर १२
वयाना की प्रशस्ति ३७
वरकमारीस ७९, ८०, ८२
वरुण ७४
वर्धन १७०-७१, १५७
वलभी १५३-५४
,, संवत् २०१
वशिष्क १२
वसन्तसेना ४
वसुबन्धु ६, १३०
वाक्पतिराज १८६
वाकाटक ४, १३, २०, २४, २५, ६४, ९७
,, का उत्थान २०
,, तथा भारशिव २०
,, नाम का रहस्य २०-२१
,, परिचय २२

वाकाटक-महत्ता २२-२४
,, राजकीय चिह्न २४
,, राज्यकाल २१-२२
,, राज्य में ललितकला २४
,, राज्य में सामाजिक उन्नति २३
,, लेख १६, २३
,, शासन-काल-विभाग २०
वाटर लू की लड़ाई ५४
वात्स्यायन ५
वामन १०९
वासुदेव १३, १५
विक्रम-संवत् ६५, १९५
विजगापट्टम ६०
विजयगढ़ ६६
विजयसेन १३७, १६१
विदिशा १४, १५, ५७
विनयादित्य १८४
विन्ध्य ५, ५५
विन्ध्यशक्ति २०, २१, ९७
विलासपूर ६०
विशाखदत्त ७७, ८०
विष्णुगुप्त ३३, १८५
विष्णुगोप ५९, ६२
विष्णुदास महाराजा ९४
वीरसेन १५, १६, १८
'वृषभ' चिह्न १९
वेङ्गी ६२
वेसनगर ५७
वेसर शब्द की उत्पत्ति १९
वैग्राम का ताम्रपत्र १०५
वैन्यगुप्त १२७, १३७-३८
,, गुनैधर-ताम्रपत्र १३७
,, सिक्का १३८
वैशाली ३०, ३९, ४०-४२, १०३
वंक्षु ४
व्याघ्रदेव २१, ६१
व्याघ्रराज ६०
व्रात्य (क्षत्रिय) ३०

श

शक १०, ११, २५, ६८, ६९, ७६, ७८, ८०
,, इतिहास ९१-९२
,, क्षत्रप १२, ८१
,, पराजय-काल ९४
,, परिचय ८१
,, भाषा ६९
,, राज्य-व्यवस्था ९४
,, संवत् १२, १९५
शकुन्तला ४
शर्मगुप्त ७६, ७८
शशांक १५८, १६२
शातकर्णी १२
शातवाहन १२, २४
शापूर-बादशाह १८
शार्दूल वर्मन् १५५
शालंकायन वंश ६२
शास्त्री-हरप्रसाद डा० ५७
शाहजहाँ ७५
शाहपुर का शिलालेख १८०
शाहानुशाही ७१
शिलादित्य तृतीय १५४
शिवदत्त-राजा १५
'शिव-युग' १७
शिशुनन्दी १४, १५, ५८
शुङ्ग १४
,, राज्य २४
,, शासन ९
शूद्रक ४
श्रृङ्गार-प्रकाश ७८, ९८
शेष-नागराजा १४
शैली-नागर १७, २०
,, वेसर १७, १९, २०
,, शिखर ३, १९, २०
शैशुनाग राजा ८, २४

अनुक्रमणी

शोणभद्र (सोन नद) ८
शंकराचार्य ७८, ८०,
श्रीकोणदेवी १८२
श्रीगुप्त ३२
,, नाम-निर्णय ३७-३८
श्रीधरवर्मन् ६९
श्रीनाथ शाह ५८
श्रीपुर (सिरपुर) ६०
श्रीमतीदेवी १८२

स

सनकानीक ६७
समतट ६४, ६५,
सम्भलपुर ६०,
समुद्रगुप्त २, ३, १३, १६, २५, ३२, ३७, ४१, ४७, ४९, ५०, ५२, ५४, ५६-५८, ६१-६४, ६६, ६७, ६९-७१, ७३, ७६, ८१-८२, १५०,
,, अश्वमेध यज्ञ ७१
,, आक्रमण-मार्ग ६३-६४
,, उपाधि ७१
,, 'कविराज' उपाधि ९४
,, काल-निर्णय ७२
,, गान्धर्व-कला ५०
,, चरित्र ४८-५४
,, दान-शीलता ५२
,, दिग्विजय ५४-७०
,, धार्मिक-सहिष्णुता १
,, नीति-निपुणता ७२-७४
,, नेपोलियन से तुलना ५३-५४
,, पारिवारिक-जीवन ७५
,, युद्ध-प्रियता ५१
,, युद्ध-संख्या ५५
,, राज्य-विस्तार ७०
,, विदेश में प्रभाव ६८
,, विद्या-प्रेम ४९-५०
,, विविध नीतियाँ ७३-७४
,, वीरता ५१
समुद्रगुप्त व्यक्तित्व ५३
,, शास्त्र-तत्त्व-भेदन ५०
,, संगीत-प्रेम ५०
,, सीमान्त-राज्य-विजय ६४
समुद्रवर्मन् १५९
सरहिन्द १८
सर्ववर्मन् १४५ १५६
सर्वनाग ११७
सर्वनाथ महाराज १४६
साकल १४३
साकेत १०, ४२
साँची का शिलालेख ६८, ६९, ८७, १००, १०५,
सारनाथ-लेख १२, १३२, १३४
,, म्युज़ियम ४८, १३४
सिकन्दर ६५, ६७
सिगालजातक ३०
सिद्धान्त (स्थान) ६१
सिन्ध १०, १८
सिरपुर २८, १८७
सिलवन लेवी डा० १६१
सिंहलदेश ५४
स्मिथ डा० ५३, ७३, १४५
सीमान्तप्रदेश १०, ५४, ६४
सुदर्शन तालाब ११२, १२०
सुन्दरवर्मन् ५, २८, ४२, ४३
सुरश्मिचन्द्र १३५
सुसुनिया ज़िला ५७
सुसुनिया पर्वत ५६
सुस्थिवर्मन् १६०
सूत्र कृताङ्ग ३०
सूरजमऊ १९
स्यू विहार (सिन्ध) १२
सेण्ट हेलना ५४
सैहल ६८, ७०
सोडास ११
सोड्राई ६७

सोनपुर ६१
सोमदेव ९५, ११६
सौराष्ट्र ६९, ८१, ११७
संक्षोभ महाराजा १४६
संजन प्लेट ७९, ८०, ८२
स्कन्दगुप्त २, ३२, ४७, ८२, १११, १२३
,, उपाधि ११९
,, दायाधिकार का युद्ध ११३
,, धार्मिक सहिष्णुता १२१-२२
,, पराक्रम ११७-१२०
,, राज्यकाल ११३
,, हूण-विजय ११५
स्कन्द नाग १८
स्टेन कोनो डाक्टर ६९
स्यालकोट १४४
'स्वर्णयुग' ३, २५, २६, १५२
स्वामिदत्त ६१, ६३

ह

हरमेयस-ग्रीकराजा १२
हरिवर्मन् १५५
हरिषेण कवि २, ४९, ५०-५२, ५४, ५५, ५६, ५९, ६४, ७४, ७५
हरिषेण (वाकाटक राजा) २२
हर्षगुप्त ३२, १५५, १७२-७३
हर्ष-चरित ५७, ७८
हर्ष-वर्मन् ५८, ७८, १५७-५८, १६२
हर्ष-संवत् १६१, १८०, २२३
हस्तिवर्म ६२
हार्नले-डा० ३९
हिन्दू-धर्म १२, १७
'हिन्दू-प्यूरिटन-मूवमेण्ट' २३
हिमालय ५५, ७०, ७८, ८१-८२
हीरालाल-डाक्टर १८७
हुल्श-डाक्टर ६२
हुविश्के १२
हूण १०, ८२, ११७, १२२, १४२, १४४
,, अधिकार-विस्तार ११६
,, अन्तिम पराजय १४४
,, पराजय काल ११६
,, परिचय ११५
,, शासन-अवधि १४४
ह्वेन्सॉग ६, ३०, ७०, ८२, १२८, १३१, १३६, १४७, १४९